बैशाख मास, कृष्ण पक्ष 14, वर्ष 12, अंक 70, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, बुधवार, 19 अप्रैल, 2023



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : विराट ने गांगुली को अपने इंस्टाग्राम हैंडल से अनफॉलो किया



अन्दर : नागरिक पत्रकारिता का महत्व

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# अब कोई माफिया किसी को धमका नहीं सकता

## अतीक-अशरफ की मौत के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ का बड़ा बयान

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश पर लगे दंगे के राज्य के कलंक को हम मिटा चुके हैं। 2017 से पहले यूपी दंगे के लिए जाना जाता था। हर दूसरे दिन दंगा होता था। 2012 से 17 के बीच 700 से ज्यादा दंगे हुए थे। 2017 के बाद दंगे की नौबत ही नहीं आई। आज किसी जनपद के नाम से यूपी में डरने की आवश्यकता नहीं है। यूपी की पहचान के जो लोग संकट हुआ करते थे आज वह स्वयं संकट में हैं। आज कोई भी अपराधी व्यापारी को धमका नहीं सकता।

उत्तर प्रदेश सरकार आप सभी निवेशकों की पूंजी को सुरक्षित रखने में सक्षम है। सीएम योगी ने मंगलवार को पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र एवं परिधान (पीएम मित्र) योजना के अंतर्गत लखनऊ-हरदोई में एक हजार एकड़ में विस्तृत टेक्सटाइल पार्क की स्थापना को लेकर लोकभवन में आयोजित एमओयू के कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान केंद्रीय वाणिज्य, उद्योग एवं कपड़ा मंत्री पीयूष

**आयोजन**

**यूपी की पहचान के जो लोग संकट हुआ करते थे आज वह स्वयं संकट में हैं**

**उप्र सरकार आप सभी निवेशकों की पूंजी को सुरक्षित रखने में सक्षम**

गोयल और केंद्रीय कपड़ा राज्य मंत्री विक्रम जरदोश मौजूद थीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि पहले कहा जाता था, जहां से अंधेरा शुरू हो, वहां से उत्तर प्रदेश शुरू हो जाता है। 75 में से 71 जनपद अंधेरे में होते थे। आज ये दूर हो चुका है। आज यूपी के गांवों में स्ट्रीट लाइट्स जगमगा रही हैं।

सीएम योगी ने कहा कि यूपी जैसा कृषि प्रधान राज्य जहां पर एक बड़ी आबादी अपनी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर करती है। रोजगार के दृश्य से अगर हम देखें तो वस्त्र उद्योग



ही सर्वाधिक रोजगार सृजन करने वाला क्षेत्र है। यूपी में वस्त्र उद्योग की एक समृद्ध परम्परा रही है। यहां का हैंडलूम, पावरलूम, वाराणसी और आजमगढ़ की सिल्क साड़ियां, भदोही का कारपेट, लखनऊ की चिकनकारी और सहारनपुर का क्राफ्ट यह सब विश्वविख्यात रहा है। उन्होंने कहा कि कानपुर कभी वस्त्र उद्योग का केंद्र रहा है उसकी गिनती 4-5 महानगरों में होती थी। सीएम योगी ने कहा कि यूपी न केवल अपने औद्योगीकरण के लिए बल्कि नगरीय व्यवस्था की दृष्टि से भी देश का एक महत्वपूर्ण प्रदेश माना जाता था। लेकिन एक कालखंड ऐसा भी आया जिसमें यूपी की इस पहचान को पूरी तरह समाप्त सा कर दिया था। हैंडलूम और पावरलूम को उचित प्रोत्साहन ना मिलने के कारण वह भी दम तोड़ने लगे थे। विगत 9 वर्षों के अंदर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने जो प्रगति की है उसका लाभ लगभग 6 वर्ष के अंदर यूपी को सर्वाधिक मिला है। सीएम योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की प्रगति किसी से छुपी नहीं है। उन्होंने कहा कि पीएम मित्र योजना के तहत स्थापित होने वाले टेक्सटाइल पार्क को लेकर हस्ताक्षरित हुआ यह एमओयू का कार्यक्रम भारत सरकार और राज्य सरकार के बीच पहला कार्यक्रम है। बेहतरीन कनेक्टिविटी के बीच जिन निवेशकों ने यहां रुचि दिखाई है उन्होंने देखा होगा की एयरपोर्ट से मात्रा आधे घंटे में अपने गंतव्य तक पहुंच सकते हैं। फोर लेन की कनेक्टिविटी यहां पहले से है, जहां कनेक्टिविटी नहीं है वहां हम जल्द उपलब्ध कराएंगे। केंद्रीय कपड़ा राज्य मंत्री विक्रम जरदोश ने कहा कि हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट एक हुनर है इसको ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने इसे विश्वकर्मा का दर्जा दिया गया है। इस हुनर से सबसे ज्यादा महिलाएं जुड़ी हुई हैं। इससे जुड़कर देश और उत्तर प्रदेश की महिलाएं सशक्त हो रही हैं। सीएम योगी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार इस क्षेत्र में बहुत अच्छा कार्य कर रही है। सीएम योगी से हमने बहुत कुछ सीखा है।

वन स्टेशन वन प्रोडक्ट का आधार यूपी की एक जिला एक उत्पाद योजना है। देश के साढ़े सात सौ स्टेशन पर हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट लगाए गए हैं। इसमें महिलाओं को प्रथमिकता दी जा रही है। कार्यक्रम में अपर सचिव टेक्सटाइल, भारत सरकार रोहित कंसल और हथकरघा एवं वस्त्र उद्योग, एमएसएमई, उत्तर प्रदेश सरकार के अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद के बीच एमओयू हस्तांतरित हुआ। यह पार्क केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से तैयार हो रहा है, जिसमें निजी सहभागिता भी होगी। निजी निवेशकों में आदित्य बिड़ला ग्रुप, मेसर्स जीएसएल स्पिनर्स प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स अजुम डेनिम कार्ट एलएनपी, मेसर्स अभिकिम टेक्सटाइल लिमिटेड, मेसर्स एसवीएम, मेसर्स जोसिस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स एमएलके एक्सपोर्ट लिमिटेड और मेसर्स पाथ थ्रेड प्राइवेट लिमिटेड के बीच भी एमओयू हस्तांतरित हुए।

# यूपी में 61 गैंगस्टर्स की लिस्ट हुई तैयार

**सख्त कदम**

**अतीक के बाद अब चुन- चुनकर माफियाओं का होगा सफाया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में माफिया अतीक असमद का खात्मा हो चुका है। अतीक-अशरफ की मौत के बाद अब योगी सरकार माफियाओं के खिलाफ बड़ा अभियान चलाने जा रही है। पुलिस ने 61 गैंगस्टर्स की लिस्ट तैयार की है। इनके खिलाफ जल्द ही बड़ी कार्रवाई शुरू होने जा रही है। इतना ही नहीं इन माफियाओं की 500 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क करने की प्लानिंग भी हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक इस लिस्ट में शराब माफिया से लेकर अवैध खनन, वन और पशु माफिया के अलावा शिक्षा माफिया भी शामिल हैं। सीएम योगी की मंजूरी मिलते ही इनके खिलाफ बड़ा अभियान चलाया जाएगा। एडीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार का कहना है कि प्रदेश के अपराधियों का नेटवर्क खत्म करने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया जाएगा।



### अतीक हत्याकांड में आया था सुंदर भाटी का नाम

बता दें कि अतीक-अशरफ हत्याकांड में सुंदर भाटी का नाम सामने आया था। ग्रेटर नोएडा के निवासी सुंदर भाटी पर 62 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। वह पश्चिमी उत्तर प्रदेश का दुर्दांत अपराधी है। उसे हाल ही में गौतमबुद्धनगर जिला न्यायालय ने हरेंद्र प्रधान हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। सुंदर अभी सोनभद्र की जेल में बंद है। अतीक और अशरफ के 3 हत्यारों में शामिल सनी मूल रूप से कासगंज का निवासी है। वह सुंदर भाटी गैंग का सदस्य और शार्प शूटर बताया जा रहा है। वह काफी समय तक बांदा की जेल में रह चुका है। जेल में ही सनी की मुलाकात सुंदर भाटी गैंग से हुई।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
वाराणसी
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
SUNDAY OPEN

# शाइस्ता की वायरल चिट्ठी में सनसनीखेज खुलासा

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन के नाम से एक चिट्ठी सोशल मीडिया में वायरल हो रही है। चिट्ठी में सनसनीखेज खुलासा किया गया है। आरोप है कि प्रदेश सरकार के काबीना मंत्री पर ओर से की गई साजिश के तहत उमेश पाल की हत्या कराई गई। महापौर का पद अपने कब्जे में रखने के मकसद से कबीना मंत्री की ओर से साजिश रची गई है। प्रयागराज पुलिस भी मंत्री के दबाव में काम कर रही है। इसके साथ ही आरोप लगाया है कि प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा और एसटीएफ के एडीजी अमिताभ यश विरोधियों से मेरे पति की और देवर की हत्या की सुपारी लिए बैठे हैं।



### शाइस्ता को गिरफ्तार करने को ताबड़तोड़ छापे

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश पुलिस ने माफिया रहे अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। शाइस्ता परवीन उमेश पाल हत्याकांड के बाद से ही फरार चल रही है और उस पर 50 हजार का इनाम भी घोषित है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक यूपी पुलिस को अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन के नोएडा, मेरठ, कौशांबी, मुंबई, दिल्ली और पश्चिम बंगाल में छिपे होने की शक है। अब पुलिस इन इलाकों में ही शाइस्ता परवीन को गिरफ्तार करने के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार यूपी पुलिस ने शाइस्ता परवीन के 20 ऐसे लोगों को चिन्हित किया है, जिनसे उसको मदद मिल सकती है।

### मुकुल रॉय के भाजपा में फिर से शामिल होने की अटकलें

**नई दिल्ली।** टीएमसी के संस्थापक सदस्य रहे मुकुल रॉय के भाजपा में फिर से शामिल होने की अटकलें हैं। टीएमसी नेता के सुपुत्र ने दावा किया था कि पिता लापता हो गए हैं, कुछ घंटे बाद ही वह दिल्ली में पाए गए। इसके बाद से ही अटकलें तेज हैं कि मुकुल रॉय एक बार फिर से भाजपा में शामिल हो सकते हैं। 2021 में बंगाल चुनाव के बाद वह तृणमूल कांग्रेस में आ गए थे। मुकुल रॉय के भाजपा में आने की अटकलें सोशल मीडिया पोस्ट से भी तेज हो गई हैं। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व सांसद अनुपम हजारा ने सोशल मीडिया में कमिंग बैंक लिखा, जिसके बाद मुकुल को लेकर लग रहे कयास और तेज हो गए।

रॉय के बेटे सुभ्रांशु ने पुलिस थाने में पिता के लापता होने की शिकायत की थी। मंगलवार को सुभ्रांशु ने कहा कि मेरे बीमार पिता के साथ गंदी राजनीति हो रही है, वहीं टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी को बदनाम करने की साजिश हो रही है।

# प्रयागराज में फिर बमबाजी

**प्रयागराज।** प्रयागराज में एक बार फिर बमबाजी हुई है। माफिया अतीक अहमद के वकील दयाशंकर मिश्रा के घर के पास किसी ने मंगलवार की दोपहर बम फेंके। एक के बाद एक तीन बम फेंके गए। हालांकि किसी को चोट नहीं लगी है। दयाशंकर के अनुसार उसे और उसके परिवार को डराने के लिए बम फेंका गया है।

पुलिस और फोरेंसिक विभाग की टीम मौके पर पहुंची है। बताया जाता है कि देसी बम फेंका गया है। प्रयागराज के कटरा इलाके में गोबरगली में दयाशंकर का घर है। उनके घर के पास ही किसी ने बम फेंका। धमाके की आवाज के साथ ही धुंआ दिखाई दिया। अतीक अशरफ की हत्या के बाद से इलाके में अलर्ट है। अलर्ट के बीच बम धमाके की खबर से पुलिस प्रशासन में भी खलबली मच गई। कुछ देर में ही पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई।

उमेश पाल अपहरण मामले में अतीक अहमद और अशरफ के वकील दयाशंकर मिश्रा ने कहा कि उनको ही डराने के लिए बम फेंके गए हैं। कहा कि मेरा किसी पर आरोप नहीं है लेकिन आशंका है कि कुछ लोग नहीं चाहते कि में अतीक के परिवार की पैरवी करून धमाके के वक्त पर मेरी दो बहुएं और बेटी भी थी। वकील दयाशंकर ने कहा कि मुझे लग रहा है कि यह बहुत बड़ी साजिश है। मुझे भयभीत करने के लिए यह किया गया है। तीन बम फेंके गए हैं। जागे बम फेंकते हुए भागे हैं। मेरी बेटी ने भी देखा है। मुझे ऐसा पता चला है कि एक लड़की को छर्रा लगा है। कहा कि फोरेंसिक वाले आए थे। सैंपल लेकर गए हैं। वहीं, सहायक पुलिस आयुक्त (शिवकुटी) राजेश कुमार यादव ने बताया कि कर्नलगंज थाना क्षेत्र में अंतर्गत कटरा की गोबर गली में कुछ युवकों ने आपसी रंजिश के चलते बम फेंका था। संयोगवश अतीक अहमद के वकील दयाशंकर मिश्रा के मकान के सामने विस्फोट हुआ। बम से कोई घायल नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों के मुताबिक हर्षित सोनकर नाम के युवक का रौनक, आकाश सिंह और छोटे के साथ पैसे को लेकर कुछ विवाद था और इस कारण सोनकर ने रौनक, आकाश और छोटे का पीछा करते हुए उनपर देसी बम फेंका। संयोगवश बम वकील दयाशंकर मिश्रा के मकान के सामने गिरा। उन्होंने बताया कि सोनकर बम फेंककर वहां से फरार हो गया। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज की जा रही है और जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी।

**दहशत**

**अतीक के वकील के घर के पास धमाके से दहशत**

**सहायक पुलिस आयुक्त ने कहा, कुछ युवकों ने आपसी रंजिश के चलते बम फेंका**

**संयोगवश अतीक के वकील दयाशंकर मिश्रा के मकान के सामने विस्फोट हुआ**



IIT-JEE/NEET
C.U.E.T
BHU / DU / AU
B.SC
B.COM
B.A,LL.B
www.sankalptutorials.com
संकल्प ट्यूटोरियल्स
Selection 1218 in CUET
1. बादशाह बाग 2. रविन्द्रपुरी एक्सटेंशन
3. नेवादा 4. गिलट बाजार, वाराणसी
5. पाण्डेयपुर 6. बुलानाला 7. बसहीं
9335418689, 9335720660

### कांग्रेस विधायक के काफिले पर नक्सलियों की फायरिंग



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों ने कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी के काफिले पर हमला कर दिया। नुक्कड़ सभा कर लौट रहे विधायक के काफिले को निशाना बनाकर नक्सलियों ने फायरिंग की। इस हमले में जिला पंचायत सदस्य के वाहन के टायर में गोली लगी है। हालांकि वारदात में कोई हताहत नहीं हुआ हैं। सभी लोग सुरक्षित बीजापुर पहुंच गए हैं। विधायक विक्रम मंडावी नक्सल प्रभावित इलाके में नुक्कड़ सभा करने के बाद लौट रहे थे। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने वारदात की पुष्टि की है। जानकारी के मुताबिक, बीजापुर विधायक और बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी पीसीसी के निर्देश पर मंगलवार को नुक्कड़ सभा मे शामिल होने गंगालूर गए थे। यह इलाका नक्सल प्रभावित है। सभा के बाद विधायक विक्रम मंडावी सहित कांग्रेसियों का काफिला लौट रहा था। इसी दौरान पदेडा गांव के नजदीक नक्सलियों ने काफिले में चल रहे वाहनों पर हमला कर दिया। काफिले में शामिल जिला पंचायत सदस्य पार्वती कश्यप के वाहन के पिछले टायर में गोली लगने की खबर मिली हैं।

# जी-20 प्रतिनिधियों की जन औषधि योजना में दिलचस्पी

**पणजी।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि पणजी में जी-20 के स्वास्थ्य कार्यकारी समूह की बैठक में शामिल हुए प्रतिनिधियों ने जन औषधि केंद्र में दिलचस्पी दिखायी है और उनमें से कुछ ने अपने देश में इसे लागू करने की इच्छा जताई है जिसके लिए भारत हरसंभव मदद देगा। मांडविया ने 10 प्रतिनिधियों को जन औषधि केंद्र का दौरा कराया। उन्होंने उन्हें बताया कि कैसे प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि योजना पूरे देश में लोगों को गुणवत्तापूर्ण तथा किफायती दवाइयां उपलब्ध कराती है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भारत ने कभी स्वास्थ्य को व्यापार से नहीं जोड़ा। उन्होंने कहा कि देश में अभी 9,500 से अधिक जन औषधि केंद्र हैं। मांडविया ने कहा कि जी20 (स्वास्थ्य कार्यकारी समूह बैठक) में आए प्रतिनिधियों ने जन औषधि केंद्र का दौरा किया और इस लोक कल्याण परियोजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। उनमें से कुछ अपने देश में इस योजना को लागू करना चाहते हैं। भारत इस संबंध में उन्हें हरसंभव मदद उपलब्ध कराएगा। पणजी में जन औषधि केंद्र के प्रभारी विनोद मेनन ने कहा कि प्रतिनिधि उनसे भारत के सभी केंद्रों में दवाइयों के निर्माण से लेकर वितरण की पूरी प्रक्रिया जानना चाहते थे। मेनन ने कहा, ह्यवे जानना चाहते थे कि सरकार कहां से दवाइयां खरीदती है या उनका निर्माण करती है और कैसे उन्हें विभिन्न केंद्रों तक पहुंचाया जाता है। वे उस सॉफ्टवेयर के बारे में भी जानने के इच्छुक थे जिसके जरिए दवाइयों के भंडारण और बिक्री पर नजर रखी जाती है। भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत स्वास्थ्य कार्यकारी समूह की दूसरी बैठक 19 अप्रैल को संपन्न होगी। जी20 के 19 देशों, 10 आमंत्रित देशों और 22 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के 180 से अधिक प्रतिनिधि इसमें भाग ले रहे हैं।

**बैठक**

**मांडविया ने 10 प्रतिनिधियों को जन औषधि केंद्र का दौरा कराया**



### लॉरेंस बिश्नोई से पूछताछ कर सकती है एनआईए


**नई दिल्ली।** डॉन माफिया अतीक अहमद और अशरफ की सनसनीखेज हत्या के मामले में एनआईए गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से पूछताछ कर सकती है। एनआईए के सूत्रों ने कहा कि वे अतीक और अशरफ के तीनों हत्यारों द्वारा इस्तेमाल किए गए हथियारों के संबंध में उससे पूछताछ करेगी। सूत्रों ने कहा, हत्यारों ने अतीक और अशरफ को खत्म करने के लिए तुर्की निर्मित पिस्तौल जिगाना का इस्तेमाल किया। यह वहीं हथियार था, जिसका इस्तेमाल पंजाबी गायक सिद्धू सिंह मूसेवाला को मारने में हुआ था। सूत्रों ने बताया कि गैंगस्टर सुंदर भाटी के तार लॉरेंस बिश्नोई से भी जुड़े हैं और वे इस पहलू को भी देख रहे हैं।

## ओबरा की 12वीं इकाई लाइटअप

ओबरा। बीते शुक्रवार की आधी रात बंद हुई ओबरा तापीय परियोजना की 12वीं इकाई मंगलवार दोपहर लाइटअप कर ली गई ।इस इकाई के लाइटअप होने के बाद अभियंताओं ने राहत की सांस ली ।चालू हुई इकाई से देर रात तक उत्पादन शुरू होने की संभावना है ।पिछले दिनों ओबरा तापीय परियोजना की धड़ाधड़ बंद हुई तीन इकाइयों के बंद होने से प्रदेश की विद्युत व्यवस्था चरमरा गयी थी ।बीते शुक्रवार की रात करीब 12 बजे परियोजना की 200 मेगावाट क्षमता वाली 12वीं इकाई ब्वायलर ट्यूब लीकेज के कारण बंद हो गयी थी। जिसे अभियंताओं ने अथक प्रयास के बाद मंगलवार की दोपहर एक बजे लाइटअप कर लिया।09वीं इकाई सोमवार की दोपहर करीब चार बजे टीए फैन में खराबी के कारण बंद हो गई थी जिसे शाम को चालू कर लिया गया था ।वहीं रविवार की दोपहर बंद हुई 13वीं इकाई को लाइटअप करने का प्रयास युद्धस्तर पर जारी है ।कयास लगाया जा रहा है कि इस इकाई को भी बुधवार की सुबह तक लाइटअप कर लिया जाएगा। जिसके बाद परियोजना का उत्पादन पुनः बढ़ने के बाद प्रदेश में बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करने में कुछ हद तक राहत मिलने के आसार हैं ।समाचार दिए जाने तक उत्पादनरत 09वीं इकाई से 122 मेगावाट एवं 11वीं इकाई से 162 मेगावाट बिजली उत्पादन हो रहा था।

# बिलकिस के रेपिस्टों की रिहाई पर भड़का एससी

## 'आज बिलकिस है तो कल कोई भी हो सकता है, कोर्ट की तीखी टिप्पणी



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बिलकिस बानो की याचिका पर सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान गुजरात सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि आखिर आपको इस बात ध्यान रखना चाहिए कि कभी भी सत्ता का अवैध प्रयोग ना हो। कोर्ट ने कहा कि यह एक ऐसा मामला है जहां एक गर्भवती महिला के साथ गैंगरेप किया गया और उसके सात रिश्तेदारों की हत्या कर दी गई। हमने आपको (गुजरात सरकार) सभी रिकॉर्ड पेश करने के लिए कहा था। हम जानना चाहते हैं कि क्या आपने - अपना विवेक लगाया है। अगर हां तो बताएं कि आपने किस सामग्री को रिहाई का आधार बनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि हम केवल यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि शक्ति का वास्तविक प्रयोग हो। सत्ता का कोई अवैध प्रयोग न हो। जिस तरह से अपराध किया गया था वह भयानक है। बता दें कि बिलकिस बानो ने याचिका में गुजरात सरकार पर अपने मामले के दोषियों को समय से पहले रिहा करने का आरोप लगाया था। उन्होंने अपनी याचिका में 11 दोषियों को रिहा किए जाने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती भी दी है।

**सुनवाई**

**हर दोषी को मिल चुकी है एक हजार दिन की पैरोल : कोर्ट**

सुनवाई के दौरान केंद्र और गुजरात सरकार की ओर से एसवी राजू ने कहा कि हम उस आदेश पर पुनर्विचार की मांग कर रहे हैं, जिसमें हमें इस अदालत द्वारा जारी की गई फाइलें पेश करने के लिए कहा गया है। हम रिव्यू दाखिल कर रहे हैं। हमने फाइल पेश करने के लिए समय भी मांगा है। ये सरकार का विशेषाधिकार है। एसवी राजू ने कहा कि 2002 के गुजरात दंगों के दौरान सामूहिक दुष्कर्म और परिवार के सात सदस्यों की हत्या करने के मामले में राज्य सरकार के 11 दोषियों की सजा में छूट देने के फैसले के खिलाफ भी एक याचिका दायर की है। जिसमें उन्होंने कहा कि दुष्कर्म के दोषियों की समय से पहले रिहाई ने समाज की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया है। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने भी रिहाई पर सवाल उठाए थे। क्या रिहाई देने के लिए गुजरात सरकार का अधिकार क्षेत्र था ? किस अधिकार क्षेत्र के तहत गुजरात ने रिहाई की क्या अदालत ऐसे निकाय को रिहाई पर विचार करने को कह सकती है जिसका अधिकार क्षेत्र ना हो हम इन सब पहलुओं पर विचार करेंगे। कोर्ट ने आगे कहा कि दोषी करार दिए गए हर शख्स को एक हजार दिन से अधिक का पैरोल मिला है। हमारा मानना है कि जब आप शक्ति का प्रयोग करते हैं तो उसे जनता की भलाई के लिए किया जाना चाहिए। चाहे आप जो भी हों, आप कितने भी ऊंचे क्यों ना हों, भले ही राज्य के पास विवेक हो यह जनता की भलाई के लिए होना चाहिए. ऐसा करना एक समुदाय और समाज के खिलाफ अपराध है। कोर्ट ने गुजरात से सरकार से पूछा कि दोषियों की रिहाई करके आप क्या संदेश दे रहे हैं ? आप सेब की तुलना संतरे से कैसे कर सकते हैं? इतना ही नहीं आप एक व्यक्ति की हत्या की तुलना कई लोगों के सामूहिक हत्या से कैसे कर सकते हैं? कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि बार बार कहने के बावजूद गुजरात सरकार उम्रकैद के दोषियों की समय पूर्व रिहाई के दस्तावेज रिकॉर्ड हमारे सामने नहीं ला रही है। यदि आप हमें फाइल नहीं दिखाते हैं तो हम अपना निष्कर्ष निकालेंगे। साथ ही यदि आप फाइल प्रस्तुत नहीं करते हैं, तो आप कोर्ट की अवमानना कर रहे हैं। ऐसे में हम स्वतः ही संज्ञान लेकर अवमानना का मामला शुरू कर सकते हैं।



# बाबतपुर फोरलेन पर ट्रक और टेलर में टक्कर, चालक की मौत

जनसंदेश न्यूज

**हरहुआ।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत काजीसराय बाजार के पास मंगलवार तड़के ट्रक और टेलर में की टक्कर में ट्रक चालक की मौत हो गयी जबकि परिचालक घालय हुआ। ग्रामीणों की मदद से केबिन के अंदर फंसे दोनों को निकला गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने छनबीन की और आगे की कार्रवाई में जुट गयी।

जानकारी अनुसार घटना मंगलवार भोर तड़के तीन बजे की है। ट्रक चालक वाराणसी की तरफ जा रहा था वहीं बाबतपुर की तरफ। काजीसराय के पास दोनों टकरा गये। टक्कर इतना जबरदस्त था कि दोनों वाहन का अगला हिस्सा कचूमर बन गया। हादसे में दोनों वाहनों में सवार चालक और परिचालक केबिन में फंस गए। ट्रक में फंसा चालक गौतम यादव की शिनाख्त मोबाइल से हुई। गौतम अंजनी थाना बेवाना जिला मैनपुरी का निवासी था। उसे केबिन से करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया। पुलिस ने उसके घर वालों से संपर्क कर घटना से अवगत कराया। वहीं टेलर में फंसे चालक अमीत यादव निवासी हरखपुर करहुआ थाना मालीपुर जनपद अंबेडकर नगर व परिचालक अशोक निवासी मालीपुर अकबरपुर अंबेडकर नगर को प्राथमिक उपचार के छोड़ दिया गया। स्थानीय लोगों की माने तो दुर्घटना होने का मुख्य कारण ओवर ब्रिज के रोड रिपेयरिंग बनी। कार्यदाई संस्था महादेव कंस्ट्रक्शन द्वारा ओवर ब्रिज के नीचे का एक लेन बंद कर रखा है। एक लेन चालू है जो जाम लगने की वजह भी बनती है।



हादसे के बाद सड़क पर लगा जाम

### दो दिन पहले भी हुआ था हादसा

हरहुआ में ओवरब्रिज के नीचे शनिवार की शाम कोइराजपुर मोड़ पर बड़ागांव थाना क्षेत्र के धनेसरी निवासी शैलेंद्र कुमार सिंह की भी मौत हो गई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि रिंग रोड फेज 2 जुड़ जाने के कारण हाईवे होने के चलते भारी वाहनों का आवागमन ज्यादा होता रहता है। ऐसे में सड़क मरम्मत के समय रूट डायवर्ट करने के साथ ही पुलिस बल की तैनाती की जाए। वहीं दुर्घटना के बाद करीब एक किमी तक लंबा जाम लगा।

# ज्ञानवापी में वजू के लिए बनेगी अलग से टंकी

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हुई पहल जिला प्रशासन ने निकाला हल

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** ज्ञानवापी मस्जिद में मुसलमानों के लिए वुजू की व्यवस्था जिला प्रशासन कराएगा। इसके लिए ज्ञानवापी में अलग से टंकी बनाई जाएगी।

ज्ञानवापी मस्जिद की प्रबंध कमेटी अंजुमन इंता या मसाजिद की अपील के बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मंगलवार को जिला प्रशासन ने इस बाबत बैठक की। बैठक में कई बातों पर सहमति बन गई। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अपने आदेश में वाराणसी जिला प्रशासन को रमजान में मुसलमानों की दिक्कतों को देखते हुए वुजू को लेकर बैठक कर सर्वमान्य हल निकालने का आदेश दिया था

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने मंगलवार को मस्जिद परिसर में ही ज्ञानवापी मस्जिद की प्रबंध कमेटी अंजुमन इंतजामिया मसाजिद, मंदिर न्यास व पुलिस प्रशासन के साथ बैठक की।

पदाधिकारियों के साथ करीब ढाई घंटे तक बैठक से पहले दुजूखाना सहित आसपास के इलाकों का संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण भी किया गया है। कोर्ट के आदेश पर मस्जिद प्रबंधन के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं के संदर्भ में चर्चा हुई। उनकी समस्याओं का समाधान निकाला जा चुका है।

मस्जिद प्रबंधन बैठक में हुए फैसले से संतुष्ट है। इसकी रिपोर्ट अदालत में पेश कर दी जाएगी। गैरतलब है कि ज्ञानवापी सर्वे के बाद यहां शिवलिंग जैसी आकृति मिली थी। इसके बाद वजू खाने को सील कर दिया गया था।

## संक्षेप

### चोरी के तीन मोबाइल के साथ एक धराया



**वाराणसी।** कैंट जीआरपी ने मंगलवार को चोरी के मोबाइल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। कैंट जीआरपी इंस्पेक्टर हेमंत सिंह ने बताया कि संदिग्धों की धड़पकड़ के लिए लगातार स्टेशन पर जांच अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में मंगलवार को टीम को सूचना मिली थी उसी आधार पर प्लेटफार्म नंबर चार/पांच से सूरज (23) उर्फ बाबा डोम पुत्र स्व काशी डोम खरबूजा शहीद को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से चोरी के तीन मोबाइल व 14200 नगद बरामद किया गया। गिरफ्तार युवक को विभिन्न धाराओं में जेल भेज दिया गया।

### नाबालिग से दुराचार के आरोपी को 20 साल की सजा

**वाराणसी।** विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट की कोर्ट ने नाबालिक से दुराचार का आरोपी राजू पटेल को दोषी पाया और 20 साल की सजा साथ ही 18 हजार का जुर्माना लगाया। कोर्ट में अभियोजन के तरफ से संतोष सिंह ने पैरवी की। प्रकरण के अनुसार पीड़िता की मां ने 2020 में मंडुवाडीह थाने में मुकदमा दर्ज कराया। आरोप था कि प्रार्थिनी की नाबालिक पुत्री को एक जुलाई 2020 को आरोपी राजू पटेल ने बहला फुसला कर भागा ले गया और उसके साथ दुराचार किया। पीड़िता को बरामद होने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया।

### गंगा में मिला शव, पुल पर बाइक

**रामनगर।** रामनगर टेंट सिटी के समीप गंगा युवक का शव देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक का छानबीन शुरू किया तभी विश्व सुंदरी पुल से युवक की बाइक मिली। पुलिस ने युवक की शिनाख्त मिर्जामुराद निवासी पुष्पेंद्र सिंह (26) पुत्र विनय सिंह के तौर पर की। सूचना पर वहां पहुंचे परिजनों ने बताया कि पुष्पेंद्र 15 अप्रैल को घर से नाराज होकर निकला था। मिर्जामुराद थाने में उसके गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तभी पुलिस द्वारा सूचना मिली कि गंगा से युवक का शव मिला है। परिजनों ने मौके पर पहुंच कर युवक की शिनाख्तकी। मिर्जामुराद निवासी विनय सिंह उर्फ गुड्डू के एक बेटी और दो बेटे हैं, पुष्पेंद्र बड़ा बेटा था।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के कछवांरोड़ हाइवे पर 12 अप्रैल को अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल चित्रसेनपुर गांव निवासी सब्बर उर्फ साबिर अली (35) की इलाज के दौरान मौत हो गयी। उसे युवक बीएचयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था। मृतक के बड़े भाई रियाज की तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।सब्बर मुम्बई में सिलाई का काम करता रहा और रमजान में घर आया था। वहीं दूसरी तरफ मिर्जामुराद रानेचट्टी स्थित हाइवे पर मंगलवार की सुबह आटो के धक्के से व्यासपुर गांव निवासी गोविंद मौर्य (30) घायल हो गया। गोविंद बाइक पर सब्जी लादकर उसे बेचने कछवांरोड सब्जी मंडी आ रहा था।

### पैसे की लेनदेन में मारपीट, छह पर मुकदमा

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के बेनीपुर (महेशपट्टी) निवासी सर्वेश कुमार मौर्या ने मिर्जामुराद थाने में मंगलवार को मारपीट के मामले में तहरीर दी। आरोप है कि दस अप्रैल की शाम में कचहरी से घर वापस लौट रहा था तभी बेनीपुर पकड़ी के पास तिराहे पर विपक्षी बेनीपुर (महेशपट्टी) निवासी गोविंदा दुबे, राजा दुबे, सुरेन्द्र कुमार मौर्या, राम उजागीर मौर्या, कुण्डरिया निवासी विवेक कुमार मिश्रा और जंसा निवासी मनीष जायसवाल ने उसे रोका और गाली गलौच करने लगे। विरोध करने पर सभी ने मिलकर उसे मारापीटा। भुक्तभोगी ने बताया कि विपक्षी सुरेन्द्र कुमार मौर्या से ब्याज के पैसे को लेकर विवाद चल रहा है।

### नौकरी तलाशना पड़ा भारी लगा 2.30 लाख का चूना

**वाराणसी।** ऑनलाइन जॉब सर्च करने के दौरान साइबर ठगों ने एक व्यक्ति को झांसा देकर कई बार में 2 लाख तीस हजार रुपये निकला लिया। पैसा लौटाने के नाम पर फिर दो लाख की डिमांड की। पीड़ित ने कैंट थाना पुलिस ने रपट दर्ज करायी। जानकारी के अनुसार घौसाबाद नदेशर निवासी आशुतोष ऑनलाइन जॉब सर्च करने के दौरान बीते माह को कम्पनी की तरफ से कॉल आया। उसे एक कम्पनी में मैनेजर के रूप में नियुक्त करने की बात कही गयी। उसे एक सोशल मीडिया पर बने एक ग्रुप से जोड़ा गया। यहां कुछ स्कीमों का हवाला देकर ऑनलाइन लगभग 2 लाख 30 हजार निकाल लिया गया।

# अवधेश राय हत्याकांड में फाइनल बहस जारी

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** चर्चित अवधेश राय हत्याकांड में फाइनल बहस जारी है। विशेष न्यायाधीश (एमपी-एलएलए) अवनीश गौतम की अदालत में विचाराधीन इस मुकदमे में मंगलवार को बचाव पक्ष के अधिवक्ता श्रीनाथ त्रिपाठी ने बहस किया। इस दौरान उन्होंने कोर्ट से अनुरोध किया कि इस मामले के सुप्रीम कोर्ट के एक वरिष्ठ अधिवक्ता ताराशंकर जी भी बचाव पक्ष की ओर से पक्ष रखेंगे। ऐसे में उन्हें अपना पक्ष रखने के लिए अदालत से समय देने का अनुरोध किया गया। वहीं इस दौरान वादी पूर्व विधायक अजय राय के अधिवक्ताओं अनुज यादव व विकास सिंह ने भी अदालत से लिखित बहस दाखिल करने के लिए समय की मांग की। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद इस मामले में सुनवाई के लिए अगली तिथि 20 अप्रैल नियत कर दी।

बता दें कि तीन अगस्त 1991 को लहुराबीर क्षेत्र में स्थित आवास के गेट पर ही दिनदहाड़े अवधेश राय के ऊपर ताबड़तोड़ फायरिंग कर उनकी हत्या कर दी गई थी। पूर्व विधायक अजय राय ने मुख्तार अंसारी, पूर्व विधायक अब्दुल कलाम, कमलेश सिंह, भीम सिंह व राकेश न्यायिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया था। 31 साल पुराने इस मामले में अभियोजन तथा पक्ष के गवाहों का बयान दर्ज हो चुका है।

### मड़हे में लगी आग गृहस्थी का सामान जला

**दानगंज।** चोलापुर थाना क्षेत्र के अजगरा चौकी अंतर्गत ग्राम नियार डीह में मंगलवार दोपहर को अचानक से अंगद तिवारी के मड़हे में आग लग गई। आगजनी से मड़हे में रखा 15 कुंतल गेहूं व गृहस्थी का अन्य सामान जलकर नष्ट हो गया। अगलगी मे मड़हे में बधा मवेशी भी झुलस गये। बचाव में आया चंदन तिवारी नामक युवक भी झुलस गया। मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया।

# होटल कारोबारी से रंगदारी मांगने वाले की जमानत खारिज

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** न्यायिक मजिस्ट्रेट नवम एके पाण्डेय की अदालत ने कई संस्थाओं का सदस्य होने का धौंस देकर होटल कारोबारी से रंगदारी मांगने के दशाश्वमेध थाने के एक मामले में भेलूपुर गौरीगंज निवासी गिरजाशंकर जायसवाल की जमानत अर्जी अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी। अदालत में वादी के अधिवक्ता राजेश तिवारी के अधिवक्ता अनुज यादव, अजय पाल व रोहित यादव ने आरोपित की जमानत अर्जी का विरोध किया।

अधिवक्ताओं ने कहा कि आरोपी जालसाज व्यक्ति है और प्रतिष्ठित व्यापारियों, होटल मालिकों के विरुद्ध यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया व मानवाधिकार मिशन नई दिल्ली का सदस्य बताते हुए शिकायती प्रार्थना पत्र देकर धन उगाही करता है। जबकि वह इन संगठनों से पहले ही निष्कासित हो चुका है और उसके विरुद्ध पांच मुकदमे पहले से ही लंबित है। ऐसे में कोर्ट से जमानत अर्जी खारिज किये जाने का अनुरोध किया गया। प्रकरण के मुताबिक वादी मीरघाट स्थित एक होटल का मैनेजर था। 12 दिसंबर 2022 की रात सवा 10 बजे छित्तूपुर स्थित अपने घर जा रहा था। उसी दौरान रास्ते में कुछ लोगों ने धमकी दी कि अपने मालिक विनय चौधरी को बता देना कि गिरजा शंकर जायसवाल दरखास्त से डरने वाला नही है और वह तुम्हारे मालिक को इतना परेशान कर देगा कि उसका धंधा बंद हो जाएगा। इससे बचना है तो गिरजा को रुपये दे दो नही तो परेशान कर दूंगा। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अदालत ने तथ्यों व परिस्थितियों के मद्देनजर अपराध की गंभीरता को देखते हुए आरोपित की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

### जमीन विवाद में महिला पर हमला

**सिंधोरा।** सिंधोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सराय शेख लॉर्ड सुनीता देवी ने सिंधोरा में जमीन विवाद में मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कराया। सुनीता का आरोप है कि जमीन के बंटवारे को लेकर उनके ऊपर प्रदीप राजभर, राजेश, सोनू, राहुल और शंकर ने हमला किया। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भेजा साथ ही शिकायत दर्ज की।

## आकांक्षा दूबे प्रकरण में कोर्ट ने दो दिनों में मांगी आख्या

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** सिविल जज जूनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट शक्ति सिंह की अदालत ने आकांक्षा दूबे मौत प्रकरण में उसकी माँ मधु दूबे की तरफ से दिए गए आवेदनो पर सारनाथ थाने से दो दिन में आख्या तलब की है।

मधु दूबे के अधिवक्ता शशांक शेखर त्रिपाठी ने बीते 6 अप्रैल को कोर्ट में आवेदन देकर विवेचक को केस डायरी के साथ तलब किये जाने और वादिनी का बयान दर्ज किये जाने का अनुरोध किया था और आरोप लगाया था कि पुलिस हत्या को आत्महत्या कि धारा मुकदमा दर्ज किया है इस बीच पुलिस आयुक्त ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि आकांशा ने आत्महत्या कि है जिस पर अदालत में आवेदन देकर कहा गया कि बिना पोस्टमार्टम, विसरा,लैब और फरेन्सिक रिपोर्टर आये कैसे आत्महत्या कि घोषणा कि गई इस पर पुलिस आयुक्त को तलब किये जाने का अनुरोध किया गया था इस बीच एक और आवेदन देकर कहा गया कि संबंधित साक्ष्य कोर्ट तलब कर अपने पर्यवेक्षण में विवेचना करवाए और वादिनी का कलमबंद बयान दर्ज किया जाय,कोर्ट ने इन सभी आवेदनो के प्रकाश में थाने से दो दिन में आख्या तलब की है।

### दस हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

**दानगंज।** एसीपी सारनाथ के नेतृत्व में थाना चोलापुर पुलिस टीम ने 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट थाना चोलापुर के वांछित दस हजार का इनामी गैंगस्टर विनय कुमार भारती उर्फ शेरू को गिरफ्तार कर जेल भेजा। मड़ई कपिसा थाना चोलापुर निवासी विनय भारती गिरोह बंद तरीके से चोरी, छिनैती आदि की घटनाओं को अंजाम देता देता था। चोलापुर थाने में इसके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हैं।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत

सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 1998 अनुक्रमांक 1364926 व इण्टर वर्ष 2000 अनुक्रमांक 0638293 का मूल प्रमाणपत्र अंकपत्र खो गया है। इरशाद अहमद पुत्र मुख्तार अहमद ग्राम-पोस्ट-शुदनीपुर, जौनपुर।

सूच्य हो कि मेरा आईटीआई का अंकपत्र व मूलप्रमाण पत्र वर्ष 2010 , जिसका अनुक्रमांक 924110275 है, वास्तव में कहीं खो गया है। राजीव कुमार सिंह पुत्र उदित नारायण सिंह पता-ग्राम-भावां, पोस्ट-देवपुरा, मड़िहान, मीरजापुर।

आवश्यकता

आवश्यकता है-राजाराम महाविद्यालय बेलौनाकला बरसठी,मड़ियाहूं जौनपुर (संबंध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर) में स्ववित्तपोषित योजना अंतर्गत स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में रसायन विज्ञान 3 पद, वनस्पति विज्ञान दो ,भौतिक विज्ञान दो, जन्तु विज्ञान दो ,गणित दो, कॉमर्स में 6 पद व कृषि संकाय के अंतर्गत प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। यूजीसी एवं विश्वविद्यालय परीनियमावली अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिन के अंदर अपना शैक्षिक प्रमाण पत्र के साथ पासपोर्ट साइज फोटो के साथ महाविद्यालय के पते पर प्रेषित करें।
प्रबंधक-मोबाइल: 9936319955

आवश्यकता है - गौरीशंकर राय कन्या महाविद्यालय करनई, बलिया के स्नातक कला के समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, इतिहास, मनोविज्ञान, गृहविज्ञान, कम्प्यूटर एवं विज्ञान संकाय वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान, स्नातकोत्तर कला, शिक्षाशास्त्र एव बी0 एड0 विषयों में प्रवक्ताओं की। वेतनमान विश्वविद्यालय परिनियमवाली के अनुसार अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाणपत्र के साथ 21 दिनों के अंदर आवेदन करें।
प्रबंधक- मो. 9415378496

# ओवरलोड ट्रक वायरल ऑडियो के मामले में लोकायुक्त परिवाद

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर और डॉ नूतन ठाकुर ने लोकायुक्त के समक्ष परिवाद प्रस्तुत किया है। परिवहन विभाग की एक कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग तथा ओवरलोड ट्रकों से भारी वसूली की शिकायत तथा इस प्रक्रिया में दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करने के स्थान पर उन्हें बचाने के आरोपों के संबंध में लोकायुक्त के समक्ष परिवाद प्रस्तुत किया है।

अपने परिवाद में उन्होंने कहा कि उन्हें 4.07 मिनट की बातचीत की एक रिकॉर्डिंग मिली, जो उप परिवहन आयुक्त, एआरटीओ चंदौली और चंदौली में तैनात परिवहन विभाग के एक सिपाही की बताई गयी थी। इस बातचीत में बिहार बॉर्डर पर अवैध वसूली को तेजी से बढाए जाने की योजना पर चर्चा की जा रही है। बातचीत में कहा गया है कि यह योजना तभी सफल होगी जब कम से कम छह सात सौ ट्रक गुजरेंगे, मात्र दो तीन सौ ट्रक से काम नहीं होगा और बदनामी अलग से हो जाएगी। बातचीत में प्रति ट्रक 3000 रुपये की रेट वसूली रेट होने की बात भी कही गई। परिवाद में बिहार बॉर्डर से फरवरी 2023 में गुजरे लगभग 5000 ट्रकों ओवरलोड ट्रकों की सूची भी दी गयी है, जो परिवहन विभाग की सहायता से बिहार की ओर गुजारी गयी बताई गयी हैं। परिवाद में विभागीय मंत्री दयाशंकर सिंह को मामले की जानकारी होने के बाद भी कार्यवाही नहीं करने के आरोपों की जाँच की भी मांग की गयी है।

## सोशल साइट पर प्यार पहुंचा शादी के बंधन तक

**चिरईगांव।** सोशल साइट इंस्टाग्राम पर बातचीत के सिलसिला शुरु हुआ, दोस्ती से होते हुए प्यार तक पहुंचा। ऐसा नहीं प्यार परवान चढ़ा तो इसे बंधन में प्रेमी जोड़ा और शादी की। हालांकि इस बीच पारिवारिक विरोध का सामना करना पड़ा क्योंकि बीच में जाति का मामला आया। बात थाने तक पहुंची लेकिन हुआ वहीं जो दोनों ने ठानी। दोनों कोर्ट पहुंचे और रजिस्टर्ड शादी की। चौबेपुर के चूहरपुर गांव का निवासी आशीष कुमार (19) की मुलाकात सोशल साइट इंस्टाग्राम पर पट्टी नरेन्द्रपुर थाना सरपतहा जौनपुर निवासी युवती से हुई। दोनों में बातचीत बढ़ी, दोस्ती हुई और प्यार में बदल गया। दोनों ने तय किया कि इसे शादी का रूप देकर उम्र भर के लिए एक दूसरे के हो जाएं। ऐसे में दोनों ने शादी करने की सोची। लेकिन जैसा की अमुमन होता है जाति फैक्टर बीच में आया, परिवार ने इनकार करने लगा। मामला नहीं संभला तो लड़की पक्ष ने लड़के के खिलाफ चिरईगांव चौकी पर लड़के के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने प्रेमी को बुलाया और प्रेमिका भी पहुंची। यहां प्रेमिका जिद ठान बैठी की शादी करूंगी तो उसी से, इस बीच लड़का पक्ष दोनों को लेकर कोर्ट पहुंचा और शादी रजिस्र्ड करायी।

### हनी ट्रैप फंसाकर पांच लाख की मांग

**वाराणसी।** शिवपुर शिवपुर के बड़ालालपुर निवासी एक युवक को हैन ट्रैप में फंसा कर ब्लैकमेल किया जा रहा है। पीड़ित ने कोर्ट से गुहार लगाते हुए बताया उनसे पांच लाख रुपये की मांग की जा रही है न देने पर रेप के आरोप में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दी जा रही है। युवक की माने तो 2019 में एक अज्ञात नंबर से उन्हें कॉल आई। कॉल करनेवाली महिला उससे नियमित बातें करने लगी। अब महिला व उसके परिजन उसे ब्लैकमेल कर पांच लाख रुपये की मांग रहे है। इसकी शिकायत शिवपुर पुलिस से लेकिन सुनवाई नहीं है। हारकर कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। न्यायालय के आदेश पर शिवपुर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत शिवपुर के लालजी कुआ निवासी तीन महिलाओं समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

### हाईटेंशन तार से निकली चिंगारी से 2 बीघे गेहूं खाक

**सेवापुरी।** रघुनाथपुर गांव में मंगलवार की दोपहर हाईटेंशन तार के आपस में रगड़ने से निकली चिंगारी की चपेट में आकर 2 बीघे गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। बाकि फसल को ग्रामीणों के प्रयास से बचाया गया। पीड़ित आलोक सिंह और विनोद सिंह ने बताया कि उनके खेत के ऊपर से बिजली का हाईटेंशन तार गया है, तार लूज होने के चलते तेज हवा चलने पर आपस में रगड़ रहे हैं और चिंगारी निकल रही थी। जिस को ठीक करने के लिए कई बार बिजली विभाग के अभियंता से शिकायत की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई और जिसका परिणाम यह हुआ कि उनकी फसल जल कर राख हो गयी। ग्रामीणों में विद्युत विभाग के अभियंता के प्रति आक्रोश है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोपीगंज, जनपद-भदोही

पत्रांक स्था 05/न0पा0प0गो0/ दिनांक 15.04.2023

सार्वजनिक सूचना/इश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुनीता देवी पत्नी गुलजारी लाल सेठ ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 11.04.2023 द्वारा भवन संख्या-35 मोहल्ला ज्ञानपुर रोड वार्ड नं0-11 में स्थित मकान पर अंकित श्री कड़ेद्दीन पुत्र सहदेव के रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर श्रीमती सुनीता देवी पत्नी गुलजारी लाल सेठ का नाम अंकित करने हेतु अनुरोध किया गया है। इस नामान्तरण प्रार्थना पत्र पर किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा उक्त अवधि के उपरान्त प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी।


अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गोपीगंज भदोही

# दुष्कर्म के मामले में आरोपी राजेश पटेल की जमानत अर्जी खारिज

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** प्रभारी सत्र न्यायाधीश (देवकांत शुक्ला) की अदालत ने रोहनिया थाने के सामूहिक दुराचार के एक मामले में आरोपी राजेश कुमार पटेल की जमानत अर्जी यह कहते हुए खारिज कर दी कि अभियुक्त द्वारा कार्य अपराध अत्यंत गंभीर एवं संगीन प्रकृति का है। ऐसे में आरोपी की जमानत अर्जी खारिज की जाती है। अदालत में जमानत अर्जी का विरोध अधिवक्ता पारस नाथ राय व सुरेंद्र कुमार ने किया।

वादिनी के अधिवक्ता पारसनाथ राय व सुरेंद्र कुमार के मुताबिक अदालत में 156 (3) के तहत दिए गए आवेदन में यह आरोप लगाया गया था कि वादिनी शादीशुदा थी और अपने नाना की मृत्यु के बाद विधवा नानी के देखरेख के लिए उनके साथ रहती थी। वादिनी के नाना के पाटीदार विद्या चंद और राजेश पटेल व अन्नू जो काफी मनबढ किस्म के व्यक्ति हैं और आए दिन तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दे देते रहते हैं। विद्या चंद के दो लड़के पुलिस विभाग में है, उसका फायदा उठाकर परेशान करते रहते हैं, ताकि वह जमीन जायदाद छोड़कर भाग जाए। वादिनी की नानी बीमार रहती थी।



अधिवक्ता पारस नाथ राय व सुरेंद्र कुमार

6 जुलाई 2021 को शाम 4:30 बजे वादिनी घर पर लेटी हुई थी, तभी अपराधिक मनसा से आरोपी राजेश पटेल व अन्नू घर में घुसकर जोर जबरदस्ती करने लगे और विरोध किया तो राजेश ने उठाकर पटक दिया, जिससे व अस्त व्यस्त हो गई और कपड़े फट गए। इसी दौरान उसके साथ दुराचार किया गया।

### युवक पर रॉड से हमला

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद कस्बा में सोमवार की शाम मामूली बात पर अजय गुप्ता नामक युवक के सिर पर लोहे के रॉड से वार कर घायल कर दिया । पीड़ित ने पड़ोसी चंदन गुप्ता व राजकुमार गुप्ता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई।

## ठुमरी के सुरों से एक बार फिर जीवंत होंगी स्व. बागेश्वरी देवी

**ठुमरी महोत्सव में 21 से कई दिग्गज कलाकार पेश करेंगे गायन**

**वाराणसी।** ठुमरी के सुरों में प्रख्यात गायिका स्व. बागेश्वरी देवी एक बार फिर जीवंत होंगी। पांच दिवसीय ठुमरी महोत्सव में गायन शैली में ठुमरी की ठसक काशीवासियों को फिर से महसूस होगी। ठुमरी गायिका बागेश्वरी देवी की स्मृति में लगभग 22 साल बाद 21 अप्रैल से बागेश्वरी देवी ठुमरी महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। इसमें संगीत घराने के कई दिग्गज कलाकार शामिल होंगे। दो दिनों तक कार्यशाला में बच्चों को ठुमरी की विधा से परिचित भी कराया जायेगा। महोत्सव की आयोजिका पद्मश्री डा. सोमा घोष ने यह जानकारी पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। बताया कि कार्यक्रम में देश ही नहीं दुनिया भर के संगीत साधक गायन, वादन व नृत्य की प्रस्तुतियां देंगे। ठुमरी शैली के लिए मशहूर पटियाला, बनारस व लखनऊ के अलावा आगरा व किराना घराना के कलाकार महोत्सव में शामिल होंगे। संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से होने वाला यह आयोजन 21 से 22 तक महमूरगंज स्थित रमन निवास, 23 को सनबीम लहरतारा में होगा। 24 व 25 को सनबीम स्कूल में आयोजित कार्यशाला में बच्चों को ठुमरी गायन शैली से परिचित कराया जायेगा। फिल्म निर्देशक शुभंकर घोष व अजय गुप्ता ने कहा कि यह पांच दिवसीय आयोजन बागेश्वरी देवी के लिए श्रद्धांजलि समारोह है।

## जी-20 के लिए निर्माण दीवार को किया क्षतिग्रस्त

**वाराणसी।** जी-20 के तहत छावनी परिषद में हो रहे सुंदरीकरण के दौरान मिंट हाउस स्थित हेरिटेज पार्क की 15 फुट लंबे दीवार की जोड़ाई को अज्ञात लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। सीईओ को सूचित करने के बाद कार्यदायी संस्था ने तहरीर दी। कार्यदायी संस्था की माने तो आठ अप्रैल को मिंट हाउस चौराहे पर हेरिटेज पार्क के निर्माण में लगे कार्यदायी संस्था के कर्मियों को अज्ञात चार पांच लोग शराब के नशे में धुत होकर पहुंचे थे और गाली गलौच की और इसके बाद दीवार को तोड़ दिया।

जिला समाज कल्याण अधिकारी/निर्वाचन अधिकारी, प्रजापति (कु0) हितकारिणी सभा-वाराणसी।

अधिसूचना

प्रजापति (कु0) हितकारिणी सभा डी0के0-20/4 प्रजापति बाग, नई पोखरी, वाराणसी के प्रबन्ध कार्य कारिणी समिति का निर्वाचन सम्पन्न कराने हेतु मा0 जिलाधिकारी, वाराणसी द्वारा अधोहस्ताक्षरी को चुनाव अधिकारी नामित किया गया है। सहायक निबन्धक, फर्म्स सोसाइटी एवं चिट्स वाराणसी के आदेश संख्या-3674/ [illegible]-12096 (चुनाव)/2022-23 दिनांक 27.01.2023 द्वारा संस्था प्रजापति (कु0) हितकारिणी सभा वाराणसी के साधारण सभा के 883 सदस्यीय वैध एवं अंतिम सदस्यता सूची उपलब्ध करायी गयी है। प्रबन्ध कार्य कारिणी समिति का गठन प्रजापति (कु0) हितकारिणी सभा वाराणसी के अद्यतन संशोधित नियमावली वर्ष 2016 के नियम-8 के अन्तर्गत किया जाता है। [illegible] मतदान द्वारा कराया जायेगा। चुनाव अधिकारी को सहयोग प्रदान करने के लिए प्रजापति (कु0) हितकारिणी सभा के [illegible] 16 सदस्यीय सहयोगी निर्वाचन कमेटी गठित किया जाता है [illegible]। मतदान के सभी कार्यक्रम प्रजापति (कु0) हितकारिणी सभा डी0के0-20/4 प्रजापति बाग नई पोखरी, वाराणसी से सम्पन्न किया जायेगा। मतदान का कार्यक्रम निम्न प्रकार निर्धारित किया जाता है-

| प्रबंध कार्यकारिणी के पदों का विवरण | निर्वाचन अधिकारी द्वारा [illegible] करने का दिनांक | नाम निर्देशन पत्रों का क्रय व जमा करने का दिनांक व समय | नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा का दिनांक व समय | अभ्यर्थन की वापसी का दिनांक व समय | प्रतीक आवंटन की तिथि व समय | मतदान का दिनांक व समय | मतगणना का दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| अध्यक्ष-01<br>उपाध्यक्ष-02 (एक पद महिला हेतु आरक्षित)<br>मंत्री-01<br>उपमंत्री-02 (एक पद महिला हेतु आरक्षित)<br>कोषाध्यक्ष-01<br>पुस्तकालय अध्यक्ष-01<br>संगठन मंत्री-01<br>प्रचार-प्रसार मंत्री-01<br>सांस्कृतिक मंत्री-01<br>आय-व्यय निरीक्षक-01<br>कार्यकारिणी सदस्य-17 | 17.04.2023 | 06.05.2023 से 08.05.2023 तक प्रातः 11.00 बजे से कार्य समाप्ति तक | 09.05.2023 को प्रातः 11.00 बजे से कार्य समाप्ति तक | 10.05.2023 को प्रातः 11.00 बजे से 3.00 बजे तक | 15.05.2023 को प्रातः 11.00 बजे से 3.00 बजे तक | 21.05.2023 को प्रातः 07.00 बजे से 3.00 बजे तक | 21.05.2023 को अपराह्न 04.00 बजे से कार्य समाप्ति तक |

| क्र0सं0 | पदाधिकारी | नाम निर्देशन पत्र का मूल्य | जमानत की धनराशि | अन्य विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अध्यक्ष-01 | रु0-100.00 | रु0-5000.00 | नाम निर्देशन पत्र एवं जमानत धनराशि नान रिफन्डेबल है। उक्त हेतु धनराशि नकद जमा कर रसीद प्राप्त किया जायेगा। |
| 2 | उपाध्यक्ष-02 (एक पद महिला हेतु आरक्षित) | रु0-100.00 | रु0-4000.00 पुरुष एवं रु0-2000.00 महिला | |
| 3 | मंत्री-01 | रु0-100.00 | रु0-5000.00 | |
| 4 | उपमंत्री-02 (एक पद महिला हेतु आरक्षित) | रु0-100.00 | रु0-4000.00 पुरुष एवं रु0-2000.00 महिला | |
| 5 | कोषाध्यक्ष-01 | रु0-100.00 | रु0-5000.00 | |
| 6 | पुस्तकालय अध्यक्ष-01 | रु0-100.00 | रु0-1500.00 | |
| 7 | संगठन मंत्री0-1 | रु0-100.00 | रु0-1000.00 | |
| 8 | प्रचार-प्रसार मंत्री0-1 | रु0-100.00 | रु0-1000.00 | |
| 9 | सांस्कृतिक मंत्री-01 | रु0-100.00 | रु0-1000.00 | |
| 10 | आय-व्यय निरीक्षक-01 | रु0-100.00 | रु0-1000.00 | |
| 11 | कार्यकारिणी सदस्य-17 | रु0-100.00 | रु0-1000.00 पुरुष एवं रु0-500.00 महिला | |

सामान्य निर्देश- 1. अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्री व कोषाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन वर्ष की 01 जनवरी, 2023 को कम से कम 35 वर्ष की आयु होना चाहिए। 2. अन्य प्रबन्ध कार्यकारिणी समिति के सदस्यों हेतु निर्वाचन वर्ष की 01 जनवरी 2023 को कम से कम 25 वर्ष की आयु होना चाहिए। 3. प्रत्येक प्रत्याशी को एक प्रस्तावक एवं एक अनुमोदनकर्ता नामांकन के समय साथ लाना आवश्यक है। 4. प्रस्तावक तथा अनुमोदनकर्ता साधारण सभा का सदस्य होना आवश्यक है। 5. साधारण सभा का सदस्य एक से अधिक उम्मीदवारों के प्रस्तावक एवं अनुमोदनकर्ता नहीं होंगे। 6. निर्वाचन के उम्मीदवारों को नामांकन पत्र के साथ निर्धारित जमा शुल्क रसीद की मूल प्रति जमा करनी होगी। 7. निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न कराये जाने हेतु समस्त व्यय संस्था द्वारा किया जायेगा। 8. निर्वाचन सम्बन्धित किसी प्रकार की शिकायतों का निस्तारण अधोहस्ताक्षरी द्वारा किया जायेगा।

(जी0 आर0 प्रजापति)
जिला समाज कल्याण अधिकारी/ निर्वाचन अधिकारी,
प्रजापति (कु0) हितकारिणी सभा-वाराणसी

पत्रांक-101-07/स0क0/विधि-निर्वाचन/अधि0सू0/2023-24, दिनांक 17.04.2023



# वाराणसी



# बीज उत्पादन में भारत की आत्मनिर्भरता अन्य देशों के लिए मॉडल

## सस्टेनेबल एग्रीकल्चर एंड फूड सिस्टम फॉर हेल्दी पीपल एंड प्लैनेट विषय पर हुई चर्चा



जी20 के कृषि प्रमुख वैज्ञानिकों (एमएसीएस) की दूसरे दिन मंगलवार की बैठक में उपस्थित लोग

### जी-20 बैठक का दूसरा दिन

**जी20 के राष्ट्रों, आमंत्रित देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने महर्षि पहल का समर्थन किया, मोटे अनाजों पर अनुसंधान वैश्विक स्तर पर किये जाने को सभी ने बताया सकारात्मक कदम**

अश्विनी कुमार श्रीवास्तव

**वाराणसी।** जी20 के कृषि प्रमुख वैज्ञानिकों (एमएसीएस) की दूसरे दिन मंगलवार की बैठक में मोटे अनाज के प्रति सभी ने अपने विचार रखे। श्री अन्न और अन्य प्राचीन अनाजों के उत्पादन एवं पोषणीय लाभ के प्रति शोध एवं जागरूकता हेतु भारत द्वारा अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान पहल महर्षि पर चर्चा करने के लिए एक सत्र आयोजित किया गया। जी20 के राष्ट्रों, आमंत्रित देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों ने महर्षि पहल का समर्थन किया तथा व्यक्त किया कि श्री अन्न (मिलेट्स) जलवायु अनुकूल एवं पोषणीय फसलें हैं, अतः इन मोटे अनाजों पर अनुसंधान वैश्विक स्तर पर किया जा सके।

### बायोफोर्टिफाइड फसलों पर भारत-फ्रांस करेंगे सहयोग

जी20 के दूसरे दिन की बैठक के दौरान भारत व फ्रांस की द्विपक्षीय बैठक में डॉ. हिमांशु पाठक, सचिव (डेयर) एवं महानिदेशक (भाकृअनुप) तथा फिलिप माउगिन, अध्यक्ष एवं सीईओ, आईएनआरएई-राष्ट्रीय कृषि, खाद्य एवं पर्यावरण अनुसंधान संस्थान (फ्रांस) ने दोनों देशों ने जलवायु परिवर्तन, फसल विविधीकरण, मिट्टी तथा जल संरक्षण, प्राकृतिक खेती और बायोफोर्टिफाइड फसलों से संबंधित विषयों पर सहयोग करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। द्विपक्षीय बैठक में अपने संबंधित प्रतिनिधिमंडल का सभी ने नेतृत्व किया।

### खाद्य क्षति को कम करने को डिजिटल तकनीक से समाधान

बैठक के दूसरे दिन प्रथम सत्र में डिजिटल कृषि तथा ट्रेसबिलिटी पर आधारित फसल एवं खाद्य क्षति को कम करने के लिए डिजिटल तकनीकी द्वारा समाधान, एग्री-टेक स्टार्टअप इकोसिस्टम; बहुआयामी कृषि विस्तार और सलाहकार सेवाएं (ईएएस), प्रयोगशाला से भूमि और आउटरीच में सुधार के लिए भागीदारी, छोटे किसान और परिवारिक खेती, जी20- कृषि-अनुसंधान एवं विकास के लिए वैश्विक दक्षिण सहयोग, सार्वजनिक वस्तुओं के लिए सार्वजनिक-निजी कृषि-अनुसंधान एवं विकास, नवाचार सृजन के क्षेत्र जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही कृषि अनुसंधान एवं विकास में डिजिटल कृषि और सतत कृषि मूल्य श्रृंखला तथा सार्वजनिक-निजी भागीदारी पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। मैक्स कम्यूनिके पर भी चर्चा की गई इस सत्र की अध्यक्षता डॉ. हिमांशु पाठक ने किया।

## कृषि की चुनौतियां निजी भागीदारी से होगी दूर

**वाराणसी।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग (डीएआरई) की ओर से आयोजित जी 20 के कृषि प्रमुख वैज्ञानिकों (एमएसीएस) की बैठक के दूसरे दिन मंगलवार को अन्तरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान-दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र के महानिदेशक जीन बैले ने प्रतिभागिता करते हुए सार्वजनिक-निजी कृषि अनुसंधान एवं विकास विषय पर व्याख्यान दिया। अपने इस व्याख्यान में उन्होंने कृषि से जुड़ी चुनौतियों को दूर करने में सार्वजनिक और निजी भागीदारी की भूमिका की चर्चा की। साथ ही, उन्होंने जी20 बैठक के वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर की थीम की सराहना करते हुए कहा कि दुनिया-भर से आये बुद्धिजीवी कृषि वैज्ञानिकों के विचारों का अद्भुत मंथन



अनुसंधान एवं विकास की राह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अंतराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (इर्री) इस सम्मेलन में प्रतिभागिता कर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है और हम जी20 बैठक के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए तत्पर रहेंगे। उनके व्याख्यान की प्रशंसा करते हुए उपस्थित कृषि वैज्ञानिकों ने कृषि अनुसंधान के तहत सार्वजनिक और निजी भागीदारी के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यो को उदहारण के रूप में अपनाने की बात कही।

## मोटे अनाज को अपनाना दुनिया के लिए सकारात्मक कदम



**चिकित्सकों की राय**

**मोटे आनाज से कई गंभीर बीमारियों को बिना दवा कर सकते हैं ठीक**

वाराणसी। जी-20 की अध्यक्षता करते हुए भारत ने दुनिया को अपनी सकारात्मक नजरिये का संदेश दिया है, काशी में मां अन्नूर्णा हैं जो पूरे ब्रहांड का भरण पोषण करती हैं, इस स्थान से काशी ने दुनिया को मोटे आनाज का जो संदेश दिया है, वह हम सभी के लिए गौरव की बात है। वारणसी के चिकित्सकों ने कहा कि मोटा आनाज समय की मांग बन रही है। मोटे आनाज को लेकर अब पूरी दुनिया साकारात्क कदम उठा रही है, जो गंभीर बीमारियों को खत्म करने का भी एक संदेश है।

## कृषि संबंधित सेवाओं में केवीके का सहयोग महत्वपूर्ण

जी20 मैक्स के दूसरे दिन सुबह एफएओ के साथ द्विपक्षीय बैठक हुई। डॉ. पाठक ने इस बैठक में कहा कि किसानों तक कृषि संबंधी विस्तार सेवाओं को प्रभावी ढंग से पहुंचाने में केवीके का सहयोग अति महत्वपूर्ण होगा। एफएओ के प्रतिनिधियों ने भी कृषि विस्तार सेवा में सहयोग बढ़ाने में गहरी दिलचस्पी दिखाई। इस बैठक में एफएओ के मुख्य वैज्ञानिक, डॉ. इश्महाने एलौफी तथा एफएओ के वरिष्ठ कृषि अधिकारी डॉ. सेलवाराजू रामास्वामी ने भाग लिया। बैठक में प्रतिनिधियों ने बीज उत्पादन के क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता की सराहना किया और कहा कि भारत की अन्य देशों के लिए बीज उत्पादन के क्षेत्र में बहुत बड़ी भूमिका होगी। इस बैठक में जी20 के सदस्य देशों के 80 प्रतिनिधियों के अलावा आमंत्रित अतिथि देश, अंतर्राष्ट्रीय संगठन और भारत द्वारा विशेष आमंत्रित सदस्य भाग ले रहे हैं।

## विदेशी मेहमानों ने देखी बुद्ध की प्रथम उपदेश स्थली





**वाराणसी।** जी 20 बैठक में शामिल होने आये जी 20 के सभी देशों के प्रतिनिधियों आमंत्रित देशों के प्रतिनिधियों ने बैठक के दूसरे दिन मंगलवार की शाम भगवान बुद्ध की प्रथम उपदेश स्थली सारनाथ भ्रमण किया। पारम्परिक रुप के से सभी अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। इसके स्वागत से अभिभूत हुए सभी विदेशी मेहमानों ने काशी की पारम्परा की सराहना की। सारनाथ पहुंचे विदेशी मेहमान रंगबिरंगे पोशाक में लोक नृत्य प्रस्तुत कर रहे लोक कलाकारों के बीच पहुंच गये और थिरकत रहे। रंग बिरंगी पोशाकों को देख सभी विदेशी मेहमान रोक नहीं पाये, पारम्परिक धुन को को अनुवादकों से समझते भी रहे। ढोलक, सारंगी को समझते हुए विदेशी मेहमानों ने उसे बजाने की भी चाह रखी। सारनाथ म्यूजियम पहुंचे सभी मेहमानों ने इसे अद्भूत बताते हुए संरक्षण की सराहना की। म्यूजियम में रखे सभी कलात्मक व धरोहरों के बारे में जानकारी लेते हुए उसकी प्रासंगिकता को भी जाना। इसके साथ ही भगवान बुद्ध का दर्शन भी किया, लाइड एंड साउंड के माध्यम से काशी व धरोहरों के साथ ही भगवान बुद्ध के जीवन चरित्र को भी देखा।

**निहारा सौदर्य**

**सारनाथ में सांस्कृतिक कलाकारों के साथ विदेशी मेहमानों ने खूब लगाया ठुमका**

**म्यूजियम में रखे अति प्राचीन वस्तुओं को देख संरक्षण की सराहना की**

### जिसे मौसम में शौक से खाते थे अब दुनिया मानेगी

नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ फिजिशियन डॉ.ओ.पी सिंह कहते हैं कि मोटे आनाज का अंतर्राष्ट्रीय वर्ष 2023 को घोषित किया गया है, 70 देशों ने इसे मानने की सहमति दी है। हाल ही में संसद में मोटे अनाज के व्यंजनों का एक भोज भी आयोजित किया गया था। मोटे अनाज से हम सदियों से वाकिफ हैं। डॉ. ओ पी सिंह कहते हैं कि मौसम बदलता है तो बाजरे, मक्के, और ज्वार की रोटी को शौक-शौक हम सभी खाते भी हैं, लेकिन इनके गुणों से अपरिचित हैं। इनके अलावा जई, कोदो, कुटकी, रागी और समा आदि भी मोटे अनाज में शामिल हैं। मोटे अनाज गुणों की खान हैं। इनकी सबसे बड़ी खासियत है इनमें पाया जाने वाला रेशा, जो खूब मात्रा में मौजूद होता है।



डॉ.ओ पी सिंह

### मोटे अनाज के लिए सरकार पूरी तरह से तत्पर

रमना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजकीय चिकित्साधिकारी डॉ.शिवशक्ति द्विवेदी ने बताया कि मोटे अनाज को उपयोगिता इस बात से लगायी जा सकती हैं कि मोटे अनाजों की पौष्टिकता के प्रति लोगों को जागरूक करने का अभियान आरंभ कर दिया गया है। इसे अब विश्व के समक्ष भी रखने की पहल भारत ने की है। बताया कि खाने में प्रोटीन, फाइबर, काबोर्हाइड्रेट आदि का होना बहुत जरूरी है. यह हमारे शरीर की सभी कोशिकाओं को स्वस्थ रखता है जिससे हम हर बीमारी से लड़ सकते हैं। ऐसे में मोटे अनाज का सेवन हमारे लिए फायदेमंद होता है, कुछ समय पहले तक लोग मोटे अनाज को गरीबों का भोजन कह कर ठुकरा देते थे, लेकिन अब लोग अपनी बिगड़ती सेहत को ठीक करने के लिए इसका सहारा लेते नजर आ रहे हैं।



डॉ.शिवशक्ति द्विवेदी

### डायबिटीज रोगियों के लिए मोटा अनाज वरदान

चौकाघाट स्थित राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय व चिकित्सालय के आयुर्वेद विशेषज्ञ एवं काय चिकित्सक डॉ.अजय कुमार ने बताया कि मोटा अनाजों में एक नहीं बल्कि कई गुण पाए जाते हैं, मोटे अनाजों में फाइबर कि मात्र सबसे अधिक होता है, यह हमारे पाचन तंत्र को और भी मजबूत बनाता है जिसकी मदद से कब्ज जैसी बीमारियों से छुटकारा मिलता है। बताते हैं कि अगर आप अपने खाने में मोटे अनाजों को शामिल करते हैं तो कई समस्याओं से आपको छुटकारा मिल सकता है। मोटे अनाजों के सेवन से हड्डियां मजबूत होती है। लोग बढ़ती वजन से काफी परेशान हैं, ऐसे में मोटे अनाजों का सेवन कर वजन को कंट्रोल कर सकते हैं, डायबिटीज रोगियों के मोटा अनाज किसी वरदान से कम नहीं है।



डॉ.अजय

### मोटा अनाज आखों के कई रोगों में फायदेमंद

वाराणसी आईएमए के अध्यक्ष व वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ.राहुल चंद्रा बताते हैं कि मोटा आनाज पोषक तत्वों का भंडार हैं। चावल और गेहूं की तुलना में इनमें 3.5 गुना अधिक पोषक तत्व पाए जाते हैं। मोटे अनाजों में बीटा-कैरोटीन, नाइयासिन, विटामिन-बी6, फोलिक एसिड, पोटेशियम, मैग्नीशियम, जस्ता आदि खनिज लवण और विटामिन प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। स्वास्थ्य की दृष्टि से बेहद फायदेमंद डायटरी फाइबर भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। पोषण और स्वास्थ्य की दृष्टि से इसके फायदों के कारण ही इन्हें सुपरफूड भी कहा जाता है। जो आंखों की कई गंभीर बीमारियों में फायदेमंद है। राहुल बताते हैं कि मोटा अनाज पचने के साथ ही शरीर के प्रत्येक अंगों के लिए फायदेमंद है, जिसके चलते आंख की रोशनी में बढ़ोत्तरी होती है।



डॉ.राहुल चंद्रा

## प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से असाध्य रोगों का इलाज संभवः डॉ. ओम शंकर



**वाराणसी।** दौलतपुर काली मंदिर रोड स्थित गार्गी नेचुरोपैथी की नई शाखा का उद्घाटन मंगलवार को बीएचयू के हेड ऑफ कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट के डॉ. ओम शंकर ने किया। डॉक्टर ओम शंकर ने कहा कि प्राकृतिक दिनचर्या से मानव जीवन स्वस्थ रहता है। जीवन की व्यस्तता और भागदौड़ में अगर कोई रोग हो भी गया तो नेचुरोपैथी पद्धति से उसका इलाज संभव है। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट प्रेम प्रकाश यादव ने किया। इस दौरान पूर्व लेक्चरर राजदेव, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक सहगल, बीएन सिंह, लोरिक यादव, क्वींस कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल श्रीराम यादव, प्रतिमा श्रीवास्तव, डॉ. उषा गुप्ता, सूरज मणि देवी सहित दर्जनों लोगों की उपस्थिति रही।

## भीषण गर्मी के चलते बदला स्कूलों का समय

**वाराणसी।** भीषण गर्मी और लू को देखते हुए जिला प्रशासन ने कक्षा एक से आठ तक के स्कूलों का समय बदल दिया है। अब कोई भी स्कूल 12 बजे के बाद नहीं खुल सकेगा। जिला प्रशासन ने पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे तक ही स्कूलों को खोलने का आदेश जारी किया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार पाठक की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि जिलाधिकारी ने जिले के सभी कक्षा एक से कक्षा आठ तक के स्कूलों को सुबह सात बजे से पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे तक ही संचालित करने का आदेश दिया है। यह आदेश परिषदीय स्कूलों के साथ ही राजकीय, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त, सीबीएससी, आईसीएससी और निजी सभी बोर्ड पर लागू होगा। कहा गया है कि भीषण गर्मी और लू को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। हालांकि, अभिभावकों और शिक्षक संघों ने स्कूलों को कुछ दिनों के लिए बंद करने की मांग की है। उनका कहना है कि दोपहर 12 बजे भी भीषण गर्मी होती है। ऐसे में स्कूलों को बंद कर देना चाहिए या पूर्वाह्न 10 बजे तक ही चलाना चाहिए। क्योंकि पूर्वाह्न नौ बजे के बाद ही गर्मी का एहसास होने लगता है। ऐसे में बच्चों को साढ़े 11 बजे के बाद स्कूल से लौटने वक्त तीखी धूप का सामना करना पड़ेगा, जो कष्टकारी होगा।

**आदेश**

**कक्षा एक से आठ तक के स्कूल खुलेंगे सुबह सात बजे**

### सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ नुक्कड़ नाटक का मंचन

काशी विद्यापीठ। समाजिक कुरीतियों के खिलाफ मंगलवार को स्थानीय विकास खंड के रमसीपुर, पंडितपुर व मूड़ादेव गांव में प्रेरणा कला मंच की ओर से लोक चेतना समिति के सहयोग से नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। जिसमें कमला का कमाल, राह बर्बादी का, गड्ढा, व मैकू नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिला हिंसा, किशोरियों की कम उम्र में विवाह, किशोरी शिक्षा व नशा का प्रभाव व उससे होने वाले पारिवारिक व सामाजिक क्षति पर लोगों को विस्तार से समझाने का प्रयास किया गया ।

## वैशाखी अमावस्या पर होगा स्नान व दान

**वाराणसी।** वैशाखी अमावस्या 20 अप्रैल गुरुवार को मनायी जायेगी। जबकि श्राद्ध की अमावस्या 19 अप्रैल बुधवार को मनायी जायेगी। वैशाखी अमावस्या पितृदोष निवारण का खास दिन माना जाता है। इस दिन भगवान शिव, विष्णु तथा पीपल वृक्ष की पूजा करने से सुख-समृद्धि व खुशहाली मिलती है। इस दिन 108 बार पीपल वृक्ष की परिक्रमा करने से अभीष्ट की प्राप्ति होती है। प्रसिद्ध ज्योतिषी पं. विमल जैन के मुताबिक वैशाख कृषण पक्ष की अमावस्या तिथि बुधवार 19 अप्रैल को दिन में 11.24 मिनट पर लगेगी जो अगले दिन20 अप्रैल को दिन में 9.43 मिनट कर रहेगी। इस तिथि पर स्नान-दान व व्रत तथा श्राद्ध करने का विशेष महत्व है। पितृ दोष निवारण तथा श्राद्ध कृत्य बुधवार 19 अप्रैल को किया जायेगा। अमावस्या तिथि पर पीपल वृक्ष की पूजा-अर्चना से सुख-समृद्धि, खुशहाली मिलती है।अमावस्या तिथि पर विधि विधान से पितरों की पूजा अर्चना की जाती है। इस तिथि पर पूजा-अर्चना अपने पारिवारिक रीति-रिवाज के मुताबिक करनी चाहिये। पितरों के आशीर्वाद से जीवन में भौतिक सुख-समृद्धि व खुशहाली का आगमनहोता है। इस दिन पीपल के वृक्ष व भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना के साथ पीपल वृक्ष की 108 परिक्रमा करने से आरोग्य व सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

### गंगा घाटों पर जी-20 का पोस्टर देकर बताया महत्व

**वाराणसी।** जी-20 के मद्देनजर स्वागत काशी फाउण्डेशन की ओर से संयोजक अभिषेक शर्मा पिछले कई दिनों टीम के सदस्यों के साथ गंगा तट पर जाकर जी-20 के प्रतिनिधियों के स्वागत के लिए सभी से अपील कर रहे हैं। इस क्रम में उन्होंने काशी के तीर्थ पुरोहितों, नाविकों, प्रमुख मंदिरों के महंतों व अन्य नागरिकों को जी-20 का पोस्टर देकर उनको इसके महत्व के बारे में बता रहे हैं। साथ ही स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की भी अपील कर रहे हैं। इसके साथ ही अतिथियों के स्वागत करने का अनुरोध कर रहे हैं। अभिषेक शर्मा ने कहा कि पहले जो भी सम्मेलन हुआ करते थे वह दिल्ली में होते थे। लेकिन अब सांस्कृतिक व धर्मिक नगरी में यह आयोजन हो रहा है। जहां पर प्रतिनिधि लघु भारत का दर्शन कर रहे हैं। काशी विश्व को एक संदेश दे रही है।

## जिला प्रशासन को विश्व रिकॉर्ड खिताब

**प्रश्नोत्तरी प्रतियोगता**

**मंडलायुक्त व जिलाधिकारी को दी बधाई**

**वाराणसी।** वाराणसी जिला प्रशासन, उत्तर प्रदेश सरकार ने कई स्थानों पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगता में अधिकतम संख्या में प्रतिभागियों के लिए इंडिया रिकॉर्ड्स अकादमी की ओर से प्रमाणित विश्व रिकॉर्ड हासिल किया है। रिकॉर्ड-ब्रेकिंग क्विज प्रतियोगिता 13 अप्रैल, 2023 को आयोजित की गई थी, और जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत की अध्यक्षता- वसुधैव कुटुम्बकम पर केंद्रित थी। यह कार्यक्रम वाराणसी जिले की भौगोलिक सीमाओं के भीतर सभी संस्थानों में एक ही समय में आयोजित किया गया था। वाराणसी जिला प्रशासन ने विभिन्न स्थानों पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अधिकतम प्रतिभागी शीर्षक के लिए रिकॉर्ड बुक में प्रवेश किया है। इस उपलब्धि को इंडिया रिकॉर्ड्स



अकादमी द्वारा प्रमाणत किया गया था। वाराणसी जिला प्रशासन ने कुल 124565 प्रतिभागियों के साथ जिले भर में 794 विभिन्न स्थानों पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रश्नोत्तरी प्रश्न जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत की अध्यक्षता से संबंधित थे और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, वैश्विक अर्थव्यवस्था और सतत विकास सहित विभिन्न विषयों को शामिल किया कया गया था। कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने कहा कि वाराणसी जिला प्रशासन द्वारा आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी में भारत के नेतृत्व के लिए एक उचित अवसर था। प्रश्नोत्तरी प्रश्न और प्रतिभागियों को सार्थक तरीके से इन मुद्दों से जुड़ने के लए प्रोत्साहित किया। इस प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करने के लिए सभी प्रतिभागियों की सराहना करता हूं। जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने कहा कि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता स्कूल स्तर पर सभी आयु समूहों के लिए खुली थी और विभिन्न पृष्ठभूमि के प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।


रिटेल डायरेक्टरी















# नाराज कार्यकर्ताओं को मनाने में जुटे संगठन के लोग

**निकाय चुनाव**

## महापौर और पार्षद प्रत्याशियों के टिकट बंटवारे से कार्यकर्ता है खफा

### भाजपा, कांग्रेस और सपा में इसको लेकर चल रही है खासी नाराजगी




**वाराणसी।** महापौर और पार्षद पद के लिए टिकट बंटवारे को लेकर हर राजनीतिक दल के कार्यकर्ता बेहद खफा है। किसी संगठन के कार्यकर्ता खुलकर इसका विरोध नहीं कर पा रहे हैं तो अन्य संगठनों में जमकर विरोध हो रहा है। यहां तक कि संगठन के महानगर अध्यक्ष के समक्ष नारेबाजी तक हुई। ऐसे में नाराज कार्यकर्ताओं को मनाने का जिम्मा संगठन के जिम्मेदार लोगों को सौंपा गया है। ऐसे लोग खफा कार्यकर्ताओं को मनाने में जुट गए हैं। मान-मनौव्वल का दौर लगातार जारी है। संगठन के लोगों का कहना है कि यह नाराजगी क्षणिक है। समय रहते सब ठीक कर लिया जाएगा।

बात चाहे सत्ताधारी दल भाजपा की हो या फिर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी। यहां तक कि बहुजन समाज पार्टी और आम आदमी पार्टी। पार्टी सूत्रों की मानें तो सभी राजनीतिक दल में महापौर और पार्षद प्रत्याशियों के टिकट बंटवारे को लेकर कार्यकर्ता खफा है। अब हरेक कार्यकर्ता को खुश रखना संगठन के जिम्मेदार पदाधिकारियों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के जिम्मे है। जिम्मेदार लोगों का कहना है कि हर वार्ड से कई-कई कार्यकर्ता पार्षद पद के लिए टिकट की आस लगाए हुए थे। सभी को टिकट तो मिल नहीं सकता। शीर्ष नेतृत्व ने जो फैसला किया है, उसे स्वीकार करते हुए संगठन हित में काम करना होगा।

बात भाजपा की करें तो टिकट वितरण को लेकर तमाम कार्यकर्ता नाखुश है। कई कार्यकर्ताओं ने दबी जुबान से यहां तक कह दिया कि जनप्रतिनिधियों ने चहेतों को टिकट दिलाने के चक्कर में जुझारू और कर्मठ कार्यकर्ताओं के मेहनत की अनदेखी कर दी। यह बात शीर्ष नेतृत्व से छुपाया गया। जबकि ऐसे कार्यकर्ता कई साल से अपने-अपने वार्ड में दिन-रात मेहनत करते हुए पार्षदी चुनाव की तरफ आस लगाए हुए थे। उनके सपनों पर अब पानी फिर गया है। इसी प्रकार, महापौर पद के लिए कई लोग लाइन में लगे हुए थे। लेकिन अचानक नया नाम सामने ला दिया गया। हालांकि जिसके नाम पर मुहर लगी है। उनके काम को कमतर नहीं आंका जा सकता है। संगठन में उनकी बेहतर छवि रही है और उन्होंने संगठन को नया मुकाम दिलाने में महती भूमिका अदा की है। लेकिन इसी तरह संगठन के लिए दिन-रात मेहनत करने वालों के मंसूबों पर पानी फिर गया तो उनका गुस्सा लाजिमी है। वैसे लेकिन कोई बात नहीं, यह गुस्सा कुछ दिन रहेगा और मतदान करीब आते-आते सभी एकजुट होकर महापौर और पार्षद प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लिए जुट जायेंगे।

बात कांग्रेस की करें तो इस संगठन में भी कर्मठ और जुझारू कार्यकर्ताओं की अनदेखी की गयी है। इसको लेकर कार्यकर्ताओं में गहरी नाराजगी देखने और सुनने को मिल रही है। ऐसे कार्यकर्ताओं का कहना है कि पार्षदी के टिकट वितरण में धनबल का खुलकर प्रयोग हुआ है। कुछ वरिष्ठ नेताओं ने अपने चेहते को टिकट दिलाने में महती भूमिका निभाई। जबकि प्रदेश इकाई का कहना था कि इस निकाय चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करना है और इसके लिए पुराने टिकाऊ-जिताऊ कार्यकर्ताओं को तवज्जो दिया जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। दूसरी तरफ, समाजवादी पार्टी में तो पार्षदी टिकट वितरण से खफा कार्यकर्ताओं ने तो महानगर अध्यक्ष के खिलाफ नारेबाजी की और मोर्चा ही खोल दिया है। महानगर अध्यक्ष के समक्ष नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ताओं ने पैसा लगाकर टिकट बांटने का आरोप तक लगाया था। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि संगठन को जिंदा रखने और पब्लिक के बीच काम करने वालों को दरकिनार कर दिया गया। महापौर के टिकट वितरण में भी कर्मठ और जिताऊ उम्मीदवार की अनदेखी की गयी। ऐसे में चुनाव के दौरान भितरघात का सामना चुनावी मैदान में उतरे उम्मीदवारों को करना पड़ सकता है। हालांकि कांग्रेस और सपा के स्थानीय दिग्गज और वरिष्ठ नेता नाराज कार्यकर्ताओं को मनाने में जुट गए है। अब देखना यह है कि कार्यकर्ताओं की नाराजगी को संगठन का शीर्ष नेतृत्व कैसे दूर करता है।

## महापौर पद पर एक का पर्चा अवैध

**जांच**

### पांच निर्दल समेत अब छह दलों के कुल 11 महापौर पद के उम्मीदवार मैदान में

**वाराणसी।** निकाय चुनाव 2023 में नामांकन के बाद मंगलवार को नामांकन पत्रों का सत्यापन हुआ। जिसमें पांच निर्दल समेत छह दलों के कुल 11 उम्मीदवारों का पर्चा वैध पाया गया। वहीं एक निर्दल प्रत्याशी का पर्चा अवैध घोषित किया गया।

सोमवार को कुल आठ पर्चे भरे गए थे जिसके पूर्व रविवार को दो और शनिवार व शुक्रवार को एक-एक पर्चे दाखिल किए गए थे। जिन्हें मिलाकर महापौर पद के लिए कुल 12 उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया था। जिसमें से एक अवैध घोषित होने के बाद अब कुल 11 महापौर पद के उम्मीदवार मैदान में हैं। महापौर पद के लिए भाजपा के उम्मीदवार अशोक कुमार तिवारी, सपा से ओम प्रकाश सिंह, बसपा से सुभाष चंद माझी, आप से शारदा टंडन, कांग्रेस से अनिल श्रीवास्तव और सुभासपा से आनंद कुमार तिवारी मैदान में हैं। इनके साथ निर्दल उम्मीदवारों में किन्नर शमसेर खान, हरीश मिश्रा, दीपक लाल, ओम प्रकाश चौरसिया और वीरेंद्र कुमार गुप्ता मैदान में हैं। जबकि निर्दल उम्मीदवार रामजी चौरसिया का नामांकन अवैध घोषित कर दिया गया। वहीं वार्डों में कुल 100 सीटों पर प्राप्त 705 नामांकन पत्रों में से 10 अवैध घोषित किए गए। नगर पंचायत गंगापुर में चार अध्यक्ष और 30 सदस्यों के सभी नामांकन पत्र वैध पाए गए। अब 20 को नाम वापसी और 21 को चुनाव चिन्ह आवंटन का कार्य किया जाएगा। जिसके बाद चार मई को मतदान और 13 मई को मतगणना होगी।

## बीडीओ की गैरमौजूदगी में कर्मचारी मस्त

**काशी विद्यापीठ।** बीडीओ की गैरमौजूदगी में कर्मचारी व छोटे अधिकारी मंगलवार को मस्त दिखे। कोई चायपान की दुकान पर गप्पबाजी करता दिखा तो कोई अपने सीट से नदारद था। यह हाल था काशी विद्यापीठ ब्लाक दफ्तर का। बीडीओ डॉ. रक्षिता सिंह की ड्यूटी जी-20 में लाइजनिंग आफिसर के तौर पर लगायी गयी है। जिसके चलते मंगलवार को ब्लाक कार्यालय में सभी मस्ती में नजर आए। दोपहर में ज्यादातर कुर्सियां खाली ही नजर आयीं। बीडीओ कार्यालय में महज तीन कर्मचारी अपने सीट पर कार्य करते नजर आए। एक एडीओ स्तर की महिला अधिकारी अपने कक्ष में मौजूद दिखीं। तो वहीं एक अन्य एडीओ इधर-उधर टहलते देखे गये। बाकी के एडीओ स्तर के अफिसरों की कुर्सियां खाली थीं। पूछने पर मातहत रटे रटाये जबाव दे रहे थे कि 'साहब अभी थे, कुछ देर पहले क्षेत्र में गये हैं, बस आते ही होंगे'। तो वहीं कुछ कर्मचारी चायपान की दुकान पर गप्पबाजी में मशगूल दिखे। बतादें ब्लाक पर एडीओ (सहायक विकास अधिकारी) स्तर के आधा दर्जन अफसरों की तैनाती है।




## यूपी कॉलेज में निबंध, पोस्टर और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**तरना।** उदय प्रताप कॉलेज में जी-20 के प्रचार प्रसार के तहत प्राचार्य प्रो. धर्मेंद्र कुमार सिंह के भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई। कार्यक्रम संयोजक प्रो. अंजू सिंह व सहसंयोजक प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में निबंध प्रतियोगिता में 95, पोस्टर प्रतियोगिता में 53 एवं भाषण प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। संचालन डॉ. अग्नि प्रकाश शर्मा ने किया। निर्णायक मंडल में प्रो. पंकज कुमार सिंह, डॉ. रूबी सिंह, डॉ. अंकिता मिश्रा, डॉ. संजय स्वर्णकार, डॉ. प्रताप गौतम, डॉ. सत्यशरण और डॉ. बंशगोपाल यादव ने योगदान दिया।

# नामांकन के बाद क्षेत्रों में उतरे उम्मीदवार, शुरू किया प्रचार

**चुनावी हलचल**

### घर-घर जाकर अपने पक्ष में मांग रहे वोट, समर्थक भी लगे




**वाराणसी।** निकाय चुनाव के लिए सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल करने के साथ ही मंगलवार को उम्मीदवरों ने प्रचार शुरू कर दिया। उम्मीदवार समर्थकों के साथ अपने-अपने वार्डों के मुहल्लों, बस्तियों और कॉलोनियों में जनसंपर्क कर रहे हैं। इस दौरान राजनीतिक दलों की ओर से मैदान में उतरे प्रत्यासियों द्वारा बाकायदा पार्टी का साफा पहनकर अपने समर्थन में वोट मांगा जा रहा है। जबकि महापौर पद के उम्मीदवारों के प्रचार के लिए राजनीतिक दलों के कार्यालयों पर प्रयार की योजना तैयार की जा रही है।

महानगर में 100 वार्डों के जुड़ने से इस बार का मुकाबला काफी दिलचस्प होने की उम्मीद जताई जा रही है। 11 अप्रैल से शुरू हुए नामांकन के बाद मंगलवार को नामांकन पत्रों का सत्यापन हुआ। चिलचिलाती धूप में उम्मीदवारों की ओर से क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार का कार्य शुरू कर दिया गया। साथ ही राजनीतिक दल भी अपने-अपने उम्मीदवारों के लिए सक्रिय हो गए हैं। पार्टी कार्यालयों में भी पहले से ज्यादा चहल पहल देखनों को मिल रही है। अपने उम्मीदवारों की सफलता के लिए कार्यकर्ताओं को इलाकों में सक्रिय होने के निर्देश दिए गए हैं। महापौर पद के उम्मीदवारों के घर सुबह से ही समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लगा रहा है। बता दें कि अगले माह पहले चरण में चार मई को मतदान होना है। इसे लेकर राजनीतिक दलों ने सक्रियता और भी बढ़ा दी है। इसमें भाजपा, सपा, कांग्रेस समेत अन्य दलों द्वारा पार्टी पदाधिकारियों व क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है।

## वसंत कॉलेज में गायन वादन और नृत्य के साथ फेयरवेल का आयोजन

**वाराणसी।** राजघाट स्थित वसंत महिला महाविद्यालय में मंगलवार को स्नातक तृतीय वर्ष की छात्राओं के लिए संपूर्ति समारोह (फेयरवेल) का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता करते हुए प्राचार्या प्रो. अलका सिंह ने सभी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की, साथ ही महाविद्यालय की पुरातनी छात्र समिति (एलुमनी सेल) से सबको जोड़ते पर बल दिया। छात्रा शालिनी सिन्हा ने शिव वंदना पर ओड़िशी नृत्य, कैसियो पर श्रेया ने कभी अलविदा ना कहना की धुन पर साथ रहने की बात करते हुए गायन-वादन व सुनिधि ने डाक्यूमेंट्री वीडियो के साथ महाविद्यालय में बिताये पुरानी स्मृतियों की छाया प्रदर्शनी प्रस्तुत की। लघु नृत्य नाटिका की प्रस्तुति बी.कॉम की अर्चिता, आकांक्षा और उनके सहयोगियों ने किया। छात्राओं ने अंत्याक्षरी का भी आयोजन किया, जिसमें सभी की आनंदपूर्ण सहभागिता रही इसमें अध्यापिकाओं ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। संचालन प्रीभि एवं शौर्या ने किया। संपादन में सांस्कृतिक समिति की समन्वयक डॉ. परवीन सुल्ताना, कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अंजना सिंह, के नेतृत्व में समिति के सदस्य डॉ. श्वेता, डॉ. बृहस्पति , डॉ. विभा सिंह सहित सभी सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम में स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के साथ महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओ की उपस्थिति रही।

# नगर निगम ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 का किया आगाज

**तैयारियां शुरू**

### नगर आयुक्त ने अधिकारियों को डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और लोगों को जागरूक करने का दिया निर्देश

**वाराणसी।** नगर आयुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर निगम ने मंगलवार से स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की तैयारियां शुरू कर दी है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एनपी सिंह ने इसके लिए कार्ययोजना तैयार की है। इसके बाबत नगर आयुक्त ने अधिकारियों के साथ बैठक में निर्देश दिये कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 मई में होना है, स्वच्छता सर्वेक्षण में दिये गये सभी मानकों पर शत प्रतिशत कार्यवाही की जाय, जिससे शहर की रैंकिंग में और अधिक सुधार हो सके। नगर आयुक्त ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन सभी वार्डों में कराया जाय, साथ ही घर-घर कूड़ा उठान पर विशेष ध्यान देकर इस योजना को संपूर्ण शहर में लागू कराया जाय। इसके लिये सभी वार्डों, आरडब्लूए, कॉलोनियों में नियमित रूप से विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया जाय, जिसमें सभी घरों में गिला कूड़ा एवं सूखा कूड़ा रखने के लिए अलग-अलग डस्टबिन रखने के लिए भवन स्वामियों को प्रेरित किया जाय, नगर आयुक्त ने अधिकारियों को सचेत किया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में दिये गये सभी मानको को निर्धारित समय में पूर्ण कराया जाय।


## कार्यालय ग्राम पंचायत-झांसेपुर वि0 ख0-शाहगंज (सोंधी), जौनपुर

### अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ अंत्येष्टि स्थल/ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/एस.एल.डब्लू.एम. के अन्तर्गत कार्य/मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20.04.2023 से 27.04.2023 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपराह्न 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते हैं। दिनांक 28.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपराह्न 2.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार) | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय एस.एल. डब्लू.एम. योजनान्तर्गत | | |
| 2 | सीमेंट, बालू, गिट्टी, छड़, ईंट 150/एस0ओ0बी0 | | |
| 3 | ईंट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी, सीमेंटेड ईंट | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | |
| 5 | समर्सिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य, इलेक्ट्रिक सामग्री | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूंसा अन्य इंटरलाकिंग ब्रिक | | |
| 7 | डेस्क, बेंच फर्नीचर/आलमारी, मैदान/तालाब के सुन्दरीकरण हेतु घास | | |
| 8 | ग्रीन बोर्ड पर्दा, अन्त्येष्टी स्थल, सूखा-गीला कचरा प्रबंधन व कम्पोस्ट गड्ढा इत्यादि | | |
| 9 | भूसा, वृक्षारोपण (पौधा कम से कम 6 फीट का होना चाहिए) | | |
| 10 | कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट, आंगनबाड़ी केन्द्र, सी0एस0सी0 जनसुविधा केन्द्र | | |
| 11 | नाली निर्माण सामग्री, पंचायत भवन, चूना पेंट वाहन क्रय कूड़ा गाड़ी, ई. रिक्शा | | |
| 12 | खड़ंजा, सोख्ता, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, प्लास्टिक बैक, कचरा, एन.पी.3नाली | | |
| 13 | योगा/व्यायाम सामग्री, मॉडर्न वृक्षारोपण, ह्यूम पाईप, सी.सी. टीवी कैमरा, ए.सी.पी. बोर्ड, दिशा सूचक/साईन बोर्ड/शिलापट्ट या फैन्सग्रास कूड़ा केन्द्र, यू.पी.एस. निर्माण हेतु | | |
| 14 | पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आपरेशन कायाकल्प, कोविड-19 सेनेटाईजर /फागिंग मशीन, मास्क, लाल ईंट, डब्लू एस0सी0, कोविड एलाउंस कैप | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें**-सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रु0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**ग्राम प्रधान-संगीता देवी** **ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0-शिवमूर्ति यादव**

## कार्यालय ग्राम पंचायत राजेपुर, वि0ख0 ठेकमा, आजमगढ़

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्प्यूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूशा-चोकर/प्रबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 19.04.2023 से 24.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्यान्ह 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 28.04.2023 समय सुबह 12.30 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 18.04.2023

**(रामचेत चौरसिया)**
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. राजेपुर, वि.ख. ठेकमा
आजमगढ

**(विजय प्रताप यादव )**
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. राजेपुर, वि.ख. ठेकमा
आजमगढ़


## संक्षेप

### जी-20 पर भाषण प्रतियोगिता के प्रथम सत्र का आयोजन



**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के डॉ. भगवान दास केंद्रीय ग्रंथालय स्थित समिति कक्ष में मंगलवार को जी-20 पर भाषण प्रतियोगिता के प्रथम सत्र का आयोजन हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पारिजात सौरभ के मार्गदर्शन में आयोजित विषय जी-20 सम्मेलन के लिए उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित विषयों पर भाषण में छात्रो ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में भाग लेने वालों में विद्यार्थी यश कुमार, अश्वनी कुमार, परमानंद शर्मा, सार्थक बाजपेई और अन्य विद्यार्थी शामिल रहे। निर्णायक मंडल में डॉ. संदीप गिरी तथा डॉ. किरण सिंह रहे। धन्यवाद ज्ञापन आयोजन सचिव डॉ. ऊर्जस्विता सिंह ने किया।

### विश्व विरासत दिवस पर छात्रों ने सारनाथ का किया भ्रमण




**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में मंगलवार को विश्व विरासत दिवस को ऐतिहासिक स्मारक और स्थल के अंतर्राष्ट्रीय दिन के रूप में मनाया जाता है। जिसमें विश्वविद्यालय के पर्यटन अध्ययन संस्थान की डॉ. ज्योतिमा एवं डॉ. अनिल कुमार चतुवेर्दी के निर्देशन में छात्रों को पर्यटन स्थल सारनाथ का भ्रमण कराया गया। डॉ. ज्योतिमा ने बताया कि 18 अप्रैल को ऐतिहासिक स्मारकों और विरासत स्थलों पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि हमारी आज की पीढ़ी अपने विरासत संरक्षण को लेकर जागरूक हो और अपनी आगे आने वाली और पीढ़ियों के लिए अपनी विरासत का संरक्षण करती रहे।

### अभियान चलाकार 3 गुमटी और दो गाड़ी सामान किया जब्त

**वाराणसी।** नगर निगम द्वारा प्रभारी अधिकारी प्रवर्तन दल कर्नल राघवेंद्र नाथ मौर्य के नेतृत्व में मंगलवार को शहर के कई इलाकों में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। जिसमें चौका घाट, पुलिस लाइन तिराहा, पहड़िया, पूराना आरटीओ, हवेलिया चौराहा, सारनाथ बुद्धा थीम पार्क तक सड़क और पटरी से तमाम प्रकार का अतिक्रमण हटवा कर मार्ग खाली करवाया गया। इस दौरान हवेलिया चौराहा और पहड़िया मंडी के सामने से कुल तीन गुमटी जब्त की गई। कैल गढ़ जगत गंज क्षेत्र की गली में अतिक्रमण किए जाने पर समान हटवा कर गली का मार्ग खाली करवाया गया, अभियान के दौरान अत्याधिक अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों का लावारिस हालत में रखा हुआ लगभग दो गाड़ी अतिक्रमित सामान जब्त किया गया। इस दौरान अतिक्रमण कर्ताओं से कुल 4600 रुपये वसूल किए गए।

### सभी लोगों की सामूहिक आत्मा ही राष्ट्र की आत्मा है : प्रो. केके सिंह



**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ सभागार में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध एवं छात्र कल्याण संकाय की ओर से एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। विषय राष्ट्र निर्माण में भारतीय ज्ञान परंपरा की भूमिका रहा। मुख्य अतिथि ने बताया कि ज्ञान परंपरा मस्तिष्क को खोलती है ज्ञान की प्रकृति सदैव सकारात्मक होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि कौटिल्य की विचारधारा से हमें प्रेरित होकर राष्ट्र निर्माण में सहयोग करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि ने बताया कि स्त्रीधन महिलाओं के हितार्थ विधिक रूप से सही है जबकि दहेज अंग्रेजों के जमाने का कंसेप्ट है जो बिल्कुल ही गलत है। प्रो. केके सिंह ने बताया कि पंडित दीनदयाल के अनुसार राष्ट्र एक जीवित पुरुष है सभी लोगों की सामूहिक आत्मा ही राष्ट्र की आत्मा है। संचालन डॉ. डॉक्टर उर्जस्विता सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रो. नंदिनी सिंह, प्रो. शेफाली ठकराल, प्रो. अनुकूल राय, डॉ. निशा सिंह, डॉ. चंद्रशेखर सिंह, डॉ. नीरज धनकड़, डॉ. धनंजय शर्मा, डॉ. ध्यानेंद्र मिश्रा, डॉ. अनीता, डॉ. अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

## पूर्व सहायक कुलसचिव के निधन पर शोकसभा का आयोजित

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त सहायक कुलसचिव उदित नारायण शुक्ल के आकस्मिक निधन पर मंगलवार को पाणिनि भवन सभागार में कार्यवाहक कुलसचिव प्रो. राजनाथ के अध्यक्षता में शोकसभा का आयोजन हुआ। शोक सभा में मुक्त आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन धारण कर बाबा विशेश्वर से प्रार्थना की गयी। सभा में शोक प्रस्ताव का वाचन जनसंपर्क अधिकारी शशींद्र मिश्र ने किया। शोकसभा में प्रो. रामपूजंन पांडेय, प्रो. कमलाकान्त त्रिपाठी, प्रो. जितेंद्र कुमार, प्रो. हीरक कांत चक्रवर्ती, प्रो. विधू द्विवेदी, प्रो. अमित कुमार शुक्ल, डॉ. विजय कुमार शर्मा, डॉ. नितिन कुमार आर्य, वाचस्पति त्रिपाठी, अजय कुमार पांडेय आदि मौजूद थे।

## शताब्दी भवन को उच्च स्तरीय अतिथि गृह बनाया जायेगा : प्रो. त्रिपाठी



**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय में मंगलवार को जनपद के प्रसिद्ध उद्योगपतियों और समाज सेवकों संग बैठक हुई। कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विश्वविद्यालय के आर्थिक ढांचे एवं संपूर्ण परिसर के उद्धार के लिये गहन मंथन किया गया। कुलपति प्रो. त्रिपाठी ने बताया कि विश्वविद्यालय को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रसिद्ध वास्तुविद ई. आरसी जैन द्वारा पहल करते हुये शताब्दी भवन को गोद लेकर आधुनिक मॉडल से उच्च स्तरीय अतिथि गृह बनाया जायेगा। इससे विश्वविद्यालय की आर्थिक स्थिति के साथ ही पर्यटन के क्षेत्र में भी बढ़ावा मिलेगा। परिसर स्थित विभिन्न उद्यानों व पार्कों को उच्चस्तरीय एवं आधुनिक रूप से तैयार करने के साथ ही कुछ और स्थलों का चिन्हिकरण कर पार्क या उद्यान के रूप में विकसित किया जायेगा। बताया कि उक्त बैठक में परिसर में स्थित नवीन, गंगानाथ झां एवं शोध छात्रावास आदि के शौचालय आदि का जीर्णोद्धार किया जाएगा। प्राचीन पंच मंदिर को भी भव्य बनाया जाएगा। बैठक में अशोक अग्रवाल, डॉ. मृदुल मिश्र, वेद अग्रवाल, जय शंकर शर्मा और विन्ध्याचल आदि उपस्थित थे।

## लहरतारा स्थित ट्रांसफॉर्मर में लगी आग, बत्ती गुल

**वाराणसी।** लहरतारा चौराहा स्थित ट्रांसफॉर्मर में शार्ट सर्किट के चलते मंगलवार को अपराह्न में आग लग गई।



जिससे ट्रांसफॉर्मर धू-धूकर जल गया। इससे लहरतारा के साथ जीटी रोड के कुछ हिस्से में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। विद्युत आपूर्ति बाधित होने से भीषण गर्मी में लोगों का हाल बेहाल हो गया है। पीड़ित गुलशन सिंह, सर्वेश शर्मा आदि ने बताया कि विद्युत विभाग को सूचना दी गई, लेकिन आधे घण्टे तक लाइट नहीं काटी गई। ट्रांसफॉर्मर में आग लगने से वायर भी जल गया है। जिस ट्रांसफॉर्मर में आग लगा था, उसी के बगल में एक पेट्रोल पंप भी है। वहां से भी पम्प चलाकर आग बुझाने की कोशिश की गई। तब तक मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत छत्तरपुर, वि0ख0 ठेकमा, आजमगढ़

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्प्यूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूशा-चोकर/प्रबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 19.04.2023 से 24.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्यान्ह 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 28.04.2023 समय दोपहर 02.30 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 18.04.2023

**(अजय कुमार)**
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. छत्तरपुर, वि.ख. ठेकमा
आजमगढ

**(विजय प्रताप यादव )**
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. छत्तरपुर, वि.ख. ठेकमा
आजमगढ़

## कार्यालय ग्राम पंचायत चौकी, वि0ख0 ठेकमा, आजमगढ़

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्प्यूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूशा-चोकर/प्रबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 19.04.2023 से 24.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्यान्ह 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 28.04.2023 समय दोपहर 02 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 18.04.2023

**(श्याम कुमारी)**
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. चौकी, वि.ख. ठेकमा
आजमगढ

**(विजय प्रताप यादव )**
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. चौकी, वि.ख. ठेकमा
आजमगढ़

## कार्यालय ग्राम पंचायत-मानी खुर्द वि0 ख0-शाहगंज (सोंधी), जौनपुर

### अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ अंत्येष्टि स्थल/ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/एस.एल.डब्लू.एम. के अन्तर्गत कार्य/मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20.04.2023 से 27.04.2023 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपराह्न 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते हैं। दिनांक 28.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपराह्न 2.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार) | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय एस.एल. डब्लू.एम. योजनान्तर्गत | | |
| 2 | सीमेंट, बालू, गिट्टी, छड़, ईंट 150/एस0ओ0बी0 | | |
| 3 | ईंट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी, सीमेंटेड ईंट | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | |
| 5 | समर्सिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य, इलेक्ट्रिक सामग्री | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूंसा अन्य इंटरलाकिंग ब्रिक | | |
| 7 | डेस्क, बेंच फर्नीचर/आलमारी, मैदान/तालाब के सुन्दरीकरण हेतु घास | | |
| 8 | ग्रीन बोर्ड पर्दा, अन्त्येष्टी स्थल, सूखा-गीला कचरा प्रबंधन व कम्पोस्ट गड्ढा इत्यादि | | |
| 9 | भूसा, वृक्षारोपण (पौधा कम से कम 6 फीट का होना चाहिए) | | |
| 10 | कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट, आंगनबाड़ी केन्द्र, सी0एस0सी0 जनसुविधा केन्द्र | | |
| 11 | नाली निर्माण सामग्री, पंचायत भवन, चूना पेंट वाहन क्रय कूड़ा गाड़ी, ई. रिक्शा | | |
| 12 | खड़ंजा, सोख्ता, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, प्लास्टिक बैक, कचरा, एन.पी.3नाली | | |
| 13 | योगा/व्यायाम सामग्री, मॉडर्न वृक्षारोपण, ह्यूम पाईप, सी.सी. टीवी कैमरा, ए.सी.पी. बोर्ड, दिशा सूचक/साईन बोर्ड/शिलापट्ट या फैन्सग्रास कूड़ा केन्द्र, यू.पी.एस. निर्माण हेतु | | |
| 14 | पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आपरेशन कायाकल्प, कोविड-19 सेनेटाईजर /फागिंग मशीन, मास्क, लाल ईंट, डब्लू एस0सी0, कोविड एलाउंस कैप | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें**-सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रु0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**ग्राम प्रधान-तंजीला बानो** **ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0-शिवमूर्ति यादव**

# डिग्री के साथ आधुनिक ज्ञान भी जरूरी

**बोले हरिवंश**

## युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का करना चाहिए प्रयास

### राज्यसभा के उप सभापति ने दिये सफलता के टिप्स

जनसंदेश न्यूज

**बैरिया।** सम्पूर्ण क्रान्ति के प्रणेता एवं समाजवाद के पुरोधा लोकनायक जयप्रकाश नारायण के पैतृक गांव जयप्रकाश नगर के दलजीत टोला स्थित काली मंदिर पर युवा संवाद का आयोजन किया गया। इस दौरान राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश एवं सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने युवाओं को उन्नति के विभिन्न प्रकार के मंत्र दिए। कार्यक्रम में सिताब दियारा के 27 टोलो के युवा अपने-अपने प्रश्नों के साथ उपस्थित रहे। रोजगार एवं शिक्षा के साथ सिताब दियारा के विकास पर चर्चा हुई।

राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश जी ने कहा कि आज का समय टेक्नोलाजी का है। मात्र डिग्री हासिल करने से युवाओं की उन्नति नहीं हो सकती। डिग्री के साथ-साथ आधुनिक ज्ञान की भी आवश्यकता है। युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का हरसंभव प्रयास करना चाहिए। देश में अवसर की कमी नहीं है। कहा कि हमारे जमाने में बहुत कम स्कूल हुआ करते थे। पूरे सिताब दियारा में दो या तीन स्कूल थे। पढ़ने के तमाम संसाधन भी बहुत कम थे, लेकिन उस परिस्थिति में भी पढ़कर निकले छात्र आज किसी न किसी मुकाम पर हैं। अब बहुत कुछ बदल गया है। विद्यालय भी पर्याप्त संख्या में है। युवाओं के पास संसाधन भी है। अब उन्हें तय करना है कि वह जीवन में क्या करना चाहते हैं। यदि पढ़ाई में उनका मन नहीं लग रहा है तो रोजगार के क्षेत्र में उतरना चाहिए। उन्होंने एक करियर सेंटर खोलने की भी बात कही। उन्होंने गांव के तब और अब के हालात पर भी विस्तृत प्रकाश डाला।

सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने दलजीत टोला स्थित काली मंदिर परिसर में सत्संग भवन एवं रामलीला मंच के लिए 20 लाख रुपये देने की घोषणा की।


कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश

### कार्यक्रम में इनकी रही मौजूदगी

**बैरिया।** युवा संवाद कार्यक्रम में मोहन सिंह, ग्राम प्रधान अशोक यादव, राम नरेश चौधरी, सुरेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान दशरथ यादव, समाजसेवी रामबाबू यादव, जैनेंद्र सिंह, शिव आधार सिंह, शिव नारायण सिंह, मनीष सिंह, राजेश सिंह, नंदजी सिंह, बिक्की सिंह, राकेश सिंह, अजीत सिंह, राजेश सिंह, रवींद्र सिंह, आंशु सिंह आदि मौजूद रहे। सभी का आभार सुरेन्द्र सिंह ने व्यक्त किया।

### मोटे अनाज की खेती पर जोर दें किसान : मस्त

**बैरिया।** सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने कहा कि विकास की कड़ी से सिताब दियारा जुड़ चुका है। बीएसटी बंधा की सड़क बन रही है। गंगा नदी पर महुली में पक्का पुल के निर्माण की स्वीकृति भी मिल चुकी है। कहा कि प्राकृतिक खेती करने पर सरकार की ओर से अनुदान की भी व्यवस्था है। किसान मोटे अनाज की खेती पर भी जोर दें। उनके लिए फ्री में बीज की व्यवस्था मै स्वयं कराऊंगा। जनपद में कई बड़े काम होने जा रहे हैं। जिले के लोगों की लंबे समय से मांग थी कि एक मेडिकल कालेज बने। वह सपना भी सकार हुआ। मेडिकल कालेज के निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का काम शुरू हो चुका है। जयप्रकाश नारायण राष्ट्रीय स्मारक लाला टोला में राष्ट्रीय ध्वज का निर्माण होगा। घर-घर की महिलाएं प्रशिक्षित होंगी एवं राष्ट्रीय ध्वज का निर्माण करेंगी। इससे उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।

### पंचम चंद्रशेखर हॉफ मैराथन आज

**बलिया।** राष्ट्रनायक चंद्रशेखर मैराथन समिति बलिया के तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर की 96वीं जयंती पर 19 अप्रैल को पंचम चंद्रशेखर हॉफ मैराथन का आयोजन किया गया है। शारदा आटोमोबाइल्स पटपर, पचखोरा में प्रातः छह बजे उद्घाटन समारोह होगा। इसका समापन वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम बलिया में होगा। पुरस्कार वितरण एवं गोष्ठी का आयोजन प्रातः 9.30 बजे से गंगा बहुद्देशीय सभागार में किया जायेगा।

### मासिक बैठक स्थगित

**बलिया।** गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर आर्गेनाइजेशन शाखा बलिया के अध्यक्ष रामजी सिंह तथा महामंत्री पीएन श्रीवास्तव के अचानक अस्वस्थ हो जाने के कारण 20 अप्रैल को नियमित होने वाली मासिक बैठक स्थगित कर दी गयी है। आगामी माह मई की मासिक बैठक नियत समय 20 मई को होगी। इस आशय की सूचना आर्गेनाइजेशन के कनिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. फतेहचंद गुप्त बेचैन ने दी है।

# पति समेत तीन दोषियों को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** महिला अपराध से संबंधित महत्वपूर्ण चिन्हित मुकदमों के त्वरित निस्तारण को चलाये गये अभियान के क्रम में मानिटरिंग सेल, संयुक्त निदेशक अभियोजन शिवबचन राम की प्रभावी पर्यवेक्षण व लोक अभियोजक सुधीर मिश्रा तथा पैरोकारों की प्रभावी पैरवी के चलते थाना बांसडीह पर 2017 में पंजीत धारा 498ए, 304बी भादवि व धारा 3/4 डीपी एक्ट बनाम इमरान शाह, कुर्बान अली व शहनाज निवासीगण सेमरी रामपुर, बांसडीह, बलिया को दोषी मानते हुए अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय हरिश्चंद्र की अदालत ने 10 वर्ष का कठोर कारावास तथा 20 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है।

वादी मुकदमा के मुताबिक रोजी खातून की शादी वर्ष 2015 में इमरान शाह पुत्र कुर्बान अली निवासी सेमरी रामपुर, थाना बांसडीह के साथ हुई थी। कन्या पक्ष अपनी हैसियत के मुताबिक दान दहेज दिया था। ससुराल में रोजी को उसके पति और सास-ससुर दहेज के लिए मारते-पीटते थे।

मोटरसाइकिल की मांग करते थे। आरोपितों ने पांच अप्रैल 2017 को उसकी हत्या कर दी। विवेचक ने न्यायालय में इमरान शाह, शाहनाज, कुर्बान के विरुद्ध आरोप दिया। न्यायालय ने आरोप पत्र का संज्ञान लेते हुए मुकदमें का विचारन प्रारंभ किया। अभियोजन की तरफ से प्रस्तुत सभी साक्ष्यों को देखने और अभियोजन की तरफ से सुधीर कुमार मिश्रा सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद अदालत ने आरोपियों को दोषी पाया। दोषी मिलने पर कुर्बान अली पुत्र मोहर्रम निवासी सेमरी रामपुर, इमरान शाह पुत्र कुर्बान अली, शाहनाज पत्नी कुर्बान अली निवासी सेमरी रामपुर के खिलाफ सजा सुनाई।

## रसोइयां संग दुर्व्यवहार पर कार्रवाई की मांग

**बलिया।** उप्र रसोइयां कर्मचारी संघ की जिलाध्यक्ष रेनू शर्मा के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान प्राथमिक विद्यालय मझरिया, शिक्षा क्षेत्र हनुमानगंज की रसोइयां इंदु देवी से वही की शिक्षमित्र द्वारा मारपीट, गाली-गलौज एवं दुर्व्ययवहार के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रेनू शर्मा ने कहा कि एक प्रांगण में रहकर एक साथ काम करने वाले ऐसा काम करेंगे, जो घोर निंदनीय है। उन्होंने बीएसए और खंड शिक्षा अधिकारी से उचित कार्रवाई की मांग की। कहा कि अगर दोषी पर कार्रवाई नहीं हुई तो धरना प्रदर्शन के लिये बाध्य होंगे। वही, संचालन करते हुए जिला मंत्री विमला भारती ने भी उचित कारवाई की मांग की। इस अवसर पर संजू ठाकुर, अजय यादव, राजेश, चंद्रमा प्रसाद, संजय तिवारी, रंजय यादव, सुंदरी देवी, मंजू देवी, गीता, रमावती आदि मौजूद रहे।

# पांच दर्जन से अधिक बच्चों को मिला पुरस्कार

**सम्मान**

### मदर टेरेसा कान्वेंट स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

जनसंदेश न्यूज

**मझौवां।** मदर टेरेसा कान्वेंट स्कूल पचरुखिया के प्रांगण में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके साथ ही मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। समारोह का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य सैकत घोष ने मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया।

समारोह में वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले करीब पांच दर्जन से अधिक बच्चों को पदक और प्रमाण पत्र वितरित कर पुरस्कृत किया गया। इसमें छात्र आदित्य राज, लक्ष्मी पांडे, शिवम पाठक, खुशी मिश्रा, कृति गुप्ता, प्रत्यूष कुमार सिंह, रमन यादव, ऋतिक पासवान, तान्या सिंह, आदित्य कुमार, दुर्गेश प्रताप सिंह, आकाश कुमार राजभर, मिथिलेश कुमार, परिधि पांडे, सिमरन चौधरी, लक्ष्य पांडे, समर पंडित, शशि मिश्रा, आकाश चौरसिया, सक्षम ओझा, आर्य तिवारी, रमन यादव, परी सिंह, सृष्टि पांडे, आयुष पासवान, कुमारी घूमी, कुमारी प्रीति, आयुष सिंह, अहान पांडे, आराध्या केसरी आदि को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर प्रबन्धक प्रेम किशोर, रमेश सिंह, सत्यप्रकाश प्रजापति, दिनेश प्रजापति, प्रदीप सिंह, अकाश सिंह, अरविंद वर्मा, दिनेश कुमार, सूरज यादव, राजेश राणा, अविनाश शर्मा, अकाश, शशिकांत, टीपी सिंह, एसी पांडे, एसके तिवारी, उदय यादव, तनु दुबे, श्रृष्टि ओझा, रुचि पांडे, एकता मिश्रा, पूनम सिंह, आशा पांडे, सरिता सिंह, विक्रम कुमार, आनन्द ओझा, अमृत प्रकाश, प्रियंका पांडे, अजीत सिंह, गिरिश मिश्रा आदि मौजूद रहे। सभी का आभार अभिजीत किशोर ने व्यक्त किया।


मदर टेरेसा कान्वेंट स्कूल में पुरस्कृत बच्चों के साथ विद्यालय परिवार

# अब निर्दल चुनाव लड़ेंगे निषिध श्रीवास्तव

**तैयारी**

### सपा से टिकट नहीं मिलने पर बैठक करके लिया निर्णय

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** समाजवादी पार्टी से नगर पालिका परिषद बलिया के अध्यक्ष पद हेतु प्रत्याशी की घोषणा होते ही लगभग दो दशक से पार्टी की सेवा करते आ रहे निषिध श्रीवास्तव निशु बागी हो गये। आखिरकार दो दशक के बाद उनके सब्र का बांध टूट ही गया। सपा से टिकट नहीं मिलने पर नाराज निशु श्रीवास्तव ने बगावती तेवर अपना लिया। निषिध श्रीवास्तव ने निर्दल उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतरने का फैसला किया है। चर्चा है कि इससे सपा की मुश्किलें बढ़ सकती है।

सपा के शीर्ष नेतृत्व ने पूर्व चेयरमैन लक्ष्मण गुप्ता को अपनी प्रत्याशी घोषित करते हुए टिकट दिया है। हालांकि नगर पलिका परिषद बलिया के अध्यक्ष पद के लिये नीशू ने भी टिकट के लिए आवेदन किया था। निषिध श्रीवास्तव ने अपने समर्थकों के साथ एक बैठक की, जिसमें निर्दलीय रूप से चुनाव लड़ने का निर्णय किया गया। श्री निशु ने कहा कि जिलाध्यक्ष द्वारा मुझको धोखे में रखकर मेरे साथ विश्वासघात किया गया है। कहा कि मैने अपनी जवानी के 20 वर्ष समाजवादी पार्टी को दिया। आरोप लगाया कि बलिया में सपा पांच लोगों के हाथों में कैद हो गयीं है। विधानसभा चुनाव लड़ने वाले ही नगर पालिका का टिकट मांग रहे हैं और पार्टी उन्हीं को दे रही है। राष्ट्रीय अखिलेश यादव को आइना दिखाते हुए कहा कि पांच आदमी से पार्टी नहीं चलती। नीशू श्रीवास्तव ने समर्थकों के समर्थन से निर्दल उम्मीदवार के तौर पर नगर निकाय चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है।



### बलिया विकास मंच की बैठक संपन्न

**बलिया।** बलिया विकास मंच की बैठक गांधीनगर स्थित कार्यालय पर सोमवार की देर शाम हुई। इसमें नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के राजनीतिक परिदृश्य पर गहन मंत्रणा की गई। साथ ही नगर की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा किया गया। वक्ताओं ने कहा कि बलिया विकास मंच का गठन ही बलिया में व्याप्त समस्याओं पर चर्चा करने और इससे शासन-प्रशासन को अवगत कराते हुए समाधान कराने के लिए किया गया है। इस अवसर पर आनंद सिंह, राजकुमार शर्मा, अरविन्द गिरी, दिनेश वर्मा, विशाल वर्मा, मनोज पांडेय, देवेन्द्र साहू, रविप्रकाश गुप्त, दिनश प्रसाद, शिवाजी, आशुतोष श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## कटानरोधी कार्य कराने को मिली स्वीकृति

**बैरिया।** क्षेत्र के दुबेछपरा स्थित कन्हई ब्रह्म बाबा स्थान एवं आस-पास के इलाकों को कटान से सुरक्षित करने के लिए साढ़े तीन करोड़ की लागत से कटानरोधी कार्य कराने की स्वीकृति बाढ़ विभाग को शासन से मिली है। यह जानकारी देते हुए अधिशासी अभियंता बाढ़ खण्ड बलिया संजय मिश्र ने बताया कि 168 मीटर लम्बाई में चार लेयर की पार्कोपाइन विधि से कटानरोधी कार्य कराया जाएगा, ताकि कन्हई बाबा ब्रह्म स्थान एवं आस-पास के इलाकों को कटान से बचाया जा सके। गौरतलब है कि जिला पंचायत सदस्य गीता सिंह ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर इस मामले को रखने के बाद जिलाधिकारी एवं मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश से गुहार लगाई थी कि अगर इस साल कटानरोधी कार्य नहीं कराए गए तो कन्हई ब्रह्म स्थान सहित अन्य इलाके गंगा में विलीन हो जाएगा। मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश ने गम्भीरता दिखाते हुए इस परियोजना को स्वीकृत करने का निर्देश मातहतों को दिया था, जिसके क्रम में यह कार्य स्वीकृत हुआ है।

# गेहूं भंडारण करते समय बरतें सावधानी

जनसंदेश न्यूज

**सलाह**

### घुन लगने की बनी रहती है सबसे अधिक संभावना

**बलिया।** फसल कटने के बाद गेहूं का भंडारण जरूरी होता है, लेकिन इसमें सर्वाधिक खतरा घुन से होता है। यह गेहूं को खोखला कर देता है। इसके प्रति किसानों को सावधानी बरतने एवं उपाय पर ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि भंडारण में गेहूं सुरक्षित रह सके।

गेहूं में सबसे ज्यादा खतरा घुन लगने से होता है। यह फसल को बहुत नुकसान पहुंचाता है। अगर फसल में घुन लग जाए तो अनाज से पाउडर निकलना शुरू हो जाता है, जो कि गेहूं को खोखला बना देता है। किसानों के लिए फसल की कटाई के बाद उनका सुरक्षित भंडारण करना बहुत जरूरी है। अगर फसलों का उचित ढंग से भंडारण न किया जाए तो किसानों को बहुत नुकसान उठाना पड़ सकता है। इस वक्त किसान गेहूं, सरसों, चना, अलसी समेत कई फसलों की कटाई कर चुके हैं। इसके बाद किसानों को फसलों के भंडारण पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है।

विशेषकर गेहूं पर। कृषि वैज्ञानिकों की मानें तो किसानों को गेहूं भंडारण करते समय सबसे ज्यादा सावधानी बरतनी चाहिए। क्योंकि फसल के खराब होने का खतरा जितना खुले खेत में होता है, उतना ही फसल का भंडारण करते समय भी होता है। अगर किसानों ने गेहूं भंडारण में थोड़ी भी लापरवाही की तो उनकी पूरी मेहनत बर्बाद हो सकती है। गेहूं का भंडारण करते समय कई तरह के कीट, फंगस और सीलन लगने का खतरा होता है। इसलिए किसानों को इस पर खास ध्यान देना चाहिए।

# आग से 50 परिवारों का आशियाना राख

**आपदा**

### आग में जिंदा झुलस कर मर गईं 10 बकरियां



**बैरिया।** सुरेमनपुर दियरांचल के ग्राम पंचायत गोपालनगर की दलित बस्ती नवमी राम के टोला में मंगलवार की दोपहर लगभग एक बजे अचानक अज्ञात कारणों से लगी आग में 50 लोगों के कच्चे-पक्के मकान, खाद्यान्न, कपड़ा, भूसा, साइकिल एवं अन्य घरेलू सामान सहित सब कुछ जलकर राख हो गया। इस अगलगी की घटना में 10 बकरियां जिंदा झुलस कर मर गई। उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र द्वारा दिये गए सूचना के बावजूद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर घंटों देर से पहुंची। इसके कारण पूरी दलित बस्ती राखों की ढेर में तब्दील हो गई है। इस अग्निकांड में लाखों के नुकसान के साथ ही सैकड़ों लोग बेघर होकर खुले आसमान के नीचे आ गए हैं।

जानकारी के अनुसार गोपालपुर की दलित बस्ती में अचानक रामनवमी राम के घर से आग की लपटें उठने लगी। देखते ही देखते बेकाबू आग की लपटों ने मेघा राम, सुरेंद्र राम, दुखी राम, दूधनाथ राम, चंद्रमा राम, संतोष राम, मनबोध राम, रामजी राम, गणेश राम, हरेंद्र राम, स्वामीनाथ राम, तूफानी यादव, कमलेश सहित 50 लोगों के आशियाने को अपनी आगोश में ले लिया। उक्त सभी का घर राख में तब्दील हो चुका है।

फायर ब्रिगेड की गाड़ी के देर से पहुंचने पर उन्हें ग्रामीणों के प्रतिरोध का सामना करना पड़ा। मौके पर क्षेत्रीय लेखपाल राजू यादव के अलावा एसएचओ रेवती हरेंद्र सिंह, गोपाल नगर चौकी प्रभारी पहुंच गए। पुलिस वालों ने भी आग बुझाने में ग्रामीणों का सहयोग किया। इस अग्निकांड में दो रसोई गैस सिलेंडर भी फटे हैं। वही, भारी मात्रा में खाद्यान्न व अन्य आवश्यक वस्तुएं जलकर नष्ट हुई है। लेखपाल राजू यादव ने बताया कि नुकसान का जायजा लेकर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को सौंप दिया जाएगा, ताकि अग्नि पीड़ितों को सरकारी सहायता प्राप्त हो सके। ग्रामीणों की माने तो इस क्षेत्र में इस गर्मी के मौसम में आगलगी की यह सबसे बड़ी घटना है।

### आग से झोपड़ी में रखा गेहूं जलकर राख



**नगरा।** पराली जलाने के चक्कर में लगी आग की जद में आने से झोपड़ी सहित उसमे रखा गेहूं जलकर राख हो गया। फायर ब्रिगेड ने आग पर किसी तरह काबू पाया। नगरा थाना क्षेत्र के पड़री गांव के उसरहा की तरफ मंगलवार को दोपहर के समय गेहूं की कटाई के बाद खेत में पड़े डण्ठल में आग लगा दी गई थी, जिससे आग पकड़ लिया। तेज धूप और गर्म हवा के झोंका से पराली जलते-जलते बस्ती के पास पहुंच गया। यहां राजेन्द्र यादव की झोपड़ी सहित उसमें रखा गेहूं जल गया। वहीं, खलिहान में रखा स्वामीनाथ का भूसा एवं शिवपाल यादव की गोहरी में भी आग की चपेट में आन से जलकर राख हो गई।



### आग से 10 कट्ठा गन्ना की फसल नष्ट

**सिकंदरपुर।** स्थानीय तहसील क्षेत्र अंतर्गत कटघरा गांव में मंगलवार को बिजली की स्पार्किंग से लगी आग से एक किसान की 10 कट्ठा क्षेत्रफल में खड़ी गन्ने की फसल जल कर नष्ट हो गई। ग्रामीणों ने यदि तत्परता से आग पर काबू नहीं पाया होता तो तबाही काफी अधिक हुई होती। खबर पाकर मौके पर पहुंचे हल्का लेखपाल अश्मित शर्मा ने आग से क्षति का आकलन कर रिपोर्ट तहसील को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार कटघरा निवासी प्रगतिशील किसान डा. बालकृष्ण यादव का गांव के पूरब उत्तर में स्थित अपने एक खेत में गन्ने की फल बोए थे। उनके खेत के ऊपर से हाईटेंशन तार गुजरता हैं। मंगलवार को तारों के आपस में टकराने से निकली चिंगारी अचानक उनके खेत में गिर गई, जिससे उसने आग पकड़ लिया। खेत से धुंआ और आग की लपटें उठता देख कर जब तक ग्रामीण उसे बुझाने मौके पर पहुंचे, तब तक तेज पछुआ हवा बहने के कारण आग तेजी से खेत में फैलने लगी और गन्ना धूं-धूंकर जलने लगा। इस दौरान मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने अथक प्रयास कर आग पर काबू पाया, तब तक 10 कट्ठा क्षेत्रफल की गन्ना जल कर नष्ट हो गई।

## संक्षेप

### एक ही गांव में मिले दो कोरोना पाजीटिव



**बेरुआरबारी।** स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत ग्राम सभा साहोडीह में जंगली राजभर पुत्र स्व. शिवदत राजभर (50) के कोरोना पाजिटिव पाए जाने से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि कोरोना धीरे-धीरे अपना पांव पसारने लगा है। जानकारी के अनुसार साहोडीह निवासी जंगली राजभर ने सोमवार को जिला चिकित्सालय में सोमवार को अपना आरटीपीसीआर जांच कराया था। उनका रिपोर्ट पाजिटिव आया है। इसके बाद उन्हीं के घर के बगल में रहने वाले रामदत्त राजभर (65) ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बांसडीह पर अपना जांच कराया। उनकी रिपोर्ट भी पाजिटिव आया है। एक ही गांव में दो लोगों के कोरोना पाजिटिव होने से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। कोविड-19 ने लोगों को दो साल पहले की याद ताजा कर दी है। वैसे, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेरुआरबारी के बृजेश पांडेय ने बताया कि हम लोगों ने 23 लोगों की आरटीपीसीआर के लिए सैंपल इकट्ठा किए हैं। उन्होंने कोविड-19 के प्रति लोगों को सावधान रहने की अपील की है।

### स्कूल संचालन के समय में बदलाव की मांग

**बलिया।** सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार से आग्रह किया है कि परिषदीय विद्यालयों (कक्षा एक से कक्षा आठ तक) के संचालन के समय में मौसम की बेरुखी को देखते हुए बदलाव करें। क्योंकि इस भीषण गर्मी एवं लू में बच्चों को स्कूल जाने-आने में भारी परेशानी हो रही है। कई अभिभावकों ने उनसे शिकायत किया है कि धूप लगने से उनके बच्चे बीमार हो गए हैं। इसलिए समय परिवर्तित कराएं। उल्लेखनीय है कि अभी परिषदीय विद्यालय सुबह आठ बजे से अपराह्न दो बजे तक संचालित हो रहे है। उसे परिवर्तित करके प्रातः साढ़े सात बजे से अपराह्न साढ़े बारह बजे तक करें।

### दूसरे दिन भी किसी ने नहीं किया नामांकन

**बलिया।** स्थानीय नगर पंचायत चुनाव के नामांकन पत्र विक्रय व नामांकन के क्रम में मंगलवार को अध्यक्ष पद के लिए कुल दो महिलाओं ने नामांकन पत्र खरीदा। इसमें श्रीमती पूनम सिंह पत्नी हरेराम सिंह एवं संगीता पत्नी शिवमंगल वर्मा शामिल है। यह जानकारी निर्वाचन अधिकारी/एसडीएम आत्रेय मिश्र ने दी है। वहीं, सभासद पद के लिए कुल 27 नामांकन पत्र सहायक निर्वाचन अधिकारी शैलेश कुमार मुरारी के कक्ष से उमीदवारों ने खरीदा। इसमें 24 नामांकन पत्र आरक्षित वर्ग का था, जबकि तीन सामान्य वर्ग का था। निर्वाचन अधिकारी के अनुसार दूसरे दिन भी किसी उम्मीदवार ने नामांकन पत्र नहीं दाखिल किया।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** नगरा पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया। पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर द्वारा अपराध के समूल उन्मूलन एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने व महिला सम्बन्धित अपराध में अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा था। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अभियुक्त राहुल सिंह पुत्र स्व. राकेश सिंह साकिन शाहपुर टिट्ही, थाना भीमपुरा, जनपद बलिया वर्तमान पता चन्द्रभानपुर काशीराम आवास, थाना कोतवाली, जनपद बलिया को इंग्लिशिया पुलिया बहद्दुम ताड़ीबड़ागांव के पास से गिरफ्तार कर लिया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत

**बलिया।** नगर पंचायत मनियर के पूरब टोला वार्ड नंबर 13 निवासी शैलेश कुमार सिंह (50) पुत्र स्व. जनार्दन सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में रविवार की देर शाम मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को दिए गए तहरीर में मृतक के भाई राजकुमार सिंह ने दर्शाया है कि मेरा भाई दियरा टुकड़ा नंबर दो मनियर से गेहूं की मड़ाई कराकर वापस आ रहा था। वह परशुराम स्थान के पास बहेरा नाले स्थित पुलिया पर बैठकर आराम कर रहा था कि अचानक पुल से नीचे गिर गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर जब परिजन पहुंचे, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**बलिया।** विगत नौ अप्रैल को पिटाई के कारण घायल हुए युवक सत्येंद्र प्रसाद (22) पुत्र स्व. नागेश्वर गोंड़ निवासी रिगवन, थाना मनियर की वाराणसी में इलाज के दौरान सोमवार को मौत हो गई। युवक की मौत के बाद जैसे ही उसका शव पैतृक निवास स्थान रिगवन पहुंचा, गांव में कोहराम मच गया। ग्रामीण उसके शव को लेकर मनियर थाने पर सोमवार को लगभग 9:30 बजे रात में पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घटना के संदर्भ में मृतक की मां बिंदु देवी पत्नी स्व. नागेश्वर गोंड ने पुलिस को दिए तहरीर में दर्शाया है कि सद्दाम अंसारी पुत्र जुबैरेल अंसारी निवासी नवका गांव, थाना मनियर मेरे लड़के को लेकर नौ अप्रैल को सात बजे रात में मनियर थाना क्षेत्र के निपानिया गांव गया था। प्रार्थना पत्र में एक नामजद व्यक्ति का नाम दर्शाया गया है, जो अपने तीन-चार अज्ञात साथियों के साथ मेरे लड़के को लाठी-डंडा एवं लोहे की राड से बुरी तरह से मारे-पीटे, जिससे मेरा लड़का सत्येंद्र प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गया। बनारस ले जाकर एक निजी अस्पताल में इलाज करा रहे थे कि 17 अप्रैल को मेरे लड़के का निधन हो गया। पीड़िता ने दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। बताते चलें कि युवक की शादी करीब दो महीने पूर्व हुई थी। पत्नी चंदा एवं मां बिंदु देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संदर्भ में एसएचओ मनियर प्रवीण सिंह ने कहा कि तहरीर मिल गया है। मुकदमा लिखा जा रहा है।

### इफ्तार में तरबूज खाना पसंद कर रहे रोजेदार



**बलिया।** रमजान की बात हो और फलों का जिक्र न हो, यह हो ही नहीं सकता। इन दिनों तेज धूप और गर्मी के बीच 14 घंटे से अधिक भूख-प्यास बर्दाश्त करना आसान बात नहीं है। ऐसे में इफ्तार के दौरान रोजेदार फलों में तरबूज को खाना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इफ्तार में रोजेदार तरबूज का सेवन सबसे ज्यादा कर रहे हैं। गर्मी में शरीर को सर्वाधिक पानी की जरूरत होती है। रोजेदार 14 घंटे के लंबे समय के अंतराल तक भूखा-प्यासा रहता है। इफ्तार में तरबूज को पसंद किया जाता है। क्योंकि तरबूज में 99 प्रतिशत पानी होता है, जो रोजेदार की सेहत के लिए सबसे ज्यादा मुफीद है। रमजान में तरबूज की मांग ज्यादा है। मांग को देखते हुए बाजार में जगह-जगह तरबूज की स्थायी व अस्थायी दुकानें सजाई गई हैं। 20 से 25 रुपये किलो बिक रहे तरबूज की रोजेदारों द्वारा खरीदारी की जा रही है। रमजान के कारण फलों की कीमत में भारी उछाल देखा जा रहा है। केला, सेब, संतरा व अंगूर जैसे फलों की कीमत में 15 से 20 फीसद की वृद्धि दर्ज की गई है। इस वर्ष तरबूज के दाम में भी कुछ बढ़त दर्ज की गई है। चिकित्सकों का कहना है कि इस मौसम में शरीर में पानी की कमी होना आम बात है। अक्सर लोग पानी की कमी के कारण बीमारी के शिकार हो जाते हैं। वहीं, तरबूज का सेवन करने वालों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

### विद्युत खंभों पर फैला तारों का मकड़जाल

**बलिया।** विद्युत पोलों पर तारों का जंजाल फैला हुआ है। इससे हादसा होने की संभावना बढ़ जाती है। विभाग भी इस ओर उदासीनता बरत रहा है। इससे लोगों में आक्रोश हैं। शहर से लेकर गांवों तक बिजली खंभों पर तारों का जाल होता है। अव्यवस्थित तरीके से लगे तार आए दिन हादसे का कारण भी बनते हैं। इसे लेकर विभाग की ओर से उदासीनता बरती जाती है। अब कई गांवों में एबीसी केबल लगने से इसमें कमी आ रही है, लेकिन इसकी गति काफी धीमी है। ओवरहेड तारों के स्थान पर एबीसी केबल लगाने का कार्य चल रहा है। जिले में दशकों पहले पोल पर ओवरहेड तार के जरिए आपूर्ति की शुरुआत की गई। शहर हो या गांव हर जगह इसी तरह की व्यवस्था रही। जैसे-जैसे समय बीतता गया, विद्युतीकरण का दायरा बढ़ता गया। कनेक्शन के समय कर्मचारी भी जैसे-तैसे पोल पर तारों को जोड़ने का काम करते रहे। इसके चलते पोल पर तारों का जाल बन गया। इसके अलावा, शहर हो या ग्रामीण इलाका ओवरहेड तारों में जहां-तहां कटिया फंसाकर बिजली का प्रयोग करने के कारण पोल से हटकर भी तारों का जाल देखने को मिलता है, जो और ही खतरनाक होता है। कटिया के कारण स्पार्किंग से तारों के टूटने की संभावना भी रहती है, लेकिन इन तारों को व्यवस्थित करने को लेकर विभाग की ओर से कभी भी कवायद नहीं की जाती। इसके चलते लोगों को परेशानी का सामना भी करना पड़ता है। पोल से लटके तार कई बार तो खासकर गर्मी के दिनों में गर्म होकर आपस में चिपक जाते हैं और शार्ट सर्किट होने के बाद आपूर्ति भी बाधित होती है। इतना ही नहीं, इसके चलते ट्रांसफार्मर जलने की घटनाएं भी होती हैं।

# आसमान से बरस रही आग जनजीवन हुआ प्रभावित

**पसरा सन्नाटा**

## तेज धूप से झुलस रहा बदन, पेय पदार्थों की बढ़ी मांग



कड़ाके की धूप में मुह ढ़ककर गंतव्य को जाते लोग

**बलिया।** अप्रैल माह में पड़ रही भीषण गर्मी और शरीर को झुलसा देने वाली धूप से लोग परेशान है। सड़कों पर दोपहर में सन्नाटा पसर जा रहा है। सड़कों पर इक्का-दुक्का लोग ही नजर आ रहे है। वहीं, शाम होते ही बाजार में लोगों की भीड़ उमड़ जा रही है। तेज धूप से ऐसा लग रहा है कि जैसे आसमान से आग बरस रहा है। इस भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित हो गया है।

मंगलवार को जिले में लगातार बढ़ रही गर्मी से अधिकतम तापमान 43 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहा। गर्मी से बचने के लिए लोग आवश्यक कार्य से ही घर से बाहर निकल रहे हैं। अप्रैल में ही मई-जून की गर्मी का अहसास होने लगा है। अभी कुछ दिनों तक इस तरह का मौसम रहेगा। भीषण गर्मी के कारण शहर की सड़कों पर दिन में सन्नाटा पसर जा रहा। आवश्यक कार्य होने पर ही लोग कपड़ों से चेहरा बांध कर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। जिला अस्पताल सहित सीएचसी, पीएचसी पर गर्मी व लू की चपेट में आने से मरीजों की संख्या में 30 से 40 प्रतिशत इजाफा हुआ है। ओपीडी से लेकर इमरजेंसी में पेट दर्द, उल्टी, दस्त वाले मरीज ज्यादा आ रहे हैं और सभी बेड फूल हैं। चिकित्सक लोगों को तेज धूप में बचाव, शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए पानी का ज्यादा सेवन करने, तरबूज, ककडी, छाछ, खीरा खाने की सलाह दे रहे। लू की चपेट में सबसे ज्यादा बच्चे व बुजुर्ग आ रहे हैं। लिहाजा उन्हें बचाव के लिए जागरूक कर रहे हैं।

### ठंडे पेय पदार्थों की बढ़ी डिमांड

**बलिया।** गर्मी बढ़ने से बाजार में ठंडे पदार्थों की मांग बढ़ गई है। बाजारों में जगह-जगह सत्तू, श्रीफल, आम का पन्ना की खूब बिक्री हो रही है। लोग गर्मी और धूप से बेहाल होकर सीधे ठेले पर पहुंच जा रहे है और ठंडे पेय पदार्थों का आनंद ले रहे है। गर्मी से इंसान के साथ ही पशु-पक्षी भी बेहाल है। ऐसे में लोग भी बेजुबान जानवरों का खूब ख्याल रख रहे है।

### पंखा व कूलर की बढ़ी बिक्री

**बलिया।** अप्रैल माह में आसमान से बरस रही आग से आम जनमानस परेशान है। एक तरफ जहां आसमान से आग बरस रही है, वहीं दूसरी तरफ जमीन तेज धूप के कारण धधक रही है। अब लोग पंखा एवं कूलर खरीदने को मजबूर हो गए। वहीं, बड़े लोगों ने एसी तक की खरीदारी की। मध्यम व गरीब परिवार के लोगों ने पुराने पंखे व कूलर की मरम्मत कराई, ताकि गर्मी से निजात मिल सके। अप्रैल में गर्मी और लू ने रुलाना शुरू कर दिया है। एक तरफ जहां गर्मी और लू के चलते बिजली विभाग पर लोड बढ़ेगा, वहीं दुकानदारों की बिक्री के कारण चेहरे खिलखिला गए हैं। लोगों का कहना है कि अभी अप्रैल में गर्मी का यह हाल है तो मई और जून में क्या होगा? लोगों ने घरों में लगे पंखे व कूलर की सर्विसिंग करा लिया है।

# मोदी के नेतृत्व में भारत जल संचय और जल संरक्षण का कार्य कर रहाः सीपी राधाकृष्णन

**जन्मदिवस**

## योगी सरकार जल प्रबंधन एवं जल संरक्षण पर बेहतरीन कार्य कर रहीः दया शंकर सिंह



**बलिया।** नरेंद्र मोदी अध्ययन केंद्र एवं युवा भारती ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर का 96वें जन्मदिवस पर राष्ट्रीय संगोष्ठी दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में जल ही जीवन है विषय पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत जल संचय और जल सरंक्षण का कार्य कर रहा है।

भारत नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्राकृतिक सरंक्षण में विश्व को रास्ता दिखायेगा। विशिष्ठ अतिथि उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जल संचय और जल संरक्षण के कार्य बहुत तेजी से चल रहे हैं और इस योजना के अंतर्गत योगी सरकार हर गांव, हर घर में नल पहुंचा रही है। लेखक, पर्यावरणविद डॉ0 संजय शेरपुरिया ने नरेंद्र मोदी अध्ययन केंद्र और वाईबीटी की प्रसंशा करते हुए कहा कि ऐसे समय में इस महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा करना और सोचना ही बड़ी बात है।

उन्होंने कहा कि सरकार के साथ-साथ हर नागरिक को जल संरक्षण के बारे में गंभीरता से सोचना होगा। अध्यक्षीय भाषण में पत्रकार, पद्मश्री राम बहादुर राय ने नरेंद्र मोदी अध्ययन केंद्र का शोध कार्यों का लाभ राष्ट्र को मिलेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राकृतिक संरक्षण के सोच पर शोधकार्य होगा। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की जीवन के कुछ महत्वपूर्ण घटना को बताया।

इस अवसर पर वाइबीटी के अध्यक्ष पीएस प्रसाद, आईआईटी बॉम्बे के प्रोफेसर राघव वर्मा, एसपीडब्ल्यूडी के सभापति कर्नल गौतम दास ने अपना वक्तव्य रखा। संचालन डॉ0 स्वास्ति राव ने किया वाइबीटी के सचिव प्रा0 एच एन शर्मा ने स्वागत भाषण देते हुए पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर को युग पुरुष बताया। राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश की शुभकामना संदेश को पढ़कर सुनाया गया। जल संरक्षण पर कार्य कर रहे पार्टी के मुखिया, पत्रकार एवं लोगों को राज्यपाल झारखंड द्वारा मोमेंटो और तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर लेखक, पर्यावरणविद डॉक्टर संजय शेरपुरिया द्वारा लिखित जल प्रबंधन नामक पुस्तक एवं प्रो एच एन शर्मा जी द्वारा संकलन नरेंद्र मोदी जी का रेडियो में उद्बोधन कार्यक्रम ॄमन की बातॄ की दो भाग पुस्तक का विमोचन राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह, पद्मश्री राम बहादुर राय ने संयुक्त रूप से किया।

# निकाय चुनाव में डिजिटल माध्यम की होगी अहम भूमिका

**बलिया।** इस बार नगर निकाय चुनाव में डिजिटल माध्यम की अहम भूमिका होगी। राजनीतिक दलों के साथ चुनाव आयोग, प्रशासन की निर्भरता भी इस पर बढ़ गई है। पुलिस महकमा भी डिजिटल तैयारी कर चुका है। इस बार पुलिस सी प्लान एप को हथियार के तौर पर इस्तेमाल करेगी। इसमें जनपद की सभी ग्राम सभाओं के संभ्रांत लोगों को जोड़ा गया है।





चुनाव के दौरान पूरे जिले की निगरानी में सहूलियत होगी। सूचनाओं के आदान-प्रदान और उनकी तस्दीक से अफवाहों को फैलने से आसानी से रोका जा सकेगा। कम्युनिकेशन प्लान एप में एस-10 समूह के लोगों के फोन नंबर फीड किए गए हैं। इसे डीजीपी और यूपी 112 के कंट्रोल रूम से भी जोड़ा गया है। पुलिस महकमे ने एप से जुड़े लोगों का सत्यापन कराया है। मोबाइल नंबर, वह व्यक्ति यहीं जनपद में है या कहीं बाहर चला गया आदि बातों की तस्दीक की गई है। एप से जुड़े ग्राम सभाओं के लोग सूचनाएं दे सकते हैं। पुलिस भी संदेश प्रसारित कर सकती है। कहीं कोई घटना की सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल उस क्षेत्र के व्यक्ति से फोन काल, मैसेज या वाटसएप के जरिए संपर्क करेगी।

### आसान होगा सूचनाओं का आदान-प्रदान

बलिया। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि कम्यूनिकेशन प्लान एप से जुड़े संभ्रांत लोगों से संवाद स्थापित किया जाता है। इससे सूचनाओं के आदान-प्रदान में आसानी होगी। चुनाव या अन्य सार्वजनिक आयोजनों में यह काफी सहायक साबित होगा।

## नामांकन करने पहुंचते रहे सभासद प्रत्याशी

**बांसडीह।** नगर निकाय चुनाव में नामांकन के दूसरे दिन मंगलवार को भी नगर पंचायतों में अध्यक्ष एवं सभासद पद के लिये संभावित उम्मीदवारों ने नामांकन पत्रों की खरीदारी की। चार नगर पंचायतों में बांसडीह, मनियर, सहतवार व रेवती में जहां अध्यक्ष पद के लिये कुल 21 नामांकन पत्रों की खरीदारी हुई, वहीं सभासद पद के लिए 96 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। इस दौरान नामांकन पत्र खरीदने आये संभावित उम्मीदवारों में चुनाव लड़ने का जोश साफ दिखाई दे रहा था। नामांकन पत्रों की बिक्री में क्रमवार बांसडीह में अध्यक्ष पद के 15 नामांकन पत्र खरीदे गये। वहीं, सभासद के 25 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। सभासद पद के आठ प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किया गया। सहतवार में अध्यक्ष पद के सात फार्म खरीदे गए, जबकि सभासद के 10 फार्म की बिक्री हुई। इसी क्रम में रेवती में अध्यक्ष पद के चार फार्म की खरीदारी हुई। वहीं, सभासद के 37 फार्म खरीदे गये। मनियर में अध्यक्ष पद के तीन और सभासद पद के लिये 24 फार्मों की बिक्री हुई। तेज धूप के बावजूद सभासद प्रत्याशी समर्थकों के साथ नामांकन के लिये पंहुचते रहे।

### पांच महिलाओं ने खरीदा नामांकन पत्र

**बेल्थरारोड।** स्थानीय नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए मंगलवार को निर्वाचन अधिकारी सीमा पांडेय के नामांकन कक्ष से कुल महिला अभ्यर्थियों ने पांच नामांकन पत्र खरीदे। एक दिन पूर्व नौ अभ्यर्थियों ने 20 नामांकन पत्र क्रय किए थे। दो दिनों में एक भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ। इसके अलावे नगर पंचायत के कुल 13 वार्डो में सभासद पद हेतु मंगलवार को 13 लोगो ने 15 नामांकन पत्र खरीदे। इसके एक दिन पूर्व कुल 38 लोगों ने निर्वाचन अधिकारी राम मिलन पटेल के कक्ष से 41 नामांकन पत्र क्रय किए थे। मंगलवार को वार्ड नंबर तीन से अनूप कुमार पुत्र नन्द किशोर, वार्ड नम्बर नौ से मनोज पुत्र रामकेवल, वार्ड नंबर 11 से परवेज हमजा पुत्र कबीर तथा वार्ड नम्बर 12 से विजय कुमार पुत्र लल्लन सिंह ने सभासद पद हेतु अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मिश्र के निर्देशन में भारी पुलिस बल तैनात रहा।

### दुकान का ताला तोड़कर 45 हजार की चोरी

**दोहरीघाट, मऊ।** थानान्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग गोरखपुर वाराणसी हाईवे पर गोठा बाजार मे बीती रात चोरो ने दुकान का दरवाजा तोड़कर काउंटर मे रखे 45 हजार रुपए चुरा ले गये पीड़ित ने चोरी की घटना की तहरीर पुलिस को दी है। गोंठा बाजार निवासी नंदलाल जायसवाल सोमवार को अपनी किराना जनरल स्टोर दुकान रात मे नौ बजे बन्द कर अपने घर चला गया। जब मंगलवार को सुबह दुकान खोलने आया तो देखा कि दुकान का फाटक टुटा हुआ है तथा काउंटर मे रखे 45 हजार रुपए गायब है।

## आठ लोगों ने खरीदा पर्चा

**सिकंदरपुर।** स्थानीय नगर पंचायत चुनाव के नामांकन पत्र विक्रय व नामांकन के क्रम में मंगलवार को अध्यक्ष पद के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में कुल आठ उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदा। यह जानकारी निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार मिश्रा ने दी है। वहीं, सभासद पद के लिए कुल 61 नामांकन पत्र सहायक निर्वाचन अधिकारी श्याम सुंदर यादव के कार्यालय से खरीदा गया। निर्वाचन अधिकारी के अनुसार पहले दिन सभासद पद के लिए तीन उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र सहायक निर्वाचन अधिकारी के यहां दाखिल किया था।

## पुलिस क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में ईद पर्व को लेकर हुई बैठक

**बेल्थरा रोड।** पुलिस क्षेत्राधिकारी रसड़ा मो. फहीम की अध्यक्षता में ईद पर्व मनाये जाने को लेकर पुलिस चौकी सीयर के प्रांगण में मंगलवार को बैठक संपन्न हुई। उन्होंने सभी संप्रदायों से आपस में मिलजुल कर मेल मोहब्बत के साथ ईद का पर्व मनाने की गुजारिश की। उभांव थाना क्षेत्र के नगर पंचायत बेल्थरा रोड के वार्ड नम्बर 10 उमरगंज, वार्ड नंबर 13 में जहीर गंज, वार्ड नम्बर 9 में इमलिया, वार्ड नम्बर 1 में नूरी मस्जिद तथा बिठुआ में ईदगाह पर ईद की नमाज अदा होने की जानकारी दी गयी। वहीं इससे पूर्व अलविदा की नमाज रमजान माह के अंतिम शुक्रवार को क्षेत्र के समस्त मस्जिदों में अदा होने की बात तय हुई। बैठक का संचालन कर रहे उभांव थाने के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मिश्र ने ईद पर्व के मौके पर विकट परिस्थितियों से निबटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात कोई जाने की जानकारी दी। कहा कि आपसी मिल्लत के साथ पर्व को मनाए जाने की अपील की। सभी ईदगाहों के आस-पास तथा साफ-सफाई के लिए नपं. को सचेत किया गया।

## रेलवे स्टेशन से चोरी के सामान के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** पुलिस अधीक्षक रेलवे गोरखपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे क्षेत्राधिकारी गोरखपुर के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष दीपक कुमार चौधरी के नेतृत्व में थाना जीआरपी मऊ की पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को चोरी एक अदद चोरी की मोबाईल व नगद 4060 रू० सम्बन्धित मु.अ.सं. 06/23, 07/23 धारा 379/411 भादवि में रेलवे स्टेशन मऊ जं. के प्लेटफार्म नं0 3 के दक्षिणी छोर की तरफ से गिरफ्तार किया गया है। जिसे बैधानिक कार्यवाही कर कोविड-19 गाईड लाईन को दृष्टिगत रखते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष भेजा गय। गिरफ्तार अभियुक्त सलाऊद्दीन पुत्र नबी हुसैन पता वार्ड न0 10 नाऊ मुहल्ला सादात थाना सादात जनपद गाजीपुर उम्र 42 वर्ष ने पूछताछ में बताया कि मै ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्रियों के सामान, मोबाईल और जेवरों की चोरी करता रहता हूँ, जिसे बाद में अन्जान यात्रियों को बेच देता हूँ और इसी काम से मैं अपना भरण पोषण मौजमस्ती करता हूँ।

### दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** मंगलवार को थाना घोसी पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान इस्लामपुरा से मुअसं 166/23 धारा 363, 366,368 भादवि में वांछित अभियुक्त रेहान पुत्र स्व इमाम निवासी वाहीदपुरा थाना कोपागंज, महताब पुत्र स्व निजामुद्दीन निवासीगण इस्लामपुरा थाना घोसी जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय दीवानी न्यायालय में हुई प्री-ट्रायल बैठक

**बलिया।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं प्रभारी जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया दिनेश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में 18 अप्रैल 2023 को समय 4 बजे, समस्त सम्मानित पीठासीन अधिकारीगण की प्री-ट्रायल बैठक, आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 मई 2023 को व्यापक रूप से सफल बनाने के उद्देश्य से की गयी, जिसका संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के अपर जनपद न्यायाधीश, सचिव, नरेन्द्र पाल राणा के द्वारा किया गया। उक्त बैठक में 13 मई 2023 को आयोजित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु विचार-विमर्श किया गया। दिनेश कुमार मिश्रा प्रभारी जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त पीठासीन अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांकित 13 मई 2023 को अपने न्यायालय में लम्बित मामलों का अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण करें, तथा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण हेतु चिन्हांकित किये गये वादों की सूची यथासम्भव शीघ्र कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया को प्रेषित करें। उक्त बैठक में हुसैन अहमद अंसारी अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं0-3/नोडल अधिकारी लोक अदालत बलिया, मनीषा विशेष न्यायाधीश (एस0सी0/एस0टी0 एक्ट), महेश चन्द वर्मा, विशेष न्यायाधीश (ई0सी0 एक्ट) अपर जनपद न्यायाधीश, गोविन्द मोहन अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं0-8 (पोक्सो एक्ट), ओमकार शुक्ला विशेष न्यायाधीश (गैगेस्टर एक्ट)/अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं0-5, ओम प्रकाश अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं0 7 (एन0डी0पी0एस0 एक्ट), अरूण कुमार-तृतीय अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं0-4, विनोद कुमार अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं0-10 (पोक्सो एक्ट), नरेन्द्र पाल राणा अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरिश चन्द्र अपर जनपद न्यायाधीश/एफ.टी.सी. द्वितीय, सुरेन्द्र प्रसाद अपर जनपद न्यायाधीश/एफ.टी.सी. तृतीय, सुश्री शाम्भवी यादव मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सर्वेश कुमार मिश्र सिविल जज सी0डि0 बलिया, कविता कुमारी सिविल जज (जू0डि0) पूर्वी, विराट मणि त्रिपाठी न्यायिक मजिस्ट्रेट,-प्रथम, राजीव रंजन मिश्रा न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय, धम्म कुमार सिद्धार्थ अपर सिविल जज (जू0डि0) रसडा, ?प्रवीण कुमार प्रियदर्शी अपर सिविल जज (जू0डि0), धर्मेन्द्र कुमार भारती सिविल जज (जू0डि0)/एफ.टी.सी., एवं अनिल कुमार मिश्रा विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट बलिया उपस्थित रहे।

# चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन का कार्य संपन्न



**मऊ।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 के चुनाव के दृष्टिगत मंगलवार को जिला मजिस्ट्रेट अरुण कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर के समक्ष कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एनआईसी कक्ष में चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन का कार्य संपन्न हुआ। प्रथम रेंडमाइजेशन के उपरांत पीठासीन अधिकारियों सहित अन्य कार्मिकों का चयन किया गया, जिनमें पीठासीन अधिकारी एवं चुनाव अधिकारी प्रथम के प्रशिक्षण तिथियों का भी चयन हुआ। नगरी निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 हेतु जनपद में कुल 607 बूथ बनाए गए हैं। प्रत्येक बूथ पर चुनाव हेतु 4 कार्मिकों की ड्यूटी लगेगी, जिस हेतु 2428 कार्मिकों के सापेक्ष 3160 कार्मिकों का चयन किया गया है, जो कुल आवश्यकता का 130 प्रतिषत है। प्रथम रेंडमाइजेशन के उपरांत द्वितीय रेंडमाइजेशन का कार्य संपन्न किया जाएगा, जिसके माध्यम से पोलिंग पार्टियों एवं उनके प्रशिक्षण तिथियों का चयन होना है।

## हमारा प्रत्याशी कैसा हो

**दोहरीघाट, मऊ।** साफ सुधरी छवि वाले प्रत्याशी को हमारा मत पड़ेगा जिस जिस प्रत्याशी की छवि अच्छी होगी ईमानदार होगा तथा नगर का विकास करने वाला होगा उसे हमारा मत पड़ेगा जो नगर की समस्याओं से रूबरू जो नगर की समस्याओं को भली भली भाती जानता हो जो समाज सेवा में दूसरी लेता हूं नगर के अधूरे कार्यों को पूरा करें ऐसे प्रत्याशी को हम अपना वोट देंगे नगर अनेक समस्याएं हैं अभी तक समस्याओं का निराकरण नहीं हो पाया है जैसे सम्मालित मोहल्ला में खुले नाले पर पटिया न बिछाए जाने नगर में सुलभ शौचालय का अभाव है तथा सफाई व बिजली पर जो प्रत्याशी ध्यान देगा उसे हमारा वोट पड़ेगा नगर में विभिन्न समस्याओं का निराकरण करा सके जो निराकरण करने का वादा करें उसे हमारा मत पड़ेगा सम्मलित मोहल्ला के विनोद जायसवाल भगवानपुरा के नंदलाल मद्धेशिया सदर बाजार भाग एक के डॉक्टर अरविद कुमार कमला तिवारी पूरा के नीरज मद्धेशिया उक्त बाते कही।



## कार्यालय ग्राम पंचायत-हटवाँ वि0 ख0-डोभी, जौनपुर

### अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ अंत्येष्टि स्थल/ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/एस.एल.डब्लू.एम. के अन्तर्गत कार्य/मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20.04.2023 से 27.04.2023 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपराह्न 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते हैं। दिनांक 28.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपराह्न 3.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार) | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय एस.एल. डब्लू.एम. योजनान्तर्गत | | |
| 2 | सीमेंट, बालू, गिट्टी, छड़, ईंट 150/एस0ओ0बी0 | | |
| 3 | ईंट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी, सीमेंटेड ईंट | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | |
| 5 | समरसिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य, इलेक्ट्रिक सामग्री | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूंसा अन्य इंटरलाकिंग ब्रिक | | |
| 7 | डेस्क, बेंच फर्नीचर/आलमारी, मैदान/तालाब के सुन्दरीकरण हेतु घास | | |
| 8 | ग्रीन बोर्ड पर्दा, अन्त्येष्टी स्थल, सूखा-गीला कचरा प्रबंधन व कम्पोस्ट गड्ढा इत्यादि | | |
| 9 | भूसा, वृक्षारोपण (पौधा कम से कम 6 फीट का होना चाहिए) | | |
| 10 | कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट, आंगनबाड़ी केन्द्र, सी0एस0सी0 जनसुविधा केन्द्र | | |
| 11 | नाली निर्माण सामग्री, पंचायत भवन, चूना पेंट वाहन क्रय कूड़ा गाड़ी, ई. रिक्शा | | |
| 12 | खड़ंजा, सोख्ता, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, प्लास्टिक बैक, कचरा, एन.पी.3नाली | | |
| 13 | योगा/व्यायाम सामग्री, मॉडर्न वृक्षारोपण, ह्यूम पाईप, सी.सी. टीवी कैमरा, ए.सी.पी. बोर्ड, दिशा सूचक/साईन बोर्ड/शिलापट्ट या फैन्सग्रास कूड़ा केन्द्र, यू.पी.एस. निर्माण हेतु | | |
| 14 | पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आपरेशन कायाकल्प, कोविड-19 सेनेटाईजर /फागिंग मशीन, मास्क, लाल ईंट, डब्लू एस0सी0, कोविड एलाउंस कैप | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें**-सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रु0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

ग्राम प्रधान-धनमनी देवी ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0-अजीत कुमार

## कार्यालय ग्राम पंचायत-रसड़ा वि0 ख0-डोभी, जौनपुर

### अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ अंत्येष्टि स्थल/ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/एस.एल.डब्लू.एम. के अन्तर्गत कार्य/मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20.04.2023 से 27.04.2023 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपराह्न 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते हैं। दिनांक 28.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपराह्न 3.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार) | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय एस.एल. डब्लू.एम. योजनान्तर्गत | | |
| 2 | सीमेंट, बालू, गिट्टी, छड़, ईंट 150/एस0ओ0बी0 | | |
| 3 | ईंट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी, सीमेंटेड ईंट | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | |
| 5 | समरसिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य, इलेक्ट्रिक सामग्री | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूंसा अन्य इंटरलाकिंग ब्रिक | | |
| 7 | डेस्क, बेंच फर्नीचर/आलमारी, मैदान/तालाब के सुन्दरीकरण हेतु घास | | |
| 8 | ग्रीन बोर्ड पर्दा, अन्त्येष्टी स्थल, सूखा-गीला कचरा प्रबंधन व कम्पोस्ट गड्ढा इत्यादि | | |
| 9 | भूसा, वृक्षारोपण (पौधा कम से कम 6 फीट का होना चाहिए) | | |
| 10 | कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट, आंगनबाड़ी केन्द्र, सी0एस0सी0 जनसुविधा केन्द्र | | |
| 11 | नाली निर्माण सामग्री, पंचायत भवन, चूना पेंट वाहन क्रय कूड़ा गाड़ी, ई. रिक्शा | | |
| 12 | खड़ंजा, सोख्ता, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, प्लास्टिक बैक, कचरा, एन.पी.3नाली | | |
| 13 | योगा/व्यायाम सामग्री, मॉडर्न वृक्षारोपण, ह्यूम पाईप, सी.सी. टीवी कैमरा, ए.सी.पी. बोर्ड, दिशा सूचक/साईन बोर्ड/शिलापट्ट या फैन्सग्रास कूड़ा केन्द्र, यू.पी.एस. निर्माण हेतु | | |
| 14 | पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आपरेशन कायाकल्प, कोविड-19 सेनेटाईजर /फागिंग मशीन, मास्क, लाल ईंट, डब्लू एस0सी0, कोविड एलाउंस कैप | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें**-सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रु0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

ग्राम प्रधान-धीरेन्द्र बहादुर ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0-अजीत कुमार

## कार्यालय ग्राम पंचायत-अइलिया वि0 ख0-डोभी, जौनपुर

### अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ अंत्येष्टि स्थल/ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/एस.एल.डब्लू.एम. के अन्तर्गत कार्य/मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20.04.2023 से 27.04.2023 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपराह्न 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते हैं। दिनांक 28.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपराह्न 3.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार) | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय एस.एल. डब्लू.एम. योजनान्तर्गत | | |
| 2 | सीमेंट, बालू, गिट्टी, छड़, ईंट 150/एस0ओ0बी0 | | |
| 3 | ईंट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी, सीमेंटेड ईंट | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | |
| 5 | समरसिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य, इलेक्ट्रिक सामग्री | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूंसा अन्य इंटरलाकिंग ब्रिक | | |
| 7 | डेस्क, बेंच फर्नीचर/आलमारी, मैदान/तालाब के सुन्दरीकरण हेतु घास | | |
| 8 | ग्रीन बोर्ड पर्दा, अन्त्येष्टी स्थल, सूखा-गीला कचरा प्रबंधन व कम्पोस्ट गड्ढा इत्यादि | | |
| 9 | भूसा, वृक्षारोपण (पौधा कम से कम 6 फीट का होना चाहिए) | | |
| 10 | कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट, आंगनबाड़ी केन्द्र, सी0एस0सी0 जनसुविधा केन्द्र | | |
| 11 | नाली निर्माण सामग्री, पंचायत भवन, चूना पेंट वाहन क्रय कूड़ा गाड़ी, ई. रिक्शा | | |
| 12 | खड़ंजा, सोख्ता, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, प्लास्टिक बैक, कचरा, एन.पी.3नाली | | |
| 13 | योगा/व्यायाम सामग्री, मॉडर्न वृक्षारोपण, ह्यूम पाईप, सी.सी. टीवी कैमरा, ए.सी.पी. बोर्ड, दिशा सूचक/साईन बोर्ड/शिलापट्ट या फैन्सग्रास कूड़ा केन्द्र, यू.पी.एस. निर्माण हेतु | | |
| 14 | पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आपरेशन कायाकल्प, कोविड-19 सेनेटाईजर /फागिंग मशीन, मास्क, लाल ईंट, डब्लू एस0सी0, कोविड एलाउंस कैप | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें**-सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रु0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

ग्राम प्रधान-विजय कुमार ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0-अजीत कुमार

# एसडीएम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## निकाय चुनाव को लेकर किया थे पैदल रूट मार्च और वर्चुअल मीटिंग


एसडीएम विजय बहादुर यादव


कासिमाबाद एसडीएम आवास पर घटना के बाद शोकाकुल प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी


कासिमाबाद एसडीएम विजय बहादुर यादव के निधन के बाद मौके पर पहुंचे पत्नी-बच्चे

**कासिमाबाद।** स्थानीय तहसील में तैनात एसडीएम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद कर्मचारियों सहित पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वहीं अधिकारी की अचानक मौत के बाद आला अधिकारियों भी मौके पर पहुंच गए। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी और पुलिस कप्तान ओमवीर सिंह ने एसडीएम की मौत के बाद घटनाक्रम की पूरी जानकारी ली। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कासिमाबाद तहसील मुख्यालय पर एसडीएम वीर बहादुर यादव विगत वर्ष 2 अक्टूबर 2022 से तैनात थे। एसडीएम वीर बहादुर यादव तेजतर्रार अधिकारियों में शामिल थे। सोमवार की देर रात 9:00 बजे बहादुरगंज नगर निकाय चुनाव को लेकर पैदल रूट मार्च किया। उसके बाद तहसील स्थित आवास पर आकर 11:00 उन्होंने वर्चुअल मीटिंग किया। 11:30 बजे प्राइवेट कर्मचारी द्वारा भोजन कर अपने सरकारी आवास पर सो गए। मंगलवार की सुबह 9 बजे जब अर्दली ने जब दरवाजा खटखटाया, काफी देर तक नहीं खुलने पर अर्दली और ड्राइवर ने खिड़की को खोलकर देखा। तो वह अपने बिस्तर पर बेसुध पड़े थे। वह लोवर और टीशर्ट पहने हुए थे। कर्मचारियों ने चिकित्सक टीम को सूचना दी और पुलिस को भी अवगत कराया। मौके पर पहुंची मेडिकल टीम ने जांच में मृत घोषित कर दिया। एसडीएम की मौत की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। हजारों की संख्या में क्षेत्र के फरियादी भावुक हो कर आवास पर पहुंच गए। चारो तरफ शोक व्यक्त लोग कर रहे थे।

### 2015 बैच के थे पीसीएस

बतादें, उप जिला अधिकारी वीर बहादुर सिंह यादव 2015 बैच के पीसीएस अधिकारी हैं। उनकी शिक्षा दीक्षा इलाहाबाद लखनऊ में हुआ। उन्होंने कासिमाबाद तहसील का पदभार दो अक्तूबर 2022 को संभाला था। वर्तमान में इनका परिवार गोमती नगर में रहता था।2 को संभाला था। वर्तमान में इनका परिवार गोमती नगर में रहता था।

### परिवार के ऊपर टूटा दुखों का पहाड़

परिजनों ने बताया कि वीर बहादुर यादव चार भाइयों में सबसे बड़े थे। उमेश यादव और गुलाब यादव सबसे छोटा भाई सुभाष यादव थे। एसडीएम के एक पुत्र सात्विक उम्र 15 वर्ष जो 11 में पढ़ाई करते हैं। बेटी सानवी 5 वर्ष की है। पत्नी विनीता देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि पिता हरिनाथ यादव और माता लीलावती देवी है। एसडीएम वीर बहादुर यादव साहगंज तहसील के कोपा गांव के मूल निवासी थे।

### आला अधिकारियों ने घटनास्थल का लिया जायजा

एसडीएम की मौत के बाद जिलाधिकारी आर्यका अखौरी और पुलिस अधीक्षक ओम वीर सिंह 11 बजे तक जनपद के सभी आला अधिकारी कासिमाबाद एसडीएम आवास पर पहुंच गए। मौके पर फॉरेंसिक टीम भी पहुंच गई। सभी कर्मचारियों से पूछताछ कर आवास का जांच पड़ताल किया गया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में शव को पीएम के लिए गाजीपुर भेजा गया।

# झोपड़ी में लगी आग, घर गृहस्थी का सामान खाक

## नुकसान

### बरेंजी गांव के मल्ला बस्ती में आग ने मचाया ताड़ंव

### लगभग एक घंटे बाद ग्रामीणों की मदद से आग पर पाया काबू

**गहमर।** विकास खंड भदौरा के बरेंजी गांव के मल्लाह बस्ती में दोपहर एक रिहायशी झोपड़ी में अज्ञात कारणों से आग लग गई। इससे घर गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। इसके साथ ही झोपड़ी में बंधी दो बकरियां भी आंशिक रुप से झुलस गई। झोपड़ी में सोएं गृह स्वामी ने भागकर जान बचाई। आग से करीब हजारों रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है।

उमेश चौधरी निवासी गांव बरेंजी का परिवार रिहायशी झोपड़ी में सो रहा था। अचानक आग की लपटें देखकर उनकी पत्नी ने शोरगुल मचाया, जिससे उनका पूरा परिवार बाहर निकल भागकर जान बचाई और पड़ोसियों को मदद के लिए बुलाने लगा। देखते ही देखते आग पूरे झोपड़ी को अपने आगोश में ले लिया। आग इतनी तेज थी कि मोहल्ले के लोग कुछ समझ पाते तब तक आग ने विकराल रुप धारण कर लिया था। गांव के लोग हैंडपंप और पास में लगे सबमर्सिबल से पानी लेकर आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। लगभग एक घंटे बाद ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। तब तक घर गृहस्थी का सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गई। गृहस्वामी द्वारा हजारों से अधिक का नुकसान बताया गया है।

आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। ग्रामीण ने बताया कि पीड़ित की आर्थिक स्थिति कमजोर है। मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मामले की जानकारी पुलिस और संबंधित हल्का लेखपाल को दी गई है।

# अगलगी में दर्जनों झोपड़ियां जलीं लाखों की गृहस्थी का सामान खाक

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के मीरानपुर राजभर बस्ती में मंगलवार की दोपहर आग लग जाने से एक दर्जन झोपड़ियां जलकर राख हो गई। राजभर बस्ती के लोग खेतों में काम करने गए थे। तभी अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई जिससे सब कुछ जलकर सब राख गया। अजय राजभर, गुड़िया देवी ,छेदी राजभर, नथुनी राजभर, रानी देवी, प्रेमचंद, शिव पर्सन राजभर, लालचंद राजभर, हलचल, अमरदेव राजभर, मालती देवी, प्रदीप राजभर सहित 12 लोगों की झोपड़िया जलकर राख हो गई है।

आगलगी में एक भैंस मौके पर जलकर मर गई। वही दो भैस झुलस गए। दो दर्जन बकरियां भी जलकर राख हो गई। सूचना पाकर क्षेत्रीय लेखपाल, प्रभारी निरीक्षक धनानंद त्रिपाठी मय फोर्स मौके पर पहुंच कर मौके का जायजा लिया।

# पुलिस ने हत्यारोपी को किया गिरफ्तार

## भेजा जेल

### कुत्ते के विवाद में अधेड़ पर हुआ था हमला

जनसंदेश न्यूज


सुवहल पुलिस के गिरफ्त में हत्यारोपी।

**सुहवल।** थाना क्षेत्र के कालूपुर गांव में एक हफ्ते पूर्व कुत्ते के विवाद को लेकर अधेड़ की ईंट पत्थर व डंडे से मारकर हत्या के मामलें में वांछित तीन आरोपितों में से पुलिस ने मंगलवार को मुख्य आरोपी सुधिर यादव उर्फ गोलू निवासी कालूपुर को जरिए मुखबिर की इस सूचना पर कि हत्या में वांछित आरोपी ताड़ीघाट क्रासिंग के पास खड़ा है जो कहीं भागने की फिराक में है,इस सूचना पर मेदनीपुर तिराहा पर वाहनों की चेकिंग कर रहे उपनिरीक्षक शिवराम सिंह यादव आरक्षी सुजित व विवेक के साथ मौके पर पहुंच घेराबंदी कर हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाने लाकर पूछताछ के बाद हत्यारोपी का मेडिकल मुआयना कराने के बाद उसका सम्बन्धित धाराओं में चालान कर उसे सक्षम न्यायालय में पेश किया गया। जहाँ आरोपो की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय ने आरोपी को चौदह दिन की न्यायिक हिरासत में जिला कारागार भेंज दिया।

मालूम हो कि बीते मंगलवार की देर शाम को कालूपुर गांव निवासी पप्पू उर्फ जनमेजर यादव उम्र करीब 55 वर्ष गंगा स्नान कर अकेले घर आ रहे थे,अभी वह गाँव के समीप डीह बाबा के पास पहुंचे ही थे कि बगल के ही राधेश्याम का एक पालतू कुत्ता भोकनें लगा। जिसपर उसके काटने के डर से अपने हाथ में डंडे से कुत्ते को एक दो डंडा मार भगा दिया। यह देख जिसका कुत्ता था उसके घर के कई सदस्य मौके पर धमक पड़े। वह अधेड़ को गाली गलौज देने लगे यह देख उन्होंने ऐसा कहने से मना किया, जिससे कि आगबबूला हो राधेश्याम के घर के लड़के लाठी डंडा व ईंट पत्थर से मारपीट कर पप्पू उर्फ जनमेजर यादव को गंम्भीर रूप से घायल कर दिया था।

जिनका इलाज के दौरान बीते शुक्रवार को वाराणसी में निधन हो गया था। जिसके बाद मृतक के पुत्र बंटी यादव ने गांव के तीन लोगों के खिलाफ हत्या आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था।

इस संबध थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि हत्या के मामले में वांछित तीन आरोपितों में से एक को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया गया है। बताया कि शेष अन्य आरोपी भी जल्द ही दबोच लिए जायेगें।

## संक्षेप

### इग्नू के ऊपर विशेष रूप से प्रकाश डाला

**गाजीपुर।** इंदिरा गॉधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय केन्द्र पी. जी कालेज में मंगलवार को जनवरी 2023 सत्र के नव प्रवेशी छात्रों के परिचय सभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डा. दिनेश कुमार सिंह पूर्व समन्वयक ने छात्रों को इग्नू में किस प्रकार से पढ़ाई करना है, असाइनमेंट और परीक्षा की तैयारी किस प्रकार करनी है, विस्तार पूर्वाक बताया। इग्नू के वर्तमान समन्वयक प्रोफे. एसएन सिंह ने छात्रों के समस्याओं को सुनते हुए उसका समाधान कैसे हो और पुनः पंजीकरण समय से कैसे करायें इसके बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए सेमेस्टर का स्वरुप, पढ़ाई के तरीके, समस्याओं के त्वरित समाधान, नई शिक्षा नीति एवं इग्नू के ऊपर विशेष रुप से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में काउंसलर डॉ. संतोष कुमार सिंह, डॉ. अजय कुमार सिंह, डॉ. त्रिनाथ मिश्र, डॉ. उमा निवास मिश्र, डॉ.भावना श्रीवास्तव ने छात्रों को इग्नू के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। संचालन सह समन्वयक डा. पीयूष कान्त सिंह के किया।

### रेलवे वसूल रहा किराया, यात्रियों को सुविधाएं नहीं

**सुहवल।** पूर्व मध्य रेलवे दानापुर के तहत आने वाला सोनवल से दिलदारनगर तक ब्रांच लाइन ओर चलने वाली एकमात्र पैसेंजर ट्रेन में दो तरह का किराया रेलवे के द्वारा पिछले करीब दो साल से वसूला जा रहा है। सुबह व शाम को पैसेंजर का दस रुपया, जबकि दोपहर में मेल/ एक्सप्रेस ट्रेन के बराबर तीस रुपया, मगर जहां तक यात्री सुविधाओं की बात की जाए तो वह दूर दूर तक नहीं दिखता है।लोगों ने कहा कि सुविधा न रफ्तार, फिर पैसेंजर ट्रेन का किराया एक्सप्रेस के बराबर क्यों वसूल रहा रेलवे, क्षेत्रीय लोगों ने रेलवे से मांग किया है कि अपने निर्णय में बदलाव कर किराया एक समान पैसेंजर का ही वसूला जाए। ताकि यात्रियों के उपर बेवजह आर्थिक बोझ न पड़े।टीआई संजय कुमार ने बताया कि ट्रेन के किराए का निर्धारण रेलवे बोर्ड करता है,जैसा आदेश आयेगा उस हिसाब से यात्रियों से ट्रेन के टिकट का किराया लिया जायेगा।

### लोकसभा चुनाव में आदिवासी समुदाय दिखाएंगे ताकत

**भांवरकोल।** स्थानीय विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत तरांव स्तिथ रानी दुर्गावती भवन पर गोंड महासभा की कोर कमेठी की मासिक बैठक संपन्न हो गया। अखिल भारत वर्षीय गोंड महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामनिवास गोंड़ ने बताया कि हम अगले साल होने जा रहे लोकसभा चुनाव में हम समान विचारधारा रखने वाली छोटी-छोटी राजनैतिक पार्टियों को मिलाकर पूरे देश में दो सौ के प्लस लोकसभा सीटों उम्मीदवार उतारेंगे और पूरे दमखभ के साथ जीतने के लिए जी जान लगा देंगे। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल में विशेषकर मिजार्पुर सोनभद्र, गाजीपुर, बलिया, चंदौली आदि आदिवासी बहुल इलाकों में विपक्षियों को अपने ताकत का एहसास दिला देंगे। उन्होंने यह भी ऐलान किया कि कभी इन इलाकों में आदिवासी समाज राजा करता था पर विवेकशील बड़ी जाति के नेताओं ने भरमार दिया और शासक से शोषित व मात्र मतदाता बनाकर रख दिया। लेकिन अब ऐसा नही होगा। रामनिवास गोंड ने आजकल के सब्जबाग नेताओं से दूरी बनाए रखने की सलाह अपने लोगों को दी है। महासभा के महासचिव ने कहा कि हमारा संघर्ष एक दिन रंग लायेगा।

### बिना पंजीकरण चल रहे हजारों वाहन

**गाजीपुर।** जिले में 15 साल की सीमा पार कर चुके बगैर पंजीकरण हजारों वाहन सड़क पर दौड़ रहे हैं। संभागीय परिवहन कार्यालय ऐसे वाहनों की सूची बना रहा है। ऐसे वाहन स्वामियों को नोटिस भेजा जा रहा है। पकड़े जाने पर इन वाहनों पर पांच हजार रुपये जुमार्ना लगाया जाएगा। शासन की ओर से 15 साल पुराने निजी वाहनों के पंजीकरण कराने के निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत वाहनों को नए रूप में पंजीकरण उन्हें संचालन की अनुमति दी जाएगी। इसको लेकर एआरटीओ कार्यालय के मुताबिक जिले में 50 हजार से अधिक वाहन ऐसे है, जो 15 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं। अब इनके पंजीकरण के लिए स्वामियों को नोटिस जारी किया जाएगा। जांच के दौरान पकड़े जाने पर ऐसे वाहनों के मालिकों से जुमार्ना वसूला जाएगा।

### आगलगी में 42 बकरियों की झुलसकर मौत

**कासिमाबाद।** बरेसर थाना क्षेत्र के शाहबाजपुर रेंगा गांव में मंगलवार की दोपहर में लगी आग से 3 झोपड़ियों में लगी आग से छोटी बड़ी 42 बकरियां झुलस कर मर गई। वही एक भैंस और उसकी पड़िया झुलसने से गंभीर रूप से घायल है। पुलिस मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में लगी रही। जानकारी के अनुसार बरेसर थाना क्षेत्र के शाहबाजपुर रेंगा गांव निवासी नखरु राम की झोपड़ी में मंगलवार की दोपहर में किसी का अज्ञात कारणों से आग लग गई, इस घटना में पशुओं के अलावा किसी की जनहानि नहीं हुई है।

# ईद को लेकर बाजारों में बढ़ी चहल-पहल

## तैयारी

### मुस्लिम वर्ग के लोग कपड़ा-सेवई की कर रहे खरीदारी


गहमर बाजार में कपड़े की दुकान पर खरीदारी करते ग्राहक।

**गहमर।** रमजान के पवित्र माह के अंतिम सप्ताह में ईद-उल-फितर की तैयारियां पूरे शवाब पर हैं। मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में भरपूर उत्साह का माहौल है। इन इलाकों में सेवई की खुशबू आना शुरू हो गई है। बाजारों में चहल पहल काफी बढ़ गई है। खरीदारों में पुरूषों की अपेक्षा महिलाओं की संख्या देखने को मिल रही है। ईद के उत्साह का नजारा मुस्लिम बाहुल्य गांवों में देखने को मिल रहा है। क्षेत्र के गहमर, बारा, मनियां, गोड़सरा, भदौरा, संतरामगंज बाजार सेवराई आदि गांवों के मुस्लिम मुहल्लों में देर रात तक चहल पहल रह रही है। इन गांवों और कस्बों में सेवईयां जूते-चप्पल रेडीमेड कपड़े, खाद्य सामग्रियों की खरीदारी जोरों पर की जा रही है। दुकानों पर पूरे दिन भीड़ जमा हो रही है। मगर यह भीड़ शाम को इफ्तार करने के बाद बढ़ जाती है। टेलरों की दुकानों पर सांस लेने की फुर्सत नहीं है। ईद के मौके पर नये कपड़े सिलवाने वालों की काफी भीड़ है। गांवों में भी खरीदारी जोरों पर चल रही है। ईद को लेकर बच्चों में खासा उत्साह है रोजा इफ्तार पार्टी की धूम मची है। जगह-जगह इफ्तार पार्टियां आयोजित की जा रही हैं। बुध्दिजीवियों, मौलवी, मौलाना नमाज के समय भी लोगों को ईद शान्तिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील कर रहे हैं। प्रशासन ने भी ईद के पर्व को सकुशल उत्साह पूर्वक संपन्न कराने के लिये अपनी रणनीति को अन्तिम रुप देना शुरू कर दिए हैं। प्रशासन ने ईदगाहों, मस्जिदों और सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक प्रबंध किया है।

### ईदगाहों की शुरू हुई साफ सफाई

ईद की तैयारियों में जहां लोग जुटे हुए हैं। वहीं ईद के दिन ईदगाहों में होने वाली ईद की नमाज को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में गहमर, मनियां, बारा, गोड़सरा स्थित ईदगाह की साफ-सफाई के साथ ही रंग-रोगन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। ताकि ईद की नमाज के दिन नमाजियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# माल वाहनों पर सवारियां ढो रहे चालक, प्रशासन अनजान

### सीएम के आदेश के बाद भी शहर में नहीं दिख रहा नियमों का पालन, हो सकता है हादसा

**गाजीपुर।** हादसे न हो इस लिए माल वाहक और कृषि कार्य में उपयोग होने वाहन पर सवारियों लेकर चलना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। मगर पुलिस और प्रशासन की अनदेखी के चलते शहर में बेखौफ वाहन चालक सवारियां बैठाकर फरार्टा भर रहे है। इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार बैठकें कर दिशा निर्देश जारी किए जा रहे हैं। इसके बाद पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारी जिम्मेदारी से परे हैं। यह है कि सड़क के प्रमुख मार्गों व चौराहों पर खुलेआम माल वाहक पर आवाजाही से लेकर मुख्य मार्ग तक वाहन फटा भरते देखे जा रहे हैं। जबकि मुख्यमंत्री योगी की ओर से वाहनों में बैठी सवारियों के साथ पूर्व में हुई दुर्घटनाओं के बाद इन पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। यह स्थिति केवल शहर की ही नहीं है जिले भर में लोडर पिकअप, डीसीएम, ट्रैक्टर आदि पर खुलेआम सड़को पर दौड़ते दिखाई देंगे। कि शहर के सभी से जुड़े प्रमुख स्थानों पर पुलिस के सिपाही व दरोगा मौजूद रहते हैं। यही नहीं अधिकारी भी सड़कों पर अपने वाहनों से दौड़ते रहते हैं। फिर भी उन्हें यह दिखाई नहीं देता है। इतना सब कुछ होते हुए भी विभाग और न परिवहन विभाग इस ओर कोई न देने की जरूरत महसूस कर है। जिससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।


नेहरू स्टेडियम गोराबाजार मार्ग से ट्रैक्टर-ट्राली पर बैठी सवारियां।

### 'घर-घर विद्या दीप जलाओ अपने बच्चे सभी पढ़ाओ'

**भांवरकोल।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय मलिकपुरा गांव में मंगलवार को स्कूल चलो अभियान के तहत रैली को खंड विकास अधिकारी रामकृपाल यादव एवं खंड शिक्षा अधिकारी सावन कुमार दूबे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में उपस्थित अधिकारियों एवं शिक्षकों ने अभिभावकों से 6 से 14 वर्ष के बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाने हेतु प्रेरित किया। रैली में मौजूद बच्चे नारे लगा रहे थे। आधी रोटी खायेंगे, स्कूल जरूर जायेंगे,अब ना करो अज्ञानता की भूल, हर बच्चे को भेजो स्कूल, एक भी बच्चा छूटा, संकल्प हमारा टूटा "घर-घर विद्या दीप जलाओ, अपने बच्चे सभी पढ़ाओ', लड़का-लड़की एक समान, यही संकल्प, यही अभियान, 'हम बच्चों का नारा है, शिक्षा - अधिकार हमारा है' आदि के नारे लगाते रहे अभियान में मौजूद अध्यापकों ने घर-घर जाकर दस्तक दी और अभिभावकों से अपने बच्चों को स्कूल भेजने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर बीडीओ रामकृपाल यादव,सावन कुमार दूबे, सचिव चन्दिक। प्रधान, सचिव सूर्य भान राय, प्रधान इन्दासन राय , मुहम्मद आलीम, जयनारायण उपाध्याय, अश्वनी यादव, अखिलेश राय, साधू पासवान, पद्मीप आदि लोग मौजूद रहे।

# रोडवेज से सफर में खरीदना पड़ रहा है नकद टिकट

### यात्रियों को नहीं मिल रही कार्ड से भुगतान की सुविधा

**गाजीपुर।** परिवहन निगम ने कैशलेस की ओर कदम बढ़ाए। इसके तहत डेबिट और क्रेडिट कार्ड से भुगतान की सुविधा मिलनी है। लेकिन यह सुविधा शुरूआती दौर में ही विफल नजर आ रही है। यात्रियों को आज भी नकद टिकट खरीद कर यात्रा करनी पड़ रही है। जिससे यात्रियों के साथ विभाग के कर्मचारियों को भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

रोडवेज बसों में सफर करने वाले लोगों को कैशलेस सुविधा देने के लिए परिवहन विभाग ने ई- टिकट की सुविधा शुरू की थी। इसको लेकर डिपो में परिचालकों को ई-टिकट बनाने का प्रशिक्षण भी दिया गया था।

आलम यह है कि परियोजना लागू हुई कई महीने बीत गए लेकिन परिचालकों का मैनुअल टिकट काटने का ढर्रा अभी तक लोगों को परेशान कर रहा है। डिपो में करीब 70 बसें हैं। जिनसे यात्रियों को कानपुर, लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, आगरा, बरेली, दिल्ली समेत अन्य जगहों की यात्रा करवाई जाती है। परिचालक आज भी नकद किराया लेने के बाद मशीन से टिकट देते हैं। यात्रियों के कार्ड से टिकट खरीदने की बात पर उन्हें सुविधा मौजूद न होने की बात कह कर टाल दिया जाता है।

यात्रियों को बस में टिकट लेने के लिए खुले पैसे अनिवार्य रूप से साथ में लेकर चलना पड़ है। जल्दबाजी में यात्री पैसे लेना भी भूल जाते हैं। जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

साथ ही विभाग के कर्मचारियों को मशीनों में एकत्र डाटा की इंट्री ऑफिस पहुंचने पर रजिस्टर कराने की लंबी व जटिल प्रकिया का पालन करना पड़ता है। यदि डेबिट और क्रेडिट कार्ड स्वैप कर टिकट का भुगतान होगा तो नेट के सहारे पूरा डाटा ऑनलाइन निगम मुख्यालय और क्षेत्रीय कार्यालय को उपलब्ध हो जाता।

# पारा पहुंचा 43.5 डिग्री, हवा ने बढ़ाई मुश्किलें

## मौसम

### जनजीवन पर असर डाल रहे लू के थपेड़े


डीएम आवास मार्ग पर गर्मी व लू की थपेड़ों से पसरा सन्नाटा।

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। मंगलवार को पारा 43.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। तापमान के साथ हवाओं ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। लू के थपेड़े जन जीवन पर असर डाल रहे हैं। डॉक्टर घर से निकलने से पहले पानी पीने की सलाह दे रहे हैं। अप्रैल में ही गर्मी का सितम लगातार बढ़ रहा है। वातावरण में आर्द्रता लगातार कम हो रही है। जिससे मौसम शुष्क हो रहा है। मंगलवार को दिन में अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया।

दिन में हवाओं के कारण लू थपेड़े राहगीरों के लिए मुश्किलें पैदा करती रहीं। मौसम विज्ञानिक डॉ. ओपी सिंह ने बताया कि मौसम में परिवर्तन लगातार जारी रहेगा। आगामी दिनों में तापमान में बढ़ोत्तरी की संभावना देखी जा रही है। डॉ. राजीव कुमार राय ने बताया कि तापमान बढ़ने के कारण बीमारियां बढ़ेगी। बताया कि शरीर में तरल पदार्थों की कमी न होने दें। इससे डीहाइड्रेशन नहीं होगा। बासी खाना और अधिक तला भुना खाने से परहेज करें। मौसमी फल और सब्जियों को ही खाएं। धूप में निकलने के बाद ठंडा पदार्थ न पिएं।

### बेतहाशा धूप से राहगीर सहित ग्रामीण परेशान


मरदह में स्कूल की छुट्टी होने के बाद घर जाती छात्राएं।

**मरदह।** बेतहाशा कड़ी धूप से राहगीरों सहित ग्रामीणों का जीवन अस्तव्यस्त हो गया। माह अप्रैल में ही भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। तेज धूप व तेज हवाएं चलने के कारण पैदल, साईकिल,बाइक से आवागमन करने वाले लोगों का जीवन मुहाल हो गया है। मौसम का मिजाज बदल रहा है। पारा 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। जिससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। मंगलवार को सुबह से ही तेज धूप निकलने के कारण लोग गर्मी से बेहाल दिखे। उमस भरी गर्मी के कारण बाजार की सड़कों पर भी सन्नाटा पसरा रहा। बहुत जरूरी होने पर ही लोग घरों से बाहर निलक रहे हैं। तेज धूप के कारण लोग सड़कों पर छांव की तलाश करते देखे गए। शाम पांच बजे के बाद धूप कम हुई तो लोगों ने राहत की सांस ली।भीषण गर्मी को देखते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मरदह के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.अशोक कुमार सिंह ने भी लोगों को हीट स्ट्रोक से बचाव करने की नसीहत दे रहे हैं।चिकित्सक की मानें तो दोपहर 12 से शाम तीन बजे के बीच बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें दिन में लू भरी हवा चलने से लोग घरों में दुबके रहे, जो लोग बाहर भी निकले तो मुंह को गमछा से बांध कर ही बाहर निकले। शहर से लेकर गांव के मुख्य बाजारों और चौराहों पर सन्नाटा पसरा रहा। जैसै-जैसे दिन चढ़ता गया उमस बढ़ती गई। शाम पांच बजे के बाद धूप कम हुई तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली और जरूरी काम के लिए घरों से बाहर निकले। गर्मी के चलते क्षेत्र केमटेंहू, हैदरगंज, करदह कैथवली, मरदह बस स्टैंड, बरही, सियारामपुर, बड़सर, बिरनो, डाड़ीकला, शेखपुर,आदि स्थानों पर लोग छांव तलाशते रहे।

### आसमान उगल रहा आग, आम जनजीवन अस्त व्यस्त


विभागीय उदासीनता के चलते ताडीघाट रजवाहा पानी विहीन।

**सुहवल।** भीषण गर्मी के तल्ख तेवर और आग उगलते आसमान के बीच जहां आम जनजीवन तबाह हो गया है। वहीं, वन्य प्राणियों की बेचैनी बढ़ गई हैं। भू-जलस्तर नीचे खिसकने से नदियों के जलस्तर में कमी, नहर, और तालाब पानी बिना सूख गए हैं। पानी के अभाव में पशु-पक्षियों को इधर-उधर भटकना लचारी बन गई है। सुनसान इलाकों में रहने वाले जानवर पानी की तलाश में मैदानी एवं आबादी वाले इलाकों की तरफ पलायन शुरू कर दिए हैं। पिछले एक पखवारा से मौसम के तल्ख तेवर और चढ़ते पारा के चलते जंगलों में रहने वाले नीलगाय, हिरण सहित अन्य जंगली जानवर व पशु पक्षी जंगलों से भागकर मैदानी इलाके की ओर आ रहे हैं। क्योंकि, गर्मी के दिनों में जानवरों के पीने के लिए कोई भी प्रबंध प्रशासन अथवा प्रतिनिधियों की तरफ से नहीं की गई हैं। ये जानवर विचरण करते-करते सड़क पर भी आ रहे हैं। जिससे सड़क दुर्घटना की आशंका भी बढ़ती जा रही है। तालाब व नहर सूखने से आम जन-जीवन के साथ-साथ वन्य प्राणियों की स्थिति खराब हो गई है। प्यास बुझाने के लिए ये वन्य प्राणी मृग-मरीचिका की तरह पूरे इलाके में दर-दर की ठोकर खा रहे हैं। ग्रामीणों ने महकमें के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मांग किया कि नहर में जल्द पानी छोडा जाए ताकि पानी के लिए भटक रहे जानवरों, पशु ,पक्षियों को राहत मिल सके। वहीं विभाग की माने तो अभी गेंहू की कटाई व मड़ाई का काम चल रहा है,इसके खत्म होते ही पानी छोड़ा जायेगा। इस संबंध में ताड़ीघाट रजवाहा के अवर अभियंता चंदन कुमार ने बताया कि गेहूं की कटाई व मडाई खत्म होते ही नहर व माइनर में पानी छोड़ा जायेगा।

## जनसंपादकीय

# किसी घर में पैदा न हो अतीक

आर.के. सिन्हा



बीते कुछ दिनों के दौरान उत्तर प्रदेश के कुख्यात माफिया डॉन अतीक अहमद के पुत्र असद और उसके दोस्त का मुठभेड़ में मारा जाना और उसके कुछ ही समय बाद पुलिस पहरे में आ रहे अतीक अहमद की उसके भाई अशरफ के साथ की गई हत्या की घटनाओं से सबका दिल दहल गया है। इन दोनों सनसनीखेज घटनाओं की जांच के न्यायिक आदेश दे दिए गए हैं। बेशक, अतीक अहमद के मारे जाने के साथ ही एक दहशत के युग का अंत हुआ है । किसने सोचा होगा प्रयागराज में तांगा चलाने वाले शख्स का बेटा देखते-देखते अपराध के संसार में खौफ का पर्याय बन जाएगा। वह जिसकी संपत्ति पर चाहेगा कब्जा जमा लेगा। अगर कोई उसे अपनी संपत्ति देने में आनाकानी करेगा तो वह उसका या उसके बहन-बेटियों का अपहरण करवा लेगा। जरूरत पड़ने पर उस शख्स को मौत के घाट भी उतरवा देना उसके लिए तो मामूली बात थी।

पर अफसोस इस बात को लेकर होता है कि अतीक अहमद को मुलायम सिंह यादव और फिर अखिलेश यादव का लगातार और खुला समर्थन मिलता रहा। अपने को गांधीवादी समाजवादी कहने वाले मुलायम सिंह यादव का नाम अतीक अहमद के साथ जुड़ना साफ करता है कि भारतीय राजनीति का चेहरा कितना बदबूदार हो गया है। अभी सोशल मीडिया पर अतीक के घर पर उसके विशाल ग्रेट डेन को प्यार से सहलाते हुये समाजवादी पार्टी सुप्रीम मुलायम सिंह जी का चित्र वायरल हो रहा है कयकीन मानिए कि कोई भी इंसान अपराध के संसार में अतीक अहमद तब ही बनता है जब उसे किसी रसूखदार का राजनीतिक प्रश्रय हासिल होता है। अतीक अहमद को यह राजनीतिक प्रश्रय मिला जिसके चलते वह कानून को अपने हाथ में लेता रहा। अतीक अहमद की अब कुछ वह फोन पर की गई वार्ताएं सामने आ रही हैं जो वे फिरौती या फिर किसी की संपत्ति को कब्जाने के लिए किया करता था। उन्हें सुनने से लगता है कि वह फिरौती की रकम पूरे अधिकार के साथ मांगा करता था।

**जनतंत्र का यह दुर्भाग्य है कि इस तरह का शख्स पांच बार उत्तर प्रदेश की विधान सभा का सदस्य रहा। वह लोकसभा की उस फूलपुर सीट से सदस्य रहा जहां से कभी पंडित जवाहरलाल नेहरू चुनाव लड़ा करते थे। इसी अतीक अहमद के वोट से 2008 में केंद्र में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) की सरकार बची थी। उस वक्त तत्कालीन सरकार और अमेरिका के साथ उसके परमाणु समझौते पर संकट के बादल मंडरा रहे थे, तब अतीक अहमद ने यूपीए सरकार बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।**

उसके हुक्म को न मानने वालों को गंभीर परिणाम भुगतने के बारे में भी कड़क आवाज में बता दिया करता था। अब जरा देख लें कि जनतंत्र का यह दुर्भाग्य है कि इस तरह का शख्स पांच बार उत्तर प्रदेश की विधान सभा का सदस्य रहा। वह लोकसभा की उस फूलपुर सीट से सदस्य रहा जहां से कभी पंडित जवाहरलाल नेहरू चुनाव लड़ा करते थे। इसी अतीक अहमद के वोट से 2008 में केंद्र में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) की सरकार बची थी। उस वक्त तत्कालीन सरकार और अमेरिका के साथ उसके परमाणु समझौते पर संकट के बादल मंडरा रहे थे, तब अतीक अहमद ने यूपीए सरकार बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। तब अतीक अहमद के वोट ने ही बचाई थी यूपीए सरकार। उस वक्त अतीक अहमद समाजवादी पार्टी का सांसद था। उस वक्त परमाणु समझौते के विरोध में यूपीए सरकार को बाहर से समर्थन दे रहे वाममोर्चे ने अपने हाथ खींच लिए थे। ऐसे में विपक्ष तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ले आया था। उस वक्त अतीक अहमद सहित छह अपराधी सांसदों को विश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग से 48 घंटे पहले विभिन्न जेलों से छोड़ा गया था, ताकि वे यूपीए सरकार के पक्ष में मतदान कर सकें। अतीक अहमद भी उन छह बाहुबलियों में से एक था, जिसने यूपीए सरकार को गिरने से बचाया था। क्या तब डॉ. मनमोहन सिंह या सोनिया गाँधी को पता नहीं था कि अतीक अहमद कितने दूध के धुले हैं ?

अतीक अहमद खुद ही अपराध की दुनिया में सक्रिय नहीं हुआ। उसने अपने पुत्रों को भी अपराध के संसार में लांच किया। उसने अपने पुत्र असद को बचपन से ही रिवाल्वर चलाने की ट्रेनिंग देनी शुरू कर दी थी। आपको इस तरह का पिता आसानी से नहीं मिलेगा जो अपने बच्चों को ही अपराधी बनने के लिए प्रेरित करे। आखिर उसके आतंक का अंत हो ही गया। उसे अंततः मिला क्या। उसे सरेआम उसके भाई के साथ मार दिया गया। जरा सोचिए कि चार दशकों तक अपराध और राजनीति की मदद से लगभग 1400 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्तियां जब्त करने वाले का कितना खराब हश्र हुआ। उसका पूरा परिवार बर्बाद हो गया। यूपी एसटीएफ की टीम ने अतीक अहमद के तीसरे नंबर के बेटे असद और करीबी शूटर मोहम्मद गुलाम को मुठभेड़ में मार गिराया। दोनों ही उमेश पाल हत्याकांड में वांटेड और पांच-पांच लाख के इनामी थे।

लोग यह भी सवाल उठा रहे हैं कि आखिर पुलिस की सुरक्षा में अतीक कैसे मारा गया कयह सवाल उठाने वाले यह कैसे भूल जाते हैं कि उमेश पाल को जब अतीक के बेटे ने मारा तब वह भी पुलिस की सुरक्षा में था कजब इस देश के दो-दो प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी और राजीव गाँधी मारे गये थे तब तो वे केन्द्रीय बलों की सुरक्षा में थे क

पहले असद और उसके दोस्त के मुठभेड़ में मारे जाने और फिर अतीक अहमद और उसके भाई के कत्ल के बाद कुछ स्वार्थी तत्वों ने फिर से विलाप शुरू कर दिया है। ये अतीक अहमद को खूंखार अपराधी नहीं मान रहे हैं। ये उसे एक मुसलमान नेता बताकर दुखी हैं। कह रहे हैं कि भारत में मुसलमानों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार हो रहा है। उनके साथ जुल्मों- सितम हो रहा है। याद कीजिए कि मुंबई बम धमाकों के साजिशकर्ता याकूब मेमन को तो नायक बनाने की भी इसी तरह से चेष्टा की गई थी। उसे सुप्रीम कोर्ट से मौत की सजा हुई, तो उसे बचाने के लिए देश के बहुत सारे स्वयंभू उदारवादी-सेक्युलरवादी सामने आ गए थे। उसकी शव यात्रा में हजारों लोग शामिल होते हैं। किसे नहीं पता कि उसके जनाजे में कौन-कौन शामिल हुआ था। हद तो तब हो गई थी जब उसकी कब्र को सजाया गया था। उसका इस तरह से रख-रखाव होता रहा है कि मानो वह कोई महापुरुष हो। मुंबई में याकूब मेमन की कब्र के "सौंदर्यीकरण" करने के ठोस सबूत मिल चुके हैं और उसे एक इबादत गाह बदलने की कोशिश की गई थी। इस तरह के आरोपों की सच्चाई जब सबके सामने आई तो मुंबई पुलिस ने आतंकवादी की कब्र के चारों ओर लगाई गई "एलईडी लाइटस्" हटाया। याकूब मेमन को 2015 में नागपुर जेल में फांसी दी गई थी। उसे दक्षिण मुंबई के बड़ा कब्रिस्तान में दफनाया गया था। अब अतीक अहमद को महापुरुष साबित किया जा रहा है। गरीबों का मसीहा कहा जा रहा है। पर सच यह है कि वह एक अपराधी था। भगवान न करे कि उसके जैसा शख्स फिर से पैदा न हो।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

# पाठ्यक्रम के बहाने साम्प्रदायिकता को बढ़ावा

प्रसंगवश

राम पुनियानी



स्कूली पाठ्पुस्तकें भी राष्ट्रवाद के विभिन्न संस्करणों के बीच युद्ध का मैदान बन सकती हैं। औपनिवेशिक भारत के दो उत्तराधिकारी, भारत और पाकिस्तान इसके समानांतर किंतु विपरीत उदाहरण हैं। चूंकि पाकिस्तान इस्लाम के नाम पर अस्तित्व में आया इसलिए वहां की स्कूली पुस्तकों में इतिहास की शुरूआत 8वीं सदी में मोहम्मद बिन कासिम के सिंध का शासक बनने से होती है। हिन्दू राजाओं और हिंदुओं को इस हद तक बुरा बताया गया है कि पाकिस्तान के स्कूलों में पढ़ने वाला एक औसत बच्चा किसी भी हिन्दू को बहुत हेय दृष्टि से देखेगा।

भारत में स्थिति इससे बहुत अलग रही। यहां इतिहास को वैज्ञानिक और तर्कसम्मत बनाने का प्रयास किया गया। हमारे इतिहास लेखन में धर्म किसी राजा के शासनकाल और इतिहास के अन्य पहलुओं की पड़ताल का एकमात्र आधार नहीं था। लेकिन यह स्थिति सन 1999 में एनडीए के सत्ता पर काबिज होने तक ही रही। फिर मानव संसाधन विकास मंत्री के तौर पर मुरली मनोहर जोशी ने 'इतिहास और पाठ्यक्रम के भगवाकरण' की परियोजना पर अमल शुरू किया। भगवाकरण के तहत मोटे तौर पर इतिहास की समझ को हिन्दू राष्ट्रवादी विचारधारा के इर्दगिर्द विकसित करने का प्रयास किया गया। यह 'गौरवशाली हिन्दू राजा बनाम दुष्ट मुस्लिम राजा' के नजरिए पर आधारित थी। इसके अतिरिक्त आस्था पर आधारित विषयों जैसे ज्योतिष आदि को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया। 'पुत्र कामेष्ठि यज्ञ' (पुत्र प्राप्ति हेतु अनुष्ठान) जैसे कर्मकांड पाठ्यक्रम का भाग बन गए।

सन 2004 में यूपीए के सत्ता में आने के बाद इस भगवाकरण को कुछ कम करने का प्रयास किया गया। अब भाजपा शासन में साम्प्रदायिकीकरण की इस प्रक्रिया को 'तर्कसंगतता' के नाम पर दुबारा बढ़ावा दिया जा रहा है। एनसीईआरटी, सत्ताधारियों को चुभने वाले पाठ्यक्रम के हिस्सों को हटाने के लिए यह बहाना बना रहा है कि कोविड महामारी और लाकडाउन के कारण छात्रों पर अतिरिक्त दबाव पड़ा और इस कारण उन पर पर बोझ कम करना जरूरी है। जल्दबाजी में बिना सोचे-समझे किए गए इन 'विलोपनों' से इतिहास की कड़ियां टूट रही हैं और इससे कई इतिहासवेत्ता हक्का-बक्का हैं। उन्होंने इस पूरी प्रक्रिया पर निराशा व्यक्त की है, जिसमें मुगलों से संबंधित अंशों को हटा दिया गया है जबकि विजयनगर साम्राज्य से संबंधित अंश अभी भी पाठ्यक्रम में हैं।

सत्ताधारी हिन्दू राष्ट्रवादियों की दृष्टि में इस्लाम एक 'विदेशी' धर्म है और मुस्लिम राजा आक्रांता थे जो तलवार की नोंक पर इस्लाम को फैलाने के लिए यहां आए थे। इस अवधि में समाज के विभिन्न वर्गों के बीच मेलमिलाप और समन्वय संबंधी विवरण हटा दिए गए हैं। भगवा चिंतक उस कालखण्ड में हुए सिक्ख धर्म, भक्ति और सूफी परंपरा के उदय को कैसे प्रस्तुत करेंगे यह देखने वाली बात होगी। मुगल काल या ऐसे ही किसी अन्य काल को मात्र राजा के धर्म के आधार पर नहीं समझा जा सकता। अंग्रेजों ने फूट डालो और राज करो की अपनी नीति को लागू करने के लिए यह रास्ता चुना। मध्यकाल में मुस्लिम और हिन्दू राजाओं के बीच गठजोड़ के सारे उदाहरण भी इतिहास लेखन के इस मॉडल में गायब कर दिए जाएंगे। उदाहरण के लिए हल्दी घाटी की लड़ाई में अकबर के मुख्य सेनापति राजा मानसिंह थे और राणा प्रताप के दो सैन्य प्रमुखों में से एक हाकिम खान सूर थे।

पुस्तकों को 'सुसंगत' बनाने की इस कवायद का सबसे प्रमुख भाग है इतिहास से मुसलमानों को 'डिलीट' कर देना। परंतु इसके साथ ही कुछ अन्य घटनाओं और व्यक्तित्वों को भी इतिहास से गायब कर दिया गया है। जो घटनाएं और जो व्यक्तित्व गायब किए गए हैं वे चिल्ला-चिल्लाकर बता रहे हैं कि सरकार का असली एजेंडा क्या है।

गांधीजी की जिंदगी लोगों में सद्भाव और प्रेम बढ़ाने पर केन्द्रित थी। वे हिन्दुओं और मुसलमानों की एकता के हामी थे। यह तथ्य इतिहास से डिलीट किया जा रहा है। जो वाक्य हटाया गया है वह इस प्रकार था - "हिन्दू-मुस्लिम एकता के लिए उनके (गांधीजी) द्वारा लगातार किए जा रहे दृढ़ प्रयासों से हिन्दू अतिवादी इतने भड़क गए कि उन्होंने गांधीजी की हत्या करने के अनेक प्रयास किए...गांधीजी की मृत्यु का देश की साम्प्रदायिक स्थिति पर मानो जादुई असर पड़ा...भारत सरकार ने उन संगठनों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जो साम्प्रदायिक नफरत फैला रहे थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे संगठनों को कुछ समय के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया...।"

साम्प्रदायिक राजनीति के चलते ही गुजरात में सन 2002 में भयावह साम्प्रदायिक हिंसा हुई थी जिसके लिए गोधरा में ट्रेन में आग लगने की घटना को बहाना बनाया गया था। अब इस हत्याकांड की चर्चा इतिहास की किताबों से हटाई जा रही है विशेषकर ऐसे हिस्से जिनमें भाजपा की भूमिका का संकेत हो। उदाहरण के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कहा था कि सरकार कत्लेआम को रोकने में विफल रही जबकि वह आसानी से ऐसा कर सकती थी क्योंकि उसे सेना की एक बड़ी टुकड़ी उपलब्ध थी। परंतु उसने तीन दिन तक उसका उपयोग नहीं किया। जिन हिस्सों को किताब से हटाया गया है उनमें यह अत्यंत उपयुक्त टिप्पणी शामिल है, "गुजरात जैसी घटनाएं हमें राजनैतिक उद्धेश्यों के लिए धार्मिक भावनाओं के इस्तेमाल के खतरों के प्रति आगाह करती हैं। इस तरह की घटनाएं प्रजातांत्रिक राजनीति के लिए अच्छी नहीं हैं"। किताबों से तत्कालीन प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी की उस समय राज्य के मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी को राजधर्म का पालन करने की सलाह भी किताबों से हटा दी गई है। यह पंक्ति थी, "मेरी मुख्यमंत्री को एक ही संदेश है कि वे राजधर्म का पालन करें। शासक को जाति, धर्म और नस्ल के आधार पर अपने प्रजाजनों के बीच भेदभाव नहीं करना चाहिए।"

साम्प्रदायिक राजनीति का एक महत्वपूर्ण एजेंडा होता है प्रजातंत्र का गला घोंटना और जनांदोलनों को कुचलना। पिछले कुछ दशकों में देश में जो जनांदोलन हुए उनमें से कई को किताबों से गायब कर दिया गया है। चिपको आंदोलन को डिलीट कर दिया गया है और उसी तरह आदिवासियों के अधिकारों और पर्यावरण की रक्षा के लिए चलाए गए नर्मदा बचाओ आंदोलन की चर्चा भी अब पाठ्यपुस्तकों में नहीं होगी। साम्प्रदायिक राजनीति यह भी सुनिश्चित करना चाहती है कि दलित और आदिवासी हमेशा समाज के सबसे निचले पायदान पर बने रहें और इसीलिए किताबों से दलित पैंथर आंदोलन की चर्चा भी हटा दी गई है। सन 1970 के दशक में चले इस आंदोलन ने आम दलितों को उनकी स्थिति और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया था। यह आंदोलन एक तरह से दलितों का विद्रोह था। इसी तरह सूचना का अधिकार आंदोलन को भी अब किताबों में जगह नहीं मिलेगी। यह आंदोलन शायद आम लोगों को सशक्त करने के प्रजातांत्रिक आंदोलनों में से सबसे महत्वपूर्ण था।

जाति के उदय के लिए पहले से ही विदेशियों को जिम्मेदार बताया जा चुका है। अतः पुस्तकों से वे सब अंश हटाए जाने होंगे जिनमें जाति के उदय के लिए भारतीयों को जिम्मेदार बताया गया है। ऐसा ही एक अंश जिसे डिलीट कर दिया गया है कहता है, "पंडितों ने यह भी कहा कि इन समूहों का निर्धारण जन्म से होता है...बाद में उन्होंने कुछ समूहों को अछूत के रूप में वर्गीकृत कर दिया। इनमें शामिल थे कुछ शिल्पकार, शिकारी, वन उत्पादों को इकट्ठा कर उनसे अपना जीवनयापन करने वाले और वे लोग जो अंतिम संस्कार में मदद करते थे। पंडितों ने कहा कि ऐसे समूहों के साथ संपर्क प्रदूषित करने वाला होता है...।" "...जाति व्यवस्था का संचालन करने के लिए नियम बनाए गए जिनके अंतर्गत कथित अछूत केवल उनके लिए निर्धारित काम ही कर सकते थे। उदाहरण के लिए कुछ समूहों को मृत पशुओं के शवों को ठिकाने लगाने और कूड़ा-कचरा साफ करने पर मजबूर किया जाने लगा। मगर उन्हें ऊंची जातियों के लोगों के घरों में घुसने, गांव के कुएं से पानी भरने और मंदिरों में प्रवेश करने की इजाजत नहीं थी। उनके बच्चे स्कूलों में अन्य जातियों के बच्चों की बगल में नहीं बैठ सकते थे..."।

नेहरू की आधुनिक भारत के मंदिरों की परिकल्पना को भी किताबों से हटा दिया गया है। आखिर नेहरू और सांप्रदायिक सोच एक ही किताब में एक साथ कैसे रह सकते थे. जो वाक्य हटाया गया है वह यह हैः ₹आखिर इस जगह, इस भाखड़ा नंगल से महान क्या हो सकता है जहाँ हजारों और लाखों ने अपना खून-पसीना बहाया और अपने जीवन का बलिदान भी दिया."

इसी तरह 'लोकतंत्र व विविधता' शीर्षक अध्याय और आपातकाल, जिस दौरान प्रेस और नागरिक स्वतंत्रताएं बहुत सीमित कर दी गईं थीं, पर टिप्पणियों को भी हटा दिया गया है। कुल मिलाकर जो कुछ हटाया गया है वह सिर्फ मुगलों तक सीमित नहीं है बल्कि असल में यह साम्प्रदायिक राजनीति के एजेंडे को लागू करने का प्रयास है।

**(लेखक आईआईटी मुंबई में पढ़ाते थे और सन 2007 के नेशनल कम्यूनल हामोर्नी एवार्ड से सम्मानित हैं)**

**जल्दबाजी में बिना सोचे-समझे किए गए इन 'विलोपनों' से इतिहास की कड़ियां टूट रही हैं और इससे कई इतिहासवेत्ता हक्का-बक्का हैं। उन्होंने इस पूरी प्रक्रिया पर निराशा व्यक्त की है, जिसमें मुगलों से संबंधित अंशों को हटा दिया गया है जबकि विजयनगर साम्राज्य से संबंधित अंश अभी भी पाठ्यक्रम में हैं। सत्ताधारी हिन्दू राष्ट्रवादियों की दृष्टि में इस्लाम एक 'विदेशी' धर्म है और मुस्लिम राजा आक्रांता थे जो तलवार की नोंक पर इस्लाम को फैलाने के लिए यहां आए थे।**

# नागरिक पत्रकारिता का महत्व

प्रसंगवश

शैलेन्द्र चौहान



पत्रकारिता जो ऐसे लोगों द्वारा संचालित की जाती है जो पेशेवर पत्रकार नहीं हैं लेकिन आज जो वेब साइटों , ब्लॉगों और सोशल मीडिया का उपयोग करके जानकारी का प्रसार करते हैं। पूर्व में समाचार पत्रों में सीमित हस्तक्षेप या वैकल्पिक माध्यमों यथा छोटे छोटे बुलेटिन, पोस्टर, पैंफलेट या स्थानीय लघु अखबारों में अपनी बात प्रकाशित करते थे। नागरिक पत्रकार प्रशिक्षित पेशेवरों की तरह विश्वसनीय हैं या नहीं, इस पर निरंतर चिंताओं के बावजूद नागरिक पत्रकारिता ने अपने विश्वव्यापी प्रभाव का विस्तार किया है। आपदा क्षेत्रों में नागरिकों ने दृश्य से तत्काल टेक्स्ट और दृश्य रिपोर्टिंग प्रदान की है। राजनीतिक उथल-पुथल से प्रभावित देशों में और अक्सर उन देशों में जहां सरकार द्वारा प्रिंट और प्रसारण मीडिया को नियंत्रित किया जाता है, लोगों ने हॉट स्पॉट के बारे में जानकारी साझा करने के लिए कई तरह के तकनीकी उपकरणों का इस्तेमाल किया है। इन घटनाक्रमों की पृष्ठभूमि में घूमना इस बात पर बहस थी कि क्या नागरिक पत्रकारिता शब्द अपने आप में सटीक है।

दक्षिण कोरिया में शब्द और अभ्यास दोनों घनीभूत हुए , जहां ऑनलाइन उद्यमी ओह योन-हो ने 2000 में घोषित किया कि ₹प्रत्येक नागरिक एक रिपोर्टर है।₹ ओह और तीन दक्षिण कोरियाई सहयोगियों ने 2000 में एक ऑनलाइन दैनिक समाचार पत्र शुरू किया, क्योंकि उन्होंने कहा, वे पारंपरिक दक्षिण कोरियाई प्रेस से असंतुष्ट थे। पेशेवरों को काम पर रखने और अखबार छापने का खर्च वहन करने में असमर्थ , उन्होंने शुरूआत कीओहमीन्यूज, एक वेब साइट जो अपनी सामग्री उत्पन्न करने के लिए स्वयंसेवकों का उपयोग करती है। साइट की सातवीं वर्षगांठ पर एक भाषण में, ओह, फर्म के अध्यक्ष और सीईओ, ने कहा कि समाचार साइट एक देश में 727 नागरिक पत्रकारों के साथ शुरू हुई और 2007 तक 100 देशों से रिपोर्टिंग करने वाले 50,000 योगदानकताओं तक पहुंच गई।

तब से इंटरनेट ने हजारों समाचार साइटों और लाखों ब्लॉगर्स को जन्म दिया है। पारंपरिक समाचार मीडिया, पाठकों और दर्शकों की घटती संख्या से जूझते हुए, अपने स्वयं के पत्रकारों द्वारा अपनी स्वयं की वेब साइटों और ब्लॉगों के साथ मैदान में कूद पड़े, और कई समाचार पत्रों ने पाठकों को अपनी वेब साइटों पर सामुदायिक समाचार योगदान करने के लिए आमंत्रित किया। कुछ समूहों ने अपनी ₹हाइपरलोकलर₹ ऑनलाइन समाचार साइटों को अपने पड़ोस में होने वाली घटनाओं या रुचि के विशेष विषयों को कवर करने के लिए शुरू किया जो कि बड़े मीडिया संगठनों द्वारा रिपोर्ट नहीं किए गए थे।

21वीं सदी की राजनीतिक घटनाओं में नागरिक पत्रकारिता ने प्रमुख भूमिका निभाई है। वेबसाइटजून 2009 में ईरानी राष्ट्रपति चुनाव के बाद हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान सूचना के प्रसार के लिए ट्विटर ने खुद को एक उभरते हुए आउटलेट के रूप में स्थापित किया । सरकारी सेंसरशिप को दरकिनार करने के लिए गैर-पारंपरिक मीडिया की क्षमता । मिस्र में, 2011 के विद्रोह के दौरान राष्ट्रपति हसनी मुबारक की सरकार का विरोध करने वाले कार्यकताओं ने अक्सर सोशल नेटवर्किंग वेब साइट फेसबुक पर समूह बनाकर खुद को संगठित किया ।

सिटिजन जर्नलिज्म शब्द जिसे हम नागरिक पत्रकारिता भी कहते है आज आम आदमी की आवाज बन गया है। यह समाज के प्रति अपने कर्तव्य को समझते हुए, संबंधित विषय को कंटेंट के माध्यम से तकनीक का सहारा लेते हुए अपने लक्षित समूह तक पहुंचाने का एक जज्बा है। वर्तमान में नागरिक पत्रकारिता कोई नया शब्द नहीं रह गया है बल्कि आज इस विधा से न जाने कितने ही लोग अपनी सशक्त भूमिका को निभाते हुए दिखाई देते है। आज नागरिक पत्रकारिता के माध्यम से किये गये प्रयासों से अनेकों सकारात्मक परिवर्तन अपने आस-पास होते हुए दिखाई भी देते है। जैसे-जैसे नागरिक पत्रकारिता की व्याप्ति बढ़ रही है वैसे-वैसे इसके तौर-तरीकों में भी बदलाव दिखाई देने लगा है। आज शब्दों के साथ-साथ वर्चुअल मीडिया, न्यू मीडिया, क्रॉस मीडिया का महत्व भी बढ़ गया है। इसलिये नागरिक पत्रकारिता के लिये अब कलम के साथ-साथ मोबाईल की ताकत, न्यू मीडिया की तकनीक व पहुँच को समझना भी आवश्यक हो गया है।

प्रश्न यह पूछा जाता है कि हम नागरिक पत्रकार क्यों बनें ? तो हम देख रहे हैं जिसे मुख्य धारा का मीडिया कहा जाता है वह न जाने कितने दबावों के असर में काम करता है। बाजार, व्यवसाय, पूंजीवादी हित आदि दबाव प्रत्यक्ष हैं। इसलिए उपरोक्त प्रश्न के सही चिंतन व विश्लेषण से ही सार्थक नागरिक पत्रकार बनने की दिशा तय होती है। तभी नागरिक पत्रकार किसी मीडिया संस्थान से न जुड़े होने के बावजूद भी निष्पक्ष भाव से समाचार सामग्री का सृजन कर पायेगा। नागरिक पत्रकारिता के कारण ही कौन से समाचार प्रकाशित एवं प्रसारित होंगे, ये निर्णय अब केवल कुछ मुठ्ठी भर लोगों का नहीं रह गया है। नागरिक पत्रकारिता की भूमिका व नये मीडिया तक उसकी पहुँच ने अब सारी सीमाओं को तोड़ दिया है। कभी-कभी तो यहां तक देखने में आता है कि किसी खबर को सर्वप्रथम नागरिक पत्रकारिता के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से सामने लाया गया और बाद में मुख्यधारा के मीडिया में वो खबर प्रमुखता से छा गई। नागरिक पत्रकारिता एक ओर जहाँ समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निवर्हन है वहीं दूसरी ओर मीडिया में समाज की सहभागिता बढ़ाने हेतु एक तरीका व अवसर भी है। हां फेक न्यूज, प्लांटेड न्यूज और सत्ता संस्थानों द्वारा प्रचारित पूर्वाग्रही सामग्री से सावधान रहने की विशेष आवश्यकता है।

सही मायने में नागरिक पत्रकारिता आम आदमी की अभिव्यक्ति है। आम आदमी से जुड़ी ऐसी अनेकों कहानियाँ हैं जो परिर्वतन की वाहक बनती हैं। व्यवस्था का ध्यान आकर्षित करना हो या व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर करना हो, नागरिक पत्रकारिता ने धीरे-धीरे एक प्रभावी जरिया बनकर उभरना प्रारंभ किया था। नागरिक पत्रकारिता जहाँ पर एक अवसर व अपनी भूमिका को निभाने का एक सशक्त माध्यम दिखाई देता है, वहीं इसमें अनके प्रकार की चुनौतियाँ भी हैं। नागरिक पत्रकारिता की सही से समझ व अवधारणा को लेकर भी कभी-कभी विरोधाभास दिखाई देता है। समाज में इसका स्पष्ट व एक जैसे स्वरूप का निर्धारण भी अभी दिखाई नहीं देता। नागरिक पत्रकारिता के नाम पर किसी के जीवन के व्यक्तिगत पहलू जिसका समाज से सीधा-सीधा कोई सरोकार नहीं है एवं सनसनीखेज खबरों को सोशल मीडिया के माध्यम से दिखा देना भी एक बड़ी चुनौती है। झूठ और उन्माद फैलाना, अंधविश्वास का प्रसार करना, अपर?ध को मंडित करना, चकाचौंध के प्रति सशक्त आकर्षण ऐसी चुनौतियां हैं जिनसे लक्ष्यभ्रष्ट होने की स्थिति बनती है। इससे समाज में अनैतिकता की वृद्धि होती है। इन सब चुनौतियों के बावजूद भी नागरिक पत्रकारिता में असीम संभावना है। वर्तमान तकनीक के माध्यम से पत्रकारिता के मूल्यों को ध्यान में रखते हुए, उपलब्ध माध्यमों का प्रयोग कर व्यक्ति नागरिक पत्रकारिता के रूप में अपने को स्थापित कर सकता है। नागरिक पत्रकारिता से शुरू होकर मुख्य मीडिया तक का सफर आज असंभव नहीं रह गया है।

पिछले कुछ वर्षों में देश में नागरिक पत्रकारिता के लिए स्थितियां तकनीकी तौर पर अनुकूल हुई हैं। इंटरनेट के विस्तार से इसे मजबूत रीढ़ मिली है। देश में डेटा की खपत अमेरीका और चीन की कुल डेटा खपत से भी ज्यादा है। नई पीढ़ी भी खबर की खोज में नए साधनों की ओर मुड़ने लगी है। वाट्स एप विश्वविद्यालय का भी उभार हुआ है जिससे मानसिक प्रदूषण को बढ़ावा मिला है फिर भी नागरिक पत्रकारिता ने स्थापित मीडिया को हर क्षेत्र में ललकारा है। नागरिक पत्रकारिता के प्रभाव से मुख्यधारा का मीडिया भी अछूता नहीं हैं। उसमें उत्पन्न बदलावों को महसूस किया जा सकता है। इसे आगे बढ़ाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है टेक्नोलॉजी ने। आज हर नागरिक अपने फोन के माध्यम से दुनिया के साथ हर पल जुड़ा हुआ है। वह कहीं से भी किसी को तस्वीरें, वीडियो और आलेख भेज सकता है। पहले कंटेंट का निर्माण कुछ विशेषज्ञों तक ही सीमित था। मौजूदा दौर में इंटरनेट से जुड़ा तकरीबन हर व्यक्ति लगातार कंटेंट का निर्माण ही नहीं कर रहा बल्कि उसे सतत सम्प्रेषित भी कर रहा है। सोशल मीडिया ने ऐसे एप्लिकेशन विकसित कर लिए हैं जिससे तकरीबन हर कोई अपनी भाषा में, चाहे सीमित दायरे में ही क्यों न हो, एक मीडियाकर्मी बन चुका है। फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सएप, वीचैट, टिकटॉक को आज किसी भी बड़े मीडिया संस्थान से कहीं बड़े मीडिया उपक्रम हैं। लेकिन ध्यान रखने की बात है कि इन सब प्लेटफॉर्म पर कंटेंट आम नागरिक ही बनाते और सम्प्रेषित करते हैं।

**संपर्कः 34/242, सेक्टर-3, प्रतापनगर, जयपुर-302033**
**मो.7838897877**

**यह समाज के प्रति अपने कर्तव्य को समझते हुए, संबंधित विषय को कंटेंट के माध्यम से तकनीक का सहारा लेते हुए अपने लक्षित समूह तक पहुंचाने का एक जज्बा है। वर्तमान में नागरिक पत्रकारिता कोई नया शब्द नहीं रह गया है बल्कि आज इस विधा से न जाने कितने ही लोग अपनी सशक्त भूमिका को निभाते हुए दिखाई देते है। आज नागरिक पत्रकारिता के माध्यम से किये गये प्रयासों से अनेकों सकारात्मक परिवर्तन अपने आस-पास होते हुए दिखाई भी देते है। जैसे-जैसे नागरिक पत्रकारिता की व्याप्ति बढ़ रही है वैसे-वैसे इसके तौर-तरीकों में भी बदलाव दिखाई देने लगा है।**

व्यंग्य

# मेरी कट्टर ईमानदारी



अरविंद तिवारी

परिजनों पर कोई असर नहीं पड़ा,जब मैंने खुद के कट्टर ईमानदार होने की घोषणा की।वे जानते हैं,मैं उम्र भर ईमानदार ही रहा हूं और वे पैसे की तंगी में गुजारा करते रहे।रिटायरमेंट के बाद कोई भी व्यक्ति बेईमान होने की शपथ नहीं ले सकता,क्योंकि उसके पास कोई काम ही नहीं होता।काम नहीं तो बेईमानी नहीं।बेईमानी का स्कोप न हो,तो अन्ना हजारे के उसूलों पर चलना ज्यादा मुफीद रहता है।यह बात दीगर है,कुछ लोग अन्ना हजारे बनने के प्रयास में कुछ और ही बन गए,जैसे किसी रोग की दवा खोजते खोजते,किसी अन्य रोग की दवा का फामूर्ला हाथ लग जाए!ऐसे चमत्कार अमूनन होते नहीं,पर अपवाद हर जगह है।पर अगर आप सुबह से शाम तक खाली हैं,किसी साहित्यिक गोष्ठी में भी शिरकत नहीं करते,तो कट्टर क्या,इससे भी सुपरलेटिव डिग्री में ईमानदार हो जाओ,कोई फर्क नहीं पड़ता।क्या पिद्दी और क्या पिद्दी का शोरबा!साहित्य में बेईमानी पुरस्कारों में हो सकती है,और कट्टर ईमानदारी भी वहीं देखी जा सकती है।इधर पुरस्कारों में एक के बाद एक जो बंद होने की प्रवृत्ति पनपी है,उसने पुरस्कारों से मेरा मोह भंग कर दिया।राजनीति वाले पुरस्कारों की बेईमानी देखकर ही मैं कट्टर ईमानदार बना हूं।जब तक आप पुरस्कार चयन समिति में नहीं रखे जाते,तब तक बेईमानी का कोई अर्थ ही नहीं रह जाता।

पिछले कई दिनों से मैं गांधी पार्क में देखा जा रहा हूं।घर तक सूचनाएं पहुंचाई जा रहीं हैं।मेरी चिंता यह है कि राजघाट दिल्ली में है और मैं कहीं जाने से पहले राजघाट नहीं जा सकता।अपने शहर की गांधी मूर्ति को राजघाट समझ लेता हूं,गो कि मेरे शहर में सी बी आई दफ्तर भी नहीं है।कट्टर ईमानदार होने की मेरी घोषणा और गांधी मूर्ति का सान्निध्य,दोनों को एकसाथ मिलाकर देखा जा रहा है।परिजन ज्यादा चिंतित नहीं हैं,क्योंकि मेरा शहर आगरा के नजदीक ही है।सत्तर पार आदमी वैसे भी आधा पागल कहा जाता हैऔर अगर डूबा हुआ साहित्यकार है,तो पचहत्तर प्रतिशत तक रेंज जा सकती है।

मैंने टाइम पास करने के लिए जब एक सियासी दल में काम करना चाहा, तो मेरी कट्टरता आड़े आ गई।वह दल किसी भी तरह की कट्टरता को पसंद नहीं करता था।इधर दिल्ली से ऐसे संकेत मिल रहे हैं,जिनके आधार पर अब,कट्टर ईमानदारी का अर्थ खोखला घोषित होने वाला है।जिस सियासी दल को ज्वाइन करना चाहता था वह जाति सम्बन्धी कट्टरता, मजहब सम्बन्धी कट्टरता, भाषा संबंधी कट्टरता,क्षेत्रवाद सम्बन्धी कट्टरता के कट्टर खिलाफ था।पर वह दल बेईमानी,ईमानदारी आदि के सम्बन्ध में समतामूलक भाव रखता था।उसके मुखिया ने कहा,हम कट्टर शब्द से नफरत करते हैं,इसलिए इनके अनुभव का लाभ नहीं ले पाएंगे।दूसरे हमारे यहां बेईमानी है,पर कट्टर बेईमानी नहीं है।ईमानदारी भी है,पर कट्टर ईमानदारी नहीं है।जो मित्र मुझे उस दल के पास ले गया था,उसने जुमला उछाला,काफि र से मुसलमान बनने में ज्यादा वक्त नहीं लगता जनाब!आदमी एडजस्ट करने वाला है,ढल जायेगा।पर उस सियासी दल ने मुझे नहीं लिया।

मोहल्ले में मेरे कट्टर ईमानदार होने की खबर फैल गई है।काम वाली बाई एडवांस मांगने लगी।दूध वाला दूध देना बंद कर गया।कल को यह कट्टर ईमानदार, दूध में पानी मिलाने का आरोप लगा सकता है।पूरे मोहल्ले के ग्राहक छूट सकते हैं।कुछ मित्रों का कहना है कि मैं ईमानदार हुआ ही नहीं,तो कट्टर ईमानदार कैसे हो गया?मैं उन्हें समझाता हूं,जैसे कभी कभी बिना पी एच डी किए ही किसी व्यक्ति को डी लिट की डिग्री मिल जाती है,उसी तरह मैं ईमानदारी के बिना ही कट्टर ईमानदार हो गया हूं।यह कोई सियासत वालों का एकाधिकार नहीं है कि वे ही कट्टर ईमानदार होने का दावा करें।लोग मेरी कट्टर ईमानदारी को बहुत हल्के में ले रहे हैं।उनका मानना है,बाजार की सर्वश्रेष्ठ जूते की दुकान की तरह है,यह कट्टर ईमानदारी!

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

## संक्षेप

### प्रतियोगिता में उत्कृष्ट अंक पाने वालों को किया गया सम्मानित



**आजमगढ़।** ठेकमा ब्लाक के तियरी मनीराम में अंबेडकर जयंती के अवसर पर पुरस्कार वितरण व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा जागरूकता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गये। बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर बाबा साहब के जीवन संघर्ष एवं उनके द्वारा दिये गए योगदान पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। तत्पश्चात जेबीएसएस सोशल एण्ड एजुकेशनल फाउंडेशन द्वारा 2 अप्रैल को आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अंशिका प्रजापति को रेंजर्स सायकिल, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विकास यादव को नोकिया मोबाइल एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले अंकित कुमार को शोनाटा कलाई घड़ी एवं 60 बच्चों को सांत्वना पुरस्कार मुख्य अतिथि मुकेश कुमार खण्ड शिक्षा अधिकारी देवरिया द्वारा दिया गया। जिसमे दीवाल घडी, मेडल व प्रमाण पत्र दिया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा 70 से अधिक शिक्षकों को बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन पर आधारित पुस्तक व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नितेश कुमार, बालजीत, रोहित, नीतेषू, अखिलेश, राजन, संजीव, डॉ विनय कुमार, पिंटू, संदीप, मुकेश, समाज सेवी राम अवतार स्नेही,साहब लाल मास्टर, कमलेश यादव प्रधान, शिखा, पूजा, मुस्कान आदि लोग उपस्थित थे।

### एमएलसी ने किया एसडीएफसी बैंक शाखा का उद्घाटन



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर पंचायत में एचडीएफसी बैंक शाखा का उद्घाटन मुख्य अतिथि एमएलसी यशवंत सिंह एवं विशिष्ट अतिथि डॉ.सरोज पांडेय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। जनपद में एचडीएफसी बैंक की यह तेरहवीं शाखा खुली। इस बैंक शाखा के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए एमएलसी यशवंत सिंह ने कहा कि भारत में ग्रामीण क्षेत्र का विकास सड़क एवं बैंक से ही संभव है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को समय पर अच्छी बैंकिंग की सुविधा उपलब्ध कराकर लोगों का विकास किया जा सकेगा जिससे स्वरोजगार के लिए विभिन्न प्रकार के ऋण आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। कलस्टर हेड कैफी रिजवी ने बताया कि वर्ल्ड क्लास बैंकिंग एक्सपीरियंस के तहत एचडीएफसी बैंक का कार्य करने का तरीका अन्य बैंकों से अलग होता है। प्रत्येक ग्राहक के लिए बैंक का स्टाफ पूरी तत्परता एवं जिम्मेदारी से काम करते हैं। इस बैंक शाखा के खुल जाने से लोगों को गवर्नमेंट योजनाओं के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के ऋण एवं बैंकिंग सेवाएं सुलभ कराई जाएगी। शाखा प्रबंधक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने अतिथियों का आभार जताया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अरविंद सिंह, हरीश तिवारी, राजेश सिंह, नीरज तिवारी, संदीप सिंह, मदन यादव, अरविंद सिंह, राजू शुक्ला सहित क्लस्टर हेड कैफी रिजवी, कप्तानगंज बीएम स्मिता त्रिपाठी, शुभम सिंह, अनुराग पांडे, नदीम अहमद, सत्यपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### दो भाई सहित शिक्षिका के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के कस्बा जीयनपुर निवासी अजित सिंह पुत्र दिलीप सिंह की तहरीर पर जीयनपुर पुलिस ने प्रबंधक व भाई सहित शिक्षिका माता के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। अजित सिंह पुत्र दिलीप सिंह का आरोप है कि उसने वर्ष 2019 और 2020 में जमीन लेने के लिए निजी विद्यालय के प्रबंधक साहिल यादव व भाई अभिनय यादव पुत्रगण संतविजय यादव व शिक्षिका माता पत्नी संतविजय निवासी जामेंतुलबनात को 2 लाख रुपये खाता संख्या 31706052298 व 2 लाख 90 हजार रुपये खाता संख्या 31706052298 और चेक संख्या 475998 स्टेट बैंक जीयनपुर से 90 हजार रुपये खनगह बहरामपुर में गाटा संख्या 62 की जमीन बेचने के नाम पर दिया गया। बार-बार जमीन लिखने के लिए कहा गया लेकिन न तो जमीन दिया और न पैसा। बार-बार टालमटोल करते रहे। जीयनपुर कोतवाली में अजित सिंह द्वारा तहरीर दिया गया। जिस पर कोतवाल यादवेंद्र पान्डेय ने तीनों लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा पंजीकृत कर जांच में जुटी हुई है।

### अध्यक्ष पद के लिए नौ ने खरीदा नामांकन फार्म

**बूढ़पुर (आजमगढ़)।** नगर पंचायत चुनाव के लिए विभिन्न पदों के लिए नामांकन फार्म प्रत्याशियों द्वारा खरीदे गए जिसमें अध्यक्ष पद के लिए बूढ़नपुर नगर पंचायत के 7 प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म खरीदा वहीं सभासद के लिए 31 प्रत्याशियों ने नामांकन और खरीदा। इसी प्रकार अतरौलिया नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन फार्म 2 प्रत्याशियों ने खरीदा। सभासद पद के नामांकन के लिए एक प्रत्याशी ने नामांकन फार्म खरीदा। तहसीलदार अभिषेक कुमार सिंह ने बताया बताया कि दोनों नगर पंचायतों को मिला करके अध्यक्ष पद के लिए 9 नामांकन फॉर्म बिके हैं। सभासद के लिए 32 फार्म बिके। नगर पंचायत अतरौलिया से 2 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन किया। सभासद पद के लिए 11 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। वहीं बूढ़नपुर नगर पंचायत से अध्यक्ष पद के लिए एक प्रत्याशी ने नामांकन किया। सभासद के लिए 2 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन किया।

### नगरीय निकाय चुनाव के लिए बना कंट्रोल रूम

**आजमगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) विशाल भारद्वाज ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 के निर्वाचन को सकुशल, शान्तिपूर्ण एवं निर्विघ्न ढंग से कराये जाने हेतु कलेक्ट्रेट में स्थित तृतीय तल कक्ष संख्या-66 में स्थापित दूरभाष नम्बर- 05462-357178 एवं ई-मेल एड्रेस ggiccovid1@gmail.com को कन्ट्रोल रूम के रूप में स्थापित किया गया है। जिसके प्रभारी अधिकारी विद्या शंकर पाण्डेय अपर मुख्य अधिकारी आजमगढ़ मो. नं.- 9454417172 को बनाया गया है। नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 से सम्बन्धित कोई शिकायत, सुझाव हो तो कन्ट्रोल रूम में दर्ज करा सकते हैं।

### बिजली की ट्रिपिंग से जनता बेहाल

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय क्षेत्र में जर्जर तारों की वजह से बार बार विद्युत ट्रिपिंग होने से उपभोक्ताओं में आक्रोश है। इस तपन भरी गर्मी में रोजेदारों सहित अन्य लोग बेहाल हैं। फूलपुर विद्युत उपखण्ड अंतर्गत अवर अभियंता वर्षों पुराने विद्युत तार पोल आदि बदलने के लिए जिले के उच्चाधिकारियों को पत्र लिखते रहे। परंतु विद्युत उच्चाधिकारियों ने संज्ञान में भी लिया और टेंडर करके कार्यदायी संस्था मोंटी कार्लो को ठेका दे दिया। गांवों में पोल और तार बदलने का कार्य भी शुरू हो गया। परन्तु समय से पूर्व तपिस बढ़ने के कारण उपभोक्ता विद्युत का उपयोग बढ़ा दिया जिसके कारण पुराने तार केबल में फाल्ट आने लगा जिसके कारण दिन रात विद्युत कर्मियों की भाग दौड़ बढ़ गयी और आपूर्ति बाधित हो रही है। उपखण्ड अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि एक तो तपिस गर्मी के कारण उपकरण गर्म हो जा रहे हैं। उपर से एक साथ लोड बढ़ जा रहा है जिसके कारण उपकरण फेल हो जा रहे हैं। मई तक ट्रांसफार्मर केबल पुराने तार पूरी तरह बदले जाने के लिए सभी प्रयासरत थे। पर अप्रैल में ही इस कदर गर्मी बढ़ जाएगी उम्मीद नही थीं जिसके कारण आपूर्ति बाधित हो रही है। जल्द से जल्द नए उपकरण और ट्रांफार्मर की क्षमता बढ़ जाने पर बिद्युत आपूर्ति की ब्यवस्था सही हो जाएगी।

### डा.हरिश्चन्द्र यादव चुने गये आक्टा के निर्विरोध कोषाध्यक्ष

**आजमगढ़।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय संघटक महाविद्यालय शिक्षक संघ (आक्टा) के चुनाव में आजमगढ़ के बूढनपुर एकडंगी गांव निवासी सहायक प्राध्यापक डा.हरिश्चन्द्र यादव के निर्विरोध कोषाध्यक्ष चुने जाने पर गृह जनपद में हर्ष की लहर व्याप्त है। लगातार इन्हें और इनके परिजनों को बधाई देने का क्रम जारी है। एकडंगी गाव निवासी वीरबल यादव के सबसे छोटे पुत्र डा. हरिश्चन्द्र यादव बचपन से ही प्रतिभावान रहे और 2016 में सहायक प्राध्यापक (भौतिक विज्ञान) पद पर चयन हुआ। वर्तमान में चैधरी महादेव प्रसाद डिग्री कालेज प्रयागराज में डा.यादव अपनी सेवा दे रहे हैं। डा. हरिश्चन्द्र यादव लगातार शिक्षक हितों को लेकर काफी जुझारू रहे और इसी का परिणाम रहा कि इलाहाबाद विवि संघटक महाविद्यालय शिक्षक संघ के चुनाव में निर्विरोध कोषाध्यक्ष चुने गए। इस बाबत डा.हरिश्चन्द्र यादव ने बताया कि जीवन में माता-पिता के दिए गए संस्कार ने हमें जुझारू बनाया है और इस सेवाकाल में आक्टा के माध्यम से शिक्षक साथियों की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने युवाओं से कहा कि लक्ष्य के पीछे कड़ी मेहनत करने से निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। बधाई देने वालों में विधायक डा.संग्राम यादव, डा.श्रीराम चन्द्र यादव, सुनील कुमार सिंह शास्त्री, चंदू सरोज, डॉ.शिव प्रसाद यादव, डॉ.शरफराज अहमद, अमरेश्वर चौबे, कन्हैया पांडेय, अवध नारायण यादव, ज्ञानेंद्र सिंह, अमर सिंह, प्रिंस, अतुल सिंह आदि शामिल हैं।

### आर्य समाज का वार्षिकोत्सव 24 से

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** आर्य समाज का तीन दिवसीय 80वां वार्षिकोत्सव कस्बे में 24 अप्रैल को मनाया जायेगा। प्रथम दिन बाजार में शोभायात्रा झांकी, पथ संचालन होगा। विद्वानों द्वारा प्रबचन प्रतिदिन होगा। समापन 26 अप्रैल को होगा। इस आशय की जानकारी आर्य कुमार ने दी है।

# अध्यक्ष व सभासद पदों के लिए हुई नामांकन पत्रों की बिक्री

ज्नसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** नगर पालिका चुनाव आजमगढ़, व बिलरियागंज के अध्यक्ष व सभासद पदो के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री हुई जबकि मुबाकरपुर से एक भी नामांकन पत्र नही खरीदा गया।

आजमगढ़ नगर पालिका चुनाव के लिए अध्यक्ष पर मंगलवार को एक भी नामांकन पत्र की बिक्री नहीं हुई जबकि सभासद पद के लिए 25 नामांकन पत्र खरीदे गये। बिलरियागंज नगर पालिका के लिए 5 अध्यक्ष पद के लिए तथा 51 सभासद पद के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री हुई वहीं मुबाकरपुर नगर पालिका के लिए अध्यक्ष व सभासद पदों के लिए एक भी नामांकन पत्रों की बिक्री नहीं हुई। नामांकन स्थल पर सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल को तैनात किया गया है।



नामांकन स्थल पर तैनात पुलिस।



नामांकन पत्रों की खरीदारी करते लोग।

**लालगंज प्रतिनिधि** के अनुसार स्थानीय निकाय चुनाव हेतु दूसरे दिन नामांकन पत्रों की बिक्री व जमा करने का कार्य कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो गया।

दूसरे दिन मंगलवार को अध्यक्ष पद का एक तथा सदस्य पद हेतु 18 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई तथा वार्ड नम्बर 2 से निर्मला, वार्ड नम्बर 4 से अरविन्द, वार्ड नम्बर 11 से साहबराज ने नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। नगर पंचायत कटघर लालगंज के अध्यक्ष पद हेतु मंगलवार को पार्वती ने नामांकन पत्र खरीदा तथा विभिन्न वार्डो से सदस्य पद हेतु कुल 18 नामांकन पत्र खरीदे गये।

नामांकन जमा करते समय सहायक निर्वाचन अधिकारी द्वारा आयोग द्वारा दिए गए निदेर्शों के विपरीत अनावश्यक कागजात मागा जा रहा था जिससे प्रत्याशियों को काफी भागदौड़ करना पड़ा जिसकी शिकायत उप जिलाधिकारी से किया गया। उपजिलाधिकारी ने सहायक निर्वाचन अधिकारी को समझाया लेकिन उसका कोई असर नही दिखा। जगह-जगह बैरिकेटिंग कर तहसील भवन को घेर दिया गया है। तीन बजे तक नामांकन स्थल तक किसी को जाने नही दिया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक देवगांव गजानन्द चैबे व चैकी प्रभारी लालगंज पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में लगे थे।

## साइबर ठगी के मामले में तीन गिरफ्तार

### 11 लाख नकदी, फ्रिज व मोबाइल बरामद

**आजमगढ़।** फेसबुक पर विदेशी महिला बनकर लोगो से दोस्ती कर महंगे गिफ्ट व करोड़ो रुपये देने के बहाने 18 लाख की साइबर ठगी करने वाले गैंग के 3 वांछित साइबर अपराधियों को पुलिस ने नालन्दा बिहार से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। बैंक खातो में 11 लाख रुपया फ्रीज व 5 मोबाइल फोन बरामद किया।

बीते 19 अक्टूबर 2022 को राजेश कुमार, सिधारी आजमगढ़ ने साइबर क्राइम थाना में प्रार्थना पत्र दिया कि फेसबुक पर विदेशी महिला लूसी चार्लोट ने दोस्ती कर 25,000 यूके पाउण्ड व महंगे उपहार देने के नाम पर मुझसे करीब 18 लाख रुपए की साइबर धोखाधड़ी कर ली है। सूचना के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गयी। विवेचना से नवादा ० नालन्दा बिहार अंतर्राज्यीय साइबर गैंग के 5 अभियुक्तों का नाम प्रकाश में आया था, जिसमे एक अभियुक्त सौरभ कुमार निवासी वारिसलिनगंज जिला नवादा बिहार को पूर्व में गिरफ्तार किया गया था व 4 अभियुक्त मौके से फरार हो गए थे। 16 अप्रैल को वांछित अंतर्राज्यीय साइबर गैंग के 3 अभियुक्त रिपेश कुमार उर्फ.बिट्टू पुत्र रंजय कुमार निवासी ग्राम सुन्दरपुर थाना कतरी सराय जिला नालंदा बिहार, दिलीप कुमार पुत्र नीरू राउत निवासी ग्राम मायापुर थाना कतरी सराय जिला नालंदा बिहार ० रौशन कुमार उर्फ. कारू पुत्र स्व.उदय नारायण प्रसाद निवासी ग्राम पांची थाना शेखुपुर सराय जिला शेखपुरा बिहार को गिरफ्तार कर लिया। एक अन्य अभियुक्त रिपान्शु कुमार पुत्र मुद्रिका प्रसाद निवासी मिरबिघा चकवे थाना वारिसलिन गंज जिला नवादा बिहार फरार हो गया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों को संबंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया।



साइवर थाने में गिरफ्तार अभियुक्त।

## ब्लैक पॉटरी को हेरिटेज गैलरी में मिला स्थान



ब्लैक पाटरी का अवलोकन करती कुलपति निर्मला एस मौर्य।

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय की हेरिटेज गैलरी में आजमगढ़ जनपद के निजामाबाद में बनने वाली ब्लैक पॉटरी को भी स्थान दिया गया है।

मंगलवार को विश्व विरासत दिवस के अवसर पर पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस मौर्य ने हेरिटेज गैलरी के अवलोकन के दौरान निजामाबाद में निर्मित होने वाले मिट्टी की कलाकृतियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल के कलाकारों द्वारा निर्मित की जाने वाली कलाकृतियां पूरे विश्व में देश का नाम रोशन कर रही है। पूर्वांचल विश्वविद्यालय की हेरिटेज गैलरी में निजामाबाद की ब्लैक पॉटरी की कृतियों को प्रदर्शित किया गया है जिसमें फूलदान, स्टैंड प्लेट, कप प्लेट, गिलास, स्टैंड गिलास, बड़ी जाली लैम्प, गणेश जी और भगौना आदि उत्पाद है। इन कलाकृतियों के साथ ही बड़ी आकर्षक ढंग से भित्ति चित्र भी बनवाई गई है जिसमें निजामाबाद की संस्कृति को दिखाया गया है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय कुमार राय एवं समन्वयक डॉ.मनोज मिश्र ने कलाकृतियों की काफी प्रशंसा की है। कल्चरल क्लब के नोडल अधिकारी डॉ.दिग्विजय सिंह राठौर ने बताया कि विश्वविद्यालय का यह प्रयास है कि पूर्वांचल की संस्कृति को युवा पीढ़ी से जोड़े रखें। इसी क्रम में पूर्वांचल के विभिन्न जनपदों की कलाकृतियों को हेरिटेज गैलरी में स्थान दिया जा रहा है।

## लेखाधिकारी को निलंबित करने की मांग

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (सेवारत) का एक प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को अपर आयुक्त मंडल आजमगढ़, जिलाधिकारी, तथा संयुक्त शिक्षा निदेशक मंडल आजमगढ़ से उनके कार्यालय में प्रदेश मंत्री शैलेष राय के नेतृत्व में मिला तथा लेखाधिकारी, कार्यालय संयुक्त शिक्षा निदेशक मंडल आजमगढ़ सुरेंद्र नाथ चैबे को तत्काल निलंबित करने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि यह अधिकारी जब बलिया में लेखाकार थे तो इन्होंने घूसखोरी के अंतिम पड़ाव पर अपनी पहुंच बनायी हुई थी। वही स्थिति लेखाधिकारी के रूप में इनकी है। जीपीएफ अंतिम भुगतान तथा पेंशन में दस प्रतिशत कमीशन मांग रहे हैं। प्रदेश मंत्री ने कहा कि अधिकारियों ने आश्वस्त किया ि कइस प्रभारी लेखाधिकारी को हटाकर बहुत जल्द ही किसी अन्य लेखाधिकारी को प्रभार दिलाकर जीपीएफ एवं पेंशन की पत्रावलियों का निस्तारण कराया जायेगा। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश मंत्री शैलेष राय, बालकेश दूबे, शेषनाथ मिश्र, साकेत चतुवेर्दी, नागेंद्र कुमार, सुनील राय, दिनेश सिंह, रविशंकर लाल, अभय श्रीवास्तव शामिल रहे।

## अनुपस्थिती पर दस संविदा कर्मियों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने मंगलवार को मण्डलीय चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने एक्स-रे कक्ष, रिपोर्टिंग कक्ष, फिजिशियन कक्ष, फीवर क्लिनिक, हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त किया। डीएम ने आकस्मिक निरीक्षण के दौरान संविदा कर्मी अनूप श्रीवास्तव, ऋषिकेश चैहान, राजू प्रजापति, गौरव कुमार, अफजाल अहमद, सतीश चन्द्र पाठक, शैलेन्द्र कुमार, शुभम मौर्य, रंजन मिश्रा, डॉ.स्मृति मिश्रा तथा अनीता यादव को अनुपस्थित पाये जाने पर जिलाधिकारी ने तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि संतोषजनक जवाब न मिलने पर सेवा समाप्त कर दी जाए। निरीक्षण के दौरान नियमित कर्मचारी नरेश चन्द्र पाल वरिष्ठ सहायक, अविनाश श्रीवास्तव वरिष्ठ सहायक, ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह वरिष्ठ सहायक, दिलीप कुमार चैबे वरिष्ठ सहायक, एसएन सिंह प्रधान सहायक तथा सच्चिदानन्द सिंह प्रशासनिक अधिकारी के अनुपस्थित पाये जाने पर जिलाधिकारी ने कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने प्रातः 10:30 बजे चिकित्सक का कमरा बन्द पाये जाने पर उससे संबंधित सभी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही सम्पूर्ण मण्डलीय चिकित्सालय का भ्रमण किया एवं मरीजों के वार्डों में जाकर मरीजों से मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर करायें। उन्होने कहा कि कोविड के दृष्टिगत कोविड प्रोटोकाल का पालन कराना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि यदि चिकित्सक द्वारा बाहर से किसी भी मरीज को दवाइयां लिखी जाती हैं तो उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.आईएन तिवारी सहित मण्डलीय चिकित्सालय के अन्य चिकित्सा कर्मी उपस्थित रहे।



मंडलीय चिकित्सालय का निरीक्षण करते डीएम विशाल भारद्वाज।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भीरा, वि0ख0 ठेकमा, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**
वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्प्यूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूशा-चोकर/प्रबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 19.04.2023 से 24.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्यान्ह 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 28.04.2023 समय दोपहर 01 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 18.04.2023
(सुरेश पासी) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. भीरा, वि.ख. ठेकमा आजमगढ
(विजय प्रताप यादव) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. भीरा, वि.ख. ठेकमा आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत चन्द्रभानपुर, वि0ख0 ठेकमा, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**
वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्प्यूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूशा-चोकर/प्रबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 19.04.2023 से 24.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्यान्ह 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 28.04.2023 समय सुबह 11.30 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 18.04.2023
(सीमा देवी) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. चन्द्रभानपुर, वि.ख. ठेकमा आजमगढ
(विजय प्रताप यादव) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. चन्द्रभानपुर, वि.ख. ठेकमा आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत मसीवीरमउवा, वि0ख0 जहानागंज, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**
वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, इंटरलाकिंग रोड, सीसी रोड, खड़ंजा निर्माण व मरम्मत/प्रबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य के लिए अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।
इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 19.04.2023 से 24.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 25.04.2023 समय सुबह 11.30 बजे।
पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 18.04.2023
(आलोक कुमार यादव) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. मसीवीरमउवा, वि.ख. जहानागंज आजमगढ़
(सतीश सिंह) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. मसीवीरमउवा, वि.ख. जहानागंज आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत भोपालपुर, वि0ख0 ठेकमा, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**
वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्प्यूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूशा-चोकर/प्रबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 19.04.2023 से 24.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्यान्ह 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 28.04.2023 समय सुबह 10.30 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 18.04.2023
(सौम्या सिंह) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. भोपालपुर, वि.ख. ठेकमा आजमगढ
(विजय प्रताप यादव) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. भोपालपुर, वि.ख. ठेकमा आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत खुन्दनपुर, वि0ख0 ठेकमा, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**
वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्प्यूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूशा-चोकर/प्रबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 19.04.2023 से 24.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्यान्ह 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 28.04.2023 समय सुबह 11 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 18.04.2023
(फुरकान) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. खुन्दनपुर, वि.ख. ठेकमा आजमगढ
(विजय प्रताप यादव) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. खुन्दनपुर, वि.ख. ठेकमा आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत भदसारी, वि0ख0 ठेकमा, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**
वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्प्यूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूशा-चोकर/प्रबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 19.04.2023 से 24.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्यान्ह 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 28.04.2023 समय दोपहर 12 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 18.04.2023
(आशा राय) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. भदसारी, वि.ख. ठेकमा आजमगढ
(विजय प्रताप यादव) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. भदसारी, वि.ख. ठेकमा आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत बहादुरपुर, वि0ख0 ठेकमा, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**
वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्प्यूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूशा-चोकर/प्रबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 19.04.2023 से 24.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्यान्ह 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 28.04.2023 समय सुबह 10 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 18.04.2023
(संजय कुमार यादव) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. बहादुरपुर, वि.ख. ठेकमा आजमगढ
(विजय प्रताप यादव) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. बहादुरपुर, वि.ख. ठेकमा आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत गिड़उर, वि0ख0 ठेकमा, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**
वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्प्यूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट, भूशा-चोकर/प्रबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 19.04.2023 से 24.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्यान्ह 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 28.04.2023 समय दोपहर 01.30 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 18.04.2023
(रामाश्रय प्रजापति) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. गिड़उर, वि.ख. ठेकमा आजमगढ
(विजय प्रताप यादव) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. गिड़उर, वि.ख. ठेकमा आजमगढ़

# प्रेम और भाईचारे के साथ सभी लोग करें मतदान : डीएम

**बैठक**

## संवेदनशील बूथों का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

### बूथ पर चौपाल लगाकर सुनी जनता की समस्यायें

**लालगंज।** विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने संवेदनशील एवं अति संवेदनशील बूथों के निरीक्षण के दौरान थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रामपुर वासित अली परिसर में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने चौपाल लगाकर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करने की अपील की। ग्रामवासियों को आचार संहिता का पालन करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि छानबे विधानसभा के उपचुनाव के मद्देनजर चौपाल आप लोगों के बीच लगाई गई है जिसमें आप लोग शांति पूर्वक बढ़-चढ़कर मतदान करें। कहा कि मतदान निर्भीक होकर करें। किसी के प्रलोभन में न आए। लोगों को हिदायत देते हुए कहा कि यदि किसी प्रकार का दंगा फसाद या कोई अप्रिय घटना करने की कोशिश करेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।



स्कूल पर जनता से रू-ब-रू होतीं डीएम व एसपी

### सभासद के खरीदे गये 41 नामांकन पत्र

**चुनार।** नामांकन पत्रों की बिक्री व नामांकन की शुरु हुई प्रकिया में मंगलवार को चुनार नगर पालिका के अध्यक्ष पद हेतु छह नामांकन पत्र व सभासद हेतु 41 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। जिसमें बचाऊ लाल सेठ, विजय बहादुर सिंह ने एक एक व पूर्व सपा प्रत्याशी अशोक उर्फ संतोष व दीपचंद ने दो सेट में में नामांकन पत्र लिया। वहीं अहरौरा नगर पालिका के अध्यक्ष पद हेतु राजकुमार सिंह व सिद्धार्थ सिंह ने दो दो सेट में नामांकन पत्र खरीदा। सभासद हेतु 23 नामांकन पत्र खरीदे गये। नामांकन पत्रों की बिक्री व नामांकन की व्यवस्था को देखने अपर जिलाधिकारी भू राजस्व सत्य प्रकाश सिंह पहुचें। शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था में कोतवाल त्रिवेणी लाल सेन मय फोर्स के साथ उपस्थित रहे।

## भयमुक्त होकर मतदान करें ग्रामीण : एसपी

### डीएम व एसपी ने संवेदनशील मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**हलिया।** विकास खंड के संवेदनशील मतदान केंद्रों का मंगलवार दोपहर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व एसपी संतोष कुमार मिश्र ने निरीक्षण किया। डीएम एसपी ने सबसे पहले हलिया के उच्च प्राथमिक विद्यालय मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद प्रभारी प्रधानाध्यापक अजीत कुमार यादव ने डीएम को बताया कि मतदान केन्द्र पर तीन बूथ बनाए जाएंगे। इसके बाद डीएम प्राथमिक विद्यालय हलिया प्रथम पर पहुंची जहां मतदान केन्द्र पर पेयजल व शौचालय तथा बिजली की व्यवस्था के बारे में प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार यादव से जानकारी ली। संवेदनशील प्राथमिक विद्यालय हलिया प्रथम में विधानसभा उपचुनाव के लिए चार बूथ बनाए जाएंगे। डीएम ने मौके पर मौजूद ब्लाक अधिकारियों के अलावा ग्रामीणों से भी मतदान केंद्रों पर व्यवस्था आदि के बारे में चर्चा की। डीएम ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से विधानसभा उपचुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की। इस दौरान बीडीओ कुलदीप कुमार,नायब तहसीलदार राम नारायण वर्मा एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव, थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह,ग्राम प्रधान शिव बाबू सेठ, अरूण मिश्र, बृजेन्द्र पांडेय, सचिव कौशलेंद्र राय,अमर बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर थाना प्रभारी ज्ञानू प्रिया के साथ पुलिस स्टाफ व ग्राम प्रधान हफीज अहमद, अनीस अहमद, समी, मोहम्मद आफताब आलम, शोकिम अहमद, अच्छे खान, आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

### मतदान केंद्रों की चुस्त दुरुस्त व्यवस्था रखने का दिया निर्देश : बीडीओ

**हलिया।** खंड विकास अधिकारी कुलदीप कुमार ने मंगलवार को ब्लॉक सभागार में सचिवों के संग बैठक कर विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर मतदान केन्द्रों पर पेयजल, शौचालय, पहुंमार्ग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा। बीडीओ ने बताया कि विकासखंड में 130 मतदान केन्द्रों पर बनाए गए 186 बूथों पर विधानसभा उपचुनाव का मतदान करवाया जाएगा। जिन मतदान केन्द्रों पर पहुंच मार्ग नहीं है उसको दुरुस्त कराते हुए बूथों पर पेयजल व शौचालय की व्यवस्था के अलावा मतदाताओं को धूप से बचाव हेतु टेंट लगाकर छाया की व्यवस्था कराए जाने का निर्देश दिया। बैठक में एडीओ आईएसबी राजाराम उपाध्याय, एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव, सचिव आलोक राव, अरविंद कुमार, अमर बहादुर सिंह, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, कौशलेंद्र राय आदि उपस्थित रहे।

## बौड़ई गांव के स्कूल में बने बूथ पर पहुंचीं डीएम

जनसंदेश न्यूज

**जायजा**

### विद्यालय की दीवार पर लिखी नहीं मिली बूथ संख्या

### भड़की जिलाधिकारी ने कहा हर बूथ पर लिखी जाय संख्या

**मीरजापुर।** छानबे विधान सभा उप चुनाव की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने क्षेत्र के बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्र भी दल बल के साथ टीम में शामिल रहें। रामपुर वासित अली गाँव में ग्रामीणों के साथ बैठक कर जिलाधिकारी ने शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिए लोगों से वार्ता किया। उन्होंने ग्रामीणों से वार्ता कर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया। रामपुर वासित अली गाँव में लोगों को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक किया।

कहा कि मतदाता सूची में शामिल सभी लोगों को अपने अधिकार का प्रयोग करना चाहिए। अच्छा प्रत्याशी आपके वोट से ही विजय हासिल करता है। शत प्रतिशत मतदान के लिए उन्होंने जोर दिया। कहा कि मतदान वाले दिन सारा काम एक तरफ और मतदान एक तरफ कर देना चाहिए। तमाम काम आगे पीछे किया जा सकता हैं, लेकिन मतदान अपने तय सीमा में ही किया जायेगा। मतदाताओं को वोट डालने के बाद सीधे जाए अपने घर जाने की नसीहत दी। कहा कि चुनाव के दौरान आचार संहिता का कड़ाई से पालन किया। इस दौरान जिलाधिकारी दिव्या मित्तल टीम के साथ बौड़ई ग्राम एएजाम स्थित प्राथमिक विद्यालय पर पहुंचीं।

वहां उन्होंने केंद्र में बनने वाले बूथों के बारे में जानकारी ली। वहां पर बूथ संख्या न लिखे जाने पर अपनी आपत्ति दर्ज कराया। कहा कि कन्फ्यूजन पैदा न करते हुए मतदान केंद्र पर बूथ संख्या जल्द से जल्द डाला जाए। ताकि लोगों को दिक्कत न हो। आराम से लोग आये और अपने बूथ पर जाकर मतदान कर सकें।

## सफाई पर विशेष ध्यान दें पुलिस कर्मी : डीआईजी

### डीआईजी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण

**मीरजापुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल, परिक्षेत्र मीरजापुर आरपी सिंह ने पुलिस लाइन मीरजापुर का निरीक्षण किया गया। मंगलवार को पुलिस उप महानिरीक्षक विन्ध्याचल, परिक्षेत्र मीरजापुर आर0 पी0 सिंह द्वारा जनपद मीरजापुर के निरीक्षण के क्रम सर्वप्रथम पुलिस लाइन क्वार्टर गार्द के निरीक्षण के दौरान गार्द की सलामी ली गई तत्पश्चात गार्द रूम, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, मेस, बैरक, वर्दी स्टोर, कैश कार्यालय, पुलिस लाइन परिसर, आवासीय परिसर, रेडियों शाखा सहित, मेस का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। यातायात शाखा व एम0टी0 शाखा का भी निरीक्षण कर वाहनों में लगे विभिन्न यंत्रों, उपकरणों की वस्तु स्थिति के बारें में जानकारी ली गई तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। पुलिस लाइन स्थित आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों को गहनता से चेक किया गया। उक्त निरीक्षण एवं भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री कांत प्रजापति व ऑपरेशन, पुलिस उपाधीक्षक नगर/ लाइन व क्षेत्राधिकारी भवन परमानंद कुशवाहा, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन, यातायात शाखा प्रभारी सहित पुलिस बल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहें।



निरीक्षण करते डीआईजी साथ में है एसपी

## कांग्रेस प्रत्याशी को नहीं पता पार्टी के संस्थापक का नाम

**यह है हाल**

### प्रदेश अध्यक्ष संग पहुंचे कलेक्ट्रेट किया नामांकन

### विधान सभा क्षेत्र में गांवों की संख्या भी नहीं मालूम

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** जिले के छानबे विधानसभा सीट पर हो रहे उप चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी घोषित होने के बाद अजय कुमार ने मंगलवार को समर्थकों के साथ नामांकन किया । नामांकन के दौरान फूलों का हार पहनकर पहुंचे अजय कुमार पत्रकारों के सामने ही निरुत्तर हो गए। लिहाजा वह बोलते बोलते वहा से खिसक लिए। छानबे विधानसभा क्षेत्र में कितने गांव हैं यह उन्हें नहीं पता।

इतना ही नहीं कांग्रेस की स्थापना किसने की थी । इसका भी वह जवाब देने में असफल रहे । उनका दावा है कि जीत हासिल कर वह बेरोजगारी, अशिक्षा, और महंगाई के खिलाफ काम करेंगे।

कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी, जिला प्रभारी धर्मेंद्र मिश्र एवं पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में कमेटी के पदाधिकारियों और समर्थकों के साथ अजय कुमार कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। मुख्य गेट से केवल उम्मीदवार और प्रस्तावों को ही अंदर जाने दिया गया।

कांग्रेस समर्थकों को बाहर ही रोक दिया गया। नामांकन करके लौटे अजय कुमार से पत्रकारों ने उनसे जब पूछा कि उनकी लड़ाई किससे है जिस पर उन्होंने चुप्पी साध ली। उनके सहयोगी ने पीछे से उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन इसके बावजूद वह बात को घुमाते रहे।

अपने को कांग्रेस कमेटी के आईटी सेल का पदाधिकारी बताने वाले अजय कांग्रेस के संस्थापक का भी नाम नहीं बता सके। जिस क्षेत्र के विकास के लिए उन्हें जनता जनप्रतिनिधि चुने उस क्षेत्र में कितने गांव हैं यह भी उन्हें नहीं पता। यह हाल तब है जब कि वह खुद शिक्षण संस्थान चलाने का दावा करते हैं।

क्षेत्र के विकास के लिए तमाम दावों के बीच आज भी पिछड़े इलाके में शामिल छानबे क्षेत्र एक बार फिर चुनाव की दहलीज पर खड़ा है। विभिन्न पार्टी के प्रत्याशियों का हर बार दावों में विकास शामिल रहता है। लेकिन वह क्षेत्र में दिखाई नहीं पड़ता। तमाम दावों के बीच प्रत्याशी चुनावी जंग में आमने सामने होने के लिए तैयार हो रहे है।



नामांकन करने पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी

## संक्षेप

### सिकटा ग्राम प्रधान सरला मिश्रा दिल्ली में हुई सम्मानित



**हलिया।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य के लिए विकास खंड के सिकटा ग्राम पंचायत की प्रधान सरला मिश्रा को सोमवार को राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार से नई दिल्ली के विज्ञान भवन में पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार के सचिव सुनील कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। सिकटा ग्राम पंचायत की प्रधान को यह पुरस्कार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते साध्वी निरंजन ज्योति केन्द्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री कपिल मोरेश्वर पाटील की उपस्थिति में दिया गया। राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार से सम्मानित होने पर बीडीओ कुलदीप कुमार, एडीओ पंचायत रूपेश कुमार प्रधान संघ अध्यक्ष हलिया शिव बाबू सेठ,ग्राम प्रधान अरुण मिश्र, बृजेन्द्र पांडेय दिनेश सिंह, विनोद सिंह, राजेश अग्रहरी, आदि ने खुशी जाहिर की है।

### ईवीएम वीवी पैड व सामान्य प्रशिक्षण कर दी गयी निर्वाचन नियमों की जानकारी

**मीरजापुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट दिव्या मित्तल के निर्देश के क्रम में विधान सभा 395-छानबे उप निर्वाचन एवं नगर निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिला पंचायत सभागार में जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट का ई0वी0एम0 वी0वी0 पैड एवं सामान्य प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार, प्रधानाचार्य आई0टी0आई0, उप प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज, जिला प्रशिक्षण अधिकारी भोड़सर, सहायक चकबन्दी अधिकारी एवं प्रशिक्षक राजकीय पालिटेक्निक बथुआ, मीरजापुर द्वारा विस्तृत रूप से 02 पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। विधान सभा 395-छानबे उप निर्वाचन हेतु 04 जोनल मजिस्ट्रेट तथा कुल 34 सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये है तथा नगर निकाय निर्वाचन के लिए नगर पालिका परिषद मीरजापुर में 03, नगर पालिका परिषद चुनार 02, नगर पालिका परिषद अहरौरा 02, नगर पंचायत कछवां हेतु 01 जोनल मजिस्ट्रेट तथा कुल 26 सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये है। जिसमें समस्त प्रतिभागी उपस्थित रहे। प्रथम पाली में ई0वी0एम0 सम्बन्धी प्रशिक्षण एवं द्वितीय पाली में मतपत्र ( बैलेट पेपर) से चुनाव कराये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट को उनके दायित्वों के बारे में जैसे पीठीसीन अधिकारी को निर्देशित करने, टेण्डर वोट, टेस्ट वोट सांविधिक/असांविधिक लिफाफे एवं उनके द्वारा क्या-क्या प्रशासनिक कार्य चुनाव प्रक्रिया के दौरान किये जाने है आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा ई0वी0एम0 का संचालन कैसे किया जाय, एवं तकनीक के बारे में बताया गया साथ ही साथ माक पोल के दौरान व वास्तविक मतदान के दौरान ई0वी0एम0 में कोई तकनीकी खराबी आती है तो कैसे उसको ठीक किया जाय। इसके बारे में भी विस्तार से बताया गया। द्वितीय पाली में नगर निकाय निर्वाचन 2023 हेतु नियुक्त जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट को बैलेट पेपर से मतदान कराये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

डीआईजी ने किया जमालपुर थाने का निरीक्षण

### बेहतर पुलिसिंग के साथ बीट पर तत्पर रहने का दिया निर्देश

**जमालपुर।** पुलिस उप महानिरीक्षक आर पी सिंह मंगलवार को जमालपुर थाना पहुंचे जहां पहुंचते ही उन्हे पुलिस कर्मियों द्वारा गार्ड आफ ऑनर दिया गया। पुलिस उप महानिरीक्षक ने आगंतुक हेल्प डेस्क, जनशिकायत प्रकोष्ठ, विधिक शाखा, पासपोर्ट, जनसूचना, साइबर सेल, मॉनीटरिंग सेल का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी नियुक्त पुलिस कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। साथ ही रिकॉर्डों का सही ढंग से रख रखाव व अद्यतन करने, तथा अभियान चलाकर अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई कराने, क्राइम ब्रांच को लंबित विवचनाओं के शीघ्र निस्तारण करने, जनशिकायत प्रार्थना पत्रों का फीडबैक लेकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण कराने के निर्देशित करते हुए बेहतर पुलिसिंग के साथ बीट पर तत्पर रहने, शस्त्रागार व कार्यालय का निरीक्षण कर निर्देश दिया। महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण के दौरान ड्यूटी पर महिला हेल्प डेस्क को फटकार लगाई। जिसके बाद संभान्त लोगों से क्षेत्र की समस्या को सुना और तत्काल डीआईजी ने निस्तारण का निर्देश दिया। लोग पहले मुखबिर से चोरों को पकड़ लेते थे लेकिन अब सर्विलांस से काम हो जा रहा है लेकिन फिर भी लोगों से संवाद जरुरी है। पुलिस जब क्षेत्र में निकले तो चट्टी चौराहे पर ग्रामीणों से बात जरुरी करें। सम्पर्क समन्वय करने से पुलिस को कुछ न कुछ मिलता है। पुलिस हत्यारा पकड़ लेता लेकिन चोर नहीं पकड़ पाती। जिसका अर्जित सम्पत्ति जाती है उसको पता चलता है। इस दौरान एडिशनल एसपी ओम प्रकाश, सीओ चुनार उमाशंकर, थानाध्यक्ष मनोज कुमार, अदलहाट थानाध्यक्ष विजय चौरसिया, राकेश सिंह, नवीन पांडेय, हरिशरण मिश्रा, राणा प्रताप सिंह, ज्ञान सिंह, मुकेश सिंह, पुनीत चौबे, अशोक दीक्षित, रविशरण गुप्ता, वीरेन्द्र यादव, भरतलाल विश्वकर्मा, मनोज यादव, जितेन्द्र गुप्ता, अजय पाण्डेय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### 66 बच्चों का नवोदय में हुआ चयन

**मड़िहान।** क्षेत्र के जवाहर नवोदय विद्यालय पटेहरा में संकुल स्तरीय बास्केट बॉल, खो खो, बैडमिंटन खेल के दो दिवसीय खेल में जहां प्रदेश के 22 नवोदय विद्यालयों से 141 बच्चों ने प्रतिभाग किया था। उनमें मात्र 66 बच्चों का चयन बीएचयू के कोच द्वारा किया गया। अब चयनित 66 बच्चे 24 व 25 अप्रैल को चित्रकूट, ज्ञानपुर और फरुर्खाबाद में अपना जौहर दिखा कर प्रदेश के लिए अपना जौहर दिखाएंगे। प्राचार्य नवोदय डाक्टर एसपी त्रिपाठी ने चयनित बच्चों का हौसला बुलंद करते हुए शुभकामना दी है। कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षक प्रमुख विपिन सिंह, मंजू सिंह, वेद प्रकाश मिश्र, अग्निवेश यादव, शशिधर मिश्र, अनामिका भारतीय आदि ने सहयोग किया।

### आरोपी गिरफ्तार

**हलिया।** ड्रमंडगंज पुलिस ने न्यायालय द्वारा जारी वारंट के अनुपालन में क्षेत्र के ड्रमंडगंज बाजार से एक वारंटी को मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। क्षेत्र के ड्रमंडगंज गांव निवासी वारंटी नन्हकू केसरवानी को एसआई उदयनारायण सिंह हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार यादव ने न्यायालय के आदेश पर उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह ने बताया कि किसी मुकदमें में सूचना के बाद भी न्यायालय में पेश नही होने पर न्यायालय के आदेश पर वारंटी नन्हकू केसरवानी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया।

### नगदी व जेवरात उठा ले गये चोर

**अदलहाट।** स्थानीय थाना क्षेत्र के केशवपुर माफी (डोमरी) गांव में बीती रात चोरों ने घर से नगदी व जेवरात चोर उठा ले गए। सुबह जब जानकारी हुई तो पीड़ित ने थाने में चोरी की नामजद तहरीर दिया है। क्षेत्र के केशवपुर माफी (डोमरी) गांव निवासी दीपू सिंह सोमवार की देर रात खाना खाने के बाद कमरे में सोने चले गए। रात्रि में चोरों ने कमरों में सोए लोगों का बाहर से दरवाजा बन्द कर बगल के कमरें में रखे नगदी व जेवरात उठा ले गए। सुबह जब परिवार के लोगों का नींद खुला तो देखा कि बाहर से कमरे का सिटकनी बंद है। अब अन्य लोग घर के अंदर प्रवेश किया तो देखा कि बगल के कमरे में रखा आलमारी खुला हुआ था।

## पुलिस व मजिस्ट्रेट रखेंगे ईद और तृतीया पर निगरानी

**बोलीं डीएम**

### धारा 144 के प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश

### डीएम ने बैठक कर दिया मातहतों को निर्देश

**मीरजापुर।** आगामी ईद-उल-फितर का त्यौहार चन्द्र के अनुसार 22 अप्रैल को मनाया जाना संभावित है। उक्त त्यौहार के दृष्टिगत जनपद की कानून व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द चुस्त दुरुस्त रखने के उद्देश्य से जनपद के संवेदनशील स्थानों तथा मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में व्यापक सुरक्षा प्रबन्ध करने के दृष्टिगत जिला मजिस्ट्रेट दिव्या मित्तल ने कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाये जाने के साथ ही अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिये हैं। ईद-उल-फितर पर्व के अवसर पर बिजली एवं जलापूर्ति सहित नमाज स्थलों एवं नमाजियों के आवागमन के मार्ग पर समुचित सफाई, नमाज के समय मस्जिदों व ईदगाहों के निकट व नमाजियों के आवागमन के मार्गों पर आवारा पशुओं एवं जानवरों के स्वच्छन्द विचरण न हो इसके दृष्टिगत कड़ी निगरानी रखी जाय। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मीरजापुर, चुनार, अहरौरा व नगर पंचायत कछवां अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई, प्रकाश एवं पेयजल का दायित्व सुनिश्चित करेंगे। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में भी जिला पंचायत राज अधिकारी मीरजापुर द्वारा कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाए। अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड प्रथम द्वितीय मीरजापुर विद्युत आपूर्ति की निरन्तरता सुनिश्चित किये जाने एवं अघोषित विद्युत कटौती पर विशेष ध्यान दिये जाने हेतु व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। कानून व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सद्भाव बनाये रखने हेतु नगर क्षेत्र में नगर मजिस्ट्रेट तथा उप खण्डों में उप जिला मजिस्ट्रेट उत्तरदायी होंगे, जो अपने-अपने क्षेत्रों में उक्त सभी व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराएंगे। शरारती असामाजिक एवं साम्प्रदायिक तत्वों के साथ-साथ कतिपय राजनैतिक दलों, पर सतर्क दृष्टि रखी जाये तथा संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष चैकसी बरती जाये। आवांछनीय तत्वों से निपटने के लिए उपलब्ध पुलिस अधिकारियों के साथ तत्काल स्थल पर पहुँचकर उत्पन्न स्थिति का निराकरण समाज के प्रतिष्ठित एवं प्रभावशाली जनों के सहयोग से निपुणता से किया जाये। जनपद में दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 प्रभावी है जिसका कड़ाई अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय। पुलिस अधीक्षक कानून व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित करने हेतु पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे तथा पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ लगाने हेतु आदेश निर्गत करेंगे। संबंधित मजिस्ट्रेट्स एवं पुलिस अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में मस्जिद ईदगाह सहित समस्त धार्मिक स्थलों पर भ्रमणशील रहकर धार्मिक स्थलों पर सी0सी0टी0वी0 कैमरा की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे साथ ही साथ यह भी सुनिश्चित करेंगे कि धार्मिक स्थल एवं उसके आस-पास कोई आपत्तिजनक पोस्टर व स्लोगन न हो। समस्त मस्जिद एवं ईदगाह की जाँच फजर नमाज के पूर्व सुनिश्चित की जाएगी। जिला मजिस्ट्रेट ने अपने आदेश के तहत यह भी कहा कि 22 अप्रैल को परशुराम जयन्ती एवं अक्षय तृतीया भी पड़ रही है जिसे हिन्दू सम्प्रदाय के लोगों द्वारा बड़ी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। परशुराम जयन्ती के अवसर पर कतिपय हिन्दू संगठनों द्वारा शोभा यात्रा एवं जुलूस का आयोजन भी किया जा सकता है।

### थाना प्रभारी ने ईद के मद्देनजर मीटिंग कर किया गश्त

**मीरजापुर।** पड़री थाना क्षेत्र के पैड़ापुर चौकी अंतर्गत धर्मदेवा गांव में मंगलवार को थाना प्रभारी अजीत कुमार श्रीवास्तव चौकी प्रभारी मय हमराहियों के साथ थाना क्षेत्र में भ्रमण के लिए निकले थे। इस दौरान उन्होंने धर्मदेवा गांव में गस्त करते हुए लोगों से त्यौहार पर शांति बनाए रखने की अपील की। साथ ही बताया गया कि यदि किसी को किसी तरह की दिक्कत होती है तो तत्काल प्रशासन को सूचना दें। किसी भी तरह का गलत कार्य कोई भी व्यक्ति ना करें। वही हर वर्ग के लोगों के बीच ईद के पर्व को धूमधाम से खुशी पूर्वक मनाने हेतु मीटिंग किया गया। जहां भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य रूप से ग्राम प्रधान पति विजय कुमार विश्वकर्मा तथा क्षेत्र पंचायत सदस्य चंद्रप्रकाश दूबे आदि तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## समय रहते पूर्ण करें मतगणना स्थल की तैयारी : एडीएम वित्त

### नगर निकाय मतगणना स्थल का एडीएम वित्त ने किया निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** राजकीय इंटर कॉलेज में नगर निकाय उपचुनाव की मतगणना कराई जाएगी जिसके मद्देनजर अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ला ने मंगलवार को निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का हाल जाना। उन्होंने चुनाव के मद्देनजर पोलिंग पार्टियों के रवानगी, स्ट्रांग रूम, गाड़ियों के आवागमन समेंत हर दिन हर पहलुओं पर बारीकी से जांच किया और कहा कि चुनाव के पहले स्ट्रांग रूम समेत सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाए। जिससे किसी प्रकार का चुनाव में व्यवधान न हो।

यह जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ला ने बताया कि नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर नगर पालिका नगर एवं कछवां नगर पंचायत की मतगणना राजकीय इंटर कॉलेज में कराई जाएगी। जिसके मद्देनजर मंगलवार को मतगणना स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पोलिंग पार्टियों की रवानगी, स्ट्रांग रूम, गाड़ियों के आवागमन समेत अन्य बिंदुओं पर गहनता से जांच की गई जांच के दौरान मौके पर मौजूद सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वह समय के पहले सभी तैयारियां पूर्ण करें जिससे चुनाव के दौरान किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो। उन्होंने कर्मचारियों एवं अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि चुनाव में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो कर्मचारी व अधिकारी इलेक्शन कमिशन के निर्देश के क्रम में काम नहीं करते उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जो भी कमियां पाई उसे तत्काल दुरुस्त कराने का भी निर्देश दिया।

### अध्यक्ष के लिए 39 व सभासद के लिए 388 ने खरीदा नामांकन पत्र

**मीरजापुर।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन के चुनावी प्रक्रिया में मंगलवार को नामांकन पत्रों की बिक्री के दौरान जनपद की तीन नगर पालिका व एक नगर पंचायत के लिए कुल 388 नामांकन फार्म की बिक्री की गई जिसमें 39 अध्यक्ष पद के लिए एवं 349 सभासद प्रत्याशियों का नामांकन पत्र बेचा गया। मंगलवार को अध्यक्ष पद के लिए कोई नामांकन नही किया गया। सदस्य पद 6 नामांकन किया गया। जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले के तीन नगर पालिकाओं जिसमें मिर्जापुर नगर अहरौरा और चुनार के अलावा नगर पंचायत कक्षवां में चुनावी बिगुल बज चुका है जिसके तहत मंगलवार को नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन अध्यक्ष पद के लिए 39 नामांकन पत्र एवं सभासद के लिए 349 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदा। अध्यक्ष पद के लिए नामांकन की प्रक्रिया शून्य रही जबकि सदस्य के पद के लिए 6 नामांकन किया गए ।जहां नगर पालिका चुनाव को लेकर चुनावी बिगुल बजने के बाद प्रत्याशी घर-घर पहुंचकर अपनी हाजिरी लगा रहे हैं तो वहीं चट्टी चौराहों और पान की दुकानों पर भी चुनावी सरगर्मी सर चढ़कर बोल रही है दूसरी ओर 96 विधानसभा उपचुनाव में एक नामांकन पत्र दाखिल किया गया। मंगलवार को कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी अजय कुमार ने नामांकन किया है। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी, भगवती प्रसाद चौधरी, अर्चना चौबे, आयुसी शुक्ला छोटेखांन समेत अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष पर 20 करोड़ की जमीन हड़पने का आरोप

जनसंदेश न्यूज

**रक्षा की गुहार**

### युवा भाजपा नेता प्रिंस सिंह की शिकायत पर चल रही जांच

### मिल रही धमकी से परेशान प्रिंस ने योगी से मांगी सुरक्षा

**मीरजापुर।** सहायक अध्यापक से भू माफिया बने भाजपा जिलाध्यक्ष की शिकायत मुख्यमंत्री से करने के बाद मिल रही धमकी से परेशान पड़री थाना क्षेत्र निवासी प्रिंस सिंह ने मुख्य मंत्री से जान माल के रक्षा की गुहार लगाई है। मंगलवार को एक लान में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया था। अंतिम क्षण में लान मालिक ने अपना स्थान देने से इंकार कर दिया। बताया कि यहा प्रेस वार्ता न हो इसके लिए दबाव बनाया जा रहा है। यह पत्र 8 अप्रैल को जारी किया गया है। इसके पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बृज भूषण सिंह पर करीब 20 बीघा जमीन जबरन कब्जा करने की शिकायत सीएम योगी से की गई है। जिसकी जांच जारी है। जमीन की कीमत 20 करोड़ बताया जा रहा है। इसके अलावा नगर के माता प्रसाद माता भीख इंटर कालेज के शाहपुर चौसा गाँव स्थित जमीन पर भी कब्जा करने का आरोप लगाया गया है। भाजपा संगठन से जुड़े प्रिंस सिंह का आरोप हैं कि भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने बिहड श्रेणी 6(4) और विद्यालय की लगभग 20 बीघा जमीन पर कब्जा कर लिया है। जो ग्राम बरकछा कला और शाहपुर चौसा में स्थित है। जिसमें माता प्रसाद माता भीख की स्कूल पर भी कब्जा कर लिया है। भाजपा युवा नेता ठाकुर प्रिंस सिंह ने बताया कि 14 मार्च 2023 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिकायत करके उच्च स्तरीय जांच की मांग की थी। मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव भूपेंद्र बहादुर सिंह ने मिजार्पुर के डीएम व एसपी को नियमानुसार कार्यवाही किए जाने का आदेश दिया हैं। जिस पर कार्यवाही करते हुए जिला प्रशासन ने जांच एसडीएम सदर को दिया, जिस पर जांच करते हुए एसडीएम सदर, तहसीलदार सदर, राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल के द्वारा 3 अलग-अलग रिपोर्ट पोर्टल पर दर्ज की गई। पहली रिपोर्ट 3 अप्रैल 2023 को दी गई जिस पर संपूर्ण भूमि जिलाध्यक्ष की खानदानी बता दिया गया। आपत्ति करने पर दूसरी रिपोर्ट 10 अप्रैल 2023 को एसडीएम सदर, तहसीलदार सदर, राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल के द्वारा लगाई गई जिसमें यह कहा गया की संपूर्ण भूमि श्रेणी 5 की है जिसका आवंटन किया जा सकता है। जो कि पूरी तरह से फर्जी रिपोर्ट है। जबकि भूमि सरकारी रिकॉर्ड के हिसाब से श्रेणी 6(4) की है। एसडीएम सदर ने यह भी कहा है कि बीहड़ की खतौनी फसली वर्ष 1375 से 1376 की खतौनी गायब है। जिस पर विधिक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन आज तक किसी भी प्रकार की कोई भी रिपोर्ट किसी भी थाने में अभी तक मेरी जानकारी में नहीं दर्ज हुई है। राजस्व अधिकारियों के द्वारा यह माना गया कि फसली वर्ष 1372 से 1374 में गाटा संख्या 2075ग रकबा 10 बीघा 19 बिस्वा बिहड श्रेणी 6(4) के रूप में अंकित है जबकि अभी लगभग 8.5 बीघा जमीन 2075ख की जिलाध्यक्ष को लाभ देने की नियत से नहीं दशार्या गया।

फसली वर्ष 1375 से 1376 की खतौनी का पृष्ठ खतौनी से गायब है। ऐसी रिपोर्ट लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार सदर एवं एसडीएम सदर ने अपनी रिपोर्ट में कहा है। फसल खतौनी 1377 से 1379 की खतौनी में बिहड की जमीन को काश्तकारों के नाम से दशार्या गया है जो कि नियम के विरुद्ध है क्योंकि श्रेणी 6(4 )की जमीन को किसी काश्तकार को पट्टा नहीं किया जा सकता है । जिले के अधिकारियों का गोल मटोल जवाब की फसली वर्ष 1375 से 1376 में खाता संख्या 425 में एसडीओ के आदेश का आकलन रहा होगा। जिसका कोई भी प्रमाण राजस्व अधिकारी नहीं दे पा रहे हैं। जोत चकबंदी आकार पत्र 41 के पुराना गाटा संख्या 948 मि की संपूर्ण भूमि बिहड श्रेणी 6(4 )की है। जिस पर जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने जिलाध्यक्ष बनने के बाद पूरी 2075 ख एवम 2075 ग बिहड श्रेणी 6(4 )की जमीन को कटीले तारों से घेराबंदी कराकर कब्जा कर लिया है।

तीसरी रिपोर्ट 13 अप्रैल को एसडीएम सदर, तहसीलदार सदर, नायब तहसीलदार सदर, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल एवम अन्य राजस्व के कर्मचारियों द्वारा जारी की गई। जिस पर यह कहा गया कि 2075 ग की 10 बीघा 19 बिस्वा भूमि बिहड की है । लेकिन सरकारी बीहड़ की भूमि पर कब्जा हटवाने का कोई कार्य अभी तक प्रशासन के द्वारा नहीं किया गया है। 19 बीघा से ज्यादा जमीन पर जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने जिलाध्यक्ष बनने के बाद जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया। उच्च स्तरीय जांच होते ही सब दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। कहा कि जब तक उन्हें पार्टी के जिलाध्यक्ष पद से हटाया नहीं जाएगा तब तक निष्पक्ष जांच होना संभव नहीं है। क्योंकि एक ही मामले में तीन तीन बार अलग-अलग रिपोर्ट जिले के अधिकारियों ने प्रेषित की है।

### सभी आरोपों का अध्यक्ष ने किया खण्डन

**मीरजापुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने चलभाष पर वार्ता के दौरान लगाए गए आरोपों का खंडन किया। बताया कि सभी आरोप निराधार हैं। जांच चल रही है । उन्होंने उक्त जमीन को अपनी पुश्तैनी जमीन बताया । कहा कि हमें उस जमीन के बारे में पहले पता ही नहीं था। बाद में बाप दादा की जमीन की जानकारी हुई। अपने गाँव में माता प्रसाद माता भीख इंटर कॉलेज की जमीन भी हड़पने से इंकार किया।

# डीएमएफ फंड से क्रय किये गये सामान में घोटाले की आशंका

**स्वास्थ्य विभाग**

## खराब क्वालिटी की चादर देख भड़के डीएम, वापस कर अच्छी गुणवत्ता चादर क्रय करने का निर्देश

## डीएमएफ फण्ड से क्रय की गयी सामग्रियों का मिलान करा मांगी आख्या

जनसंदेश न्यूज



सीएमओ आफिस परिसर में स्टाक रूम का निरीक्षण करते डीएम

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने राबर्ट्सगंज स्थित मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय का मंगलवार को आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान डीएमएफ फंड से क्रय की गई सामान में घोटाला सामना आया है। क्रय की चादर व अन्य सामान खराब क्वालिटी की देख डीएम सीएमओ पर भडक गए।

उन्होंने डीएमएफ फंड से क्रय की गई सामान की आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर तरीके से सुनिश्चित करायी जाने का निर्देश दिया। उन्होंने बनाये जा रहे दिव्यांग प्रमाण-पत्र की स्थिति का जायजा लिया साथ ही दिव्यांग प्रमाण-पत्र के नोडल अधिकारी को निर्देशित किया कि दिव्यांग प्रमाण-पत्र हेतु आने वाले व्यक्तियों का प्राथमिकता के आधार पर दिव्यांग प्रमाण-पत्र निर्गत कराया जाये और उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाये। डीएम ने कहा कि दिव्यांग प्रमाण-पत्र निर्गत करने में किसी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

उन्होंने एम्बुलेंस संचालन प्रक्रिया का जायजा लेते हुए कहा कि एम्बुलेंस सम्बन्धित क्षेत्रों में निर्धारित समयानुसार बीमार व्यक्तियों को ले आने के लिए तत्पर रहे, इसकी मानीटरिंग बेहतर ढंग से सुनिश्चित की जाये। उन्होंने मलेरिया कक्ष का निरीक्षण कर विभिन्न बिन्दुओं पर जानकारी प्राप्त की।

इसके अलावा उन्होंने डाक्टर व कर्मचारियों के उपस्थिति पंजिका की भी जांच की। इसके पश्चात मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के पास स्थित स्टोर रूम का भी निरीक्षण किया। परिसर में बाहरी वाहन खड़े हुये पाये गये, जिस पर डीएम ने सीएमओ को निर्देशित किया कि अनाधिकृत तरीके से बाहरी व्यक्तियों के वाहन कदापि खड़े न होने पायें। स्टोर रूम के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने डीएमएफ फण्ड से क्रय की गयी सामग्री के सम्बन्ध में सम्बन्धित स्टोर प्रभारी से जानकारी प्राप्त की।

क्रय की गयी सामग्री में इन्फ्यूशन पम्प विथ स्टैण्ड, डेन्टल एक्सरे मशीन, डायग्नोस्टिक डेन्टल किट, एपेक्स लोकेटर सहित अन्य क्रय की गयी सामग्रियों के सम्बन्ध में जानकारी ली। डीसी मनरेगा रमेश यादव को निर्देशित करते हुए कहा कि डीएमएफ फण्ड से क्रय की गयी सामग्रियों का मिलान कराते हुए उसके गुणवत्ता व मूल्य का आकलन करते हुए आख्या रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

वहीं जिलाधिकारी ने क्रय की गयी चादर को देखा तो गुणवत्ता ठीक नहीं पायी गयी, जिस पर सीएमओ को निर्देशित किया कि चादर वापस कर अच्छी क्वालिटी के चादर क्रय किया जाये। वैक्सीनेशन सेन्टर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि टीकाकरण हेतु जो भी वैक्सीन प्राप्त हुई है, उसे निर्धारित समय में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों पहुंचाना सुनिश्चित किया जाये और बच्चों के जन्म के समय जो टीकाकरण होना है, वह टीकाकरण समय से नवजात शिशुओं का किया जाये।

टीकाकरण प्रगति की जानकारी में यह तथ्य संज्ञान में आया कि हेपटाईटस बी के टीकाकरण की रफ्तार धीमी है, जिस पर निर्देशित किया कि हेपटाईटिस बी सहित अन्य टीकाकरण भी समय से नवजात शिशुओं का कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। होमियोपैथिक दवाएं काफी मात्रा में स्टोर रूम पर रखी पायी गयी और फ्रिज भी काफी संख्या में रखे हुए पाये गये, जिस पर सीएमओ व प्रभारी स्टोर महेन्द्र दूबे को निर्देशित किया कि जो दवाएं व फ्रीज स्टोर रूम में अधिक मात्रा में पड़े हुए हैं, उसे यथा शीघ्र सम्बन्धित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर पहुंचाना सुनिश्चित करें। अन्यथा की दशा में सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। एक सप्ताह के बाद पुनः स्टोर रूम का निरीक्षण किया जायेगा। इस मौके पर अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह समेत अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

## पुलिस ने चलाया अभियान, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों बैंकों की हुई चेकिंग

**सोनभद्र।** जनपद स्थित बैंकों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा बैंकों व उसके आस-पास सघन चेकिंग की जा रही है। इस क्रम में मंगलवार को प्रभारियों सहित चेकिंग हेतु गठित पुलिस टीमों द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत सभी बैंक/पोस्ट ऑफिस/ग्राहक सेवा केंद्र व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों/ सरार्फा बाजार व उसके आसपास संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की सघन चेकिंग की गयी। इस दौरान पुलिस टीमों द्वारा सुरक्षा के दृष्टिगत बैंक प्रबंधकों से वार्ता की गयी तथा आपातकालीन सुरक्षा उपकरणों की चेकिंग तथा बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरों व अलार्म की भी व्यवस्थाएं देखी गयी। वहीं अनावश्यक रुप में घूमने वाले व्यक्तियों को आवश्यक हिदायत दी गयी। इस दौरान बैंक सुरक्षा ड्यूटी में लगे सुरक्षाकर्मियों एवं पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## मीरजापुर रूट पर नयी बस के संचालन से यात्रियों में हर्ष

**बीजपुर।** यात्रियों के लंबे इंतजार के बाद परिवहन निगम सोनभद्र डिपो के द्वारा मिर्जापुर की रुट पर नई बस के संचालन से क्षेत्र वासियों में खुशी लहर दौड़ गई। सोमवार की रात्रि नई बस को लेकर पहुंचे चालक मोतीलाल ने बताया कि यह एनटीपीसी रिहन्द स्वागत द्वार से सुबह 5.40 पर चलेगी, जो राबर्ट्सगंज, मिजार्पुर, प्रयागराज होते हुए लखनऊ तक जाएगी और लखनऊ से तीन बजे चलकर रात्रि 8.30 बजे पहुंचेगी। चालक ने कहा कि इस रूट पर बीजपुर से लखनऊ जाने के लिए कोई भी बस का संचालन नही था, अब इसके चलने से एनटीपीसी परियोजना समेत आस पास के क्षेत्रवासियों को अब सुगमता होगी। यात्री डीएस त्रिपाठी, पी एन चौबे, अरबिन्द मिश्र, मुकेश अग्रवाल आदि ने बताया कि इस बस के संचालन होने से खुशी है कि अब हाई कोर्ट, मिजार्पुर ट्रेन, लखनऊ के कार्य सुगमता हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि इधर एक महीने से मिजार्पुर के बस बन्द होने से इस रूट के यात्रियों को बहुत परेशानी हो रही थी।

## संक्षेप

### चोरी की गयी शराब लदी ट्रक बरामद, तीन गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी

**सोनभद्र।** एसपी के निर्देश पर अपराधियों के विरूद्ध चल रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से तमंचा व कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि बीते 14 अप्रैल की रात सहिजन खुर्द के पास देवेन्द्र राय सरकारी शराब की गोदाम पर खड़ी वाहन से 554 पेटी शराब अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया था। इस क्रम में सदर कोतवाली में वाहन चालक धर्मराज ने अभियोग पंजीकृत कराया था। अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवं क्षेत्राधिकारी नगर को विशेष निर्देश दिये गये थे। इस क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने बीते सोमवार को ट्रक बरामद करते हुए उसमें लदे 531 पेटी शराब बरामद कर इन्द्रजीत पुत्र स्व फेकन, आशीष पुत्र बच्चन व नीरज कुमार पुत्र कल्लू समस्त निवासीगण ग्राम सहिजन खुर्द, रॉबर्ट्सगंज को गिरफ्तार कर लिया। इन्द्रजीत के कब्जे से एक देसी तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस तीनों के विरूद्ध विधिक कार्रवाई कर रही है। पुलिस टीम में आशीष कुमार सिंह चौकी प्रभारी चुर्क, सुरेंन्द्र प्रजापति, धर्मेन्द्र कुमार शामिल रहे।

### शिक्षिका के निधन पर शिक्षकों ने जताया शोक

**सोनभद्र।** रावर्ट्सगंज ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय हिनौती में तैनात सहायक अध्यापिका पुष्पा कुमारी का असामयिक निधन से मंगलवार को शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। बता दें कि पुष्पा कुमारी 72825 भर्ती में सहायक अध्यापक के पद पर प्राथमिक विद्यालय हिनौती में तैनात हुई थी। उनकी उम्र 47 वर्ष थी। वह मूलतः चंदौली जनपद के चकिया तहसील क्षेत्र के इलिया स्थित भुडकुड़ा बटउवा गांव की रहने वाली थी। इनके असामयिक निधन पर प्राथमिक शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष संतोष कुमारी, अटेवा प्रदेश प्रभारी महिला प्रकोष्ठ रंजना सिंह, नवोदय क्रांति परिवार यूपी के स्टेट मोटीवेटर कमलेश कुमार गुप्त, यूटा जिलाध्यक्ष शिवम अग्रवाल व अन्य शिक्षकों ने दुख व्यक्त किया है।

### 30 लीटर कच्ची शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**ओबरा।** स्थानीय पुलिस ने मंगलवार को अवैध शराब कारोबार करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओ में चालान कर दिया। नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर नगर और आसपास के क्षेत्रों में अवैध शराब बनाने की सूचना पर पुलिस क्षेत्र के खैरटिया गाँव में छापेमारी कर 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करने के साथ तीन कुंतल लहन भी नष्ट किया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने शराब बनाने का उपकरण बरामद करने के साथ कई भट्टियों को भी नष्ट कर राजकुमार निवासी खैरटिया व छोटेलाल चेरो निवासी चोपन को गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में चालान कर दिया। छापेमारी में कस्बा चौकी इंचार्ज अमित कुमार त्रिपाठी, कांस्टेबल राम सिंह, ज्ञान सिंह यादव आदि मौजूद रहे।
फोटो कैप्सन 18 सोन 03-छात्रा को यंत्र चलाने की जानकारी देते अधिकारी

### अग्नि शमन सेवा सप्ताह के तहत बच्चों को किया जागरूक

**अनपरा।** तापीय परियोजना आवासीय परिसर स्थित संत फ्रांसिस स्कूल में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अग्नि शमन विभाग द्वारा विद्यार्थियों को अग्नि दुर्घटनाओं को कम करने और उनसे बचाव के लिए जागरूक किया गया। सब इंस्पेक्टर ओम प्रकाश सिंह के नेतृत्व में हेड कॉन्स्टेबल किशोर, एच अंसारी, फायर प्रिंस और सतीश कुमार ने अग्निशमन यंत्रों का संचालन कर छात्रों को उक्त यंत्रों के संचालन का प्रशिक्षण भी दिया। सब इंस्पेक्टर ओम प्रकाश ने आग क्या है, इसे कैसे बुझाएं, आग का वर्गीकरण, आग लगने पर क्या करें की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि थोड़ी-सी सतर्कता से आग लगने की घटनाओं को कम किया जा सकता है। प्रधानाचार्य फादर रॉबर्ट सुनील नोरोन्हा ने प्रशिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# हिण्डाल्को में त्रिवर्षीय बोनस समझौता सम्पन्न

जनसंदेश न्यूज



बोनस समझौता के दौरान हिण्डालको के अधिकारी व श्रम संगठनों के पदाधिकारी

**रेणुकूट।** हिण्डाल्को के मान्यता प्राप्त श्रम संगठनों द्वारा प्रबंधन को वित्तीय वर्ष की समाप्ति के उपरांत बोनस एवं अनुग्रह राशि हेतु मांग पत्र प्रस्तुत किया गया था, जिस पर कई दौर की वार्ता के पश्चात वित्तीय वर्ष 2022-23,2023-24 एवं 2024-25 के लिए बोनस समझौता मंगलवार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो गया। इससे पूर्व हिण्डाल्को क्लस्टर के अध्यक्ष मानव संसाधन जसबीर सिंह एवं उच्चाधिकारियों ने मान्यता प्राप्त श्रम संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता करके समझौते को अन्तिम रूप दिया। जसबीर सिंह ने कहा कि उद्योग किसी भी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है तथा उद्योगों के शांतिपूर्ण संचालन के लिए सौहार्दपूर्ण औद्योगिक सम्बंध नितांत आवश्यक है।

उन्होंने आशा व्यक्त किया कि इस समझौते के उपरान्त श्रमिक आगे और भी अधिक लगन एवं मेहनत के साथ कार्य करके कम्पनी की उत्पादकता, गुणवत्ता, सुरक्षा को बढ़ाते हुए संस्थान को नई ऊँचाई प्रदान करेंगे। समझौते पर हिण्डाल्को प्रबंधन की ओर से क्लस्टर एच.आर. हेड जसबीर सिंह, अल्युमिना प्लांट हेड एन.एन. राय, कॉमर्शियल हेड रवि गुप्ता, वित्त एवं लेखा विभाग के प्रमुख उज्जल केश, लीगल हेड विवेक कुमार एवं ई.आर. हेड परनीत सिंह तथा मान्यताप्राप्त श्रमिक संगठनों हिण्डाल्को श्रमिक संघ के महामंत्री डी.के. शुक्ला व उपाध्यक्ष उमेश तिवारी एवं अल्युमिनियम कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष बी.एन. सिंह व मंत्री निलेश सिंह ने हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत बोनस अधिनियम के अनुसार पात्र कर्मचारियों को 20 प्रतिशत की दर से बोनस तथा बोनस सीमा से बाहर रहने वाले कर्मचारियों को भी उसी दर से अनुग्रह राशि का भुगतान किया जाएगा। बोनस राशि के साथ ही प्रबंधन ने उदारतापूर्वक विचार करते हुए 500 रुपये अतिरिक्त भुगतान करने पर सहमति दी है। संचालन एस.के. ब्रह्मचारी ने किया।

## सकुशल चुनाव संपन्न कराने को बनी रणनीति

**घोरावल।** नगर निकाय चुनाव की तैयारियों के क्रम में शांति व्यवस्था और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारी, फौजदारी अहमद सुरेश कुमार, बीआरसी अभिषेक उपाध्याय से एसडीएम रमेश कुमार ने बीते एक अप्रैल से अब तक की गई निरोधात्मक कार्यवाही की समीक्षा की। इसके अंतर्गत पूर्व में हुई घटनाओं और अनेक प्रकार के विवादों तथा अपराधों में लिप्त रहने वाले व्यक्तियों की सूची बनाकर उनके विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने की ताकीद की। जिससे कि यह लोग मतदान में कोई गड़बड़ी न फैला सकें। नगर निकाय घोरावल निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने के लिए नामांकन के बाद एरिया डोमिनेशन और संवेदनशील मतदान केंद्रों में पैदल गस्त तथा बैरियर पर चेकिंग आदि के संबंध में चर्चा की गई।

## ईद को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**बीजपुर।** स्थानीय थाना परिसर में मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमे दोनों समुदाय के लोगों ने भाग लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि ईद का त्योहार भाईचारे का त्योहार है, जिसे सभी लोग आपसी मेलजोल से मनाते हैं।

## छात्रों के खाते में भेजी गयी छात्रवृत्ति

**सोनभद्र।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी राजेश कुमार खैरवार ने जनपद के समस्त पूर्वदशम/दशमोत्तर शिक्षण संस्थान कक्षा 11-12 को छोड़कर अन्य दशमोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत समस्त अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र/छात्राओं को सूचित किया है कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष में पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत प्राविधानित बजट 3000 लाख रुपए की धनराशि के सापेक्ष 1 लाख 8 हजार 756 छात्र/छात्राओं को छोड़कर शेष को छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि का भुगतान निदेशालय द्वारा उनके आधार लिंक बैंक खाते में प्रेषित किया गया है। दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत प्राविधानित बजट 19000 लाख की धनराशि के सापेक्ष कक्षा-11-12 श्रेणी में 1 लाख 12 हजार 166 छात्रों को व कक्षा-11-12 को छोड़कर अन्य दशमोत्तर श्रेणी में 1 लाख 28 हजार 40 छात्रों को छोड़कर शेष को छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि का भुगतान निदेशालय द्वारा उनके आधार लिंक बैंक खाते में प्रेषित किया गया है। योजनान्तर्गत शासनादेशानुसार नियमावली में दी गयी व्यवस्थानुसार सर्वप्रथम शासकीय, शासकीय सहायता प्राप्त, तथा निजी क्षेत्र के नवीनीकरण श्रेणी के छात्रों को लाभान्वित किया गया। तदोपरान्त शासकीय, शासकीय सहायता प्राप्त के नवीन छात्रों को लाभान्वित किया गया। सीमित वित्तीय संसाधनों को दृष्टिगत रखते हुए निजी क्षेत्र के नवीन छात्रों में से गत वर्ष की वार्षिक परीक्षा में न्यूनतम 68 प्रतिशत तक प्राप्तांक वाले छात्र लाभान्वित हुए हैं।

# निकाय चुनाव : अध्यक्ष के लिए दो व सभासद के लिए आठ ने किया नामांकन

**नामांकन**

## अध्यक्ष के 56 व सभासद के खरीदे गए 351 पर्चे

**सोनभद्र/ओबरा/दुद्धी।** जिले में नगर निकाय चुनाव को लेकर चल रहे नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन मंगलवार को दस निकायों के लिए अध्यक्ष पद के लिए 56 और सभासद पद के लिए 351 पर्चे क्रय किए गए। वहीं 10 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए दो व सभासद के लिए आठ नामांकन हुआ। रावर्ट्सगंज नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए तीन व सभासद के लिए 49 पर्चे खरीदे गये। यहां से सभासद के लिए एक नामांकन हुआ। नगर पंचायत चुर्क में अध्यक्ष के लिए 6 व सभासद के लिए 9 पर्चे खरीदे गये। वहीं घोरावल नपं सभासद के लिए दो पर्चा खरीदा गया। दुद्धी संवाददाता के अनुसार-निकाय चुनाव को लेकर चल रहे नामांकन प्रक्रिया के तहत तहसील क्षेत्र अंतर्गत चारों नगर पंचायतों के अध्यक्ष व वार्ड सदस्यों के नामांकन पत्रों की बिक्री व दाखिले के दूसरे दिन मंगलवार को दुद्धी नगर पंचायत अध्यक्ष पद हेतु दो लोगों ने अपना नामांकन दाखिल किया। आरओ संतोष यादव ने बताया कि दुद्धी नगर पंचायत अध्यक्ष पद हेतु इसराज अहमद ने दो सेट में, रौशन ने एक सेट में नामांकन दाखिल किया है। वहीं वार्ड मेम्बर पद के निर्वाचन आरओ डा. शिवम सिंह ने बताया कि दुद्धी वार्ड नं 5 से मो. मोबिन ने नामांकन दाखिल किया। रेनुकूट नगर पंचायत से अध्यक्ष व वार्ड सदस्य पद पर किसी ने नामांकन दाखिल नही किया। वहीं पिपरी नगर पंचायत से मंगलवार को अध्यक्ष पद हेतु किसी ने नामांकन दाखिल नही किया। वार्ड सदस्य हेतु पांच उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया। वार्ड सदस्य पद के आरओ बालचन्द भारती ने बताया कि कई वार्डों से प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। अनपरा नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर मंगलवार को किसी ने नामांकन दाखिल नही किया। वहीं वार्ड सदस्य के लिए एक उम्मीदवार नामांकन दाखिल किया। ओबरा संवाददाता के अनुसार-नगर निकाय चुनाव के लिए इस बार नामांकन केंद्र पीजी कालेज को बनाया गया है। चुनाव नामांकन प्रक्रिया 17 अप्रैल से 24 अप्रैल तक रहेगी। इस बीच नामांकन पत्र बिक्री तथा प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किए जाएंगे। दूसरे दिन मंगलवार को कुल 7 अध्यक्ष तथा 149 सभासद पद के पर्चे बिके। जिनमें ओबरा नगर पंचायत अध्यक्ष हेतु दो तथा सभासद पद हेतु 61 व चोपन नगर पंचायत अध्यक्ष पद हेतु 4, सभासद पद हेतु 41 तथा डाला नगर पंचायत अध्यक्ष पद हेतु 1 व सभासद पद हेतु 47 पर्चो की बिक्री हुई। वहीं नामांकन पत्रों की जांच 25 अप्रैल और वापसी की तिथि 27 अप्रैल तय की गई है। इस अवसर पर एसडीएम प्रभाकर सिंह, सीओ डॉ चारु द्विवेदी, निकाय चुनाव प्रभारी सुशील कुमार, कोतवाल मिथिलेश मिश्र आदि मौजूद रहे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत-हरिहरपुर वि0 ख0-डोभी, जौनपुर

**अल्पकालिक निविदा**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ अंत्येष्टि स्थल/ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/एस.एल.डब्लू.एम. के अन्तर्गत कार्य/मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20.04.2023 से 27.04.2023 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपराह्न 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते हैं। दिनांक 28.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपराह्न 3.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार) | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय एस.एल. डब्लू.एम. योजनान्तर्गत | | |
| 2 | सीमेंट, बालू, गिट्टी, छड़, ईंट 150/एस0ओ0बी0 | | |
| 3 | ईंट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी, सीमेंटेड ईंट | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | |
| 5 | समर्सिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य, इलेक्ट्रिक सामग्री | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूंसा अन्य इंटरलाकिंग ब्रिक | | |
| 7 | डेस्क, बेंच फर्नीचर/आलमारी, मैदान/तालाब के सुन्दरीकरण हेतु घास | | |
| 8 | ग्रीन बोर्ड पर्दा, अन्त्येष्टी स्थल, सूखा-गीला कचरा प्रबंधन व कम्पोस्ट गड्ढा इत्यादि | | |
| 9 | भूसा, वृक्षारोपण (पौधा कम से कम 6 फीट का होना चाहिए) | | |
| 10 | कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट, आंगनबाड़ी केन्द्र, सी0एस0सी0 जनसुविधा केन्द्र | | |
| 11 | नाली निर्माण सामग्री, पंचायत भवन, चूना पेंट वाहन क्रय कूड़ा गाड़ी, ई. रिक्शा | | |
| 12 | खड़ंजा, सोख्ता, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, प्लास्टिक बैक, कचरा, एन.पी.3नाली | | |
| 13 | योगा/व्यायाम सामग्री, मॉडर्न वृक्षारोपण, ह्यूम पाईप, सी.सी. टीवी कैमरा, ए.सी.पी. बोर्ड, दिशा सूचक/साईन बोर्ड/शिलापट्ट या फैन्सग्रास कूड़ा केन्द्र, यू.पी.एस. निर्माण हेतु | | |
| 14 | पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आपरेशन कायाकल्प, कोविड-19 सेनेटाईजर /फागिंग मशीन, मास्क, लाल ईंट, डब्लू एस0सी0, कोविड एलाउंस कैप | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें**-सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रु0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**ग्राम प्रधान-नीतू** **ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0-अजीत कुमार**

## कार्यालय ग्राम पंचायत-विशुनपुर लेबरुआ वि0 ख0-डोभी, जौनपुर

**अल्पकालिक निविदा**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ अंत्येष्टि स्थल/ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/एस.एल.डब्लू.एम. के अन्तर्गत कार्य/मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20.04.2023 से 27.04.2023 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपराह्न 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते हैं। दिनांक 28.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपराह्न 3.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार) | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय एस.एल. डब्लू.एम. योजनान्तर्गत | | |
| 2 | सीमेंट, बालू, गिट्टी, छड़, ईंट 150/एस0ओ0बी0 | | |
| 3 | ईंट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी, सीमेंटेड ईंट | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | |
| 5 | समर्सिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य, इलेक्ट्रिक सामग्री | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूंसा अन्य इंटरलाकिंग ब्रिक | | |
| 7 | डेस्क, बेंच फर्नीचर/आलमारी, मैदान/तालाब के सुन्दरीकरण हेतु घास | | |
| 8 | ग्रीन बोर्ड पर्दा, अन्त्येष्टी स्थल, सूखा-गीला कचरा प्रबंधन व कम्पोस्ट गड्ढा इत्यादि | | |
| 9 | भूसा, वृक्षारोपण (पौधा कम से कम 6 फीट का होना चाहिए) | | |
| 10 | कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट, आंगनबाड़ी केन्द्र, सी0एस0सी0 जनसुविधा केन्द्र | | |
| 11 | नाली निर्माण सामग्री, पंचायत भवन, चूना पेंट वाहन क्रय कूड़ा गाड़ी, ई. रिक्शा | | |
| 12 | खड़ंजा, सोख्ता, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, प्लास्टिक बैक, कचरा, एन.पी.3नाली | | |
| 13 | योगा/व्यायाम सामग्री, मॉडर्न वृक्षारोपण, ह्यूम पाईप, सी.सी. टीवी कैमरा, ए.सी.पी. बोर्ड, दिशा सूचक/साईन बोर्ड/शिलापट्ट या फैन्सग्रास कूड़ा केन्द्र, यू.पी.एस. निर्माण हेतु | | |
| 14 | पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आपरेशन कायाकल्प, कोविड-19 सेनेटाईजर /फागिंग मशीन, मास्क, लाल ईंट, डब्लू एस0सी0, कोविड एलाउंस कैप | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें**-सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रु0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**ग्राम प्रधान-मंजू सिंह** **ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0-अजीत कुमार**

## कार्यालय ग्राम पंचायत-पनिहर वि0 ख0-डोभी, जौनपुर

**अल्पकालिक निविदा**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ अंत्येष्टि स्थल/ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/एस.एल.डब्लू.एम. के अन्तर्गत कार्य/मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20.04.2023 से 27.04.2023 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपराह्न 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते हैं। दिनांक 28.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपराह्न 3.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार) | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय एस.एल. डब्लू.एम. योजनान्तर्गत | | |
| 2 | सीमेंट, बालू, गिट्टी, छड़, ईंट 150/एस0ओ0बी0 | | |
| 3 | ईंट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी, सीमेंटेड ईंट | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | |
| 5 | समर्सिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य, इलेक्ट्रिक सामग्री | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूंसा अन्य इंटरलाकिंग ब्रिक | | |
| 7 | डेस्क, बेंच फर्नीचर/आलमारी, मैदान/तालाब के सुन्दरीकरण हेतु घास | | |
| 8 | ग्रीन बोर्ड पर्दा, अन्त्येष्टी स्थल, सूखा-गीला कचरा प्रबंधन व कम्पोस्ट गड्ढा इत्यादि | | |
| 9 | भूसा, वृक्षारोपण (पौधा कम से कम 6 फीट का होना चाहिए) | | |
| 10 | कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट, आंगनबाड़ी केन्द्र, सी0एस0सी0 जनसुविधा केन्द्र | | |
| 11 | नाली निर्माण सामग्री, पंचायत भवन, चूना पेंट वाहन क्रय कूड़ा गाड़ी, ई. रिक्शा | | |
| 12 | खड़ंजा, सोख्ता, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, प्लास्टिक बैक, कचरा, एन.पी.3नाली | | |
| 13 | योगा/व्यायाम सामग्री, मॉडर्न वृक्षारोपण, ह्यूम पाईप, सी.सी. टीवी कैमरा, ए.सी.पी. बोर्ड, दिशा सूचक/साईन बोर्ड/शिलापट्ट या फैन्सग्रास कूड़ा केन्द्र, यू.पी.एस. निर्माण हेतु | | |
| 14 | पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आपरेशन कायाकल्प, कोविड-19 सेनेटाईजर /फागिंग मशीन, मास्क, लाल ईंट, डब्लू एस0सी0, कोविड एलाउंस कैप | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें**-सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रु0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**ग्राम प्रधान-संजय** **ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0-अजीत कुमार**

# चंदौली व सैयदराजा चेयरमैन पद के सभी पर्चे वैध

जनसंदेश न्यूज

**नगर निकाय**

### नगर पंचायत चंदौली में 15 और सैयदराजा में नौ अध्यक्ष पद के उम्मीदवार

**चंदौली।** नगर निकाय चुनाव-2023 के तहत 17 अप्रैल तक दाखिल हुए नामांकन पत्रों की जांच मंगलवार को नामांकन स्थल सदर तहसील में हुई। नगर पंचायत चंदौली अध्यक्ष पद के लिए कुल 15 प्रत्याशी मैदान में है वहीं विभिन्न वार्डों से सभासद पद के लिए 70 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। बात सैयदराजा नगर पंचायत की करें तो यहां अध्यक्ष पद के लिए 9 और सभासद के लिए 78 लोगों ने उम्मीदवारी की है।

मंगलवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई। जिसमें पर नगर पंचायत चंदौली व नगर पंचायत सैयदराजा में अध्यक्ष पद के जमा किए गए सभी नामांकन पत्र वैध पाए गए। नगर पंचायत सैयदराजा से 9 प्रत्याशियों ने अध्यक्ष पद के लिए अपनी उम्मीदवारी प्रस्तुत की है। इसमें इशरत खातून, पुष्पा आम आदमी पार्टी, फातिमा बीवी, बिलकिस बानो ने निर्दल मजीदून समाजवादी पार्टी, रीता भाजपा, रूबी व शहना बेगम और श्वेता गुप्ता निर्दल के रूप में नामांकन दाखिल किया है। वहीं 78 उम्मीदवारों ने सभासद के लिए नामांकन किया।

जिसमें 18 नामांकन पत्र अवैध पाए गए। चंदौली नगर पंचायत अध्यक्ष की बात करें तो सबसे अधिक अध्यक्ष पद के उम्मीदवार हैं। अध्यक्ष पद के लिए कुल 15 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इसमें सुनील यादव, सुदर्शन सिंह, अमित कुमार, श्यामलाल, विवेक सिंह, विवेक गुप्ता उर्फ पिंकू, धर्मजीत, भरत, बृजेश यादव ने निर्दल तौर पर नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं बसपा से देवी शरण जायसवाल, ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन संजय सिंह, भाजपा से ओमप्रकाश सिंह, आप से रत्ना सिंह, कांग्रेस से मनोज ने नामांकन किया है।

वहीं सभासद के लिए कुल 70 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। मंगलवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई। नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए बनाए गए आरओ दिग्विजय प्रताप सिंह ने बताया कि 15 नामांकन अध्यक्ष पद के दाखिल सभी नामांकन पत्र जांच में वैध पाए गए हैं। नगर पंचायत सैयदराजा के आरओ मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि 9 नामांकन पत्र सभी वैध पाए गए। नामांकन पत्रों की वापसी 20 अप्रैल को निर्धारित की गई।

### आसमान से बरस रही आग, गर्मी बढ़ने से आमजन परेशान

**डीडीयू नगर।** अप्रैल माह की शुरूआत से ही पड़ रही गर्मी के कारण आम जनजीवन इससे प्रभावित है। मंगलवार को नगर के बाजारों व सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। तापमान दो डिग्री बढ़कर 42 पर पहुंच गया। वहीं न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन भर रह रह कर पछुआ हवा चलने से लू का असर भी महसूस हुआ, जिससे लोग घरों से बाहर निकलना बंद कर दिया। वहीं मौसम विभाग के अनुसार 19 अप्रैल से मौसम में परिवर्तन होने पर तापमान में 3-4 डिग्री की कमी हो सकती। इन दिनों सूरज के तीखे तेवर ने लोगों को घरों में कैद कर दिया है। इसके चलते नगर सहित आसपास के क्षेत्र में पारा लगातार बढ़ता जा रहा है। आने वाले तीन चार दिनों तक आमजन को गर्मी के प्रचंड प्रकोप से राहत मिलता नजर नहीं आ रहा है। लगातार बढ़ रही गर्मी से लोगों की कार्यक्षमता पर असर पड़ने लगा है। देखते देखते मौसमी बीमारियां अपना पांव पसारने लगा हैं। घरों व प्रतिष्ठानों में एसी, पंखे व कूलर पूरी क्षमता से चलने लगे हैं। माह के आरंभ में छिटपुट बारिश होने से मौसम सुहाना हो गया था।

# सौहार्द्र पूर्वक मानाएं त्योहार


शहाबगंज थाने में लोगों को संबोधित करते सीओ चकिया।

**शहाबगंज।** आगामी अलविदा व ईद के त्यौहार के मद्देनजर स्थानीय थाना परिसर में मंगलवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी रघुराज की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में हिन्दू-मुस्लिम दोनों समुदाय के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। क्षेत्राधिकारी ने लोगों से आपसी भाईचारे के साथ ईद मनाने की अपील किया। उन्होंने लोगों से उनकी समस्याओं से भी रूबरू हुए तथा कहा कि अगर त्योहार में कोई अराजक तत्व दखलंदाजी करता है तो उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। अगर कोई सोशल मीडिया पर या अन्य किसी भी तरह से कोई अफवाह फैलाता है तो आप लोग तत्काल इसकी सूचना स्थानीय थाना पर दें। थानाध्यक्ष रिजवान मिर्जा बेग ने कहा कि अराजक तत्वों पर नजर बनाए रखें। संदिग्ध लोगों के दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। पुलिस आपके सहयोग के लिए हमेशा खड़ी रहेगी। इस अवसर पर एसआई रमाशंकर, सिंहासन यादव, अखिलेश सोनकर, विजय बहादुर, महमूद आलम, प्रधान संघ अध्यक्ष गुलफाम अहमद मिक्कू, प्रधान सिरताज अंसारी, कुंदन चौहान, शमसाद अंसारी, लक्ष्मी नारायण यादव, सत्येन्द्र मौर्य, राजकुमार मोदनवाल, पुट्टन खां, सुभाष श्रीवास्तव, आलमीन, रामजीत साहनी, हमीद आदि उपस्थित थे।

### नेट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर छात्र को किया सम्मानित

**डीडीयू नगर।** लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पारसनाथ तिवारी नवीन परिसर में मंगलवार को इंडियन आयल के राजेश कुमार महाप्रबंधक (मानव संसाधन), सुनील कुमार दत्ता (उप महाप्रबंधक, सीएसआर), प्रबंधक राजेश कुमार तिवारी, प्राचार्य प्रो उदयन मिश्र द्वारा हिन्दी विभाग के छात्र गौरव गुप्ता को नेट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजेश कुमार महाप्रबंधक ने कहा कि आपकी मेहनत रंग लाई है। अभी आपको और ऊंचाइयों को छूना है। प्रबंधक राजेश कुमार तिवारी ने कहा कि आपकी मेहनत व महाविद्यालय के गुरुओं के आशीर्वाद से आपने ये सफलता हासिल की है। इस अवसर पर प्रो इशरत जहां, प्रो अमित राय, डा.भावना, डा.गुलजबी, डा ब्रजेश, डा.विवेक, डा.मेहबूब, डा.विनोद, डा पंकज, डा सारिका, डा मीना, राहुल, सुनील आदि के साथ छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### घायल गोवंश का इलाज कर चारा पानी की व्यवस्था की


घायल गोवंश का इलाज करते ग्रामीण।

**कंदवा।** विकास खण्ड बरहनी के घोसवा गांव में एक गोबंश का पीछे के एक बायें पैर किसी कारणों से कट जाने से घायल हो गया, जिससे वह लाचार होकर कितने दिन तक गांव के पूरब खेत में विना अन्य पानी का पड़ा रहा वह चिलचिलाती धूप व आसमान से बरस रहे आग के बीच अपनी जिन्दगी का एक एक पल का संघर्ष करता रहा। घोसवां निवासी कैलाश सिह गांव के पूरब पोखरा पर शिव पूजा के लिए बेलपत्र तोडने गये थे तभी उनकी निगाहें गोबंश पर पड़ी देखा कि वहाँ पर एक गौवंश खेत में गिरा पड़ा है तब उन्होंने उसके पास पहुंच कर देखा की उसका गौवंश का पिछले बायें पैर किसी कारणों से कटा पड़ा है। गाँव के सहयोग से गौवंश का चारा पानी की ब्यवस्था की गयी और पशु अस्पताल अमड़ा के चिकित्साधिकारी को फोन द्वारा सुचित किया गया और चिकित्साधिकारी डा.देवेन्द्र यादव ने अपने सहयोगी विद्यासागर सिंह के साथ मौके पर पहुंच इलाज करने मे तत्परता दिखाई जिसकी लोगों द्वारा सराहना की गयी, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है वहीं कैलाश सिंह, अनिल सिंह, गोवर्धन सिंह, टुन्न राम ने जिला अधिकारी का ध्यान आकर्षित कराते हुए मांग की है कि ऐसे जगह ब्यवस्थित कराएं।

### जांच में मिले कोविड के तीन नए मरीज

**चंदौली।** जांच रिपोर्ट से परिणाम में तीन व्यक्तियों की रिपोर्ट पॉजिटिव प्राप्त हुई है। इनमें 01 महिला एवं 02 पुरूष है। ये क्रमशः ब्लाक शहाबगंज एवं चंदौली के रहने वाले है। वहीं 03 व्यक्ति के स्वस्थ होने की सूचना भी प्राप्त हुई है। जनपद में कोविड जांच हेतु कुल 570 नमूने संग्रहित किये गए। इस प्रकार जनपद चन्दौली में कोविड के कुल 18519 केस व इनमें एक्टिव केस की संख्या 21 है। अब तक 18114 स्वस्थ हो चुके हैं।

### पूर्व चेयरमैन के माता का निधन

**डीडीयू नगर।** सपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व चेयरमैन राजकुमार जायसवाल के माता शकुंतला देवी का मंगलवार को निधन हो गया है। उनके निधन से शुभचिंतकों, रिश्तेदारो, व्यापारियों में शोक की लहर दौड़ गई। लोग उनके पैतृक आवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

### ईवस ब्यूटी प्वाइंट बनेगा जिले का पहला ब्यूटी एकेडमी



**डीडीयू नगर।** नगर स्थित ग्लोबल डायग्नोस्टिक सेंटर के पास ईवस ब्यूटी प्वाइंट ब्यूटी और ब्रेन के क्षेत्र में नया क्रांति लाने वाला है। ईवस ब्यूटी पॉइंट बहुत जल्द जिले का पहला ब्यूटी एकेडमी के रूप में काम करेगा।उक्त बातें ईवस ब्यूटी पॉइंट की संचालिका एवं प्रसिद्ध मेकअप आर्टिस्ट ज्योति जायसवाल ने पत्रकारों से कहीं। जायसवाल ने बताया कि वीएलसीसी की ट्रेनिंग लेने के उपरांत प्रोफेशनल मेकअप के कार्य को भी बखूबी जानती हैं।कुछ अलग करने के सपने को संजोये महिलाओं के लिए ज्योति एक मिसाल है। जिले का पहला ब्यूटी एकेडमी बनेगा जहां देश के विभिन्न शहरों के ट्रेंड प्रोफेशनल्स द्वारा महिला एवं बच्चों को ऑनलाइन, ऑफलाइन ट्रेनिंग दी जाएगी। जिससे लोग आत्मनिर्भर बन सकेंगे। ब्यूटी प्वाइंट अपने सर्विस के लिए प्रसिद्ध है। यहां स्पा, बॉडी पॉलिशिंग, मेनी क्योर, पेडी क्योर, ब्राइडल मेकअप, हेयर ट्रीटमेंट, स्मूथनिंग, फेसिअल ट्रीटमेंट इत्यादि सारे काम किया जाता है। मिडिल क्लास और कमजोर वर्ग को स्पेशल डिस्काउंट भी दिया जाता है। बताया कि अभी तक उन्होंने लगभग 200 महिलाओं को ट्रेंड कर दिया है जिससे वे सभी अपने स्थान पर ब्यूटी पार्लर के माध्यम से आत्मनिर्भर बनी है।

# निपुण भारत की मुहिम को तेज करने पर संकुल प्रभारियों ने दिया जोर

**चर्चा**

### प्रधानाध्यापक व नोडल शिक्षकों ने बैठक कर रणनीति पर की चर्चा



संकुल स्तरीय बैठक के दौरान विचार व रणनीति पर चर्चा करते प्रभारी।

**सकलडीहा।** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से निपुण भारत के लक्ष्य को पूरा करने पर जोर है। इसको लेकर मंगलवार को विकास खंड के सभी तेरह संकुल पर संकुल प्रभारी और प्रधानाध्यापक व नोडल शिक्षकों ने बैठक कर रणनीति पर चर्चा किया। इस दौरान नवाचार माध्यम से बच्चों को जागरूक करने पर जोर दिया गया।

सकलडीहा बीआरसी अंतर्गत सलेमपुर, दिघवट, धरहरा, पौरा, बरठी, बथावर, खगवल, घूसखास, ताराजीवनपुर, ताजपुर, बसिला और सकलडीहा संकुल बनाये गये है। खंड शिक्षा अधिकारी अवधेश कुमार राय के निर्देश पर सभी संकुल पर संकुल प्रभारियों ने प्रधानाध्यापक और नोडल शिक्षकों के साथ बैठक किया। बैठक में निपुण भारत की लक्ष्य के तहत रिमिडियल कक्षायें, पाठ्य योजना व नवाचारों से संबधी विषयों पर चर्चा किया गया। संकुल प्रभारियों ने बदलते मौसम को देखते हुए बच्चों के सेहत पर खासे ध्यान रखने को बताया गया। अंत में बच्चों को समय से पठन पाठन के लिये किताबों और डिजिटल शैक्षिण गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। इस मौके पर नोडल शिक्षक संकुल राहुल राय, हिमांशु पांडेय, अरुण रत्नाकर, चन्द्रधर दीक्षित, मीरा टाइगर, धर्मराज प्रसाद, संजय यादव, रविशंकर मौर्य, संजय सिंह, उषा देवी, राजेश सिंह ,जायस प्रताप, भोला पाल ,आदि शिक्षक व शिक्षक संकुल उपस्थित रहे।

### उम्र कम होने पर नामांकन पत्र हुआ खारिज

**चकिया।** नगर निकाय चुनाव के क्रम में मंगलवार को नामांकन पत्रों की जांच हुई। नगर पंचायत अध्यक्ष समेत 12 वार्डों के सदस्य पद के प्रत्याशियों के नामांकन पत्र की जांच की गई, जिससे कांग्रेस के अध्यक्ष पद के अधिकृत प्रत्याशी सूर्य प्रकाश केसरी और उनकी पत्नी रंजना का नामांकन पत्र खारिज हो गया। नामांकन पत्र खारिज होने की सूचना पर नगर में अटकलों का माहौल गर्म हो गया। निर्वाचन अधिकारी उपजिलाधिकारी ज्वाला प्रसाद के अनुसार नगर पंचायत के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने वालों के लिए उम्र की सीमा 30 वर्ष निर्धारित है। जिसका परीक्षण हाई स्कूल के अंकपत्र के आधार पर किया जाता है। कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी सूर्य प्रकाश और उनकी पत्नी रंजना की उम्र 30 वर्ष से कम थी। जिसके कारण दोनों का नामांकन पत्र खारिज कर दिया गया।

# ईद पर्व के मद्देनजर पुलिस ने कंदवा थाने में की बैठक


कंदवा थाने में शांति समिति की बैठक में उपस्थित पुलिस अफसर व संभ्रांत नागरिक।

**कंदवा।** थाने में मंगलवार को आगामी ईद पर्व के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें अमन चैन से ईद का पर्व मनाए जाने की अपील की गयी तथा कोई दिक्कतें आने पर पुलिस का अवगत कराने को कहा गया। ताकि समय रहते उस समस्या का निदान किया जा सकें। थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा ने कहा कि किसी भी जाति, धर्म ,समुदाय का पर्व हो सभी को मिलजुल कर मनाना चाहिए। चाहे हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, किसी समुदाय का पर्व हों सच्ची इंसानियत एवं भाईचारे का संदेश हैं। इसे हर्षोल्लास के साथ मनाए। लेकिन भाईचारा अमन चौन साहौद बरकरार रखे। कोई अराजकता तत्वों के खलल डालने की आशंका हो या डालें तो पुलिस को सूचित करें। पुलिस हर समय तैयार रहेगी। सभी गांवों का भी ध्यान रखने को कहा गया। इस मौके पर रामपुर चौकी प्रभारी मनोज पांडेय, रामभवन यादव, मुन्ना राम, बेच्चू संजय सिंह, अमर नाथ आदि उपस्थित रहे।

# पांच दशक पुरानी जल निगम की टंकी से सिर्फ दो टाइम पानी



**सकलडीहा।** जनप्रतिनिधियों की लाख कवायद के बाद भी सकलडीहा तहसील मुख्यालय के एक दर्जन गांव के पच्चास हजार लोगों को सिर्फ दो टाइम ही पानी मिल पाता है। इस चिलचिलाती धूप और गर्मी में सुबह शाम ग्रामीणों को पानी का इंतजार करना पड़ता है। बिजली नही होने पर लोगों को पानी भरने की नौबत आ जाती है। जबकि गांव गांव में जल जीवन मिशन के तहत डोर टू डोर पानी पहुंचाने का दावा किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश जलनिगम की पेयजल समूह योजना के अर्न्तगत वर्ष 1976 में 310 किलो लीटर की पानी टंकी का निर्माण कराया गया था। इसके संचालन के लिये दो ट्यूववेल चलाया जाता है। टंकी के बनने से तीन दर्जन से अधिक गांवों को सप्लाई होता था। विगत कुछ वर्षो से जल निगम की प्रथम ट्यूववेल जल भ्रष्ट हो जाने से एक ट्यूववेल से आठ से दस घंटा में पानी की टंकी भरी जाती है। जिसके कारण सुबह और शाम मात्र दो टाइम एक दर्जन गांव के पच्चास हजार लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ता है। जबकि कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पेयजल समस्या से निजात दिलाने का आश्वासन दिया था।

जबकि शासन की ओर से जल जीवन मिशन के तहत डोर टू डोर पानी सप्लाई मिलने का दावा भी अधिकारियों द्वारा किया जाता है। इसके बाद भी तहसील मुख्यालय के सकलडीहा, टिमिलपुर, तेन्दुई, नागेपुर, सिरोहुपुर, ईटवा, बलारपुर, ताजपुर, दुगार्पुर आदि गांव के लोगों का इस चिलचिलाती गर्मी में पानी के लिये हर रोज जूझना पड़ता है। उधर अवर अभियंता उदय गुप्ता ने बताया कि गांव गांव टंकी बन जाने से लोगों को शीध्र ही समस्या से निजात मिल जायेगा।

### ईसीआरकेयू की कार्यकारणी समिति की बैठक आयोजित

**डीडीयू नगर।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन की 18वीं कार्यकारिणी समिति की बैठक सामुदायिक भवनमें हुई। जोन स्तर की इस बैठक में ईसीआरकेयू के समस्त 54 शाखाओं के शाखा सचिव तथा केन्द्रीय पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम के प्रारंभ में ईसीआरकेयू के झंडे को अध्यक्ष द्वारा फहराया गया। शहीद वेदी पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को नमन किया गया। इस दौरान महामंत्री एसएनपी श्रीवास्तव ने उपस्थिति प्रतिनिधियों के समक्ष तात्कालिक मुद्दों को रखा तथा विभिन्न प्रस्तावों पर सदस्यों को अपने विचार और सलाह रखने का अनुरोध किया। अध्यक्ष ने कहा कि जिन मामलों पर जोनल प्रशासन के साथ पी एन एम बैठक में सहमति बन गई है और इस विषय में रेलवे बोर्ड के स्पष्ट आदेश भी आए हैं। उन मामलों पर जोनल प्रशासन द्वारा आदेश जारी नहीं किए जा रहे हैं। प्रमुख मुद्दों में से पहला यह है कि इंजीनियरिंग विभाग के समस्त स्थापना को मंडल स्तर पर कार्मिक विभाग को स्थानांतरित कर दिया जाए। ट्रेन प्रदीप के कर्मचारियों को वापस विद्युत सामान्य विभाग के नियंत्रण में दे दिया जाए। नीतिगत विषयों पर सहमति के बाद भी मुख्यालय हाजीपुर आदेश जारी नहीं कर रहा है जो निंदनीय है।

# 20 अप्रैल से प्रशिक्षण लेंगे पीठासीन व मतदान कार्मिक

**जाना हाल**

### सीडीओ ने प्रशिक्षण स्थल का भ्रमण कर देखी व्यवस्थाएं

जनसंदेश न्यूज


प्रशिक्षण स्थल का जायजा लेते सीडीओ एसएन श्रीवास्तव।

**चंदौली।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 के मद्देनजर पीठासीन तथा मतदान कार्मिकों को 20 अप्रैल से प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसे देखते हुए मुख्य विकास अधिकारी व प्रभारी अधिकारी कार्मिक एसएन श्रीवास्तव द्वारा महेन्द्र टेक्निकल इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रशिक्षण के मद्देनजर बिजली, शुद्ध पेयजल, कुर्सी-मेज, शौचालय, साफ-सफाई इत्यादि की व्यवस्था देखी गई व छोटी-छोटी कमियों को दुरुस्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

पीठासीन व कार्मिकों को 20 अप्रैल को महेंद्र टेक्निकल इंटर कालेज के हाल में प्रथम प्रशिक्षण दो पाली में दिया जाएगा। प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से दोपहर एक बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर दो बजे से सायं पांच बजे तक चलेगी। प्रत्येक पाली में कुल 215 (पीठासीन व मतदान) कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गर्मी से बचने के लिए सत्तू, ठंडा पानी पीकर निकलेः डा. रितेश

जनसंदेश न्यूज


चहनियां पीएचसी पर जानकारी देते प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. रितेश कुमार

**चहनियां।** आने वाले दिनों में गर्मी और प्रचंड होगी। गर्मी का मौषम यानी आलस, पसीना, दिन भर सुस्ती, खाने पीने का दिल न करना, पानी से ज्यादा दिलचस्पी होती है। इसके अलावा सेहत से जुड़ी छोटी मोटी समस्याये बेहद आम है। गर्मी से बचने के लिए चहनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.रितेश कुमार ने लोगो को जागरूक किया। डा.रितेश कुमार ने बताया कि सबसे पहले लोगो को कड़ी धूप से बचना चाहिए। प्रयास करे कि सुबह 10 बजे से पहले व शाम को चार बजे के बाद ही निकले।

यदि संभव नही है तो शरीर को पूरी तरह से ढककर कैप, सनग्लास, सनस्क्रीन व गमछे का इस्तेमाल जरूर करे। गर्मी के मौसम में ठोस आहार की बजाय तरल पेय पदार्थ जैसे ठंडा पानी, नींबू पानी, बेल शरबत, कैरी व आम का पन्ना, छास, लस्सी, भोजन में कच्चे प्याज, सत्तू ज्यादा मात्रा में ले। इससे सुस्ती पन दूर रहेगी। गर्मी में हल्के कपड़े ज्यादातर कॉटन का इस्तेमाल करे।

हल्का ताजा जल्दी पचने वाले भोजन का इस्तेमाल करे। रसीले फल तरबूज, आम, संतरा, अंगूर से भी पेट भरेगा और ये शरीर मे पानी की भी पूर्ति करेगा। कहा कि गर्मियों में नींद पर्याप्त मात्रा में ले। यदि नींद पूरी नहीं होती है तो इस मौसम में ज्यादा चिड़चिड़ापन के शिकार लोग होते है। सुबह धूप निकलने से पहले उठकर घास पर नंगे पैर टहले, हल्का व्यायाम करें। इससे एनर्जी मिलेगी। बाहर जब भी जाये भर पेट ठंडा पानी पीकर निकले। आने वाले दिनों में शादी ब्याह में भी गरिष्ठ भोजन से बचे।

# कर्मठ कार्यकर्ताओं को सम्मान देती है भाजपाः अशोक जायसवाल

**समारोह**

### गांधीनगर वार्ड में नमामि गंगे के जिला संयोजक का हुआ स्वागत


गांधीनगर वार्ड में नमामि गंगे के जिला संयोजक का सम्मान करते भाजपाई।

**चंदौली।** सुजीत सिंह को नमामि गंगे का जिला संयोजक बनाए जाने पर मंगलवार को गांधीनगर वार्ड में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार जायसवाल के नेतृत्व में भाजपाईयों व व्यापारियों ने वार्ड स्थित सुजीत सिंह के आवास पर पहुंचकर माल्यार्पण करने के साथ ही अंगवस्त्रम व स्मृति चिह्न भेंट कर नयी जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। इस दौरान अशोक कुमार जायसवाल ने कहा कि भाजपा अपने जमीनी स्तर के कार्यकताओं को उचित प्रतिनिधित्व देकर उन्हें आगे बढ़ाने का काम करती है।

भाजपा ने हमेशा सभी वर्ग व सभी समाज के लोगों का सम्मान किया है। यही वजह है कि भाजपा ने सबका साथ और सबका विकास का नारा दिया। जिसे अपने कामकाज की बदौलत बेहतर बनाकर सबका साथ और सबका विकास के साथ सबका विश्वास जोड़कर पार्टी की नीतियों को समाज के अंतिम व्यक्तित्व तक पहुंचाने का काम किया। सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय की विचारधारा को आत्मसात करते हुए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के कल्याण के लिए काम कर रही है। कहा कि सरकार ने गरीबों को आवास, शौचालय व पेंशन आदि देकर उनके जीवन स्तर में सुधार लाने का काम किया है। इसके अलावा नौजवानों को प्रशिक्षित कर कुशल बनाने की दिशा में काम कर रही है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष दिलीप सोनकर, डा. विवेक सिंह, संजय जायसवाल, आसिफ अंसारी, संदीप अग्रहरी, अभिषेक जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

# कवि सम्मेलन में प्रबंधक भगवन्ती देवी को दी श्रद्धाजंलि



**चहनियां।** मां खण्डवारी महिला महाबिद्यालय में महाबिद्यालय की प्रबंधक व सेवड़ी की पूर्व प्रधान स्वर्गीय भगवन्ती देवी के द्वितीय पुण्डय तिथि पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित हुई। जिसमे कवियों ने भगवन्ती देवी को कवि सम्मेलन के माध्यम से श्रद्धाजंलि अर्पित किया। प्रथम सत्र में सर्वप्रथम कालेज में स्थापित भगवन्ती देवी के मूर्ति पर मां खण्डवारी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के चेयरमैन डा.राजेन्द्र प्रताप सिंह,प्रबंध निदेशक डा.आशुतोष कुमार सिंह, निदेशक अवनीश सिंह ने माल्यार्पण कर पूजन, अर्चन, कीर्तन का आयोजन हुआ। द्वितीय सत्र में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित हुई। जिसमें पहले दो मिनट का मौन धारण कर लोगो ने मृतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया।

चेयरमैन डा.राजेन्द्र प्रताप सिंह ने महाविद्यालय के सभागार में मां सरस्वती व भगवन्ती देवी के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया। तत्पश्चात कवियों द्वारा कवि सम्मेलन के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कालेज की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। डा.राजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि ये हमारी पत्नी ही नहीं बिद्यालय परिवार की गार्जियन थी। इनके स्मृति शेष दिवस पर प्रतिज्ञा ली कि गरीब, विकलांग, अनाथ बच्चों को निशुल्क शिक्षा दूंगा। दमदार बनारसी, दिनेश चंद्रा, दीनानाथ देवेश, रामजी प्रसाद भैरव द्वारा प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर लोकनाथ महाविद्यालय के प्रबंधक धनंजय सिंह, उदय प्रताप सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह, आनन्द तिवारी, अरबिंद पाण्डेय, राजेन्द्र पाण्डेय, आनन्द सिंह, लवकुश पाण्डेय, जितेंद्र सिंह, सचिदानन्द सिंह आदि लोग उपस्थित थे। संचालन अवधेश मिश्रा व अतिथि स्वागत डा. राजेन्द्र प्रताप सिंह ने किया।

## ब्रूक एक बेहतरीन बल्लेबाज : हरभजन

नई दिल्ली। दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की ओर खेल रहे इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक की जमकर सराहना की है। हरभजन ने कहा कि ब्रूक के पास कई तरह के शॉट्स हैं और वह कमजोर गेंदों पर शॉट खेलने में पीछे नहीं रहते। इस क्रिकेटर ने आईपीएल के चौथे मैच में शतक लगाकर अपने इरादे जाहिर कर दिये थे। हरभजन ने कहा कि वह स्पिनरों के खिलाफ खेलने में कुछ कमजोर जरुर हैं पर अनुभव के साथ वह बेहतर होते जाएंगे। हरभजन सिंह ने कहा, ब्रूक तेज गेंदबाजी को अच्छी तरह से खेलते हैं। तेज गेंदबाजों के खिलाफ उनके पास कई तरह के शॉट हैं। हालांकि वह स्पिन के खिलाफ बहुत अच्छे नहीं हैं। पर वह एक और दो रन देकर अपनी कमजोरी छुपाते हैं। जब भी उन्हें अवसर मिलता है, वह शॉट लगाते हैं। इसमें उन्हें अन्य बल्लेबाजों से भी अच्छा समर्थन मिल रहा है। इससे उन्हें आगे बढ़ने में सहायता मिलेगी।

# आईपीएल में आज होगा राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपरजाइंट्स का मुकाबला

**शाम 7:30 बजे से होगा मैच**

**जयपुर।** आईपीएल के 16वें सत्र में बुधवार को राजस्थान रॉयल्स अपने घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ जीत का सिलसिला बरकरार रखने उतरेगी। राजस्थान रॉयल्स ने इस सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अब तक अंक तालिका में अपना शीर्ष स्थान बनाये रखा है। वहीं दूसरी ओर इस सत्र में मिला-जुला प्रदर्शन करने वाली लखनऊ सुपरजाइंट्स के लिए ये मैच अहम है।

कप्तान लोकेश राहुल की सुपरजाइंट्स इस मैच में जीत के साथ ही लय हासिल करना चाहेगी हालांकि ये इतना आसान नहीं है। सुपरजाइंट्स को इस मैच में अगर जीत दर्ज करनी है तो उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा क्योंकि संजू सैमसन की कप्तानी में रॉयल्स अपने घरेलू मैदान पर जीत की प्रबल दावेदार रहेगी। लखनऊ की टीम ने अभी तक खेले पांच में से तीन मैच जीते हैं जबकि दो मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा।

टीम के पास अच्छे खिलाड़ी हैं पर उसके प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है। पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में मिली हार से भी उसका मनोबल गिरा है। पंजाब के खिलाफ टीम बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पायी थी। टीम के लिए राहत की बात यह है कि पिछले मैच में उसके कप्तान राहुल ने अर्धशतक लगाकर अपना फार्म हासिल कर लिया था।

लखनऊ के पास काइल मायर्स, निकोलस पूरन और मार्कस स्टोइनिस जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं जो किसी भी गेंदबाज के खिलाफ तेजी से रन बना सकते हैं। बल्लेबाजों के बड़ी साझेदारी नहीं बना पाने के कारण टीम अब तक असफल रही है।

इसके अलावा दीपक हुड्डा के रन नहीं बना पाने से भी टीम को नुकसान हुआ है। उसे अपने स्पिनरों रवि बिश्नोई कृष्णप्पा गौतम और क्रुणाल पंड्या का बेहतर तरीक से इस्तेमाल करना होगा। तेज गेंदबाज की बात करें तो टीम के पास मार्क वुड और आवेश खान हैं। पंजाब के खिलाफ युद्धवीर सिंह चरक ने भी अच्छा प्रदर्शन किया था। वहीं राजस्तान टीम ने तीन मैचों में जीत के साथ ही तालिका में 6 अंकों के साथ ही पहला स्थान हासिल किया है। राजस्थान के पास अच्छा बल्लेबाजी और गेंदबाजी क्रम है। इसमें यशस्वी जायसवाल, जोस बटलर और संजू सैमसन जैसे खिलाड़ी हैं।

बटलर ने अभी तक इस सत्र में सबसे ज्यादा 204 रन बनाए हैं जबकि यशस्वी ने 136 रन बनाये हैं। गुजरात टाइटंस के खिलाफ पिछले मैच में यह दोनों सलामी बल्लेबाज रन नहीं बना पाए थे पर कप्तान संजू सैमसन और शिमरोन हेटमायर ने अच्छी बल्लेबाजी कर अपनी टीम को जीत दिला दी थी। देवदत्त पडिक्कल ने भी इस मैच में तेज पारी खेली पर रियान पराग अवसर का लाभ नहीं उठा पाये। गेंदबाजी की बात करें तो राजस्थान के पास ट्रेंट बोल्ट ओर संदीप शर्मा जैसे गेंदबाज हैं। इसके अलावा युजवेंद्र चहल, एडम जंपा और अनुभवी आर अश्विन जैसे स्पिनर है।



गाले में श्रीलंका और आयरलैंड के बीच हुए मुकाबले में प्रभात जयसूर्या ने सात विकेट लिये।

## संक्षेप

### एनटीपीसी रिहंद ने सेवा समर्पण संस्थान के छात्रों को बांटी स्टेशनरी

**बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद न केवल बिजली उत्पादन कर लोगों के जीवन को प्रकाशमान कर रही है बल्कि लोगों के उत्थान हेतु विभिन्न क्षेत्रों में भी कार्य कर रही है। इसी कड़ी में एनटीपीसी रिहंद ने नैगम सामाजिक दायित्व निर्वहन के अंतर्गत सेवा समर्पण संस्थान सेवाकुंज आश्रम चपकी में अध्ययनरत 250 छात्रों को स्कूल बैग्स एवं स्टेशनरी सामग्री बैग्स आदि का वितरण मुख्य महाप्रबंधक रिहंद अशेष कुमार चट्टोपाध्याय ने किया। स्टेशनरी में कक्षा 6,7 एवं 8 के छात्रों हेतु पाठ्य पुस्तक एवं स्कूल बैग्स शामिल रहे। इस मौके पर महाप्रबंधक एडीएम राजीव कुमार सिन्हा, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन जाकिर खान, सह संगठन मंत्री सेवाकुंज आश्रम आनंद, संतोष कुमार, देबाशीश मण्डल, सत्यनारायन बहेरा समेत तमाम विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### हंसवाहिनी स्कूल का मना वार्षिकोत्सव, कार्यक्रमों ने मोहा मन

**बीजपुर।** स्थानीय क्षेत्रन्तर्गत स्थित ग्राम सभा सिरसोती के टोला नकटू में स्थित हंसवाहिनी पब्लिक स्कूल में सोमवार की रात्रि वार्षिकोत्सव समारोह विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम व पुरस्कार वितरण के साथ हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपस्थित क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री बनवासी सेवा कल्याण आश्रम आनंद, विशिष्ट अतिथि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल कमांडेंट एस के सारस्वत व रिहंद इकाई उप कमांडेंट प्रदीप कुमार , ब्लाक प्रमुख मानसिंह गोड़, प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह, अमित सिंह, जीत सिंह खरवार ने अन्य सहतिथियों के साथ संयुक्त रूप से प्रज्ञा दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधानाचार्या दुर्गावती गुप्ता और प्रबंधक रामजियावन गुप्ता ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर व बैच लगाकर सम्मान किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर दर्शकों के ऊपर अमिट छाप छोड़ी और उनका मन मोह लिया। लोक नृत्य की प्रस्तुति दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहा। वहीं अतिथियों ने पढ़ाई और खेलकूद में प्रथम आये छात्रों को पुरस्कृत किया। संचालन राम यादव व छात्रा रीतू यादव ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मैथिलीशरण तिवारी, रवि गुप्ता, रामकुमार मिश्रा, दीप नारायण सिंह, राकेश कुमार राय, अनिल त्रिपाठी, संदीप गुप्ता, उपेन्द्र प्रताप सिंह, राकेश गोयल, इंद्रेश सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**ओबरा।** स्थानीय रेणुकापार स्थित पनारी ग्राम सभा के टोला पथगड़ा में मंगलवार की सुबह एक 70 वर्षीय वृद्ध महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से हड़कंप मच गया।घटना की सूचना पर पहुंची ओबरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।थाना प्रभारी ओबरा मिथिलेश मिश्रा ने बताया कि मृतका शनिश्चरी देवी (70) के पति मटुकधारी अगरिया निवासी ग्रामसभा पनारी टोला पथगडा ने मंगलवार की सुबह थाना ओबरा आकर बताया कि बीते रविवार की रात्रि मेरी पत्नी शौच करने घर से गई थी।घर वापस नहीं लौटने पर लगातार उसकी खोजबीन परिजन कर रहे थे।मंगलवार की सुबह घर से थोड़ी दूरी पर एक ढलान पर नीचे जाकर देखा तो उसका शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा था। संभावना जताई कि ढलान पर गिरकर उसकी मृत्यु हो गई होगी।सूचना ओबरा थाना में मिलने के बाद ओबरा पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।वहीं पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## जीत के लिए 200 से अधिक स्ट्राइक रेट से रन बनाएंगे : कॉनवे

**बेंगलुरू।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से आक्रामक बल्लेबाज कर रहे सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे ने कहा है कि उनकी टीम ने हर मैच में 200 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाने का लक्ष्य रखा है। इससे उनके पास जीत का अधिक अवसर रहता है। चेन्नई ने सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ मुकाबले में इसी स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 226 रन बनाये थे। इसमें कप्तान फाफ डुप्लेसी के 62 रन और ग्लेन मैक्सवेल के 76 रन भी शामिल थे। इस मैच में कॉनवे ने 83 रन बनाकर अपनी टीम को तेज शुरूआत दिलायी थी। इसके अलावा मैच में आजिंक्य रहाणे और शिवम दुबे ने भी आक्रामक पारियां खेली थीं। कॉनवे ने कहा यह विकेट बल्लेबाजी के लिए वास्तव में बहुत अच्छा था। इसलिए हमने 200 से अधिक स्ट्राइक रेट से रन बनाये।

## पथिराना को लेकर धोनी की भविष्यवाणी सही निकली

**आरसीबी के खिलाफ जीत में निभाई थी अहम भूमिका**

**बेंगलूर।** आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूर (आरसीबी) के खिलाफ हुए मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से श्रीलंकाई तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना ने अहम भूमिका निभाई। आरसीबी को इस मैच में जीत के लिए अंतिम ओवर में 19 रनों की जरूरत थी पर वह 10 रन ही बना पायी। पथिराना ने आरसीबी के बल्लेबाजों को खेलने का कोई अवसर ही नहीं दिया। आरसीबी के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने वाले पथिराना को लेकर एक साल पहले ही धोनी ने भविष्यवाणी में कहा था कि यह गेंदबाज अगले आईपीएल में टीम के लिए अहम भूमिका निभाएगा।

पिछले साल एक मैच के बाद धोनी ने पथिराना के बारे में कहा था, हमारा ये नया मलिंगा बहुत शानदार है। उसे चुनना बेहद कठिन है पर मुझे लगता है कि वह हमारे लिए अगले साल अहम साबित होगा।गौरतलब है कि पथिराना का एक्शन पूर्व श्रीलंकाई तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा से काफी मिलताहै। वह उनके जैसी ही गेंदबाजी करते हैं। उन्हें पिछले साल केवल दो मैच ही खेलने का अवसर मिला था। इस साल भी मथीशा ने अब तक एक मैच खेले हैं पर उन्होंने शानदार गेंदबाजी कर सभी का ध्यान खींचा हैं। हैरानी की बात है कि मथीशा ने अब तक श्रीलंका की ओर से केवल एक टी20 मैच खेला है।

## लखनऊ सुपरजायंटस और सीएसके मैच अब तीन मई को होगा

**निकाय चुनावों के कारण हुआ बदलाव**

**लखनऊ।** आईपीएल में लखनऊ सुपरजायंटस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होने वाले मैच का कार्यक्रम बदल गया है। अब ये मैच इकाना स्टेडियम में चार मई की जगह एक दिन पहले तीन मई को खेला जाएगा। यह बदलाव नगर निकाय चुनावों को देखते हुए किया जा रहा है। तय कार्यक्रम के अनुसार ये मैच चार मई को तय था पर लखनऊ में नगर निकाय चुनाव के लिए मतदान के चलते इस मैच को बदलना पड़ा। इस बात को लेकर पहले ही अटकलें लगायी जा रहीं थी जो सही निकली हैं। सोमवार देर रात इस मैच का नया कार्यक्रम जारी होने से क्रिकेट प्रेमियों के बीच संशय हट गया।

इस मैच को लेकर दर्शक बेहद उत्साहित हैं। इस मैच को लेकर लखनऊ के क्रिकेट प्रशंसक उत्साहित हैं क्योंकि इस मैच में उन्हें महेन्द्र सिंह धोनी को भी देखने का अवसर मिलेगा। यह मैच दोपहर 3:30 बजे से खेला जाएगा। धोनी को पहली बार लखनऊ में चौके छक्के लगाते हुए लोग करीब से देखना चाहते हैं। इस मैच के टिकट पेटीएम इनसाइडर से ऑनलाइन बुक किये जा सकते हैं। इसके अलावा कई ओर स्थलों से भी इन टिकटों को ऑनलाइन बुक किया जा सकता है।


## बॉलीवुड न्यूज

### अलीबाबा एक अंदाज अनदेखा को दर्शकों का मिल रहा प्यार



**इंदौर।** सोनी सब का अलीबाबा - एक अंदाज अनदेखा: चैप्टर 2 एक फैमिली एंटरटेनर है, जो रखवाले और कोतवाल अली (अभिषेक निगम) के साहसिक कारनामों पर आधारित है। अपने प्यारे किरदारों और आकर्षक कहानी के कारण, इस शो को अपने दर्शकों से बहुत प्यार और ढेरों प्रशंसक मिले हैं। सिमसिम (सायंतनी घोष) के अपनी कैद से भाग जाने के बाद, अली और मरजीना (मानुल चुड़ासमा) को अलीफी और बच्चों के अपहरण सहित कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। हालांकि, अगले कुछ एपिसोड्स में जब अली एक निडर योद्धा रोशनी (जसवीर कौर) से मिलेगा तो उसे उम्मीद की किरण नजर आएगी। एक देवदूत के रूप में, रोशनी अली की सहायता के लिए आएगी और कई बाधाओं को दूर करने में उसकी मदद करेगी। कई बड़ी बुराइयों के खिलाफ अपनी लड़ाई के दौरान, रोशनी और अली एक-दूसरे के बहुत अच्छे दोस्त बन जाएंगे और उनके बीच एक मजबूत रिश्ता बन जाएगा। लेकिन उन दोनों को ही नहीं पता, कि वे जितना महसूस करते हैं, उनका रिश्ता उससे कहीं अधिक शक्तिशाली हैं। रोशनी वास्तव में अली की मां है, जिसे उसने कई साल पहले खो दिया था। तो जब ये मां-बेटा आमने-सामने आएंगे तो क्या ये एक-दूसरे को पहचान पाएंगे? रोशनी की भूमिका निभा रहीं जसवीर कौर ने कहा, "रोशनी एक योद्धा है। वह इबलीस का शासन खत्म करने के लिए अपनी पूरी ज़िंदगी बुराई से लड़ती रही है। अपने पति और बच्चों को खोने के बाद, रोशनी का एक ही मिशन था; इबलीस को मारना। हालांकि, इस खतरनाक सफर में उन्होंने कभी भी अपनी अच्छाई और उत्साह नहीं खोया। जब अली और रोशनी आमने-सामने आएंगे, तो उसके मन में अली के प्रति लगाव विकसित होगा। उनका रिश्ता बेहद दिल को छू लेने वाला है क्योंकि अली और रोशनी की एक-दूसरे के प्रति सुरक्षा की भावना के कारण वे सबसे अच्छे दोस्त बन जाएंगे। वे एक-दूसरे से बहुत कुछ सीखेंगे और बदले में रखवालों की ऐसी जोड़ी बनेंगे जिससे पंगा नहीं लेना चाहिए। मैं दर्शकों को अलीबाबा - एक अंदाज अनदेखा का नया शेड पेश करने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।

## विराट ने गांगुली को अपने इंस्टाग्राम हैंडल से अनफॉलो किया



**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली और सौरव गांगुली के बीच मतभेद अब खुलकर सामने आ गये हैं। कुछ समय पहले गांगुली ने जहां विराट की आलोचना की थी। वहीं अब रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेले गए आईपीएल मुकाबले के दौरान भी दोनो के बीच तकरार हुई थी। इसी के बाद अब विराट ने गांगुली को अपने इंस्टाग्राम हैंडल से अनफॉलो कर दिया है, उन्होंने यह कदम दिल्ली कैपल्स से मुकाबले के बाद उठाया है।

मैच के 18वें ओवर के दौरान जब आरसीबी को विकेट की जरुरत थी तो विराट दिल्ली के डग आउट के पास फील्डिंग कर रहे थे। तब उन्होंन एक शानदार कैच पकड़ा। इस कैच को पकड़ने के बाद कोहली ने डग आउट में बैठे कैपिल्स के निदेशक गांगुली और कोच रिकी पोंटिंग को आंखे दिखाई। इसके बाद जब मैच समापत हुआ तो कोहली और गांगुली ने एक दूसरे से हाथ तक नहीं मिलाया। इन दोनों घटनाओं के वीडियो सोशल मीडिया पर छाये हुए हैं।

गौरतलब है कि गांगुली और विराट के बीच यह विवाद शुरू हुआ था जब विराट तीनों प्रारुपों में कप्तान थे और गांगुली भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष। कोहली ने दुबई में हुए टी20 वर्ल्ड कप 2021 के बाद इस प्रारुप की कप्तानी छोड़ दी थी। इसके बाद बीसीसीआई ने उन्हें एकदिवसीय टीम की भी कप्तानी छीन ली थी जिससे विराट नाराज बताये जा रहे थे और उन्हें इसके बाद टेस्ट कप्तानी से भी अपना इस्तीफ दे दिया था। तभी से दोनो के बीच संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं।

## सीएसके ने रोमांचक मुकाबले में आरसीबी को हराया

### परिणाम की जगह क्या किया जाना चाहिये उस पर ध्यान देते हैं धोनी

बेंगलूर। गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने आईपीएल में हुए एक रोमांचक मुकाबले में रॉयल्स चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को 8 रनों से हरा दिया। इस मैच में सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी को जीत के लिए 227 रनों का लक्ष्य दिया। आरसीबी की टीम अपने घरेलू मैदान पर इस लक्ष्य को हासिल नहीं कर पायी और 20 ओवर में 8 विकेट पर 218 रन ही बना पाई। इस जीत के बाद सीएसके के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने कहा कि वह मैच के परिणाम पर ज्यादा ध्यान देने की जगह बेहतर प्रदर्शन के लिए क्या किया जाना चाहिए इस पर ज्यादा ध्यान देते है।

धोनी ने कहा, जब भी आप 220 रन बनाते हो तो जीत के लिए बल्लेबाजों को हिट करते रहना होता है। अगर आरसीबी के फाफ डु प्लेसिस और ग्लेन मैक्सवेल खेलते रहते तो 18वें ओवर तक जीत हासिल कर लेते। मैं विकेट के पीछे से आंकलन करता रहता हूं, मैं हमेशा इस बात में शामिल रहता हूं कि परिणाम के बारे में सोचने के बजाय क्या किया जाना चाहिए। युवाओं के लिए यह कठिन होता है, खासकर साल के इस समय जब ओस चारों ओर होती है।

इस मैच में सीएसके ने डेवन कॉनवे के 83 और शिवम दूबे के 52 रनों की सहायता से रोमांचक मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को आठ रनों से हराया। चेन्नई ने आरसीबी को जीत के लिए 227 रन लक्ष्य दिया, जिसके जवाब में मेजबान टीम फाफ डु प्लेसिस के 62 रन और ग्लेन मैक्सवेल के 76 रन की सहायता से 218 रन ही बना पायी।

## गरीब क्रिकेटरों के लिए हॉस्टल बना रहे रिंकू

नई दिल्ली। बेहद कठिन हालातों के बीच निकलकर क्रिकेट में नाम कमाने वाले कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बल्लेबाज रिंकू सिंह अब उभरते हुए गरीब क्रिकेटरों की सहायता के लिए एक होस्टल बना रहे हैं। रिंकू के इस होस्टल में वे युवा क्रिकेटर रह सकेंगे जो बाहर रहने का खर्च नहीं उठा सकते। रिंकू ये होस्टल अलीगढ़ में बनवा रहे हैं। रिंकू के बचपन के कोच मसूदज जफर अमिनी ने कहा, वह हमेशा ऐसे युवा खिलाड़ियों के लिए एक हॉस्टल बनाना चाहता था, जिनके पास अपने सपनों को आगे बढ़ाने के लिए पैसे नहीं थे। अब रिंकू आर्थिक रूप से मजबूत हो गया है। इसलिए उसने आर्थिक तंगी से गुजरने वाले युवाओं के सपने को पूरा करने का फैसला किया है। इस हॉस्टल में 14 कमरे रहेंगे। इसके हर कमरे में 4 खिलाड़ियों के रहने की सुविधा रहेगी। साथ ही साथ ही इसमें एक शेड और मंडप भी बनाया जा रहा है। अलग वॉशरूम भी बन रहे हैं। कैंटीन की व्यवस्था भी अंदर ही की जा रही है। इस पर करीब 50 लाख रुपए खर्च होंगे और ये पूरा खर्च रिंकू द्वारा उठाया जा रहा है। रिंकू ने केकेआर में शामिल होने से पहले लगभग तीन महीने पहले इसका काम शुरू कराया था। इस हॉस्टल का करीब 90 फीसदी काम पूरा हो है। अगले महीने तक यह बनकर तैयार हो जाएगा। रिंकू जैसे ही आईपीएल से लौटेंगे तो इसका उद्घाटन करेंगे।

# पीएम को पत्र लिखकर ओआईसी का प्रांतीयकरण कराने की मांग

**ओबरा।** राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड शक्ति भवन लखनऊ द्वारा ओबरा, अनपरा, परीक्षा, पनकी एवं हरदुआगंज परियोजनाओं में संचालित कुल 10 विद्यालयों को निजी संस्थान डीएवी को करोड़ों की संपत्ति कौड़ियों के दाम लीज पर सौंप दिए जाने के संबंध में राष्ट्रीय सूचना एवं मानवाधिकार मिशन के प्रदेश उपाध्यक्ष आरबी सिंह ने मंगलवार को प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर अनुबंध निरस्त करने की मांग किया है। पत्र में उन्होंने बताया कि तापीय परियोजना के निर्माण के समय शिक्षा क्षेत्र में क्रांति स्वरूप इंटर कॉलेज व प्राइमरी स्कूलों की स्थापना हुई। ओबरा इंटर कॉलेज का गौरवशाली इतिहास रहा है।

इस कॉलेज के बच्चे प्रतिवर्ष शिक्षा क्षेत्र में प्रदेश में स्थान लाने के साथ खेलकूद में नेशनल स्तर पर प्रतिनिधित्व करते रहे हैं। इसका प्रमुख कारण ओबरा परियोजना के आसपास दूर-दूर तक कोई सरकारी इंटर कॉलेज नहीं होना भी है। ओबरा के आसपास में आदिवासी जनजाति अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ी जातियों का बाहुल्य है साथ ही इलाके की भौगोलिक स्थिति भी खेती बारी के अनुकूल नहीं है। जिससे क्षेत्र का एक बड़ा तबका गरीबी में जीने को विवश है और बच्चों की पढ़ाई लिखाई हेतु ओबरा इंटरमीडिएट कालेज पर निर्भर है। ऐसे में गरीब छात्रों के अनवरत विरोध के बावजूद शक्ति भवन निदेशक मंडल द्वारा 36000 की वार्षिक शुल्क पर 10 विद्यालयों को कौड़ियों के दाम डीएवी को निविदा के तहत कार्य आदेश जारी किया गया है। इस विद्यालय के गरीब छात्र ऊंचे दर पर निजी विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करने में असमर्थ हैं। उन छात्रों के साथ यह घोर अन्याय पूर्ण कृत्य है। छात्र हित जनहित में ओबरा इंटर कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति की मांग के अनुसार डीएवी के पक्ष में जारी कार्य आदेश को निरस्त कराने के साथ ही ओबरा इंटर कॉलेज उत्पादन निगम या सार्वजनिक अथवा प्रांतीयकरण राजकीय क्षेत्र में पूर्व की भांति संचालित कराया जाए। कहा कि इस विद्यालय में ऐसे गरीब बच्चे भी हैं जो प्रतिमाह 50 रुपये की फीस जमा करने में असमर्थ है। इन बच्चों की पढ़ाई का एकमात्र सहारा ओबरा इंटर कॉलेज है। यह बच्चे निजी शिक्षा संस्थानों की भारी-भरकम फीस अदा नहीं कर सकते हैं एवं भविष्य में इंटर कॉलेज के कक्षा 6 से 9 तक के छात्रों की तथा 10 व 12 की पढ़ाई महंगी फीस जमा नहीं कर पाने की स्थिति में पूर्ण नहीं हो पाएगी। जो शिक्षा के अधिकार का हनन होगा।

## आईपीएल में शिवम ने लगाया दूसरा सबसे लंबा छक्का

**बेंगलूर।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के आक्रामक बल्लेबाज शिवम दुबे ने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करते हुए इस लीग का दूसरा सबसे लंबा छक्का लगाया है। शिवम ने 12वें ओवर में आरसीबी के गेंदबाज हर्षल पटेल की गेंद पर 111 मीटर लंबा ये छक्का लगाया। इस सत्र में इससे पहले आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने 115 मीटर लंबा छक्का लगाया था।

शिवम ने मैदान के चारों ओर बड़े शॉट खेल खेलकर रॉयल्स चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के गेंदबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। अपनी इस पारी के दौरान शिवम ने एक के बाद एक छक्के लगाये। इस मैच में उन्होंने इस 16 वें सत्र का दूसरा सबसे लंबा छक्का भी लगाया।

# आईपीएल तक का मुकेश का सफर आसान नहीं रहा

**मुम्बई।** आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेल रहे सबसे महंगे खिलाड़ी मुकेश कुमार ने अपने प्रदर्शन से सबका ध्यान खींचा है। कैपिटल्स ने उन्हें नीलामी में साढें पांच करोड़ रुपये में खरीदा था। मुकेश का यहां तक का सफरा आसान नहीं रहा है। विहार के एक गांव से निकलकर आईपीएल और टीम इंडिया तक आने के लिए मुकेश ने काफी मेहनत की है। मुकेश को यहां तक पहुंचाने में उनके पिता की भी अहम भूमिका रही है। जिन्होंने बेटे को निखारने के लिए कोलकाता की एक अकादमी में भेजा। बिहार में क्रिकेट के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं होने के कारण ही मुकेश अपने पिता के पास कोलकाता चले गए और यहीं से वह आगे बढ़ते गये। मुकेश से पहले भी शाहबाज नदीम, ईशान किशन जैसे क्रिकेटर बंगाल और झारखंड चले गये थे।

मुकेश के पिता ने टैक्सी चलाते हुए अपने बेटे को क्रिकेट क्लब में प्रवेश दिलाया। अपनी तेज गेंदबाजी से मुकेश ने सभी को प्रभावित करते हुए टी-20 प्रारुप में भारतीय क्रिकेट टीम में जगह बनायी। इसके अलावा आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें 5.50 करोड़ की बोली लगाकर खरीदा। मुकेश के शुरूआती दिनों के कोच रहे अमित कुमार सिंह के अनुसार मुकेश के लिए 2022 वर्ष काफी अच्छा रहा और उन्हें भारतीय क्रिकेट टीम में जगह मिली। मुकेश दाएं हाथ के आउट स्विंग गेंदबाज है। मुकेश ने तीन साल तक सीआरपीएफ और बिहार पुलिस में नौकरी के लिए प्रयास किया था पर पर भाग्य उन्हें क्रिकेट में ले आया। सफलता उन्हें क्रिकेट के मैदान पर मिली।

मुकेश के इस प्रकार सफल होने से उसे परिवार और गांव के लोग बेहद खुश होने के साथ ही गर्व का अनुभव कर रहे हैं।



बोस्टन में हेलन ओबिरी को एलाइट महिला रेस में जीत के बाद सोने का एक हार सा पहनाया गया

# विरासत से युवा पीढ़ी को जोड़ रहा है विश्वविद्यालय : प्रो. निर्मला एस. मौर्य

जनसंदेश न्यूज


हेरिटेज गैलरी का शुभारम्भ करती कुलपति प्रो. मौर्य

**वर्ल्ड हेरिटेज दिवस**

**विश्वविद्यालय में हेरिटेज गैलरी का कुलपति ने किया शुभारम्भ**

**पीयू में मनाया गया वर्ल्ड हेरिटेज दिवस**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय में वर्ल्ड हेरिटेज दिवस मनाया गया। कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय में नवनिर्मित हेरिटेज गैलरी के प्रथम भाग का शुभारंभ फीता काटकर किया।

उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विरासतों को सहेजने के साथ-साथ हम अपने माता-पिता और परंपरा को भी सहेजें यह हमारे लिए सबसे बड़ी विरासत और ताकत है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में स्थापित साँची स्तूप द्वार और अशोक स्तम्भ स्थापित कर आज की पीढ़ी को विरासत से जोड़े रखने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि हेरिटेज गैलरी के माध्यम से पूर्वांचल की कलाकृतियों को प्रदर्शित किया जाना बहुत सुखद है। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि पूर्वांचल की संस्कृति काफी समृद्ध है, विश्वविद्यालय में पूर्वांचल की लोक संस्कृति का दर्शन हो रहा है। वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने कहा कि हमारी विरासत ही हमारी पहचान होती है। हेरिटेज गैलरी के माध्यम से क्षेत्रीय कलाकृतियों का प्रदर्शन बहुत ही मनमोहक है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के चयनित जनपदों की कलाकृतियां उन जनपदों से हम सबको जोड़ रही है। विश्वविद्यालय के विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय में संस्कृति निदेशालय, उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से हेरिटेज गैलरी स्थापित की जा रही। प्रथम चरण में जौनपुर के एक जिला एक उत्पाद की दरी, आजमगढ़ की ब्लैक पॉटरी, भदोही की कालीन, देवरिया के सजावट के सामान और मूज उत्पाद, वाराणसी के लकड़ी के उत्पाद, चुनार के मिट्टी और चीनी मिट्टी के उत्पाद, गोरखपुर की मिट्टी की कलाकृतियाँ, खुर्जा के उत्पाद, रामनगर की पत्थर की मूर्तियाँ गैलरी में लगाई गई है। स्वागत कल्चरल क्लब के समन्वयक डॉ. मनोज मिश्र एवं धन्यवाद ज्ञापन नोडल अधिकारी डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने किया। इस अवसर पर प्रो. मानस पांडेय, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. अविनाश पार्थडीकर, डॉ. संतोष कुमार राय, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. श्याम कन्हैया सिंह, डॉ. नीरज अवस्थी, डॉ. अवध बिहारी सिंह, डॉ. चन्दन सिंह, शशिकांत यादव, डॉ. अमित वत्स, डॉ. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, डॉ. विद्युत मल, अवधेश कुमार, द्विजेन्द्र दत्त उपाध्याय समेत विद्यार्थी मौजूद रहे।

## संक्षेप

### डीसी मनरेगा ने नाथूपुर गांव का किया निरीक्षण


नाथूपुर गांव का निरीक्षण करते डीसी मनरेगा

**जफराबाद।** स्थानीय क्षेत्र के नाथूपुर गांव में मंगलवार को डीसी मनरेगा भूपेंद्र सिंह ने निरीक्षण कर सही जानकारी प्राप्त की। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि नाथूपुर में बन रहे अमृत सरोवर की जांच किया उसके बगल में कुछ ग्राम समाज की बंजर की जमीन है कुछ खेल के मैदान के नाम से उसको मनरेगा के काम के तहत उसका विकास कराया जाएगा ताकि बच्चों को खेलने के लिए उचित स्थान मिले। स्टीमेट बनाकर उसका काम कराया जाएगा। बगल में कुछ बंजर की जमीन है जो गहरी है उसको तालाब के रूप में विकसित करेंगे। जल संरक्षण भी एक महत्वपूर्ण कार्य है ताकि पानी एक जगह इकट्ठा हो सके। तालाब को पक्का कराएंगे उसके बाद नाली में जाये। पंचायत भवन अच्छा बना है उसमें अभी और संसाधन इंटरनेट, कम्प्यूटर लगाने की जरूरत है ताकि गांव वालों को इसका लाभ मिल सके जो 15 दिन के अंदर लग जायेगा। इस मौके पर विजय सिंह, दीपक मिश्रा, तेज बहादुर, राहुल मिश्रा, ग्राम पंचायत अधिकारी आदि लोग मौजूद रहे।

### पांच शीशी अवैध देशी शराब संग एक धराया

**खुटहन।** गौसपुर बाजार में सोमवार की रात झोले में रख अवैध देशी शराब बेच रहे व्यक्ति को पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर रंगे हाथ हिरासत में ले लिया। आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे दूसरे दिन चालान न्यायालय भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर राजेश यादव ने बताया कि गौसपुर बाजार में अवैध देशी शराब बेचे जाने की शिकायत पर काफी दिनों से मिल रही थी। सोमवार की शाम मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने 25 शीशी अवैध देशी शराब के साथ विक्रेता इमामपुर गांव निवासी रामधनी गुप्ता को हिरासत में ले लिया।

### कार बाइक की टक्कर में बाइक सवार घायल

**जफराबाद।** जलालपुर थाना क्षेत्र के हुंसेपुर गांव में मंगलवार की शाम की कार और बाइक की टक्कर होने से बाइक सवार युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार अरविंद कुमार यादव निवासी देवापार उम्र 30 वर्ष जिसकी दुकान कबूलपुर बाजार में है वो किसी काम से केराकत की ओर जा रहा था। हुंसेपुर के पास पहुंचा ही था कि उसकी बाइक एक कार टकरा गयी जिसमें वह घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे नेहरू नगर सामुदायिक स्वास्थ्य ले जाया गया जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने जिला चिकित्सालय भेज दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को अपने कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है।

### बेटे ने मां को पीटा, पुलिस देख हुआ फरार

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के कबीरुद्दीनपुर गांव में मंगलवार को सुबह लगभग दस बजे एक बेटे ने किसी बात पर विवाद होने पर अपनी 56 वर्षीया माँ शकुंतला देवी को मारपीट कर घायल कर दिया। इस दौरान किसी ने इस घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दे दी। पुलिस को आता देखकर वह मौके से फरार हो गया। घायल महिला ने अपने बेटे के विरुद्ध थाने पर तहरीर दिया है। इस मामले में पूछे जाने पर थाने के उप निरीक्षक रमा शंकर पांडेय ने बताया कि मामले की जानकारी है उचित कार्रवाई की जाएगी।

# सपा और भाजपा के बागी प्रत्याशी उतरे मैदान में

**गर्मी के साथ-साथ डबल स्पीड से बढ़ रहा राजनीतिक पारा**

जनसंदेश न्यूज




**मछलीशहर।** नगर पंचायत चुनाव में सभी राजनीतिक दलों ने अपने पत्ते खोल दिए हैं। बीते दो दिनों में मछली शहर की राजनीति में बहुत ज्यादा उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। जहां वर्तमान चेयरमैन पति और सपा प्रत्याशी महमूद आलम टिकट नहीं मिलने से नाराज होकर अपनी पार्टी से बगावत करके कांग्रेस का हाथ थाम लिया है। वही सपा के एक अन्य नेता गुलाम रसूल उर्फ बबलू राईन ओवैसी की पार्टी में चले गए हैं। भारतीय जनता पार्टी ने भी अपने पुराने प्रत्याशियों पर दांव नहीं खेला और इसके बजाय नए चेहरे को मैदान में उतार दिया है। भाजपा ने नामित सभासद नितेश जायसवाल को अपना प्रत्याशी बनाया है। जबकि समाजवादी पार्टी ने अपने नगर अध्यक्ष जियाउद्दीन अंसारी पर भरोसा जताते हुए उन्हें टिकट दिया है। वहीं बहुजन समाज पार्टी ने निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष संजय जायसवाल को टिकट देकर सारे समीकरणों को धूल चटाने की कोशिश की है। वहीं पिछली बार भाजपा से चुनाव लड़ चुके राकेश जायसवाल भी बगावती तेवर अपनाते हुए निर्दलीय मैदान में उतर चुके हैं।

# नागरिकों में सुरक्षा का एहसास दिलाने सड़क पर उतरी पुलिस

जनसंदेश न्यूज


रूट मार्च करती पुलिस

**केराकत।** कोतवाली सर्किल क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कोतवाली थाने की पुलिस आजकल हर रोज कहीं न कहीं पैदल गश्त कर रही है।

मंगलवार को थाना प्रभारी आदेश त्यागी ने भारी संख्या में पुलिस बल के साथ देवकली, मुफ्तीगंज, बेलांव आदि बाजारों में पुलिस ने पैदल गश्त किया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों को पुलिस सुरक्षा का एहसास कराया। वहीं शरारती तत्वों को संदेश दिया कि यदि उन्होंने किसी प्रकार की गड़बड़ी करने की कोशिश की तो उनकी खैर नहीं। पैदल गश्त के दौरान कोतवाल ने सड़क की पटरी पर अवैध ढंग से कब्जा करने वाले पटरी दुकानदारों तथा बेतरतीब गाड़ी खड़ी करने वालों को पटरी छोड़कर रहने की हिदायत दी। पैदल गश्त करने वालों में थाने के अनेक एसएसआई, कांस्टेबल तथा मुफ्तीगंज पुलिस चौकी के प्रभारी चंदन राय सहित भारी संख्या में पीएससी के जवान मौजूद रहे।

# सड़क में धंसा बालू लदा ट्रक

**मनमाने तरीके से मिट्टी पाटने से हो रहे हादसे**



**जौनपुर।** शहर में अमृत योजना के तहत बनाये जा रहे सीवर को लेकर अनेक मोहल्लों, गलियों एवं मुख्य मार्गो पर खुदाई करने के बाद मनमानी तरीके से मिटटी पाटने से जहां आवागमन बुरी तरह से बाधित हो रहा है, वहीं वाहन भी आये दिन उसमें फसकर आवागमन में अवरोधक बन रहे है।

सड़कों की खुदाई के बाद उसे नियमानुसार गाइड लाइन के अनुसार पाटने में कार्यदायी संस्था द्वारा मनमानी की जा रही है। जेसीबी के माध्यम से मिटटी समतल कर अपना पल्ला झाड़ लिया जा रहा है। जिसका नतीजा यह सामने आ रहा है वाहनों के आने से वह इसमें फसंकर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। नगर के पुराने आरटीओ आफिस के पास एक बालू लदी ट्रक सड़क में धंस गयी जिससे आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया। रास्ता सकरा होने से लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा।

बताते चलें कि इन दिनों नगर में सीवर पाइप लाइन का काम लगभग एक वर्षो से निरन्तर चल रहा है जिसके चलते नगर में जगह-जगह मशीनों के माध्यम से बड़े-बड़े गड्ढे खोदे गये हैं।

इस कारण अधिकतर मार्ग पर आवागमन बाधित किया गया है। ऐसे में बड़े वाहनों को जहां से भी आने-जाने का रास्ता मिल रहा है वो अपने वाहनों को लेकर व्यस्ततम इलाकों से भी गुजर रहे हैं। सीवर पाइप लाइन के लिए सड़कों की खुदाई होने से वो भीतर ही भीतर खोखली हो चुकी हैं। आये दिन देखने को मिल रहा है कि नगर की सड़कों में वाहनों धंसना आम बात हो गयी है।

# पत्रकार रिंकू श्रीवास्तव की मनाई गई तीसरी पुण्यतिथि


तीसरी पुण्यतिथि पर पत्रकार को श्रद्धांजलि अर्पित करते साथी

**याद**

**मीडिया ऑफिस पर पत्रकारों ने पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धाजंलि**

**खेतासराय।** नगर पंचायत स्थित मीडिया कार्यालय पर मंगलवार की दोपहर दिवंगत पत्रकार सत्य प्रकाश श्रीवास्तव 'रिंकू' की तीसरी पुण्यतिथि पर याद करते हुए पत्रकारों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया गया। मूलरूप से क्षेत्र के फरीदपुर जैगहां गांव निवासी मीडिया क्षेत्र में काफी नाम कमाया था। कोरोना महामारी में इनका निधन हो गया था। इस दौरान उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए पत्रकार आनंद कुमार सिंह ने कहा कि श्री श्रीवास्तव ने पत्रकारिता के क्षेत्र के एक मुकाम हासिल किया था। वे काफी मिलनसार व्यक्ति थे उनका असमय जाना कष्टकारी है। पत्रकार अजीम सिद्दीकी ने कहा कि कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले साथी की कमी जीवनभर खलती रहेगी, यह हम पत्रकारों के लिए अपूर्णीय क्षति है जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती है। इस दौरान लोगों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान प्रमुख रूप से पत्रकार श्यामचन्द्र यादव, विवेक श्रीवास्तव, मोनू श्रीवास्तव, सुरेश कुमार, मनीष कुमार गुप्ता,अहसान हैदर आदि लोग उपस्थित रहे।

### जनसहयोग बिना शान्ति व्यवस्था मुश्किल : प्रभारी निरीक्षक

**केराकत।** जनसहयोग विशेषकर पत्रकारों के सहयोग के बिना क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाए रखना मुश्किल होता है। सोमवार को अपरान्ह कोतवाली प्रांगण में नवागत प्रभारी निरीक्षक आदेश त्यागी ने पत्रकारों की परिचय बैठक में उक्त विचार व्यक्त किए।

उन्होंने कहाकि क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाए रखना और पीड़ित को न्याय दिलाना ही उनकी प्राथमिकता है। श्री त्यागी ने पत्रकारों का आह्वान किया कि सकारात्मक सोच के साथ प्रशासन का सहयोग करें जिससे सारे काम आसान हो जाएं। उन्होंने पत्रकारों को समाचार संकलन में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर तहसील पत्रकार संघ के अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, प्रेस क्लब के अब्दुल हक अंसारी, ग्रामीण पत्रकार संघ के अध्यक्ष संजय शुक्ल, संरक्षक रामदास यादव, मुहम्मद आरिफ अंसारी, नारायण सेठ राही, फिरोज अहमद, दीप नारायण सिंह, राम शरण यादव, योगेंद्र यादव, संजय दुबे, रत्नेश तिवारी, दिलीप विश्वकर्मा, अनूप शुक्ल, केतन विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# नामांकन पत्रों की जांच कार्य का किया निरीक्षण


नामांकन पत्रों की जांच कार्य का निरीक्षण करते डीएम और एसपी

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अजय पाल शर्मा ने तहसील केराकत में नामांकन पत्रों की जांच कार्य का निरीक्षण किया और निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। इसके उपरांत अधिकारियों ने पब्लिक इंटर कॉलेज केराकत में बने मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर उप जिलाधिकारी केराकत को निर्देश दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि बैरिकेडिंग, सीसीटीवी, शौचालय, पेयजल सहित अन्य व्यवस्था दुरुस्त रहे। पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्राधिकारी केराकत से पुलिस के द्वारा की गई तैयारियों की जानकारी ली।

अधिशासी अधिकारी, क्षेत्राधिकारी, कोतवाली प्रभारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**सुजानगंज।** क्षेत्र के देवापुर गांव के पास सोमवार की रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए जिसमें एक युवक की मौके पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हिम्मतनगर गांव निवासी धर्मेंद्र पुत्र सुबास हरिजन सुब्बे अपने पड़ोसी श्रीशचंद्र के साथ बाइक से सुजानगंज से अपने घर जा रहा था। विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे धर्मेंद्र (22) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि श्रीशचंद्र घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पर परिजन एवं ग्रामीण एकत्र हो गए। मृतक की शादी एक वर्ष पूर्व ही हुई थी। मजदूरी करके युवक परिवार का भरण पोषण करता था।



# भीषण गर्मी में सड़कों पर पसरा सन्नाटा

**चिलचिलाती धूप में चलना हुआ मुश्किल**





**जौनपुर।** अप्रैल माह में पड़ रही भीषण गर्मी ने पिछले कई वर्षों का रिकार्ड तोड़ दिया। अब लोगों को मई व जून माह की चिंता सताने लगी है। अब तक लोगों को कहते सुना जा रहा है कि यदि गर्मी का यही हाल रहा तो आगे क्या होगा? फिलहाल तापमान की बात करें तो अप्रैल माह में अधिकतम तापमान 43 डिग्री व उससे ऊपर तक पहुँचने का आकलन किया जा रहा है। जिसने दोपहर में लोग अपने घरों में रहने को विवश कर दिया।

अप्रैल माह में भीषण गर्मी का असर लोगों के कारोबार पर भी खासा पड़ा। ईद व अक्षय तृतीया का त्योहार धीरे-धीरे करीब आ रहा है। ऐसे में गर्मी के चलते लोग खरीदारी से गुरेज कर रहें है, तो वहीं दोपहर से पहले ही बाजारों में सन्नाटा देखने को मिल रहा है।

दूसरी ओर जो लोग जरूरतों के आधार पर घरों से निकले भी तो वह गर्मी से बचाव करते हुए अपने कामों को पूरा करते नजर आये। वहीं रोजेदारों के लिये भी ये मौसम मुश्किल से गुजर रहा है। जबकि मजदूरी करने वाला वर्ग आग बरसती गर्मी में पसीना बहाने को मजबूर है। ऐसे तमाम लोग है जिन्होंने गर्मी से बचाव करने के तरीके निकाल रखे है। जिसके तहत लोग शरीर पर पूरे कपड़ों के साथ ही चेहरे आदि को पूरे गमछे से बांध कर निकल रहें है। कुछ लोग तो नदियों में जाकर मस्ती करते पाये गये। बावजूद इसके लोगों को कुछ ही पल राहत महसूस हो रही है। यानि गर्मी से बचाव के तमाम उपाय बेअसर साबित हो रहे है। ऐसे में विद्यालयों के छात्रों को भी भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। हालाकि जिला प्रशासन के आदेश पर 1 से 8 तक के बच्चों के स्कूल का समय बदलकर कुछ तो बच्चों को राहत दी गई है। लेकिन चटक धूप व लू के थपेड़ों ने दोपहर से पहले की वातावरण पर कब्जा करना आरम्भ कर दिया है। एक निजी विद्यालय के कक्षा नौ के छात्र पसीना पोछते किसी तरह अपनी साइकिल को थामे, एक गमछे से तीन लोगों के साथ धूप से बचाव करते देखे जा रहें है। शहर के निजी विद्यालयों की टाइमिंग भिन्न-भिन्न है। मंगलवार को शहर के पास छात्रों का समूह एक निजी विद्यालय से वापस घर लौट रहा था। गर्मी से बेहाल व पसीने से तर छात्र जल्द से जल्द घर पहुंचने को बेताब दिख रहे थे। निजी ही नहीं सरकारी स्कूलों के बच्चों का भी यहीं हाल है। हालांकि विद्यालयों में अभी भी छात्र संख्या बेहद कम रहती है लेकिन जो भी छात्र विद्यालय पहुंचते हैं, उन्हें विद्यालय से वापस घर जाने में भीषण गर्मी का सामना करना पड़ता है।

# तमंचा-कारतूस व गांजे के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार


गिरफ्तार अभियुक्तों के बारे में जानकारी देती पुलिस

जनसंदेश न्यूज

**बदलापुर।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के दो अलग-अलग ग्राम पंचायतों से गांजा तथा तमंचा कारतूस के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिनीत राय के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक राजेंद्र प्रसाद द्वारा क्षेत्र के लेदुका बाजार के पास से एक अभियुक्त गौरव उर्फ रिंकू पुत्र अजय सिंह निवासी देवरिया को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक किलो 200 ग्राम अवैध गांजा तथा एक 315 बोर तमंचा और कारतूस बरामद करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया है। इसी क्रम में क्षेत्र के घनश्यामपुर पुलिस चौकी प्रभारी अनिल कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र के बटाऊबीर चौराहे के पास से दूसरे अभियुक्त हरिश्चंद्र यादव निवासी चंदापुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 24 पुड़िया में दो सौ ग्राम गांजा बरामद करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया है।

## यूबीआई के सहयोग से ब्लॉक परिसर में लगा आरओ वाटर कूलर


आरओ वाटर कूलर का फीता काटकर उद्घाटन करते बीडीओ

जनसंदेश न्यूज

**गौराबादशाहपुर।** यूनियन बैंक के सहयोग से धर्मापुर ब्लॉक परिसर में मंगलवार को आरओ वाटर कूलर लगाया गया जिसका उद्घाटन संयुक्त रूप से यूनियन बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख शैलेन्द्र कुमार व बीडीओ काशी नाथ सोनकर द्वारा किया गया। इस दौरान बीडीओ ने कहाकि इस भीषण धूप व गर्मी में ब्लॉक परिसर में आने वाले लोगों को इस वाटर कूलर के लग जाने से शुद्ध तथा शीतल पेयजल पीने को मिलेगा। बीडीओ ने यूनियन बैंक से आये हुए अधिकारियों का इस सहयोग के लिए आभार जताया। इस दौरान यूनियन बैंक धर्मापुर के शाखा प्रबंधक शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, एडीओ पंचायत लालजी राम, एडीओ आईएसबी संजय श्रीवास्तव, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, दिलीप कुमार, धर्मेंद्र राय, बेलाल आदि मौजूद रहे।

# इफ्तार पार्टी में दिखी गंगा जमुनी तहजीब

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** मुकद्दस माहे रमजान में इफ्तार पार्टी का सिलसिला जारी है। 26 रमजान मंगलवार को मेन रोड मर्यादपट्टी स्थित नूर काटेज कम्पनी में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में शहर के सैकड़ों लोग शामिल हुए।

इस दौरान मगरिब की नमाज के बाद सामूहिक रूप से मुल्क में अमन चैन के लिए दुआ की गई। माहे रमजान के तीसरे अशरे में जहां लोग मस्जिद में इत्तेकाफ के लिए बैठे हैं। लोग अपनी इबादतों में मशगूल हैं वहीं ईद की तैयारियां भी तेजी से चल रही है। साथ ही जगह जगह प्रतिदिन सामूहिक इफ्तार पार्टियों का आयोजन भी हो रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को मेन रोड मर्यादपट्टी स्थित नूर काटेज कम्पनी में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान नूर काटेज कम्पनी के मालिक नुरुल सलाम खान बाबा ने इफ्तार पार्टी को आपसी सौहार्द की मजबूत कड़ी बताते हुए कहा कि एक ही दस्तरख्वान पर हर समुदाय के लोगों की उपस्थिति होती है जो एक बेमिशाल होता है। इससे पहले अजान को सुन कर लोगों ने एक साथ रोजा खोला तथा मगरिब की नमाज अदा की। इस मौके पर नुरैन खान, ताबिश खान, गनी खान, मुनाफ खान, हारून खान, शीश खान, हारून अर्शी खान, आदिल खान, फिरोज खान, सलमान खान, अदनान खान आदि थे।


नूर काटेज कम्पनी में सामूहिक रोजा इफ्तार करते रोजेदार

## संक्षेप

### ईद के त्योहार को लेकर सेवइयों की दुकानें सजने लगी



**गोपीगंज।** ईद का त्योहार आने में अभी कुछ दिन बाकी है। बच्चे, बूढ़े, जवान और महिलाएं रोजेदार बेसब्री से ईद के चांद के दीदार का इंतजार कर रहे हैं। ईद के त्योहार को धूमधाम से मनाने के लिए लोग अभी से जोर शोर से तैयारी में जुट गए हैं। ईद का त्योहार हो और सेवई ना हो ऐसा कैसे हो सकता है, क्योंकि सेवई के बिना त्योहार पूरा ही नहीं होता। ईद को लेकर नगर के चौक-चौराहों पर सजी सेवईयों की दुकानें बरबस ही लोगो को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। बाजारों में दुकानो पर सेवई खरीदने वाले दिल खोलकर खरीदारी कर रहे हैं। नगर के चुड़िहारी मोहाल, जामा मस्जिद, लाई बाजार मस्जिद मदीना गली सहित कई स्थानो पर सेवई की दुकान लगाई गई है। खरीदारों की चहल कदमी बढ़ने के बाद जरूरत के मुताबिक कई किस्म की सेवई ने भी अपना जगह बना ली है। वैसे तो सेवई की बिक्री रमजान के पूरे महीने होती है। लेकिन जैसे ही ईद नजदीक आता है। वैसे-वैसे खरीदारी बढ़ती चली जाती है। ईद को लेकर हर वैरायटी की सेवई बाजार में उपलब्ध है। जामा मस्जिद के नजदीक के विक्रेता मोहम्मद अली ने कहा साथ रुपए से लेकर 120 रुपए किलो की सेवई है। ईद की तैयारी के लिए सेवई की खरीदारी शुरू हो गई है। ईद को लेकर इत्र और टोपी की भी काफी सारी वैरायटी बाजार में उतारा गया है। सूरमा बाजार में 10 से लेकर 50 रुपये उपलब्ध है। बाजारों में ईद की रौनक दिखने लगी है। जूते, चप्पलों के साथ ही कपड़े की दुकानों पर भी भिड़ देखी जा रही है।

### डॉक्टर के घर में घुस कर लाइसेंसी दोनाली बंदूक सहित कीमती सामान ले उड़े चोर

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के झिलियापुल स्थित डॉक्टर नसीर अहमद खान के घर में चहारदीवारी फांदकर दोनाली लाइसेंसी बंदूक सहित कीमती सामान कपड़े चुरा लिए जाने का समाचार प्राप्त हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि दिन सोमवार की देर रात्रि कुछ अज्ञात चोर डॉक्टर नसीर अहमद खान के बंगले के पीछे की चारदीवारी से अंदर घुसे और जिस कमरे में डॉक्टर दंपत्ति सो रहे थे आगे से दरवाजे की कुंडी बंद कर, बगल के कमरे की खिड़की को उखाड़ कर अंदर घुस कर आलमारी को बाहर ले आए और उसमे रखा दोनाली बंदूक, एक एयर गन सहित कीमती सामान ले गए। कुछ दूर बंगले के अंदर ही एयर गन को फेंक दिया। सुबह उठने पर इसकी जानकारी हुई। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती, क्षेत्राधिकारी प्रभात राय, कोतवाल सदानंद, फॉरेंसिक टीम जासूसी कुतिया के साथ मौके पर पहुंच कर जांच कार्यवाही में जुट गए। जांच के दौरान कुछ शराब की बोतले पाई गई। संभावना व्यक्त की जा रही है, शराब पीने के बाद घर में घुसकर घटना को अंजाम दिया गया। बहरहाल थाने में तहरीर दे दी गई है। पुलिस अपनी कार्यवाही कर रही है।

### बाइक के धक्के से ट्राई साइकिल सवार विकलांग घायल

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के जगन्नाथपुर स्थित प्राइमरी स्कूल के पास बीते शुक्रवार की रात में मोटरसाइकिल की चपेट में आ जाने के कारण ट्राई साइकिल सवार जोगेश कुमार व उसकी मां नवरंगी देवी गंभीर रूप से घायल हो गए और ट्राई साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बीते शुक्रवार की रात ट्राई साइकिल पर जोगेश अपनी मां को बैठाकर जगन्नाथपुर अपने घर जा रहा था, इसी बीच अचानक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल से टकराकर विकलांग युवक अपनी मां समेत घायल हो गया और ट्राई साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। मामले को लेकर मंगलवार को विकलांग युवक के भाई श्यामलाल पुत्र कन्हैयालाल ने कोतवाली में तहरीर देकर मोटरसाइकिल नंबर के आधार पर मुकदमा दर्ज कराया है, और कार्यवाही की मांग की है।

### रहस्यमय परिस्थितियों में तालाब में उतराया मिला युवक का शव

**गोपीगंज।** कोतवाली से हरिहरपुर गांव स्थित एक तालाब में युवक का शव रहस्यमय परिस्थितियों में उतराया मिला, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच में जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना के संबंध बताया जाता है कि हरिहरपुर निवासी अशोक सेठ 45 वर्ष जो वाराणसी के सुंदरपुर में किराए के मकान में रहकर ठेला चला कर अपने परिवार का जीवन यापन करता था। दो दिनों पूर्व सरकारी खाद्यान्न लेने के लिए घर आया था। बड़े पुत्र गुलशन ने बताया कि सोमवार से उसका पिता गायब थे। परिवार तलाश कर रहा था। मंगलवार को पिता का शव घर के समीप एक तालाब में उतराया मिला। आशंका जताई उसके पिता की हत्या की गई है। पिता के आंख और चेहरे पर चोट के निशान भी है। मामले में मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच पड़ताल में लग गई है।

# विद्यालयों में बेहतर शिक्षा, गुणवत्ता और निपुण विद्यालय बनाने पर ध्यान दें शिक्षक

**सलाह**

**शिक्षक संकुल की बैठक में बीईओ आशीष कुमार मिश्रा ने दिए अहम सुझाव**

**भदोही।** नगर क्षेत्र के भदोही के कम्पोजिट विद्यालय भदोही में नगर क्षेत्र के विद्यालयों के शिक्षक संकुलों की बैठक का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसमें खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र भदोही के आशीष कुमार मिश्रा ने शिक्षण कार्य की गुणवत्ता व निर्धारित समय में कैसे निपुण लक्ष्य प्राप्त करलें इस पर चर्चा किया। खण्ड शिक्षाधिकारी आशीष कुमार मिश्रा ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि परिषदीय विद्यालयों को बेहतर बनाने के लिए शिक्षक की गुणवत्ता जरूरी है। विद्यालयों में सुंदरीकरण का कार्य कराया जाए। सरकार बच्चों को निःशुल्क भोजन, बैग, जूता मोजा, स्वेटर, छात्रवृत्ति आदि उपलब्ध करा रही है। आगामी सत्र में बच्चों की संख्या बढ़ाने पर बल दिया गया। उन्होनें बारी-बारी सभी विद्यालयों के निपुण लक्ष्य प्राप्त कर चुके बच्चों की जानकारी भी ली साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किये। एआरपी विनोद कुमार सिंह ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि शिक्षक डायरी तैयार कर शिक्षण कार्य करें। बच्चों का आकलन प्रपत्र निपुण लक्ष्य प्राप्ति की ओर अग्रसर बढ़े और निपुण विद्यालय, निपुण ब्लॉक, निपुण जनपद बनाने की ओर बढ़े। अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। जिसमें इमरान हसन, अब्दुल रब, सरफराज अंसारी, जितेंद्र कुमार, शारका मुअज्जमा, जमील अहमद, साबिर अंसारी, समीर हसन, पंकज कुमार, अलका गुप्ता, किरन बानो, सरिता यादव, पूनम, सरिता सरोज, सन्नो प्रजापति व उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष शाहनवाज खान आदि मौजूद रहे।


शिक्षक संकुल की बैठक में शिक्षकों को संबोधित करते एआरपी विनोद सिंह

## स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण


समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण देते अधिकारी

जनसंदेश न्यूज

**गौराबादशाहपुर।** धमार्पुर ब्लॉक के शहीद हाल में मंगलवार को बीडीओ काशीनाथ सोनकर की अध्यक्षता में सामुदायिक शौचालय की देखरेख करने वाले स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बीडीओ द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया। प्रशिक्षण शिविर में सामुदायिक शौचालय के केयर टेकर को संबोधित करते बीडीओ काशीनाथ सोनकर ने कहा कि सभी समूह स्टॉक रजिस्टर, उपयोगकर्ता रजिस्टर, भ्रमण रजिस्टर बनाकर अद्यतन कर लें और सामुदायिक शौचालय नियमित रूप से सुबह शाम खोलें जिसका लाभ ग्रामीण उठा सके। एडीओ आईएसबी संजय श्रीवास्तव ने रजिस्टर मेंटेन करने के तरीके बताए।

एडीओ पंचायत लालजी राम ने मौके पर समूहों की समस्याएं सुनी और सम्बंधित ग्राम पंचायतों के सचिवों को उसे निराकरण करने के निर्देश दिए। एडीओ पंचायत ने कहाकि साफ सफाई न करने वाले समूह को मानदेय का भुगतान नहीं किया जाएगा। उक्त अवसर पर सचिव धर्मेंद्र राय, उमेश सोनकर, श्रुति गुप्ता सहित समस्त ग्राम पंचायत के सामुदायिक शौचालय के केयर टेकर मौजूद रहे।

## शराब की दुकानों पर चला चेकिंग अभियान

**ज्ञानपुर।** नगर निकाय निर्वाचन के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में अवैध शराब बिक्री एवं निर्माण के विरुद्ध जनपद में विशेष चेकिंग अभियान चलाया जारहा है। चेकिंग हेतु गठित टीमों द्वारा देशी अंग्रेजी शराब के ठेकों को चेक कर विक्रेताओं को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर सम्बंधित के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। सार्वजनिक स्थानों पर मदिरा सेवन करने वाले अराजक तत्वों की चेकिंग कर की जा रही है वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। नगर निकाय निर्वाचन के दृष्टिगत डॉ. अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध जनपद में विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण व प्रशासनिक अधिकारियों के संयुक्त नेतृत्व में गठित टीमों द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत पड ? वाले देशी अंग्रेजी शराब के ठेकों व गोदामों में पहुंचकर शराब के ठेकों के लाइसेंस स्टॉक रजिस्टर शराब की बोतलें पर लगे बार कोड को स्कैन करके चेक किया गया तथा शराब के ठेका परिसर व कैंटीन की भी सघन चेकिंग की गई। दौरान चेकिंग मौके पर कोई अनियमितता नहीं पाई गई। सभी विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि निर्धारित मात्रा से अधिक शराब न बेची जाए किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। शराब की दुकानों के आसपास सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों की भी चेकिंग की जा रही है। दौरान चेकिंग अराजक तत्वों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जा रही है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत-नरकटा फोक वि0 ख0-डोभी, जौनपुर

### अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ अंत्येष्टि स्थल/ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/एस.एल.डब्लू.एम. के अन्तर्गत कार्य/मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20.04.2023 से 27.04.2023 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपराह्न 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते हैं। दिनांक 28.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपराह्न 3.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार) | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय एस.एल. डब्लू.एम. योजनान्तर्गत | | |
| 2 | सीमेंट, बालू, गिट्टी, छड़, ईंट 150/एस0ओ0बी0 | | |
| 3 | ईंट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी, सीमेंटेड ईंट | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | |
| 5 | समर्सिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य, इलेक्ट्रिक सामग्री | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूंसा अन्य इंटरलाकिंग ब्रिक | | |
| 7 | डेस्क, बेंच फर्नीचर/आलमारी, मैदान/तालाब के सुन्दरीकरण हेतु घास | | |
| 8 | ग्रीन बोर्ड पर्दा, अन्त्येष्टी स्थल, सूखा-गीला कचरा प्रबंधन व कम्पोस्ट गड्ढा इत्यादि | | |
| 9 | भूसा, वृक्षारोपण (पौधा कम से कम 6 फीट का होना चाहिए) | | |
| 10 | कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट, आंगनबाड़ी केन्द्र, सी0एस0सी0 जनसुविधा केन्द्र | | |
| 11 | नाली निर्माण सामग्री, पंचायत भवन, चूना पेंट वाहन क्रय कूड़ा गाड़ी, ई. रिक्शा | | |
| 12 | खड़ंजा, सोख्ता, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, प्लास्टिक बैक, कचरा, एन.पी.3नाली | | |
| 13 | योगा/व्यायाम सामग्री, मॉडर्न वृक्षारोपण, ह्यूम पाईप, सी.सी. टीवी कैमरा, ए.सी.पी. बोर्ड, दिशा सूचक/साईन बोर्ड/शिलापट्ट या फैन्सग्रास कूड़ा केन्द्र, यू.पी.एस. निर्माण हेतु | | |
| 14 | पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आपरेशन कायाकल्प, कोविड-19 सेनेटाईजर /फागिंग मशीन, मास्क, लाल ईंट, डब्लू एस0सी0, कोविड एलाउंस कैप | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें**-सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रु0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**ग्राम प्रधान-संजू** **ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0-अजीत कुमार**

## कार्यालय ग्राम पंचायत-बरौटी वि0 ख0-डोभी, जौनपुर

### अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ अंत्येष्टि स्थल/ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/एस.एल.डब्लू.एम. के अन्तर्गत कार्य/मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20.04.2023 से 27.04.2023 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपराह्न 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते हैं। दिनांक 28.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपराह्न 3.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार) | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय एस.एल. डब्लू.एम. योजनान्तर्गत | | |
| 2 | सीमेंट, बालू, गिट्टी, छड़, ईंट 150/एस0ओ0बी0 | | |
| 3 | ईंट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी, सीमेंटेड ईंट | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | |
| 5 | समर्सिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य, इलेक्ट्रिक सामग्री | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूंसा अन्य इंटरलाकिंग ब्रिक | | |
| 7 | डेस्क, बेंच फर्नीचर/आलमारी, मैदान/तालाब के सुन्दरीकरण हेतु घास | | |
| 8 | ग्रीन बोर्ड पर्दा, अन्त्येष्टी स्थल, सूखा-गीला कचरा प्रबंधन व कम्पोस्ट गड्ढा इत्यादि | | |
| 9 | भूसा, वृक्षारोपण (पौधा कम से कम 6 फीट का होना चाहिए) | | |
| 10 | कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट, आंगनबाड़ी केन्द्र, सी0एस0सी0 जनसुविधा केन्द्र | | |
| 11 | नाली निर्माण सामग्री, पंचायत भवन, चूना पेंट वाहन क्रय कूड़ा गाड़ी, ई. रिक्शा | | |
| 12 | खड़ंजा, सोख्ता, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, प्लास्टिक बैक, कचरा, एन.पी.3नाली | | |
| 13 | योगा/व्यायाम सामग्री, मॉडर्न वृक्षारोपण, ह्यूम पाईप, सी.सी. टीवी कैमरा, ए.सी.पी. बोर्ड, दिशा सूचक/साईन बोर्ड/शिलापट्ट या फैन्सग्रास कूड़ा केन्द्र, यू.पी.एस. निर्माण हेतु | | |
| 14 | पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आपरेशन कायाकल्प, कोविड-19 सेनेटाईजर /फागिंग मशीन, मास्क, लाल ईंट, डब्लू एस0सी0, कोविड एलाउंस कैप | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें**-सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रु0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**ग्राम प्रधान-अनिता सिंह** **ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0-अजीत कुमार**


### 22 अप्रैल को आयेंगे कवि डॉ. कुमार विश्वास

**सुजानगंज।** राष्ट्रीय महाविद्यालय में अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर 22 अप्रैल को शाम सात बजे से कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। आयोजक जन संवाद फाउंडेशन के चेयरमैन पंकज मिश्र ने बताया कि डा. कुमार विश्वास के साथ पद्मिनी शर्मा, रमेश मुस्कान, शंभू शिखर, योगेंद्र शर्मा समेत अन्य कवि मौजूद रहेंगे। पंकज मिश्र ने कहा कि सभी तैयारियां जोरों पर चल रही है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा** पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# अध्यक्ष के 1 व सदस्य के 4 प्रत्याशियों ने किया नामांकन


नामांकन पर्चा खरीदते सभसाद प्रत्याशी संजय यादव, प्रिंस गुप्ता व मुन्नी यादव


नामांकन के दौरान तहसील परिसर में पास जारी करते तहसीलदार विजय यादव व नायब तहसीलदार नितिन कुमार

**चुनाव**

**दूसरे दिन सभी तहसील नामांकन स्थलों से सातों नगरीय निकायों के अध्यक्ष के 70 व सदस्य के 259 सहित कुल 329 नामांकन पत्रों की हुई बिक्री**

**बैरिकेटिंग, चेकिंग व चुस्त-दुरुस्त पुलिस- प्रशासनिक व्यवस्था के साथ नामांकन प्रक्रिया संचालित**

**भदोही।** नगरीय निकाय निर्वाचन-2023 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी व शान्तिपूर्ण ढ़ग से सकुशल सम्पन्न कराने के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी ने (पंचायत एवं नगरीय निकाय) एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के कुशल निर्देशन में जनपद के सातो नगरीय निकायों के अध्यक्ष व सदस्य पदों हेतु नाम निर्देशन पत्रों का क्रय मंगलवार को दूसरे दिन भी पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपराहन 3:00 बजे तक हुआ।

तहसील भदोही परिसर में नगर पालिका भदोही के अध्यक्ष पद हेतु 25, सुरियावा 11, नई बाजार 10 एवं सदस्य पद हेतु नगर पालिका भदोही में सभी वार्ड हेतु 105, सुरियावा 27, नई बाजार 21 नाम निर्देशन पत्रों का क्रय हुआ। इसी तरह तहसील ज्ञानपुर परिसर में नगर पालिका गोपीगंज के अध्यक्ष पद हेतु 01 व सदस्य पद हेतु 16 पत्रों की बिक्री एवं सदस्य पद हेतु 01 नामांकन हुए। नगर पंचायत ज्ञानपुर में अध्यक्ष के 10, सदस्य के 33 फार्मो की बिक्री हुई तथा अध्यक्ष पद हेतु 01 प्रत्याशी ने नामांकन किया।

इसी तरह तहसील औराई परिसर में नगर पंचायत खमरिया के अध्यक्ष हेतु 12 एवं सदस्य हेतु 45 तथा नगर पंचायत घोसिया के अध्यक्ष हेतु 01 एवं सदस्य हेतु 12 पत्रों का क्रय किया गया तथा 02 महिला व 01 पुरूष वार्ड सदस्य प्रत्याशियों ने नामांकन भी किया। इस प्रकार से तीनों तहसील परिसरों के नामांकन स्थल से सातों नगरीय निकाय के अध्यक्ष के 70 व सदस्य के 259 सहित कुल 329 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई तथा 04 सदस्य प्रत्याशी एवं 01 अध्यक्ष प्रत्याशी सहित कुल 05 प्रत्याशियों ने नामांकन भी किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 25 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा, 27 अप्रैल को अभ्यर्थन की नाम वापसी, 28 अप्रैल को प्रतीक/चुनाव चिन्ह आवंटन किया जाएगा स 11 मई को पूर्वाहन 7:00 बजे से अपराहन 6:00 बजे तक मतदान होगा एवं 13 मई को पूर्वाहन 8:00 बजे से मतगणना की शुरूआत होगी।

# नकली से बचने को बगैर बिल के न खरीदें दवा

## मुनाफाखोर बाजार में परोस रहे हैं नकली दवाएं बरतें सतर्कता

## मरीजों को सलाह-ऑनलाइन बिक रही दवाओं पर न करें भरोसा

## जिला, तहसील व ब्लॉक यानी थ्री लेयर पर कर रहे संगठन को मजबूत



खास मुलाकात

जितेंद्र श्रीवास्तव

**वाराणसी।** बाजार चाहे जिस भी बाने का हो, हर जगह मुनाफाखोरों ने अपनी घुसपैठ बना ली है। अधिक से अधिक पैसा कमाने की लालसा में ऐसे लोग किसी के जीवन से खिलवाड़ करने से बाज नहीं आते। बात दवा बाजार की करे तो यहां भी मुनाफाखोरों का जाल बिछ चुका है। जीवनरक्षक दवाओं के नाम पर लोगों के जीवन से खोलाने वाले इस कदर गिर जायेंगे, इसका अंदाजा भी लगा पाना मुश्किल है। मुनाफाखोर दवा बाजार में नकली दवाएं परोस रहे हैं। इस बात का खुलासा स्वास्थ्य विभाग की जांच में हो चुका है। ऐसे में हर आम नागरिक को खुद ही सतर्क रहने की जरुरत है। यदि आपको सही दवा चाहिए तो इस बात को गांठ बांध लें कि दुकानदार से बिल अवश्य मांगें। अव्वल तो कोई दवा विक्रेता बिल देने से परहेज नहीं करेगा और सहर्ष उपलब्ध करा देगा। फिर भी यदि कोई दवा विक्रेता बिल देने से आनाकानी करता है तो इसकी शिकायत संबंधित फोरम पर अवश्य करें। आपकी जागरुकता ही मरीज के सेहत को दुरुस्त रख सकती है। यह कहना है दवा विक्रेता समिति वाराणसी के जिला महामंत्री संजय सिंह का।

'जनसंदेश टाइम्स' से 'खास मुलाकात' में महामंत्री संजय सिंह ने बताया कि कोरोना काल में जीवन-मौत से संघर्ष करने वालों में जान फूंकने के लिए जो जो इंजेक्शन लगाया जाता रहा है, उनमें से पांच इंजेक्शन की रिपोर्ट फेल हो गई है। सभी एंटीबायोटिक इंजेक्शन को बद्दी की पांच कंपनियां तैयार कर शहर में धड़ल्ले से सप्लाई कर रही थीं। करीब छह महीना पहले ड्रग विभाग ने इन कंपनियों का करीब 50 लाख का इंजेक्शन पकड़ा था। जांच के लिए सभी का सैंपल भेजा था। सैंपल रिपोर्ट में पांच इंजेक्शन के नमूने फेल आए। जब रिपोर्ट आई तो खुद ड्रग विभाग भी हैरान है कि लोगों की जान के साथ किस तरह से कंपनियां खिलवाड़ कर रही हैं। यह एक उदाहरण मात्र है। मुनाफाखोर हर प्रकार की जीवनरक्षक दवाओं में खेल रहे हैं। कहने का आशय यह कि दवाओं में औषधि मानक से कम साल्ट मिलाकर धड़ल्ले से काले कारोबार को अंजाम दिया जाता है। कई कंपनियां है जो घटिया दवा बनाकर सिर्फ धनउगाही में व्यस्त रहती है। ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी) ऐसी कंपनियों को चिह्नित कर रही है, ताकि उनके खिलाफ केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर कार्यवाही कराया जा सके। एक सवाल के जवाब में महामंत्री संजय सिंह ने बताया कि एआईओसीडी ने ऑनलाइन दवा बेचने वाली कंपनियों के खिलाफ मोर्चा खोला तो केंद्र सरकार पर दबाव बना। ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया ने ऑनलाइन दवा बेचने वाली कंपनियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब किया। लेकिन ऑनलाइन दवा बेचने वाली कंपनियां अपने मुनाफे पर चोट पड़ता देख बचाव के कई रास्ते ढूढ़ रही है। लेकिन संगठन इनके हर बचाव का पुरजोर तरीके से विरोध कर रहा है, ताकि आम जनता के जीवन से खिलवाड़ न हो। उन्होंने बताया कि ई-फार्मेसी कंपनियां नारकोटिक्स से जुड़ी दवाओं का भी कारोबार कर रही है। जबकि नारकोटिक्स वाली दवाएं तो बगैर चिकित्सक पर्ची के बेची ही नहीं जा सकती है। उन्होंने बताया कि ई-फार्मा कंपनियों के इस कारोबार के चलते डुप्लीकेट दवाओं का कारोबार भी 30 से 40 प्रतिशत तक बढ़ गया है। इसके चलते भौतिक रूप से थोक और फुटकर दवा का काम करने वाले कारोबारियों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने मरीजों और उनके तीमारदारों को सलाह दी है कि वे ऑनलाइन दवाएं न खरीदे। दुकान से ही दवाएं खरीदे, ताकि जीवन के साथ खिलवाड़ न हो सके। उन्होंने बताया कि थ्री लेयर यानी जिला, तहसील व ब्लॉक स्तर पर संगठन को मजबूत किया जा रहा है, ताकि दवा विक्रेताओं के हक की लड़ाई मजबूती से लड़ी जा सके। उन्होंने बताया कि बेहतर संगठनात्मक ढांचा तैयार करने वालों के लिए पुरस्कार भी रखे गए हैं। इसमें प्रथम पुरस्कार ढाई लाख, द्वितीय पुरस्कार डेढ़ लाख और तृतीय पुरस्कार एक लाख रुपये का है। एआईओसीडी इन पुरस्कारों की घोषणा करेगी।



संजय सिंह

## 'अपना व्यापार-अपनों के साथ'

एक सवाल के जवाब में महामंत्री संजय सिंह ने बताया कि ऑनलाइन दवा कंपनियों के खिलाफ एक मुहिम शुरू किया गया है। वह है-'अपना व्यापार-अपनों के साथ।' इसके तहत दवा विक्रेताओं को जागरूक किया जा रहा है कि वे भी किसी प्रकार की सामग्री ऑनलाइन न खरीदे। बगैर बिल के दवा न खरीदे और न बेचे। इसके लिए समय-समय पर जागरुकता अभियान चलाया जाता है। उन्होंने बताया कि दवा के थोक व फुटकर विक्रेताओं को संगठित किया जा रहा है, ताकि ऑनलाइन दवा कंपनियों को मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके।

# भारतीय सांस्कृतिक चेतना का जागरण युवाओं में हो रहा : प्रो. साकेत कुशवाहा

## राष्ट्रीय युवा संगीत सम्मेलन में भक्ति गीतों से सराबोर हुए प्रतिभागी

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** आजादी का अमृत महोत्सव और एक भारत श्रेष्ठ भारत को समर्पित काशी हिंदू विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से आयोजित राष्ट्रीय युवा संगीत सम्मेलन के 150वीं कड़ी में प्रतिभागियों ने भक्ति गीतों की सहस्त्रधारा से श्रोताओं को सराबोर कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय लोक संगीत कलाकार पद्मश्री पंडित आचार्य शर्मा थे । उन्होंने अपने संबोधन में राष्ट्रीय युवा संगीत कार्यक्रम को राष्ट्रीय एकता, अखंडता, प्रेम और भाईचारा के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम बताया। कार्यक्रम का उद्घाटन राजीव गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय अरुणाचल प्रदेश के कुलपति प्रो. साकेत कुशवाहा ने किया। कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से भारतीय सांस्कृतिक चेतना का जागरण युवाओं में हो रहा है। उन्होंने एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेश और अरुणाचल प्रदेश के बीच आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के महत्व को रेखांकित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में भारत सरकार युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम सलाहकार डॉ कमल कुमार कर ने कहा कि देश भर में युवाओं में अपने संस्कृति के प्रति आदर का भाव जागृत हो रहा है । आमंत्रित अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय बांसुरी वादक और संगीत रचनाकार बिस्मिल्लाह खान राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित उस्ताद डॉ मुज्तबा हुसैन ने बांसुरी पर श्रीकृष्ण को समर्पित वंदना की प्रस्तुति कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया । कार्यक्रम का शुभारंभ 7 वर्षीय बालक श्री के बांसुरी पर गायत्री मंत्र की प्रस्तुति से हुई। तत्पश्चात काशी हिंदू विश्वविद्यालय की अलंकृता राय ने श्रीराम को समर्पित भजन की प्रस्तुति की । इसके उपरांत संगीत किसलय जोधपुर के कलाकारों की सामूहिक गीतों की प्रस्तुति हुई जिसका नेतृत्व युवा कलाकार निखिल बोहरा कर रहे थे । कार्यक्रम का समापन पठानकोट के युवा कलाकार विक्की वर्मा ने बांसुरी पर प्रस्तुत प्रसिद्ध कृष्ण भजन, श्याम तेरी बंसी पुकारे राधा नाम से हुआ। राष्ट्रीय युवा संगीत सम्मेलन की इस कड़ी में देशभर के अनेक कलाकारों और शिक्षाविदों ने हिस्सा लिया जिनमें प्रो. लावण्या कीर्ति सिंह काव्या, पंडित सतीश बोहरा, डॉ बी एन शर्मा, प्रोफेसर उपेंद्र कुमार सिंह, डॉ पूर्णिमा, डॉ अमित जैन, डॉ एकता चौहान, डॉ नमिता जैन, डॉ केशव गोपाल आदि के नाम प्रमुख हैं । संचालन और स्वागत डॉक्टर बाला लखेंद्र ने किया। धन्यवाद ज्ञापन अरुणोदय विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ पंकज बोरा ने किया ।

## जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती में बनारस के दो पहलवानों ने जीता ब्रांज मैडल

**हरहुआ।** नंदिनी नगर गोंडा में 16 से 18 अप्रैल तक सब जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उसमें उत्तर प्रदेश कुश्ती टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए बनारस के दो पहलवानों ने मेडल जीता। 65 किलो भार वर्ग में कशिश यादव, 48 किलो भार वर्ग में धनंजय यादव ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। दोनों पहलवानों को वाराणसी कुश्ती संघ के संयुक्त सचिव गोरख यादव एवं वाराणसी ग्रेपलिंग कुश्ती कमेटी ने दोनों पहलवानों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कशिश यादव बीएलडब्ल्यू में नियमित अभ्यास करती हैं। धनंजय यादव विकास इंटर कॉलेज का छात्र है और मुंबई साई में अभ्यास करते हैं।



# पं. रविशंकर व ममता टंडन ने कथक पर किया भावविभोर

रंगी सारी गुलाबी चुनरिया रे..

## गोपाल मंदिर में महाप्रभु वल्लभाचार्य जयंती का समापन



**वाराणसी।** जगद्गुरु महाप्रभु वल्लभाचार्य के प्राकट्य महोत्सव पर अंतिम दिन षष्ठ पीठ गोपाल मंदिर चौखम्भा में संगीत संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध कथक नर्तक पं. रविशंकर एवं डा. ममता टंडन का कथक हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत उन्होंने गणेश वंदना से की। इसके बाद पारम्परिक कथक नृत्य पेश किया जिसमें तोड़ा, टुकड़ा, आमद, तबले व घुंघरु की युगलबंदी,, गत-निकास की प्रस्तुति हुई। पं. रविशंकर व डा. ममता टंडन ने राधा-कृष्ण पर आधारित रंगी सारी गुलाबी चुनरिया रे, ठुमक चलत रामचंद्र बाजे पैजानिया तथा पनघट पर नैना लड़ी श्याम आदि पर कथक नृत्य पेश कर वहां मौजूद सभी को भावविभोर कर दिया। उनके साथ भोलानाथ मिश्र व प्रीतम मिश्र (तबला), ध्रुवनाथ मिश्र (सितार) व सागर मिश्र (गायन) पर जोरदार संगत कर कार्यक्रम में और भी चार चांद लगा दिया। इस अवसर पर केजस्वनी वेर्णेकर का गायन भी हुआ। उनके साथ किशन रामडोहकर (कबला) जमुना वल्लभ दास गुजराती भैय्यनजी (हारमोनियम) पर संगत की। संचालन डा. सीमा वर्मा ने किया। इस अवसर पर षष्ठ पीठ गोपाल मंदिर के पीठाधीश्वर गो. श्याम मनोहर महराज व युवराज गो. प्रियेन्दु वाबा ने महाप्रभु वल्लभचार्य की छवि पर माल्यार्पण कर संगीत सध्या का शुभारंभ किया। उन्होंने कलाकारों को अंगवस्त्रम व प्रसाद भेंट कर सम्मानित किया।

# स्व-निर्भरता के साथ, थामें हर महिला का हाथ

कैम्पेन शुरू

## जून तक स्वयं सहायता समूह में 10 करोड़ महिलाओं को हैं जोड़ना



**वाराणसी।** भारत सरकार की तरफ से ग्रामीण महिलाओं को समूह में जोड़ने की खातिर 'सोशल मोबिलाइजेशन कैम्पेन' शुरू किया गया है। इसका शुभारंभ नयी दिल्ली से ग्रामीण विकास एवं पंचायती राजमंत्री गिरिराज सिंह ने किया। इसके तहत जून तक समूह में 10 करोड़ महिलाओं को जोड़ा जाना है। अभी देश में लगभग नौ करोड़ महिलायें जुड़ी हैं।

इसके तहत प्रधानमंत्री आवस (ग्रामीण), मनरेगा के सक्रिय जाब कार्ड होल्डर्स के परिवार के सदस्यों को जोड़ा जाना है। नयी दिल्ली से आयोजित वर्चुअली कार्यक्रम में विकास खण्ड आराजीलाइन के प्रगति संकुल समिति की रीना सिंह, सुमन देवी, सुमित्रा देवी, नीलम पटेल व सरिता देवी के अलावा ब्लाक मिशन प्रबंधक रमेश राव ने भाग लिया। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज भारत सरकार के सचिव शैलेश कुमार सिंह ने समूहों के लिए बैंक ऋण, एनपीए का बेहद कम होना एवं मिशन अंतर्गत कैडर के कार्यों पर प्रकाश डाला। राज्यमंत्री ने समूह की महिलाओं का अच्छादन बीमा व पेंशन से करने, लखपति दीदी कार्यक्रम को सफल बनाने, जिन संस्थाओं का एनपीए 01 प्रतिशत से कम हो, उन्हें इंसेंटिव की खातिर कार्यक्रम तैयार करने, वर्मी कम्पोष्ट, आर्गेनिक खेती एवं मिलेट को बढ़ावा देने का आह्वान किया। बता दें कि जिले में लगभग 10635 स्वयं सहायता समूह हैं, जिनमें एक लाख बीस हजार से अधिक महिलायें जुड़ी हैं।

## किसानों के लिए खुला कंट्रोल रूम

**वाराणसी।** वाराणसी मण्डल में रबी विपणन वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत किसानों से गेहूं क्रय से संबंधित शिकायतों के प्रभावी अनुश्रवण के लिए सम्भागीय खाद्य नियंत्रक कार्यालय में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका फोन नं0-0542-2501312 है। कंट्रोल रूम के इस नंबर पर किसान गेहूं क्रय से संबंधित शिकायत पूर्वाह्न नौ बजे से सायं छह बजे तक (रविवार एवं राजपत्रित अवकाशों को छोड़कर) दर्ज करा सकते है। कंट्रोल रूम में पूर्वाह्न नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक यश गुप्ता व विजय शंकर चौबे, दोपहर 12 बजे से अपराह्न तीन बजे तक रोहित सिंह व लक्ष्मी यादव तथा अपराह्न तीन बजे से सायं छह बजे तक अभिषेक श्रीवास्तव व दानवीर सिंह की तैनाती की गयी है।

# महिलाओं में भी बढ़ रही फैटी लीवर की समस्या

वर्ल्ड लीवर डे आज

## उपचार न होने पर लीवर फेल्योर, सिरोसिस का भी रहता है खतरा



**वाराणसी।** पेट के उपरी हिस्से या बीच में दर्द, भूख न लगना, थकान होना और वजन घटना यदि इन समस्याओं से आप परेशान हैं, तो किसी चिकित्सक से अपनी जांच अवश्य कराएं। यह परेशानियां फैटी लीवर से पीड़ित होने की ओर आप को इशारा करती है। समय से उपचार न कराने पर आप लीवर फेल्योर, सिरोसिस और कैंसर जैसी बीमारियों से भी ग्रस्त हो सकते हैं। यह कहना है शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के फिजिशियन डा.एस मिश्र का। वह बताते है कि लोगों को लीवर की बीमारियों के प्रति जागरूक करने के लिए हर वर्ष 19 अप्रैल को वर्ल्ड लीवर-डे मनाया जाता है। इस बार वर्ल्ड लिवर डे की थीम है सतर्क रहें, नियमित लिवर चेक-अप करें, फैटी लिवर किसी को भी प्रभावित कर सकता है। (बी विजीलेंट, डू रेगूलर चेक अप, फैटी लीवर कैन अफेक्ट एनीवन) रखी गई है। लीवर की बीमारियों में मुख्य समस्या है फैटी लीवर की। वह बताते हैं कि उनकी हर रोज होने वाली सौ-डेढ़ सौ की ओपीडी में प्रतिदिन चार से छह मरीज फैटी लीवर की समस्या से पीड़ित होकर आते हैं। इनमें महिलाओं की संख्या अधिक होती है। वजह यह है कि वह अपने खान-पान पर विशेष ध्यान नहीं देती हैं। इतना ही नहीं किशोर और युवा भी इस रोग से पीड़ित हो रहे है क्योंकि वह अनियमित दिनचर्या व जंक फूड के आदि होते हैं। डॉ. मिश्र बताते हैं कि यह बीमारी लीवर में बहुत ज्यादा फैट जमा होने के कारण ही होती है। लीवर हमारे शरीर का एक जरूरी हिस्सा है, जो शरीर में केमिकल्स को बैलेंस करता है।

### फैटी लीवर के उपाय

अधिक वजन वाले हैं तो फैटी लीवर से बचने के लिए जरूरी है कि आप अपना वजन नियंत्रित करें। इसके लिए प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट व्यायाम जरूरी है। साथ ही आहार में वसा का सेवन कम करें। चावल, आलू, ब्रेड जैसे काबोर्हाइड्रेट युक्त आहार से परहेज करें। खाने में ज्यादातर ताजा फल, सब्जियां लें।

## जुलाई तक विद्यालयों को निपुण बनाने का लिया गया संकल्प

**सेवापुरी।** प्राथमिक विद्यालय सोनबरसा एवं बरेमा में मंगलवार को शिक्षक संकुल की मासिक बैठक संपन्न हुई। जिसमें अपने विद्यालय को आदर्श विद्यालय बनाने के लिए प्रतिभागियों द्वारा कार्ययोजना का निर्माण किया गया। नोडल शिक्षक संकुल अजय कुमार पांडे द्वारा विभागीय निर्देश को विस्तार से रखा गया एवं सभी शिक्षकों को अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहने के लिए अभिप्रेरित किया। शिक्षक संकुल मदन मोहन चौबे द्वारा बताया गया की 10 टूल्स को अपनाकर विद्यालय को समाज में एक निपुण एवं आदर्श विद्यालय की स्थापना कर सकते हैं। शिक्षक संकुल जुल्फिकार अली नोमानी द्वारा स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत नामांकन वृद्धि एवं समस्याओं पर चर्चा किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक चंद्र प्रकाश दुबे द्वारा बैठक के समापन की घोषणा किया गया। बैठक में एआरपी डॉ.आलोक त्रिपाठी ने अपने अभिनव प्रयोग को साझा किया। बैठक में न्याय पंचायत बरेमा के 10 प्रधानाध्यापक 44 सहायक अध्यापक, 13 शिक्षा मित्र, एक अनुदेशक और पांच शिक्षक संकुल ने भाग लिया।

# अमरनाथ दर्शन करने वालों का रजिस्ट्रेशन शुरू

पहल

## मण्डलीय अस्पतालों में स्वास्थ्य प्रमाण पत्र के लिए उमड़ी भीड़

## भर्ती व ओपीडी के मरीजों की ईसीजी जांच में हो रही दिक्कतें



**वाराणसी।** अमरनाथजी दर्शन करने के लिए आज से रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। इसके लिए दर्शनार्थियों को स्वास्थ्य प्रमाण पत्र देना जरूरी है। प्रमाण पत्र के लिए दर्शनार्थियों का हुजूम मण्डलीय अस्पताल पहुँच रहा है। इसके चलते पैथालॉजी व ईसीजी विभाग में भारी भीड़ हो जा रही है। भर्ती व ओपीडी के बीमार मरीजों की जांच में भारी दिक्कत हो रही है।

अमरनाथ जी यात्रा 1 जुलाई से शुरू होकर 31 अगस्त तक यानि 62 दिन चलेगा। इसके लिए आज से रजिस्ट्रेशन भी शुरू हो गया है। हर एक दर्शनार्थियों को स्वस्थ्य होने का अस्पताल से प्रमाण पत्र लाना जरूरी है। इनमें खून की तमाम तरह की जांच के साथ ही हार्ट की स्थिति देखने को ईसीजी जांच भी शामिल है। 60 वर्ष से ऊपर के लोगों का सीने की स्थिति को देखने के लिए एक्सरे जांच कराना होता है। स्वास्थ्य जांच प्रमाण पत्र के लिए मण्डलीय अस्पताल को निर्धारित किया गया है। इसके चलते मंगलवार को तमाम मरीजों मके साथ ही दर्शन करने जाने वाले करीब डेढ़ सौ से ज्यादा लोग पहुंच गए। इसके चलते पैथालॉजी विभाग व ईसीजी विभाग में सुबह से ही भारी भीड़ लगी रही। दोनों विभागों के करीब सौ लोगों के ब्लड का नमूना लिया गया। साथ हीं इतने लोगों का हार्ट की जांच ईसीजी किया गया। ईसीजी विभाग में बंद होने के समय के बाद भी दर्जन भर लोगों का जांच हुआ। इसके बाद जमा पर्चे पर कल का नम्बर डाल कर दे दिया गया। भारी भीड़ के चलते अस्पताल में भर्ती व ओपीडी विभाग में आये मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## भारत गौरव ट्रेन का वाराणसी में भव्य स्वागत

**वाराणसी।** भारत गौरव ट्रेन श्रृंखला के अन्तर्गत भीम राव अम्बेडकर यात्रा विशेष गाड़ी मंगलवार को बनारस स्टेशन पहुंची। बनारस स्टेशन पर अम्बेडकर यात्रा विशेष गाड़ी के यात्रियों का अपर मंडल रेल प्रबंधक ज्ञानेश त्रिपाठी एवं अन्य मण्डलीय अधिकारियों ने माला पहनाकर स्वागत किया। अम्बेडकर यात्रा विशेष गाड़ी के सभी यात्री बनारस स्टेशन पर स्वागत से गद्गद हुए, सैलानियों ने बनारस स्टेशन भव्यता को निहारा तथा बनारस स्टेशन भवन, सामान्य यात्री हाल में स्थित शिवगंगा स्वरूपी फौवारे, धरोहर के रूप में सुसज्जित नैरो गेज के इंजन एवं सकुर्लेटिंग एरिया में स्थित उद्यान समेत सेल्फी पॉइंट की खूबसूरती को कैमरे में उतारा । सात रातों एवं आठ दिनों की यात्रा वाली यह भारत गौरव विशेष ट्रेन 14 अप्रैल, को दिल्ली के सफदरगंज स्टेशन से प्रस्थान कर सबसे पहले बाबा साहब की जन्मस्थली डा अम्बेडकर नगर (महू), नागपुर सांची होते हुए बनारस स्टेशन पहुंची । इसमें यात्रा करने वाले सैलानियों को वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम एवं सारनाथ बौद्ध विहार समेत दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराने के पश्चात रात्रि 10:00 बजे बौद्धस्थली गया के लिए रवाना किया जायेगा ।

# क्रय-विक्रय सहकारी समिति ऊंचाई पर ले जाना लक्ष्य : कुंवर

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** क्रय-विक्रय प्रतियात्मक सहकारी समिति वाराणसी के नवनिर्वाचित डायरेक्टर राजकुमार सोनकर 'कुंवर' का कहना है कि समिति को ऊंचाई पर ले जाना उनका प्रमुख लक्ष्य है। इसके लिए समिति से जुड़े प्रत्येक सदस्यों के हर समस्या को जहां नोट किया जाएगा, वहीं उसका समय पर निराकरण भी किया जाएगा। इस काम में पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी बरती जाएगी। यदि कोई इसमें लापरवाही करेगा तो उसके खिलाफ ऐक्शन लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि नेफेड व एनसीसीएफ नई दिल्ली के डायरेक्टर अजय राय के मार्गदर्शन और अध्यक्ष कैलाश यादव के नेतृत्व में सहकारी समिति से आमजन को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। समिति की उपयोगिता व क्रियान्वयन आमजन तक पहुंचाने को जोर देते हुए उन्होंने कहा कि इसे आगे बढ़ाना उनकी महती जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि इस समिति के अलावा मुझे जिला सरकारी फेडरेशन वाराणसी, शिवपुर क्रय-विक्रय समिति, जूड सरकारी क्रय-विक्रय संघ समिति लखीमपुर खीरी और दी काशी सहकारी चीनी मिल औराई-भदोही का भी प्रतिनिधि बनाया गया हैं। जिसको भी मैं पूरी ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ निभाते हुए उसके आगे बढ़ाने का कार्य करूंगा।